
RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 12
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 29 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



टेलर स्विफ्ट का एलबम 'फोकलोर' बना बेस्ट सेलर
विविध-12

# झूमकर निकले कोरोना से बेपरवाह वोटर

## बिहार विधान सभा चुनाव के पहले चरण में 71 सीटों पर 54.26 फीसदी मतदान

- प्रधानमंत्री मोदी ने की कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाने की अपील
- राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने न्याय, रोजगार, किसानों-मजदूरों और नए बिहार के निर्माण के लिए मांगा वोट



पटना में बुधवार को विधानसभा चुनाव के लिए एक मतदान केंद्र पर पंक्ति में लगे मतदाता

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/नई दिल्ली

**कोरोना** संक्रमण के खतरे से बेपरवाह बिहार का मतदाता बुधवार को झूमकर घर से बाहर निकला और जमकर वोट डाला। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, पहले चरण में 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा की 71 सीटों (16 जिलों में) पर शाम छह बजे संपन्न मतदान में 54.26 प्रतिशत की बंपर वोटिंग दर्ज की गई जबकि इन्हीं जिलों में 2015 के चुनाव में 54.75 फीसदी वोटरों ने मतदान किया था यानी कि मामूली सा अंतर। बिहार विस का चुनाव देश में कोविड 19 महामारी के बीच हो रहा पहला बड़ा चुनाव है। निर्वाचन आयोग ज्यादा तथ्य जुटाकर सभी 71 विधानसभा सीटों पर मतदान का आंकड़ा दुरुस्त कर रहा है लिहाजा, 2020 के इस चुनाव में मतदान प्रतिशत और बढ़ने के आसार हैं। आयोग ने बताया कि 2015 में जहां उक्त जिलों में 54.75 मतदान प्रतिशत था वहीं इस बार यह 54.26 प्रतिशत (शुरुआती आंकड़े) है।

सर्वाधिक 59.57 फीसदी मतदान बांका में और सबसे कम 47.36 फीसदी मतदान मुंगेर जिले में दर्ज किया गया। 71 विस सीटों में से 35 नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हैं जहां मतदान का समय कम रखा गया। नक्सल प्रभावित चार सीटों चैनपुर, नबीनगर, कुटुंबा व रफीगंज में अपराह्न 3 बजे जबकि पांच सीटों अरवल, कुर्था, जहानाबाद, घोषी एवं मखदूमपुर पर शाम 5 बजे वोटिंग संपन्न हो गई थी। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील घोषित शेष 26 सीटों पर शाम 4 बजे तक वोट डाले गए। 71 विधानसभा सीटों पर 1,066 प्रत्याशी (114 महिलाएं) मैदान में थे जिनकी किस्मत का फैसला लगभग 2.15 लाख वोटरों के मतदान के साथ ईवीएम में बंद हो गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में आज पहले दौर की वोटिंग है। सभी मतदाताओं से आग्रह है कि वे कोविड संबंधी सावधानियों को बरतते हुए, लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें।

दो गज की दूरी का ध्यान रखें औक मास्क जरूर पहनें। याद रखें, पहले मतदान फिर जलपान। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के मतदाताओं से न्याय, रोजगार और किसानों-मजदूरों के लिए महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने ट्वीट किया- इस बार न्याय, रोज़गार, किसान-मज़दूर के लिए, आपका वोट हो सिर्फ महागठबंधन के लिए। बिहार विधानभा चुनाव के पहले चरण के मतदान की आप सभी को शुभकामनाएं। प्रदेश विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता और विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने ट्वीट कर कहा कि आज प्रथम चरण के मतदान के दिन बिहार वासियों के बेहतर भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, विकास और नए दौर में नए बिहार के (शेष पेज 9)



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा नीट-2020 में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने वालीं कुमारी आकांक्षा सिंह को सम्मानित किया। (समाचार पेज 2)

# सपा को झटका, बसपा प्रत्याशी का राज्य सभा पहुंचना तय

- समाजवादी पार्टी समर्थित प्रकाश बजाज का पर्चा खारिज
- अब भाजपा के आठ, बसपा-सपा से एक-एक उम्मीदवार निर्विरोध पहुंच जाएंगे उच्च सदन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बसपा** के छह विधायकों के बागी तेवर के बाद भी राज्यसभा की दस सीटों के लिए हुए नामांकन पत्रों की जांच में रामजी गौतम का पर्चा सही पाया गया जबकि सपा समर्थित प्रत्याशी प्रकाश बजाज का पर्चा खारिज कर दिया गया। अब दस सीटों के लिए चुनाव मैदान में दस ही प्रत्याशी हैं। इसलिए मतदान न होकर राज्यसभा के लिए सभी प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय है।

बुधवार सुबह जब बसपा विधायकों ने रामजी गौतम के प्रस्तावक के रूप में नाम वापस लेने का शपथ पत्र आरओ को दिया तो एक बार तो लगा कि बसपा के हाथ से बाजी पलट गई लेकिन देर शाम जब चुनाव आयोग ने सभी पहलुओं पर जांच करने के बाद राम जी गौतम का पर्चा सही पाया और प्रकाश बजाज का पर्चा निरस्त कर दिया तो कई समीकरण साफ हो गए। दरअसल 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच का दिन था। इससे पहले ही बसपा के 6 विधायकों ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी के नामांकन में प्रस्तावक के तौर पर किए गए अपने हस्ताक्षरों को फर्जी करार देते हुए बुधवार को पीठासीन अधिकारी को एक शपथपत्र दिया। बसपा के राज्यसभा के उम्मीदवार का विरोध करने के बाद इन विधायकों ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात भी की। बसपा विधायक असलम चौधरी, मुज्तबा सिद्दीकी, हाकिम लाल बिंद और असलम राइनी ने पीठासीन अधिकारी को दिए गए शपथपत्र में कहा है कि राज्यसभा चुनाव के लिए बसपा के प्रत्याशी रामजी गौतम के नामांकन पत्र पर प्रस्तावक के तौर पर किए गए उनके हस्ताक्षर फर्जी हैं। इस खबर के बाद बीजेपी, बसपा में हड़कंप मच गया।

बसपा मुखिया मायावती को दिल्ली में सूचना दी गई। मायावती ने तुरंत लखनऊ में बसपा के एक विधायक को फोन मिलाकर पूरी स्थिति की जानकारी ली और मामले पर पूरी रिपोर्ट देने को कहा, उसके बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना भी सेंट्रल हाल पहुंचे और उनके साथ बीजेपी पदाधिकारी जेपीएस राठौर भी पहुंचे। इस चुनाव में एक तरफ बीजेपी संख्या बल के आधार पर नौंवा प्रत्याशी चुनाव मैदान में न उतारकर बीएसपी को वाकओवर देने की कोशिश में थी लेकिन जब सपा के दांव से बसपा विधायकों ने प्रस्तावक के रूप में अपना नाम वापस लेने का शपथ पत्र दिया तो राजनीतिक दलों में हड़कंप मचना स्वाभाविक था। (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,922 | ↓ | 599 | |
| निफ्टी | 11,729 | ↓ | 159 | |
| सोना | 51,220 | ↑ | 188 | /10g |
| चांदी | 62,712 | ↑ | 342 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सोना तस्करी मामले में केरल के निलंबित आईएएस गिरफ्तार

**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को केरल सोना तस्करी से संबंधित मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी एम शिवशंकर को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। तस्करी मामले में धन के लेनदेन की जांच कर रही ईडी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के प्रधान सचिव रहे शिवशंकर को करीब छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। इससे पहले, केरल उच्च न्यायालय द्वारा शिवशंकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद ईडी के अधिकारियों ने तिरुवनंतपुरम स्थित एक आयुर्वेद अस्पताल पहुंचकर शिवशंकर को हिरासत में ले लिया था जहां वह इलाज करा रहे थे। इसके बाद शिवशंकर को कार से यहां ईडी कार्यालय पूछताछ के लिए लाया गया था। उल्लेखनीय है किसीमा शुल्कविभाग ने गत पांच जुलाई को 15 करोड़ रुपए मूल्य का 30 किलोग्राम सोना जब्त किया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीमा शुल्कविभाग और प्रवर्तन निदेशालय समेत केंद्रीय एजेंसियां इस मामले में अलग अलग जांच कर रही है।

# भारत आने-जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 30 नवंबर तक बढ़ी रोक

- अमेरिका और यूरोपीय देशों में कोरोना संक्रमण के ताजा दौर से चिंतित डीजीसीए का फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नागर** विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान सेवाओं के परिचालन पर रोक को 30 नवम्बर तक बढ़ा दिया गया है।

भारतीय विमानन नियामक ने एक परिपत्र में कहा, हालांकि, मामला-दर-मामला के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा चुनिंदा मार्गों पर अंतरराष्ट्रीय निर्धारित उड़ानों के परिचालन की अनुमति दी जा सकती है। कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर भारत में 23 मार्च से अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ान सेवाएं



निलंबित हैं। हालांकि, मई से वंदे भारत मिशन के तहत और जुलाई से द्विपक्षीय एयर बबल व्यवस्था के तहत कुछ देशों के लिए विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं का परिचालन हो रहा है।दो देशों के बीच एयर बबल समझौता के तहत, विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का उनके क्षेत्र के बीच उन देशों की विमानन कंपनियों द्वारा परिचालन किया जा सकता है।

भारत ने करीब 18 देशों के साथ एयर बबल समझौता किया है। देश में घरेलू उड़ान सेवा करीब दो महीने तक बंद रहने के बाद 25 मई से दोबारा शुरू की गई थी।

### एयर इंडिया की उड़ानों पर हांगकांग में प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** हांगकांग ने यहां पहुंचे कुछ यात्रियों के कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के बाद मुंबई से आने वाली एयर इंडिया की उड़ानों पर दस नवम्बर तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हांगकांग की सरकार ने चौथी बार भारत से जाने वाली एयर इंडिया उड़ानों को प्रतिबंधित किया है। वहां पहुंचने के बाद यात्रियों के कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने के कारण एयर इंडिया उड़ानों को प्रतिबंधित किया गया है। इससे पहले एयर लाइन की दिल्ली-हांगकांग उड़ान को 20 सितम्बर से तीन अक्टूबर, 18 अगस्त से 31 अगस्त और 17 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रतिबंधित किया गया था। हांगकांग सरकार की तरफ से जुलाई में जारी नियमों के मुताबिक भारत के यात्री हांगकांग तभी (शेष पेज 9)

### अभी नहीं खुलेंगे दिल्ली में स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली में सभी स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे। केंद्र ने अनलॉक-4 के तहत 21 सितंबर से 9वीं व 12वीं तक छात्रों को एच्छिक तौर पर स्कूल जाने की इजाजत दे दी थी, लेकिन बाद में दिल्ली सरकार ने 31 अक्टूबर तक बंद कर दिए गए थे। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 की स्थिति के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में अभिभावक भी स्कूलों को अभी खोलने के पक्ष में नहीं हैं। सिसोदिया ने कहा कि सरकार लगातार अभिभावकों की राय ले रही है और वे इस बात को लेकर चिंतित हैं कि स्कूलों को अभी खोलना सुरक्षित नहीं होगा। जहां भी स्कूल खोले गए हैं, वहां बच्चों में कोविड-19 के मामले बढ़े ही हैं। इसलिए हमने राष्ट्रीय राजधानी में अभी स्कूलों को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। अभिभावकों ने भी स्कूल नहीं खोलने के दिल्ली सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भले ऑनलाइन मोड में पढ़ाई स्कूल जैसी नहीं हो पा रही।

# कोरोना को लेकर प्रदेश में 15 दिन तक लगातार होगी ग्रुप टेस्टिंग

- वायरस के दूसरी लहर की आशंका को देखते हुए सरकार ने लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्व** और जाड़े के मौसम में कोरोना वायरस के सेकेंड वेव आने की आशंका विशेषज्ञों की तरफ से जताए जाने को देखते हुए राज्य सरकार ने 15 दिन तक लगातार ग्रुप टेस्टिंग के निर्देश दिए हैं। यह ग्रुप टेस्टिंग प्रदेश में 29 अक्टूबर से 12 नवंबर तक की जाएगी।

जिसके तहत अलग-अलग वर्गों के लोगों की टेस्टिंग अलग-अलग दिनों में की जाएगी। इसके तहत फ्रंट लाइन कार्यकर्ता, दुकानदारों, वेंडर्स समेत पटाखा बाजार और ब्यूटी पार्लर में कार्यरत लोगों की जांच कराई जाएगी। ग्रुप टेर्सटिंग के तहत हर जिले में 30 प्रतिशत आरटीपीसीआर और 50 प्रतिशत रोजाना एंटीजन टेस्ट इन ग्रुप से कलेक्ट करने के निर्देश जारी किए गए हैं। ग्रुप टेस्टिंग में 29 अक्टूबर को टैंपो, थ्री व्हीलर और रिक्शा चालकों की जांच की जाएगी वहीं 30 को मेहंदी आर्टिस्ट व ब्यूटी पार्लर, 31 को मिठाई की दुकान, एक नवंबर को रेस्त्रां, 2 नवंबर को धार्मिक स्थानों, 3 नवंबर को मॉल्स में कार्यरत सुरक्षागार्ड, 4 नवंबर को इलेक्ट्रानिक दुकानों व शोरूम, 5 नवंबर को स्ट्रीट वेंडर्स (मूर्ति, गिफ्ट, दिया वेंडर्स) 6 नवंबर को पटाखा मार्केट व फल-सब्जी वेंडर्स, 7 नवंबर को धार्मिक स्थानों, 8 नवंबर को मिठाई की दुकानों, 9 नवंबर को स्ट्रीट वेंडर्स (मूर्ति, गिफ्ट, दिया वेंडर्स) 10 नवंबर को पटाखा मार्केट व फल-सब्जी वेंडर्स, 11 नवंबर को मॉल्स में कार्यरत सुरक्षागार्ड और 12 नवंबर को इलेक्ट्रानिक दुकानों व शोरूम पर ग्रुप टेस्टिंग की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश भर के सभी बंदीगृह, बालगृहों, नारी निकेतन (शेष पेज 9)

### भारत ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों पर व्यक्तिगत हमलों की कड़ी निंदा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** ने इस्लामी चरमपंथ पर फ्रांस के राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों के कड़े रुख के बाद उन पर व्यक्तिगत हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय विमर्श के सबसे बुनियादी मानकों का उल्लंघन बताया है। विदेश मंत्रालय ने कड़े शब्दों में जारी एक बयान में बर्बर आतंकवादी हमले की भी निंदा की, जिसमें फ्रांस के एक शिक्षक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मंत्रालय ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी वजह से और किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता। बयान में कहा गया है, हम राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों पर अस्वीकार्य भाषा में किए गए व्यक्तिगत हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय विमर्श के सबसे बुनियादी मानकों का उल्लंघन है। मंत्रालय ने बयान में कहा, हम बर्बर आतंकवादी हमले में फ्रांस के एक शिक्षक की निर्ममता से हत्या किए जाने की भी निंदा करते हैं।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत के साथ काम करेगा अमेरिका

- दोनों देश ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत करेंगे संबंध

**भाषा।** नई दिल्ली

**अमेरिका** ने कहा कि वह एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में भारत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है और दोनों देश क्षेत्र में संपर्क तथा आर्थिक विकास पर मिलकर काम कर रहे हैं। अमेरिकी दूतावास के एक बयान के अनुसार अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) ने दक्षिण एशिया में 2.8 करोड़ डॉलर से अधिक लागत के तीन क्षेत्रीय ऊर्जा कार्यक्रमों की घोषणा की। अमेरिकी सरकार की एशिया इनहांसिंग डवलपमेंट एंड ग्रोथ थ्रू एनर्जी (एशिया ऐज) पहल के माध्यम से लागू इन कार्यक्रमों से पारदर्शी एवं प्रभावी ऊर्जा बाजारों के जरिए किफायती, सुरक्षित, प्रामाणिक तथा टिकाऊ ऊर्जा तक पहुंच को उन्नत बनाया जाएगा। इसमें कहा गया, दूतावास ने कहा कि अमेरिका और भारत क्षेत्र में कनेक्टिविटी एवं आर्थिक विकास पर मिलकर काम कर रहे हैं। तीनों कार्यक्रम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एशिया ऐज के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण होंगे। भारत में अमेरिकी राजदूत केनेथ आई जस्टर ने कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा, अमेरिका एक खुले और स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ने में भारत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं अमेरिका ने बुधवार को भारत के साथ ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत संबंध की वकालत की। उसने यह भी कहा कि वह दोनों देशों में व्यापार अवसरों को बढ़ाने के लिए व्यापार और निवेश पांबदियों को कम करना चाहता है।

# अमेरिका पर बरसा चीन, सीमा पर गतिरोध द्विपक्षीय मामला

- एलएसी पर स्थिर हालात का दावा करते हुए दिखाई आंख-तीसरे पक्ष की नहीं है दरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिका** द्वारा यह भरोसा दिलाए जाने के एक दिन बाद कि भारत द्वारा अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों का वह समर्थन करता है, चीन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बीजिंग ने बुधवार को कहा कि लद्दाख में सीमा गतिरोध द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तीसरे पक्ष के लिए 'कोई स्थान' नहीं है।

बीजिंग यह भी कहा कि एलएसी पर सामान्य तौर पर स्थिति स्थिर है। नई दिल्ली में भारत के साथ टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता के बाद अमेरिकी विदेश सचिव माइक पोम्पियो ने बयान दिया था कि भारत द्वारा अपनी संप्रभुता के लिए पेश किसी भी चुनौती से निपटने में अमेरिका उसके साथ दृढ़ता से खड़ा रहेगा। वार्ता में चीन के आक्रामक और विस्तारवादी व्यवहार और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) जारी तनाव पर मुख्य रूप से चर्चा हुई थी। इसकी प्रतिक्रिया में चीनी विदेश मंत्रालय ने यह तीखी टिप्पणी की है।

पोम्पियो ने 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प में कमांडिंग ऑफिसर समेत 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने की घटना का भी उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था कि हमारे नेता और हमारे नागरिक स्पष्ट रूप से जानते हैं कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी लोकतंत्र, कानून के नियमों, पारदर्शिता, खुले और समृद्ध भारत-प्रशांत की समर्थक नहीं है। मुझे प्रसन्नता है कि भारत और अमेरिका न केवल सीसीपी द्वारा पेश चुनौती



बल्कि सभी चुनौतियों के खिलाफ अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं।

चीन ने कहा अमेरिका को अपनी हिन्द-प्रशांत रणनीति को 'रोकना' चाहिए क्योंकि यह क्षेत्र में अमेरिका का प्रभुत्व थोपने का प्रयास है। भारत के साथ मजबूत रक्षा संबंधों के अमेरिका के प्रयोजन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बीजिंग में संवाददाताओं से कहा कि चीन और भारत के बीच सीमा संबंधी मामले दो देशों के बीच के मामले हैं। उन्होंने गतिरोध के समाधान के लिए भारत और चीन के बीच सैन्य तथा कूटनीतिक स्तर की वार्ता के संदर्भ में कहा कि सीमा पर स्थिति अब सामान्य तौर पर स्थिर है और दोनों पक्ष प्रासंगिक मुद्दों का वार्ता एवं चर्चा के जरिए समाधान कर रहे हैं।

वांग ने अमेरिका की हिन्द-प्रशांत अवधारणा की निन्दा की और कहा कि अमेरिका द्वारा प्रस्तावित हिन्द-प्रशांत रणनीति गुजर चुकी शीतयुद्ध मानसिकता और टकराव तथा भू-राजनीतिक खेल का प्रचार कर रही है। यह अमेरिका का प्रभुत्व थोपने पर केंद्रित है। यह क्षेत्र के साझा हितों के विपरीत है और हम अमेरिका से इसे रोकने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास के लिए कोई भी अवधारणा शांतिपूर्ण विकास और सभी को लाभ प्रदान करनेवाले सहयोग के लिए समय के अनुरूप होनी चाहिए।

### एक दिन में कोरोना के 43,893 नए केस 508 मरीजों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 80 लाख के पार हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बुधवार शाम सात बजे तक विभिन्न राज्यों से एकत्र आंकड़ों के मुताबिक 80,01,583 केस हो गए और अब तक 1,20,185 लोगों की जान चली गई। मंत्रालय ने बुधवार सुबह आठ बजे जारी बुलेटिन में बताया कि बीते 24 घंटों में 43,893 नए मामले सामने आए जबकि एक दिन पहले इनकी संख्या 36,470 थी। इस दौरान 508 मरीजों की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को पिछले 24 घंटों में 58,439 लोगों ने महामारी को मात दी और वे स्वस्थ होकर घर पहुंचे। देश में कोरोना से अब तक 79.90 लाख लोग संक्रमित हुए हैं जिनमें से 72.59 लाख स्वस्थ्य हो चुके हैं।

# आकांक्षा यूपी की सभी बालिकाओं की रोल मॉडल

## सीएम ने नीट परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को किया सम्मानित, यूजी की पूरी पढ़ाई सहित फूडिंग व लॉजिंग का खर्च उठाएगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा नीट-2020 में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर टॉप करने वालीं कुमारी आकांक्षा सिंह को टैबलेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने आकांक्षा सिंह की यूजी की पूरी पढ़ाई के खर्च सहित फूडिंग व लॉजिंग की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा किए जाने की घोषणा की। उन्होंने आकांक्षा सिंह के घर तक जाने वाली सड़क को ठीक कराने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि आकांक्षा सिंह को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रखने के सम्बन्ध में नीट को पत्र लिखा जाए।




मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों के साथ बालिकाओं के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। नीट-2020 परीक्षा में कुशीनगर की आकांक्षा सिंह ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। आकांक्षा सिंह प्रदेश की सभी बालिकाओं के लिए एक रोल मॉडल हैं। विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न आकांक्षा सिंह उत्तर प्रदेश का गौरव हैं। योगी ने आकांक्षा सिंह के माता-पिता व परिवार के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर ऊँचे इरादों के साथ परिश्रम व लगन से आकांक्षा सिंह ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आकांक्षा सिंह इसी तरह अनवरत आगे बढ़ती रहेंगी। आकांक्षा सिंह की सफलता उन परिवारों को यह सन्देश भी देती है जो लोग बालक और बालिकाओं में अन्तर करते हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाएं किसी से कम नहीं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। द्वितीय चरण के अन्तर्गत इस सम्बन्ध में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। आकांक्षा सिंह ने कहा कि कुशीनगर में न्यूरो सर्जन की आवश्यकता के दृष्टिगत वे न्यूरो सर्जन के रूप में लोगों की सेवा करना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने आकांक्षा सिंह के पिता राजेन्द्र कुमार राव से कहा कि उन्होंने वायु सेना में रहकर देश की सेवा की है। इसलिए वे पूर्वांचल क्षेत्र के बच्चों को सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित करें।

# महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को भव्य तरीके से मनाया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने 31 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के आयोजन को भव्य तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना कर लोगों को सत्य एवं कर्तव्यपरायणता पर चलने का मार्ग दिखाया। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। उत्तर प्रदेश का यह सौभाग्य है कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या सहित रामायणकालीन अनेक स्थल राज्य में स्थित हैं। उन्होंने वाल्मीकि जयन्ती पर आयोजित किये जाने वाले समस्त कार्यक्रमों में कोविड-19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन कराने के निर्देश भी दिये हैं। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा समस्त मण्डलायुक्त एवं समस्त जिलाधिकारियों देवरिया, जौनपुर, उन्नाव, कानपुर नगर, अमरोहा, फिरोजाबाद, बुलन्दशहर को छोड़कर को पत्र लिखकर 31 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के आयोजन को भव्य तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में मुख्य सचिव ने कहा है कि वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनमानस को इससे जोड़ने के लिए महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों, मंदिरों आदि पर दीप प्रज्ज्वलन, दीप दान के साथ-साथ अनवरत 6, 12 अथवा 24 घण्टे का वाल्मीकि रामायण का पाठ किए जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। श्रीराम व श्री हनुमान तथा रामायण से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों, मंदिरों का चयन करते हुए, वहां सुरुचिपूर्ण आयोजन के साथ रामायण पाठ, भजन आदि के कार्यक्रम कराए जाएंगे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक दलों, कलाकारों का चयन संस्कृति विभाग एवं सूचना विभाग द्वारा किया जाए जिसका समन्वय जिला प्रशासन द्वारा किया जाए।

**CANTONMENT BOARD LUCKNOW**
**31, Nehru Road, Lucknow Cantt**
Telephone No. 0522- 2480037, Email ID- cblucknow@dgest.org

**SHORT TIME NOTICE INVITING TENDER**
**Repair/maintenance of Cantt. Fund Building. (Part-A&B) & Drains (Part-A&B)**

Online Tenders are invited from the reputed firms/ agencies /contractors having work experience in the relevant field in MES/Cantonment Board/Central or State Govt. Departments, through the Government e-procurement portal http://eprocure.gov.in/cppp/ by Cantonment Board, Lucknow. The bid document can be downloaded from the http://eprocure.gov.in/cppp/CPPP portal. The other terms and conditions can be seen from the Office of the Cantonment Board. Lucknow, 31 Nehru Road, Lucknow Cantt-226002 during working hours on before 09.11.2020.

No. LCB/4/TC/Works/2020-21
Cantonment Board Office Lucknow.
Dated 20th Oct, 2020

(R. N. Mandal)
Dy Chief Executive Officer
Lucknow Cantt.

# बहुमूल्य किताबों को डिजिटाइज कर वेबसाइट पर अपलोड करें



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● **राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय की बैठक सम्पन्न**

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज की कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में राज्यपाल ने इलाहाबाद संग्रहालय की आर्ट गैलरी का आनलाइन उद्घाटन किया और संग्रहालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक प्रयागराज दैट वाज इलाहाबाद का विमोचन राजभवन में किया। बैठक में राज्यपाल ने वार्षिक रिपोर्ट 2018-19 और 2019-2020 को भी स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में रखी सभी बहुमूल्य किताबों को डिजिटाइज करें और उसे वेबसाइट पर अपलोड करें ताकि सभी लोग आसानी से पढ़ सकें। बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि संग्रहालय में निर्माणाधीन आजाद वीथिका के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें और वे तीन महीने बाद स्वयं इसका निरीक्षण करने आयेंगी। उन्होंने संग्रहालय के संचालन हेतु कार्यालय मैनुअल 6 माह के अन्दर बनाने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने केन्द्र सरकार के जीवन पोर्टल पर सभी कर्मचारियों का विवरण अपलोड करने के निर्देश दिये, जिससे पेन्शनरों को वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में कोई कठिनाई न हो। राज्यपाल ने इलाहाबाद संग्रहालय एवं भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मध्य प्रस्तावित समझौता पत्र 2020-21 पर विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार को भेजने के निर्देश दिये।

# उच्च शिक्षा की सीमाओं को संवंर्धित करेगी डिजिटल लाइब्रेरी: दिनेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उच्च** शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को एक उत्कृष्ट श्रेणी की पाठ्य सामग्री आनलाइन उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने उप्र उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी उच्च शिक्षा की सीमाओं को व्यापक स्तर पर सर्वंधित करेगी।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देखा गया है कि सभी कॉलेज तथा अधिकांश छात्र महंगे जर्नल्स, ई-बुक्स तथा उच्च गुणवत्ता युक्त पुस्तकें महंगी होने के कारण खरीदने में असमर्थ होते हैं। डिजिटल लाइब्रेरी से उनकी इस समस्या का निदान हो सकेगा। इस डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से छात्र प्रदेश के सर्वोत्तम शिक्षक द्वारा तैयार की गई ई-पाठ्य सामग्री को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उपमुख्यमंत्री ने शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी में हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में 134 विषयों के 35,000 ई-कन्टेन्ट्स वर्तमान में उपलब्ध हैं। डिजिटल लाइब्रेरी के 61,500 से भी अधिक विजिटर्स हो चुके हैं जिससे पता चलता है कि निश्चित ही यह आने वाले समय में भारतीय उच्च शिक्षा की दशा एवं दिशा दोनों को ही परिवर्तित करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि ई-कन्टेन्ट से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए गए जिनके माध्यम से छात्र किसी भी समय अपनी ई-कन्टेन्ट संबंधी समस्याओं का निदान कर सकते हैं। अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग ने बताया डिजिटल लाइब्रेरी में उत्कृष्ट श्रेणी के आडियो विजुअल (व्याख्यान) भी छात्रों के उपयोगार्थ उपलब्ध है।

**Karnataka Bank Ltd.**
Your Family Bank. Across India.

Head Office, Mangaluru – 575 002 — CIN : L85110KA1924PLC001128

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा,
8-बी, प्रथम तल, राजेन्द्र पार्क, पूसा रोड,
नई दिल्ली-110060,

फोन: 011-25813466,
ई-मेल: delhiarm@ktkbank.com,
मोबाइल: 9319891680,
वेबसाइट: www.karnatakabank.com

**कब्जा सूचना**
**(अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कर्नाटक बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 25-03-2019 जारी की थी, जिसमें कर्जदार/बंधकदाता/गारंटरों : (1) मैसर्स फोर्टेक बायोसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, इसके निदेशकों : (प) श्री परेश रस्तोगी, (पप) श्री दीपक रस्तोगी तथा (पपप) श्रीमती सोनिया रस्तोगी पता : 27/18, राजा राम मोहन राय मार्ग, लखनऊ, (2) श्रीमती सोनिया रस्तोगी, 67, हलवसिया मार्किट, प्रथम तल, हजरत गंज, लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश (3) श्री दीपक रस्तोगी, 14/1, जोपलिंग रोड लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश तथा (4) श्री परेश रस्तोगी, नंबर 803, रोहतास कोर्ट, गोखले मार्ग, लखनऊ-226001 द्वारा प्रतिनिधित्वकृत से सूचना में वर्णितानुसार टर्म लोन खाता नंबर 4537001600022301 के तहत कुल बकाया राशि रू. 98,05,952.00 (रूपए अठ्ठानवे लाख पांच हंजार नौ सौ बावन मात्र) का भुगतान दिनांक 28-02-2019 से भावी ब्याज के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

चूंकि कर्जदार, बंधकदाता तथा गारंटर बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतः कर्जदार, बंधककर्ताओं तथा गारंटरों तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 23 अक्टूबर, 2020 को प्राप्त कर लिया है।

एतद्द्वारा, विशेष रूप से कर्जदार, बंधककर्ताओं तथा गारंटरों को और जनसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्नाटक बैंक लिमिटेड, लखनऊ शाखा की टर्म लोन खाता नंबर 4537001600022301 के तहत कुल बकाया राशि रू. 1,05,88,029.00 + 30-08-2019 से भावी ब्याज एवं लागतों का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

[कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।]

**अचल सम्पत्ति का वर्णनः**

1) सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री परेश रस्तोगी के साथ संबंधित विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में प्लॉट नंबर टीसीजी 3/3 पर निर्मित बिल्डिंग "प्लुमेरिया होम्स" नाम बिल्डिंग में ई-ब्लॉक में तृतीय तल पर आवासीय फ्लैट नंबर 304, परिमाप 119.66 वर्ग मीटर।
चौहद्दी :
पूरब : खुला आकाश, — पश्चिम : फ्लैट नंबर ई-301
उत्तर : खुला आकाश, — दक्षिण : लॉबी

2) सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री परेश रस्तोगी के साथ संबंधित विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में प्लॉट नंबर टीसीजी 3/3 पर निर्मित बिल्डिंग "प्लुमेरिया होम्स" नाम बिल्डिंग में के-ब्लॉक में द्वितीय तल पर आवासीय फ्लैट नंबर 202, परिमाप 213.49 वर्ग मीटर।
चौहद्दी :
पूरब : खुला आकाश, — पश्चिम : खुला आकाश,
उत्तर : कॉरीडोर/खुला आकाश, — दक्षिण : ब्लॉक जे फ्लैट नंबर 202

स्थान : लखनऊ
तिथि : 23-10-2020

वास्ते कर्नाटक बैंक लिमिटेड
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी

# खादी फुटवेयर को बढ़ावा देने के लिए निर्माताओं को हर सम्भव सहयोगः सहगल

● **प्रधानमंत्री के वोकल फार लोकल संकल्प को पूरा करने में मिलेगी नई गति**

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग डा नवनीत सहगल ने उत्तर प्रदेश में खादी के वस्त्रों की अपार सफलता के बाद अब शीघ्र ही खादी के फुटवेयर भी लोगों को आकर्षित करते नजर आयेंगे। राज्य सरकार खादी फुटवेयर को बढ़ावा देने के लिए फुटवेयर निर्माताओं को हर सम्भव सहयोग व मदद देगी। डा. सहगल ने यह बात बुधवार को निर्यात भवन खादी फुटवेयर इण्डस्ट्रीज द्वारा प्रस्तुत खादी फुटवेयर के प्रजेनटेशन के अवलोकन के उपरान्त कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खादी परिधानों के साथ साथ अब खादी फुटवेयर को प्रमोट किया जायेगा। खादी का नया अवतरण होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फार लोकल संकल्प को पूरा करने में नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश ही पूरे देश में खादी फुटवेयर की पहली इण्डस्ट्री होगी। प्रस्तुतिकरण के दौरान खादी फुटवेयर इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि खादी फुटवेयर के निर्माण में खादी को विशेष प्राथमिकता दी जायेगी। फुटवेयर आकर्षक एवं स्किन फ्रेंडली भी होंगे। प्रतिनिधियों ने आगरा जनपदा में खादी फुटवेयर इण्डस्ट्री की स्थापना की इच्छा प्रकट की। अपर मुख्य सचिव आश्वस्त किया कि उद्यम स्थापना में राज्य सरकार पूरा सहयोगी करेगी।

# सभी जिलों के अनुदानित मदरसों में बनाए गए हज फैसिलिटेशन सेंटरः नंदी

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया है कि हज यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार संवेदनशील है। हज यात्रा की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में संचालित अनुदानित मदरसों में हज फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार हज यात्रियों को निशुल्क आवेदन करने की सुविधा सुलभ कराई गई है। श्री नंदी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हज समिति मुख्यालय पर भी यह ई.फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया गया है। हज कार्यालय से आवेदन हेतु संपर्क करने वाले इच्छुक व्यक्ति अब निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। श्री नंदी ने बताया कि हज यात्रियों को अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराए जाने और हज के प्रचार प्रसार के लिए पहली बार यात्रा से संबंधित जानकारी देने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए कैलेंडर और डायरी छपवा कर सभी जिलों में हज प्रशिक्षण से जुड़े लोगों को इसे निशुल्क प्रदान की गई है।

# समर्थन मूल्य जारी रखने की घोषणा छलावाः रामगोविन्द

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता एवं नेता प्रतिपक्ष विधान सभा उत्तर प्रदेश रामगोविन्द चौधरी ने केन्द्र सरकार द्वारा पारित तीन कृषक विधेयकों को देश के किसानों, खुदरा व्यापारियों के लिए, मण्डी समितियों के व्यापारियो, अढ़तियों के लिए घातक करार दिया है । भाजपा का यह कदम छोटे किसानों को समाप्त कर निजीकरण को बढ़ाने वाला और बड़े किसानों को, खुदरा व्यापरियों को आयकर के दायरे में लाकर उनसे अधिक से अधिक कर वसूली की नीति का परिचायक है। रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि इन विधेयकों में भाजपा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य का कही उल्लेख नहीं किया है इससे स्पष्ट है कि समर्थन मूल्य जारी रखने की घोषणा छलावा मात्र है और आगे चलकर इसे समाप्त करने की मंशा स्पष्ट है । इनमें मण्डी समितियों को निष्प्राण कर दिया गया है, जिससे लाखों लोग बेरोजगार हो जायेंगे। मण्डी से प्राप्त आय से होने वाला विकास कार्य खत्म हो जायेगा। लघु किसान अपनी उपज मुश्किल से मण्डी तक का भाड़ा वहन कर पहुंचा पाता है दूसरे राज्यों में उपज भेज पाना उसके लिए संभव नहीं होगा। नेट के द्वारा आनलाईन बिक्री करना उसके लिए व्यावहारिक नहीं है। भाजपा सरकार आवश्यक वस्तु संशोधन विधेयक 2020 में अनाज , दाल , आलू, प्याज , खाद्य तेल और तेल भण्डार की खुली छूट देकर कारपोरेट जगत को लाभान्वित कर रही है।

# छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लें क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षः डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने मार्च बाल्मीकि जयंती के संबंध में कड़ी सुरक्षा प्रबंध किए जाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 31 अक्टूबर को महर्षि बाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर कोविड.19 के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार व उप्र शासन द्वारा जारी एसओपी-गाइड लाइन में निहित निर्देशों के अनुरूप पर्व को मनाए जाने के लिए जनमानस को जागरूक किया जाए।

डीजीपी ने कहा है कि थानाध्यक्ष-क्षेत्राधिकारी को यह स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि छोटी-छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित मजिस्ट्रेट के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करें एवं विवाद को समाप्त करने के लिए कड़े एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर सभ्रान्त नागरिकों, शान्ति समितियों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों आदि का सक्रिय सहयोग लिया जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे ट्विटर, व्हाट्सएप, फेसबुक,इंस्टाग्राम आदि विभिन्न प्लेटफार्मो पर सर्तक दृष्टि रखी जाए।

आपत्तिजनक पोस्ट-अफवाहों का तत्काल सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा अफवाहों का खण्डन किया जाए। वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से जनमानस को मास्क धारण करने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु निरन्तर जागरूक किया जाए। डीजीपी ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के संबंध में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालपन करते हुए समुचित सुरक्षा व पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पंडितपुरवा**
**वि.ख. सिरसिया, जनपद श्रावस्ती**

पत्रांक-मेमो/आर.जी.एस.ए./पंचम वित्त/15वॉ वित्त/मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/ ग्रा0पं0 निविदा

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा/पंचम वित्त/15वॉ वित्त/आर.जी.एस.ए. अन्तर्गत वर्ष 2020-21 मे स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड़ ईट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सरिया, पेन्ट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय सीट साइफन, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की, पेन्ट, पुट्टी एंव अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है, जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनॉक 29.10.2020 से 04.11.2020 तक सामग्री हेतु आप निविदा फार्म रुपया सौ तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनॉक 04.11.2020 को 12.00 बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में डाला जायेगा, तथा निविदा उसी दिन 03.00 बजे निविदादाओं के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते :**

1. अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी0डी0एस0 देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100 रु0 है।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगी।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस मे पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरान्त ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-पंडितपुरवा
विकासखण्ड-सिरसिया
जनपद-श्रावस्ती

सचिव
ग्राम पंचायत-पंडितपुरवा
विकासखण्ड-सिरसिया
जनपद-श्रावस्ती

# पहली नवंबर से सूबे में टीबी मरीजों की खोज के लिए चलेगा अभियान

## क्षय रोग उन्मूलन एवं विशेष टीकाकरण अभियान लेकर सरकार प्रतिबद्ध : जय प्रताप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के 29 जिलों में पहली नवम्बर से टीबी मरीजों की खोज और पहचान के लिए एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान चलाया जाएगा। अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। दस दिन तक चलने वाले अभियान के दौरान घर घर जाकर टीम लोगो का स्क्रीनिंग करेगी। बुधवार को यह जानकारी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने दी है। योजना भवन में मीडिया से मुखातिब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 तक टीबी को देश से खत्म करने के लिए पीएम का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पूरे देश का 20 फीसदी टीबी का केस यूपी से हैं। हर पांच में एक केस टीबी का है।



इसके पीछे कारण स्लम एरिया से लेकर घनी आबादी भी है। उन्होंने कहा कि कोविड के चलते 3 माह तक सभी कार्यक्रम रुके थेए जिन्हें शुरू कर दिया गया है। अंतर्विभागीय समन्वय से बीमारियों में कमी आई है। उन्होंने बीमारियों का कम करने में जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि कोविड.19 के कारण किये गए लाकडाउन के दौरान नेपाल से आये एक रोगी, अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश आये 493 क्षय रोगियों और प्रदेश के 649 उन मरीजों को जो अन्य जिलों में पहुंचे थे, उनको समय से क्षय निरोधी औषधि मुहैया कराई गयी। इसके अलावा इस दौरान प्रदेश के समस्त क्षय रोगियों से दूरभाष के जरिये संपर्क कर दवा उपलब्ध करायी गयी। टीबी मरीजों को इलाज के दौरान पोषण के लिए 500 रुपये प्रतिमाह दिए जाने के लिए अप्रैल 2018 में लायी गयी निक्षय पोषण योजना के बारे में उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रदेश में अब तक 162 करोड़ रुपये की धनराशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तातंरण के माध्यम से क्षय रोगियों को प्रदान की जा चुकी है, इसमें वर्ष 2018 में 66,20,81,000 रूपये, वर्ष 2019 में 72,61,89,000 रूपये और जनवरी 2020 से अब तक 21,78,53,000 रूपये का भुगतान किया गया है । यह भुगतान सीधे बैंक खाते में किया जाता है। जिन क्षय रोगियों का बैंक खाता नहीं है, उनका खाता इन्डियन पोस्टल पेमेंट्स बैंक द्वारा मरीजों के घर जाकर खोला जा रहा है।

### इन जिलों में संचालित होंगे अभियान

एक से 11 नवम्बर के बीच दस दिवसीय सघन खोज अभियान जिन जिलों में चलाया जाएगा उनमें अम्बेडकरनगर, अमेठी, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, अयोध्या, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कुशीनगर, महराजगंज, महोबा, मऊ, पीलीभीत, संत रविदास नगर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, संत कबीर नगर एवं लखनऊ शामिल है।

### तीन माह तक चलेगा टीकाकरण अभियान

प्रदेश में बच्चों में विभिन्न संक्रमणों को रोकने एवं अनेक जानलेवा बीमारियों एवं बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान आगामी तीन माह (नवम्बर, दिसम्बर 2020 एवं जनवरी 2021) में सभी जनपदों में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में प्रत्येक सप्ताह में बुद्धवार एवं शनिवार को आयोजित होने वाले नियमित सत्रों के साथ साथ एक अतिरिक्त दिवस सोमवार को भी टीकाकरण सत्र का आयोजन किया जाएगा।

# एसपी बहराइच पर लगाए आरोपों की जांच कराए जाने की मांग

**लखनऊ।** आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर ने बहराइच जनपद की कोतवाली नानापारा के पूर्व कोतवाली प्रभारी डीके श्रीवास्तव द्वारा एसपी बहराइच विपिन कुमार मिश्रा पर गाली गलौज देने व भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की जांच की मांग की है। पुलिस महानिदेशक हितेश चन्द्र अवस्थी और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी को भेजी शिकायत में अमिताभ ने कहा कि बातचीत में इंस्पेक्टर एसपी बहराइच पर गाली देने का गंभीर आरोप तो लगा ही रहे हैं। साथ ही एसपी द्वारा गंभीर भ्रष्टाचार करने, बेईमान होने, दो बार पैसा वसूलन के भी आरोप लगा रहे हैं। अमिताभ ने कहा कि जिस प्रकार से गाली गलौज के साथ गंभीर भ्रष्टाचार की बात कही जा रही है, वह निश्चित रूप से अत्यंत गंभीर है। अतः उन्होंने डीजीपी से ऑडियो की सत्यता की अविलंब जांच कराने की मांग की है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# विकास कार्यों से संवरेगी अब राजधानी की सूरत

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑनलाइन किया शहर के 51 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देश** के रक्षामंत्री द्वारा राजधानी के विकास कार्यों का ऑन लाइन शिलान्यास किया गया। शहर के विकास कार्य 14वें वित्त से कराए जाएंगे, जिसके लिए 5112 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। साथ ही रक्षामंत्री ने विकास कार्य की प्रगति पर अधिकारियों की सराहना भी की। वहीं 176 कार्यों को दो महीने के अंदर कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में ऑन लाइन विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विकास कार्यों का शिलान्यास किया। यह कार्य 14 वें वित्त आयोग निधि से कार्य कराए जाएंगे, जिसमें 5112.86 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी। इस धनराशि से कुल 176 कार्यों को कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अपर नगर आयुक्त अमित कुमार द्वारा शुरू किया गया। महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा कायक्रम को संबोधित किया गया। इसी कड़ी में आनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सांसद और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ नगर व इसके नगर वासियों को अपना आशीर्वाद एवं बहुमूल्य मार्ग-दर्शन प्रदान किया। आनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, महापौर द्वारा 14वॉ वित्त आयोग के स्वीकृत कार्यों के शिलापटों का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक, मंत्री स्वाति सिंह, सांसद कौशल किशोर, मंत्री महेंद्र सिंह, मंत्री मोहसिन रजा, विधायक सुरेश तिवारी, सुरेश श्रीवास्तव, नीरज बोरा, अविनाश त्रिवेदी, बुक्कल नबाब, मुकेश शर्मा महानगर अध्यक्ष पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कुल 176 कार्यों को 25 दिस बर तक पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

### एक नवंबर से छिड़ेगा अभियान

# अवैध निर्माण, अतिक्रमण पर चलेगा हथौड़ा

## विशेष टीमें होंगी गठित, आठ जोन और तीन चरणों में चलेगा अभियान अभियान के प्रभारी एडीएम पूर्वी, एडीएम प्रशासन और एलडीए के सचिव होंगे



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** के अवैध अतिक्रमण पर एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। जिला प्रशासन, एलडीए की संयुक्त टीम इलाके के अवैध निर्माण और अतिक्रमण को ध्वस्त करेंगी। इसके लिए टीमों द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। एक नवंबर से आठ जोनों में बाटकर अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। संयुक्त टीमों में एलडीए के अधिशाषी अभियंता और अपर नगर मजिस्ट्रेट भी शामिल रहेंगे।

बुधवार को शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिलाधिकारी व एलडीए उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश ने एलडीए और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अतिक्रमण और अवैध कब्जे करने वाले भू माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने इसके लिए विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई हैं, जिसमें एलडीए के अधिशाषी अभियंता और अपर नगर मजिस्ट्रेट शामिल रहेंगे। अभियान की शुरुआत एक नवंबर से होगी, जिसे तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। शहर को 8 जोनों में बांटा गया है, जिनमें दोनों विभागों के संयुक्त टीमें बनायी जाएंगी। अभियान अपर जिलाधिकारी और संयुक्त सचिव की निगरानी में चलाया जाएगा, जो इनके कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। अभियान के प्रभारी एडीएम पूर्वी, एडीएम प्रशासन और एलडीए के सचिव बनाया गया है। शहर के अवैध निर्माण पर अभियान के प्रथम चरण में बड़े निर्माण, अवैध कब्जे और विशेष कर व्यवसायिक निर्माणों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। बगैर मानचित्र स्वीकृत के निर्माण, पास मानचित्र के निर्माण में अनियमितता पर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही सड़क व सार्वजनिक स्थल पर अतिक्रमण करने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। 10 टीमें बनायी जा रही हैं, जो इन निर्माण को चिन्हित कर ध्वस्त करने की कार्रवाई करेगी। साथ ही एक स्ट्राइकिंग टीम भी तैनात की जाएगी।

## अवैध निर्माण पर चौक के ड्रैगेन मार्ट को एलडीए ने किया सील

**लखनऊ।** चौक में ड्रैगेन मार्ट पर एलडीए द्वारा कड़ी कार्रवाई की गयी। एलडीए के विहित प्राधिकारी द्वारा सुनवाई के दौरान सीलिंग के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही एलडीए के प्रवर्तन दल ने सीलिंग की कार्रवाई की। बुधवार को एलडीए प्रशासन ने चौक के लालबाग में ड्रैगेन मॉर्ट के अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई की। प्रवर्तन दल ने मौके पर पहुंचकर सीलिंग की कार्रवाई की। कार्रवाई से पूर्व विरोध को देखते हुए एलडीए प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की थी। इससे पहले एलडीए द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध नोटिस भेजकर चेतावनी दी थी, लेकिन अनसुनी करने पर कार्रवाई की। विहित प्राधिकारी रितु सुहास ने सुनवाई के दौरान मार्ट पर सीलिंग के निर्देश दिए थे, जिसके बाद एलडीए के प्रवर्तन दल ने कार्रवाई की।

### सरोजनीनगर में भीषण सड़क हादसा

# चाचा-भतीजे सहित तीन लोगों की मौत

संवाददाता। सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में मंगलवार की देरशाम एक अनियंत्रित कन्टेनर ने आगे जा रही बोलेरो में जोरदार ठोकर मार दी। कन्टेनर में फंसी बोलेरो सौ मीटर तक घसीटती चली गई। इस दौरान बोलेरो में सवार चाचा-भतीजा सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने चाचा को मृत घोषित करने के साथ ही बोलेरो चालक व मृतक के भतीजे व उसके दोस्त को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया, जहां मृतक के भतीजे व उसके दोस्त ने दम तोड़ दिया। जबकि बोलेरो चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी में रहने वाला अनवारूलहक तकरीबन तीन वर्ष बाद विदेश से लौटकर वापस आया था। अनवारूलहक को लेने के लिए उसका भतीजा हलीम अपने दोस्त बबलू के साथ बोलेरो गांड़ी से लेने आया था। बताया जाता है कि रात तकरीबन 11 बजे अनवारूलहक, वसीम व बबलू बोलेरो कार मे सवार होकर कौशाम्बी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा में कानपुर रोड पीछे से आ रहे एक कन्टेनर ने उनकी बोलेरो कार में जोरदार ठोकर मार दी। इस दौरान कार सवार में अनवारूलहक, हलीम, बबलू व चालक वसीम गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहां चिकित्सको ने अनवारूलहक को मृत घोषित करने के साथ ही गंभीर रूप से घायल हलीम, बबलू व चालक वसीम को ट्रामा सेंटर भेज दिया। पुलिस ने बताया कि ट्रामा सेन्टर में इलाज के दौरान हलीम व बबलू की मौंत हो गई। जबकि चालक वसीम की हालत गंभीर बनी हुई है।

## सड़क हादसों में तीन की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पांच ट्रक आपस में भिड़ गए। ट्रकों की भिड़ंत से दो व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। वहीं सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने एक दिव्यांग की तिपहिया स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क हादसे में तिपहिया स्कूटी सवार बुजुर्ग दिव्यांग की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में तीन ट्रक आपस में टकरा गए जिससे एक की मौत हो गई जबकि चालक समेत दो लोग घायल हो गए। वहीं चिनहट थाना क्षेत्र में दो ट्रकों की भिड़ंत से एक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### समय पर रिजल्ट घोषित न होने से

# स्कालरशिप को लेकर असमंजस में पड़े छात्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास यूनिवर्सिटी में समय से रिजल्ट न घोषित होने से स्नातक व परास्नातक के छात्र स्कालरशिप को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। स्टूडेंट्स का कहना है कि रिजल्ट न आने से वह स्कालरशिप के फार्म नही भर पा रहे हैं। जबकि नेशनल स्कालरशिप के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है और स्टेट के लिए 5 नवम्बर की तिथि निर्धारित है। वही छात्रों की परेशानी को देखते हुए विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ अमित कुमार राय का कहना है कि उनकी कोशिश है कि 30 अक्टूबर तक परीक्षाफल जारी कर दिए जाय।

**यूपीएसईई से भरीं 65 फीसदी सीटें:** यूपीएसईई के माध्यम से डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की इंजीनियरिंग की 65 फीसदी सीट भर गई हैं। वहीं, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटों का आवंटन पहले चरण में ही हो गया है। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इंजीनियरिंग की 300 के साथ 30 लेटरल एंट्री की सीट है। विश्वविद्यालय की कंप्यूटर साइंस की 66 सीट में 59 का आवंटन हो गया है। इसी तरह सिविल इंजीनियरिंग 66 सीटों में 50, मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 35, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की 38 सीट आवंटित की गई है। विश्वविद्यालय की एमबीए की 66 सीटों में 33 आवंटित हुई हैं।

**21 नवम्बर तक भरे जाएंगे कैरी ओवर परीक्षा फार्म:** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर के नियमित व कैरीओवर परीक्षा 28 अक्टूबर से 21 नवंबर तक भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो राजीव कुमार ने बताया कि बीटेक समेत सभी कोर्सों के छात्र ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। इसके अलावा जिन छात्रों ने अपनी उपस्थिति ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम पर अपलोड नहीं की है। वह परीक्षा फार्म नहीं भर पाएंगे।

## बीबीएयू में दो नवम्बर से शुरू होगी काउंसिलिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नए** सत्र में दाखिले को लेकर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में काउंसलिंग की प्रक्रिया दो नवम्बर से शुरू होगी। काउंसलिंग प्रक्रिया ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में होगी।विश्वविद्यालय में पिछले कई वर्षो से प्रवेश परीक्षा फार्म और प्रवेश परीक्षा ऑन लाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही मोड से आयोजित होती रही हैएपर वर्तमान शैक्षिक सत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, एमफिल एवं पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा ऑन लाइन कराई गई। हालांकि कोरोना महामारी को देखते हुए चार चरणों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है। पहले तीन चरण प्रवेश परीक्षा के पूरे हो गए हैं। यूजीसी के दिशा.निर्देशों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया 15 नवम्बर से पहले पूरी करनी है। इसको ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने काउंसिलिंग की तैयारी भी शुरू कर दी है। प्रवेश समन्वयक प्रो कुक्षेन्द्र मिश्रा ने बताया कि दाखिले के लिए 2 नवम्बर से काउंसिलिंग प्रारम्भ हो रही है। इस बार कोरोना महामारी को देखते हुए विद्यार्थियों को ऑफ लाइन के अलावा ऑन लाइन काउंसलिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# राजधानी में कोरोना के 249 व सूबे में 2049 नए मरीज मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तरप्रदेश** में मंगलवार को 2049 कोरोना के नए केस सामने आए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 249 केस सामने आए हैं। जबकि सूबे में 25487 केस एक्टिव हैं। वही राजधानी में यह आंकड़ा 3274 है। अभी तक प्रदेश में 6958 व राजधानी में 872 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 476121 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2742 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 443589 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। वहीं राजधानी में अभी तक 61,665 कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। इनमे आज 255 को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 58391 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 21, गोमती नगर 24, रायबरेली रोड 25, मडियांव 14, आलमबाग 10, हसनगंज 10, चौक 19, जानकीपुरम 10, कैंट 18, महानगर 12, आशियाना 17 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। लखनऊ में आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 84 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। वही प्रदेश की बात करें तो स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज कानपुर में 56, प्रयागराज में 91 , गोरखपुर में 65, गाजियाबाद में 91, वाराणसी में 88, नोएडा में 157, मेरठ में 116, बरेली में 50, मुरादाबाद में 18, अलीगढ़ में 18, झांसी में 21, सहारनपुर में 32, बाराबंकी में 32, अयोध्या में 26, आगरा में 21, बलिया में 21, लखीमपुर खीरी में 133, शाहजहांपुर में 4, देवरिया में 15, मुजफ्फरनगर में 13, जौनपुर में 36, महाराजगंज में 15, कुशीनगर में 8, आजमगढ़ में 14, हरदोई में 9, रामपुर में 7, इटावा में 16, मथुरा में 22, गाजीपुर में 19, बस्ती में 43, गोंडा में 11, बुलंद शहर में 39, प्रतापगढ़ में 22 ,सीतापुर में 7, उन्नाव में 10, सुल्तानपुर में 37, फर्रुखाबाद में 15, पीलीभीत में 7,रायबरेली में 26, बहराइच में 12, सोनभद्र में 30, बिजनौर में 8, अमरोहा में 17, हापुड़ में 8, अमेठी में 9, फतेहपुर में 20, ललितपुर में 2, शामली में 6, मिर्जापुर में 3, मऊ में 6, जालौन में 18, औरैया में 10, संभल में 8, बांदा में 18, एटा में 4, भदोही में 5, कानपुर देहात में 3, कौशांबी में 11, बलरामपुर में 4, चित्रकूट में 13, कासगंज में 2, बागपत में 13, हमीरपुर में 2, हाथरस में 4, श्रावस्ती में 6, महोबा में 2 पाए गए हैं।

# नकली नोट से ठगी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़



## गोण्डा के जिला पंचायत सदस्य समेत तीन गिरफ्तार

**मोहनलालगंज।** दोगुने मुनाफे का लालच देकर भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसा कर नकली नोट की गड्डी थमाकर ठगी करने वाले गोण्डा के जिला पंचायत सदस्य समेत तीन शातिर टप्पेबाजों को मोहनलालगंज पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकली नोट की गड्डियां, टाटा सफारी, कई मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। गिरोह के नेटवर्क का पता लगाने के लिए पुलिस टीम आसपास के जिलों की पुलिस से जानकारी जुटाने में लगी हुई है। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया बताया मोहनलालगंज के मिताखेड़ा निवासी दुर्गेश कुमार सिंह ने मंगलवार की रात गोण्डा निवासी अजीत मौर्य समेत तीन लोगों पर उसे कम्पनी में शामिल कर दोगुना मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई। दुर्गेश ने बताया आरोपियों ने उससे पांच हजार रुपये लेकर 100-100 रुपये नोट की दस हजार की गड्डी थमा दी। गड्डी में ऊपर नीचे की दो-दो नोट को छोड़कर बाकी नोट नकली थे। पीड़ित दुर्गेश से मिले मोबाइल नंबरों के सहारे पुलिस ने आरोपियों को बहाने से बुलाकर दबोच लिया। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया गिरफ्तार आरोपियों का सरगना अजीत मौर्य गोण्डा के वार्ड नंबर 51 का जिला पंचायत सदस्य है। पुलिस ने गिरोह में शामिल उसके भाई अनिल मौर्य और साथी भुखाली को भी गिरफ्तार किया है। एसीपी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी भोले-भाले लोगों को पहले रकम दोगुना करने का लालच देकर असली नोट की थोड़ी रकम देकर उनका विश्वास जीतते थे फिर बड़ी रकम की गड्डी में नकली नोट थमाकर ठगी का शिकार बना लेते थे।

## सिपाही ने युवक को गोली मार किया घायल

**लखनऊ।** काकोरी में नशे में धुत सिपाही ने युवक को गोली मार दी। गोली युवक के हाथ में लगी। लहूलुहान युवक को इलाज़ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया । आरोपी के पास से अवैध तमंचा बरामद कर लिया गया ।दुर्गागंज में मंगलवार देर रात मामूली कहा सुनी पर गोसाईगंज थाना पर तैनात सिपाही राहुल ने दुर्गागंज निवासी चांद को गोली मार दी। गोली चांद के बाएं हाथ पर लगी । लहूलुहान हालात में घायल को ट्रामा सेंटर भेजा गया। वहीं ग्रामीणों अनुसार आरोपी सिपाही घायल को इलाज के किये खुद एक निजी अस्पताल ले गया जहां इलाज के लिए डॉक्टर को भी धमकाया। आरोपी सिपाही वर्तमान में काकोरी के दुर्गागंज में ही रह रहा था। इंस्पेक्टर प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि सिपाही व घायल युवक आपस मे दोस्त थे। जो अक्सर साथ देखे जाते थे। आरोपी सिपाही के पास अवैध तमंचा बरामद कर लिया गया। घायल चांद के भाई आरिफकी तहरीर पर सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। सिपाही को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिपाही राहुल ने काकोरी थाना में तैनाती के दौरान ही महिला सिपाही रानी से शादी की थी। करीब दो माह पूर्व दुबग्गा पर चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार से विवाद के चलते काकोरी से हटाया गया था।

## बारावफात को लेकर रूट मार्च

**लखनऊ।** राजधानी में पुलिस आयुक्त सुजीत पाण्डेय के निर्देश पर संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीन अरोरा ने बुधवार को पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार बारावफात के मददेनजर पश्चिमी क्षेत्र के इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए झंण्डेवाला पार्क अमीदनाबाद से रकाबगंज व नक्खास तक रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के समय सड़कों पर व्यापारियों की ओर से किए गए अतिक्रमण व मास्क न लगाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# 65 जोड़ों ने ली जिंदगी भर साथ निभाने की शपथ

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को जेआरएम मैरिज गार्डन दुबग्गा रिंग रोड रेलवे ओवर ब्रिज बुद्धेश्वर लखनऊ में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 65 जोड़ों ने शादी के बंधन में बंध कर जिंदगी भर साथ निभाने की शपथ ली। इस मौके पर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डॉ लालजी प्रसाद निर्मल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सामूहिक विवाह समारोह को सम्बोधित करते हुए समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी कराई जाती है, जिसके तहत 35000 रुपये चेक के माध्यम से दिया जाता है और 10000 रुपये का सामान व 6000 रुपये प्रति जोड़ा आवश्यक व्यवस्थाओं पर व्यय किये जाने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के इस योजना के तहत विवाह संम्पन्न कराए जाते है। उन्होंने आज आयोजित सामूहिक विवाह में नव विवाहित जोड़ो को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नव विवाहित जोड़े आज यहाँ से संकल्प लेकर जाय कि आज से किसी प्रकार का नशा नही करेंगे और परिवार की देखभाल सही तरीके से करेगें। उन्होंने बताया की वर्तमान सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को ध्यान में रखते हुए अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उद्धार करने का कार्य कर रही हैं। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी योजना मुख्यमंत्री द्वारा संचालित की गई है, जिसके माध्यम से गरीब परिवारों की पुत्रियों की शादी आसानी से संपन्न कराई जा रही है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और कहा कि नया जीवन मंगलमय एवं अच्छा हो यही मेरी शुभकामना है। सांसद कौशल किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज यहां जनपद लखनऊ की 4 ब्लॉकों के गरीब परिवारों की पुत्रियों की शादी का आयोजन किया गया है, यह बहुत अच्छी योजना है, जिसके माध्यम से गरीब परिवारों की पुत्रियों की शादी आसानी से हो जा रही है।

## पांच एडेड विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का कटेगा वेतन

**लखनऊ।** मानव सम्पदा पोर्टल पर जानकारी न देने व विभागीय आदेशों की अवहेलना के आरोप में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश कुमार सिंह ने 5 एडेड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस ने बताया कि शासन के आदेश पर सभी राजकीय और एडेड विद्यालयों के प्रिंसिपलों को अपने विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का ब्योरा और उनके संबंध में डिटेल मांगी गई थी। लेकिन अब तक पांच विद्यालयों ने यह कार्य नहीं किया है। उनके प्रिंसिपलों का वेतन काटा जाएगा। इसके अलावा 16 विद्यालयों द्वारा अपलोड किया गया ब्योरा अभी अपूर्ण है। जिसके कारण उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने बताया कि जिनके वेतन काटे जाएंगे उनमे शिया इंटर कॉलेज, सुन्नी इंटर कॉलेज, बीकेटी इंटर कॉलेज, मानकनगर इंटर कॉलेज, आरडीकेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक शामिल हैं।

# सरदार पटेल ने देश की एकता व अखंडता को साकार रूप दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जब हम लौहपुरुष सरदार पटेल पर चर्चा करते हैं तो हम एक ऐसे अखण्ड भारत की चर्चा करते हैं, जिसमें सुशासन है, नागरिकों में आत्म सम्मान का बोध है और समावेशी विकास के प्रति एक राष्ट्रीय निष्ठा है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाना समीचीन है, क्योंकि उन्होंने देश की एकता और अखण्डता को साकार रूप दिया था। राज्यपाल बुधवार को राजभवन से आनलाइन भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित भारतरत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन दर्शन, सिद्धान्त एवं उनके योगदान पर आधारित वेबिनार को सम्बोधित कर रहीं थीं।

राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल वकील, स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ दृढ़ इच्छाशक्ति वाले महान व्यक्ति थे और उनका व्यक्तित्व भी बहुत विशाल था। सरदार पटेल के विचार आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत एक सूत्र में बंधा हुआ है, जिसका श्रेय सरदार पटेल को ही जाता है। आजादी से पूर्व विद्यमान सभी रियासतों का विलय भारत में कराने में उन्होंने बहुत बड़ा योगदान दिया। उनके इस महान प्रयास के कारण ही आज हम एक बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में पूरे विश्व में पहचान बना पाये हैं। राज्यपाल ने कहा कि सभी लोग सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करें ताकि भारत एक मजबूत एवं आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ सके। पटेल ने कहा कि गुजरात के बड़ोदरा में स्टेच्यू आफयूनिटी के रूप में स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशाल प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखने की सदैव प्रेरणा देती रहेगी। राज्यपाल ने बताया कि बड़ोदरा की इस प्रतिमा निर्माण में देश के 6 लाख से अधिक ग्रामीण और किसानों ने लोहा दान किया था।

## ग्रामीण महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरतः जयाप्रदा

**लखनऊ।** स्तन कैंसर महिलाओं को शारीरिक व सामाजिक कष्ट देने वाली गंभीर बीमारी है। शहरी महिलाओं को इलाज मिल जाता है मगर स्तन कैंसर के मामले में ग्रामीण इलाकों में दयनीय स्थिति है। जागरूकता का अभाव व इलाज की कमी ग्रामीण इलाकों के महिलाओं के लिए दुरह समस्या है। इसलिए किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी को ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम चलाना चाहिए। बुधवार को यह बात सिने अभिनेत्री जयाप्रदा ने स्तनकैंसर सर्वाइवर्स सपोर्ट ग्रुप की वर्चुअल मीटिंग में कही। जयाप्रदा ने कहा कि महिलाएं अपनी बीमारियां छिपाती हैं, बताती भी हैं तो परिवारिक स्थिति और संकोचवश इलाज कराने वंचित रह जाती हैं। कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिनपुरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से महिलाओं में अपनी बात बोलने की ताकत बढ़ती है। पीड़ित महिलाओं में उम्मीद बढ़ती है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी भी ठीक हो सकती है।

## लोक निर्माण विभाग को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोविड-19** महामारी के दौरान उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के द्वारा किये गये विशिष्ट कार्यों के लिए नितिन रमेश गोकर्ण प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को स्कॉच अवार्ड (गोल्ड)प्रदान किया गया है।

स्कॉच अवार्ड की गिनती देश के प्रतिष्ठित गैर सरकारी अवार्ड के रूप में की जाती है, जो विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय सेवाओं हेतु सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं तथा व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। कोविड.19 महामारी के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपथ स्थित सचिवालय परिसर में प्रदेश का सबसे बड़ा कन्ट्रोल रूम संचालित किया गया, जिसमें महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्य के असहाय प्रवासी जनमानस को सर्वप्रथम लॉकडाउन अवधि में उनके रुकने के स्थानों पर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से जिन मूलभूत सुविधाओं की उन्हें आवश्यकता थी, उनको पूर्ण निष्ठा से पूरा किया गया।

कोविड-19 महामारी के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में आम जनमानस की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें पका हुआ शुद्ध भोजन व पानी तथा सूखा राशन जरूरतमंद को उनके घर घर तक पहुंचाने का कार्य किया गया। कोविड.19 महामारी के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरे प्रदेश के रुके हुए कार्यों को कोविड.19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए प्रारम्भ कराया गया तथा जरूरतमंद आम जनमानस को रोजगार प्रदान कर उनके जीवन यापन में उल्लेखनीय सहयोग किया गया।

# बेरोजगारी के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा यूपीः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि आज प्रदेश बेरोजगारी के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। विकास अवरुद्ध है, जनता आर्थिक रूप से टूट चुकी है, छात्र नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी में प्रदेश के लाखों लोग अन्य राज्यों में अपने चलते हुए काम धंधे छोड़ कर घर आने पर विवश हुए थे। लॉकडाउन के चलते लाखों लोगों ने अपना रोजगार खोया था, मुख्यमंत्री योगी उनको समायोजित करने के बजाए लाई चना बिकवाने का प्रहसन कर उनका मजाक उड़ा रहे हैं।

लल्लू ने कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री योगी ने चुनाव पूर्व प्रदेश की जनता से घूम घूम कर 70 लाख रोजगार सृजन यानी 14 लाख प्रति वर्ष रोजगार देने का वादा किया था। पर साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने कल खुद स्वीकार किया है कि साढ़े तीन वर्षों में 3 लाख लोगों को रोजगार दिया है। इससे यह साबित होता है कि बेरोजगारी की स्थिति बहुत भयावह है। लल्लू ने कहा कि यही बात प्रदेश के श्रम मंत्री मेरे द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में कह चुके हैं कि प्रदेश बेरोजगारी की स्थिति बहुत भयावह है, रोजगार के अवसर कम हुए हैं। 2018 के मुकाबले 2019 में बेरोजगारी दोगुनी हुई है। श्रम मंत्री ने लिखित जवाब में कहा है कि 2018 में बेरोजगारी दर 5.92 प्रतिशत थी जो 2019 में बढ़ कर 9.97 प्रतिशत हो गयी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत दुर्गापुर वि.ख.सिरसिया, जनपद श्रावस्ती

पत्रांक-मेमो/आर.जी.एस.ए./पंचम वित्त/15वॉ वित्त/मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/ग्रा0पं0 निविदा

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा/पंचम वित्त/15वॉ वित्त/आर.जी.एस.ए. अन्तर्गत वर्ष 2020-21 मे स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड़ ईट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सरिया, पेन्ट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय सीट साइफन, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की, पेन्ट, पुट्टी एंव अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है, जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनॉक 29.10.2020 से 04.11.2020 तक सामग्री हेतु आप निविदा फार्म रुपया सौ तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनॉक 04.11.2020 को 12.00 बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में डाला जायेगा, तथा निविदा उसी दिन 03.00 बजे निविदादाओं के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते :**

1. अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी0डी0एस0 देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100 रु0 है।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगी।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस मे पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरान्त ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| ग्राम पंचायत-दुर्गापुर | ग्राम पंचायत-दुर्गापुर |
| विकासखण्ड-सिरसिया | विकासखण्ड-सिरसिया |
| जनपद-श्रावस्ती | जनपद-श्रावस्ती |


### सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पीएनबी में दिलाई गई सत्यनिष्ठा व ईमानदारी की शपथ

**लखनऊ।** पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा एवं इमानदारी की शपथ ली गई। सर्वप्रथम महाप्रबंधक संजय गुप्ता ने राष्ट्रपति का सतर्कता से संबंधित संदेश पढ़ कर सुनाया उप महाप्रबंधक महेश रस्तोगी ने उप राष्ट्रपति का संदेश तथा वितेश कुमार ने प्रधानमंत्री का संदेश स्टाफ सदस्यों को सुनाया। इसके पश्चात महाप्रबंधक संजय गुप्ता ने बैंक के स्टाफ सदस्यों को सत्यनिष्ठा एवं इमानदारी की शपथ दिलायी। उन्होंने उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि मेरा मानना है कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिये तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनवद्ध होना चाहिये तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिये। उन्होने सभी स्टाफ सदस्यों से यह भी अपील की कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारीए पारदर्शिता तथा उच्च आचरण के साथ कार्य करते हुये कानून के नियमों का पालन करें।

## यूनियन बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सार्वजनिक** जीवन में सत्यनिष्ठा पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनियन बैंक आफ इंडिया द्वारा प्रति वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। स्टाफ सदस्यों एवं अन्य हितधारकों में ज़िम्मेदारी निष्ठा एवं ईमानदारी की भावना जागृत करने एवं उन्हें शिक्षित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी केंद्रीय सतर्कता आयोग के परिपत्र के अनुपालन में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2020 तक सतर्क भारत समृद्ध भारत थीम के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन किया जा रहा है इस अवधि में सभी शाखाएँ कार्यालय आंतरिक हाउसकीपिंग गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित करेंगे जिन्हें सतर्कता जागरूकता सप्ताह के भाग के रूप में अभियान मोड में लिया जाएगा उक्त गतिविधियों के लिए जिम्मेदार प्रत्येक विभाग को सतर्कता विभाग द्वारा उचित रूप से निर्देशित किया जाएगा भ्रष्टाचार विरोधी संदेशों के प्रसार के लिए विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी एवं एक समृद्ध भारत के लिए आवश्यक सतर्क भारत पर ज़ोर दिया जाएगा ऑनलाइन प्रणाली का अधिक से अधिक उपयोग किया जाएगा वर्तमान समय में चल रही महामारी को ध्यान में रखते हुए शाखाओ कार्यालयों को सलाह दी गई है कि वे कोविड 19 की रोकथाम के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय समय पर जारी किए गए अनुदेशों को ध्यान में रखें। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ पर क्षेत्र महाप्रबंधक राजीव मिश्रा ने सभी को शपथ दिलाई गयी। इस शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र प्रमुख लखनऊ क्षेत्र संतोष कुमार शुक्ला सहायक महाप्रबंधक स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ राजीव कुमार अपने सभी स्टाफ सदस्यों एवं अंचलीय लेखा परीक्षा कार्यालय लखनऊ के स्टाफ सदस्यों के साथ उपस्थित थे।

## इंडियन बैंक ने लगाया खुदरा ऋण कैंप

लखनऊ। इंडियन बैंक भूतपूर्व इलाहाबाद बैंक की हजरतगंज शाखा में क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय उत्तर मध्य क्षेत्र लखनऊ के द्वारा खुदरा ऋण कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें गृह निर्माण ऋण एवं वाहन ऋण रियायती दरों पर प्रदान किए गए । कैंम्प में रविंदर सिंह क्षेत्र महाप्रबंधक उतर मध्य क्षेत्र लखनऊ द्वारा 27 ग्राहकों को गृह निर्माण ऋण तथा 25 ग्राहकों को कार ऋण 190 करोड़ मूल्य संबंधी संस्वीकृति पत्र प्रदान किया गया । इनमें से कार ऋण के दो ग्राहकों को कैम्प में ही रविंदर सिंह द्वारा कार की चाबी भी दी गई । कोविंड के कारण अर्थवव्यस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है कितु बाजार में गृह निर्माण एवं वाहन ऋण, की माँग बनी हुई है। बाजार की इन्ही स्थितियों को ध्यान में रखते हुए बैंक द्वारा इस ऋण केम्प का आयोजन किया गया। अक्टूबर से त्योहारों और शादी का मौसम शुरू हो गया है तथा इस दौरान भारतीय परम्परा के अनुसार ग्राहकों का मकान एवं वाहन खरीदने के प्रति झुकाव पाया जाता है ।

# मुख्तार अंसारी को क्यों बचा रही है कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● भाजपा विधायक अलका राय ने प्रियंका गांधी को लिखा पत्र

**स्वर्गीय** कृष्णानंद राय की पत्नी और मोहम्मदाबाद सीट से भाजपा विधायक अलका राय ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को पत्र लिखकर माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को पंजाब से यूपी न भेजने पर नाराजगी जाहिर की है। पत्र में उन्होंने कोर्ट के आदेश के बावजूद पंजाब की कांग्रेस सरकार द्वारा अनुमति न दिए जाने पर सवाल खड़े किए।

गौरतलब है कि मुख्तार अंसारी पंजाब के रोपड़ जेल में बंद हैं। प्रयागराज के एमपी-एमएलए कोर्ट ने वाराणसी और गाजीपुर पुलिस को मुख्तार अंसारी को पेश करने का आदेश दिया था लेकिन जब पुलिस रोपड़ जेल पहुंची तो मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुख्तार अंसारी को भेजने से मना कर दिया गया। अलका राय ने प्रियंका गांधी को लिखे पत्र में कहा है कि मैं विधवा हूं और विगत 14 वर्षों से मैं अपने पति व विधायक रहे स्वर्गीय कृष्णानंद राय की नृशंस हत्या के विरुद्ध इंसाफकी लड़ाई लड़ रही हूं। उस जुल्मी के खिलाफ जिसे आज आपके पार्टी और पंजाब राज्य में आप की सरकार खुला संरक्षण दे रही है। उत्तर प्रदेश की तमाम अदालतों से मुख्तार अंसारी को तलब किया जा रहा है, परंतु पंजाब सरकार उसे उत्तर प्रदेश भेजने को तैयार नहीं है। हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर मुझे और मुझ जैसे सैकड़ों लोगों को हिसाब से वंचित किया जा रहा है। यह बेहद शर्मनाक है कि आप की राजनीतिक पार्टी और उसके नेतृत्व की सरकार इतनी निर्दयता के साथ मुख्तार अंसारी जैसे दुर्दांत अपराधी के साथ खुलकर खड़ी है। कोई भी यह स्वीकार नहीं करेगा कि यह सब कुछ आपकी और राहुल जी की जानकारी के बगैर हो रहा है। मुझे आप के जवाब का इंतजार रहेगा मुझे विश्वास है कि यदि आपके मन में थोड़ी भी संवेदना होगी तो आप ना सिर्फ मेरे पत्र का जवाब देंगी बल्कि मुख्तार अंसारी को सजा दिलाने में मेरी मदद भी करेंगी।

## पांच लाख की मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गाजीपुर पुलिस ने एक शातिर तस्कर को मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया है जो मार्फीन की पुड़िया बनाकर आस पास के इलाकों में बेचता था। जानकारी के अनुसार कमिश्नर सुजीत पांडेय के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत इंस्पेक्टर गाजीपुर बृजेश सिंह के नेतृत्व में क्राइम टीम प्रभारी विजय शंकर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि पॉलिटेक्निक चौराहे पर एक तस्कर मौजूद है जो मार्फीन सप्लाई करता है। इस पर तत्काल अपनी टीम के दीवान नागेन्द्र व सिपाही प्रदीप चौधरी के साथ मौके पर पहुंच गए और उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम वजीरगंज निवासी सोएब बताया जिसके पास से 50 ग्राम मार्फीन बरामद हुई जिसकी कीमत लगभग पांच लाख बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया है।

## फुर्ती जांचने के लिए हवाई अड्डे पर की गई माक ड्रिल

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार देरशाम एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर से अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां व दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गये और तकरीबन एक घंटे पर आग काबू पा लिया। लेकिन इस हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई जबकि 40 यात्रियों को बचा लिया गया। मंगलवार की देर शाम 45 यात्रियों को लेकर एयरपोर्ट पहुंचा एक एयरक्राफ्ट लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट के आला अधिकारी एवं दमकलकर्मी वाहनों सहित मौके पर पहुंच गये। लेकिन आग पर काबू पाने से पहले ही आग ने पांच यात्रियों को जला कर राख कर दिया। दरअसल यह सब एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात अधिकारियों, जवानों व दमकलकर्मियों की फुर्ती जांचने के लिए मॉकड्रिल का हिस्सा था।

## सड़क किनारे अचेत मिले मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक मजदूर अचेत अवस्था में सड़क किनारे स्थित एक जंगल के अंदर पड़ा मिला। जानकारी पाकर पहुंचे परिजन उसकी गंभीर हालत देख उसे निजी अस्पताल ले गये। लेकिन चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख इलाज करने से मना कर दिया। बाद में पुलिस को सूचना देने के साथ ही परिजन उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए लेकिन हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया। मगर ट्रामा सेंटर में भी उसका इलाज नहीं हो सका, बल्कि वहां से भी उसे कोरोना जाँच कराने को कहकर वापस कर दिया गया। बाद में परिजनों ने उसे मोहनलालगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने इस मामले में गांव के ही एक व्यक्ति सहित चार लोगों पर जमीनी विवाद को लेकर बहाने से बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

## महिला हेल्प डेस्क ने मां को वापस दिलवाया उसका दुधमुंहा बच्चा

**निगोहां।** एक शराबी पति ने दो साल के बच्चे को छीन कर अपनी पत्नी को घर से भगा दिया, पीड़ित पत्नी रोते बिलखते किसी तरह वह अपने मायके पहुंची और घर पर अकेली रह रही बूढ़ी मां को आपबीती बताई। फिर नाते रिश्तेदारों से बच्चे को दिलाने के लिए कहा लेकिन बच्चा नहीं मिल सका, जिसके बाद महिला ने अपने मासूम बच्चे को पाने के लिए निगोहां थाने पर जाकर महिला हेल्प डेस्क पर मामले की शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने पति के घर पहुंचकर बच्चे को मां के सुपुर्द कराया। निगोहां बाजपेयी खेडा गांव की रहने वाली दीपा की शादी पांच वर्ष पूर्व बिलाई खेडा चिनहट के रहने वाले राजकुमार से हुई थी। दीपा ने आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति शराब के नशे में आए दिन मारा पीटा करता था और करीब दो वर्षों से किसी दूसरी महिला से अवैध सम्बन्धों के चलते आये दिन उसको मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हुए उसे आये दिन घर से भगाने लगा, कुछ दिन पूर्व उसका पति जबरन उसको मायके छोड़कर उसके दो साल के मासूम बच्चे को छीन कर भाग निकला।

### मिशन शक्ति के तहत बेस्ट कैडर को किया सम्मानित

**मोहनलालगंज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा एनारी सम्मान और स्वावलंबन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला कैडरों को खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। बीडीओ ने बताया कनेरी की समूह सखी अर्चना और फार्म आजीविका सखी पूनम, कमालपुर बिचलिका की फार्म आजीविका सखी रंगीता ,कुबहरा की समूह सखी माधुरी,डेबरिया भरोसवा की फार्म आजीविका सखी सीमा देवी, निगोहां की समूह सखी सुमन समेत दस बेस्ट कैडर जिन्होने समूहों को प्रेरित और प्रशिक्षित करने में अहम योगदान दिया उन्हें सम्मानित किया गया है। इस मौके पर एडीओ आईएसवी शकील और बीएमएम दिवाकर उपस्थित रहे।

### मोबाइल टीम ने तलाशा पर्स, किसान को सौंपा

**मोहनलालगंज।** सब्जी खरीदने आए किसान का रुपयों से भरा पर्स बुधवार को गिरकर गुम हो गया। पुलिस मोबाइल टीम की मदद से कुछ घण्टे में ही पर्स वापस पाकर किसान ने पुलिसकर्मियो की मुस्तैदी की सराहना कर धन्यवाद दिया। मोहनलालगंज के जबरौली निवासी विनोद कुमार तिवारी बुधवार को सब्जी खरीदने आए हुए थे। तभी उनका पर्स सब्जी मण्डी में गिरकर गुम हो गया। जिसमें तीन हजार से अधिक रुपये व कागजात मौजूद थे। किसान की शिकायत पर पुलिस मोबाइल टीम में तैनात एसआई गोविन्द नारायण पाण्डेय और सिपाही संतोष मिश्र व सुभाष ने कुछ घण्टे में ही गुम हुआ पर्स खोज निकाला और पीड़ित किसान को कोतवाली बुलाकर पर्स वापस सौंप दिया।

### एबाकस प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र को गोल्ड मैडल




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-6 के मेधावी छात्र पार्थ सारथी ने जोनल स्तर पर आयोजित ऑनलाइन एबाकस प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के इस मेधावी छात्र ने एबाकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन गोल्ड मैडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने पार्थ की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए मैडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### दुराचारी को सात साल की सजा

**लखनऊ(विसं)।** दुराचार के एक आपराधिक मामले में फास्ट ट्रैक की विशेष अदालत ने मुल्जिम अमरपाल रावत को दोषी करार दिया है। विशेष जज ने मुल्जिम को सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील धीरज सिंह के मुताबिक 25 अक्टूबर 2012 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना सरोजनीनगर में दर्ज कराई थी।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में शाम्भवी को मिला प्रथम स्थान



**निगोहां।** मिशन शक्ति अभियान के तहत स्थानीय एसएनटी कालेज में छात्र छात्राओं के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन हुई। जिसमे एक दिन के लिए निगोहां थाना प्रभारी बनी ग्यारहवीं की शाम्भवी सिंह ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान देवेश कुमार एवं तृतीय स्थान सरोज कुमारी ने हासिल किया। वाद विवाद प्रतियोगिता का आगाज पुलिस की कार्यप्रणाली पर आधारित था जहाँ शाम्भवी सिंह ने कहा कि जिस प्रकार किसी वाहन को सुगमता से चलाने के लिए सड़क का अच्छा होना चाहिए उसी तरह से राष्ट्र निर्माण में शान्ति का होना आवश्यक है और इस कार्य में पूरे देश की पुलिस की विशेष भूमिका रहती है वही पुलिस की प्रशंसा पर हमला करते हुए देवेश कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस अपने कार्य को ईमानदारी से नही करती है। अक्सर देखा जाता है कि पुलिस बिना हेलमेट लगाए बाइक चालक को पकड़ती है तो चालान काटने के बजाय पैसे लेकर छोड़ देती है। सीओ निगोहां सैय्यद नैमुल हसन ने सभी छात्र छात्राओं को उत्साहित करते हुए कहा कि पुलिस महकमे में जो कमियां है वो सब दूर की जाएंगी। बाद में वाद विवाद प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सिटकहवा वि.ख. सिरसिया, जनपद श्रावस्ती

पत्रांक-मेमो/आर.जी.एस.ए./पंचम वित्त/15वॉ वित्त/मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/ग्रा0पं0 निविदा

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा/पंचम वित्त/15वॉ वित्त/आर.जी.एस.ए. अन्तर्गत वर्ष 2020-21 मे स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड़ ईट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सरिया, पेन्ट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, शौचालय सीट साइफन, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की, पेन्ट, पुट्टी एंव अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है, जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनॉक 29.10.2020 से 04.11.2020 तक सामग्री हेतु आप निविदा फार्म रुपया सौ तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनॉक 04.11.2020 को 12.00 बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय मे रखे निविदा बाक्स में डाला जायेगा, तथा निविदा उसी दिन 03.00 बजे निविदादाओं के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते :**

1. अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी0डी0एस0 देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100 रु0 है।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगी।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस मे पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरान्त ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| ग्राम पंचायत-सिटकहवा | ग्राम पंचायत-सिटकहवा |
| विकासखण्ड-सिरसिया | विकासखण्ड-सिरसिया |
| जनपद-श्रावस्ती | जनपद-श्रावस्ती |


# संस्कार के साथ तकनीकी शिक्षा भी दे रही विद्या भारती

● रज्जू भैया उच्च तकनीकी सूचना संवाद केंद्र में तृतीय आचार्य तकनीकी प्रशिक्षण वर्ग के पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**वर्तमान** समय में शिक्षा के साथ संस्कार का समागम बेहद कठिन हो गया है। बच्चों को शिक्षा तो मिल रही है, परंतु उनमें संस्कार का अभाव है। विद्या भारती बच्चों को तकनीकी शिक्षा के साथ साथ संस्कार देने का कार्य कर रही है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार में प्रमुख सचिव भाषा एवं संस्कृति जितेंद्र कुमार ने लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती कुंज में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह उच्च तकनीकी सूचना संवाद केंद्र में तृतीय आचार्य तकनीकी प्रशिक्षण वर्ग के पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन समारोह में कहीं।

बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल तकनीक की संभावनाएं अनंत हैं। वर्तमान समय में योग्य शिक्षकों की कमी है, जो सरल भाषा में बच्चों को ज्ञानपूर्ण बातों को समझा सके। कई शिक्षक ऐसे भी हैं, जिन्हें उनके विषय की पूरी जानकारी ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर शिक्षक कक्षा में एक साथ 40 से 60 बच्चों को पढ़ा सकता है, परंतु डिजिटल लर्निंग के माध्यम से शिक्षक एक साथ हजारों बच्चों को पढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा में ज्ञान और अनुशासन जरूरी है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ज्ञान दुग्ध डेयरी के प्रबंध निदेशक जय अग्रवाल ने नई तकनीक को चरित्र में लाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान हमें डिजिटल प्लेटफॉर्म की महत्ता समझ आई है। आज के समय में हम अपने आप को डिजिटल दुनिया के अनुरूप जितनी शीघ्रता से ढाल लें एवं इसे स्वीकार कर लें, ये उतना ही बेहतर होगा। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख सौरभ ने विद्या भारती लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह एप पूरी तरह से वर्चुअल स्कूल है। इस ऐप पर सभी विषयों से जुड़ी जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध है। इस ऐप के जरिए छात्र घर बैठे आनलाइन शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि इंडो अमेरिकन चैम्बर आफ कॉमर्स के पदाधिकारी मुकेश बहादुर सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के स्कूलों में बच्चों में जो संस्कार रोपण किया जा रहा, उसकी तुलना किसी भी पब्लिक स्कूल से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के प्रयासों को हम आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. जय प्रताप ने कहा कि देश में संस्कारयुक्त शिक्षा देने के मामले में विद्या भारती का नाम सबसे आगे है। डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती ने एक लम्बी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए डिजिटल प्लेटफार्म सबसे अच्छा है, लेकिन क्लास रूम भी जरूरी हैं। आनलाइन के साथ आफलाइन शिक्षा का समन्वय हमें आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने नई शिक्षा नीति को लेकर भी अपनी बात रखी और कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य देश में सभी लोगों को शिक्षित करना है।

# समयबद्धता-गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये कार्यः योगी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस के एनेक्सी भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य/विकास कार्य हो रहे है उनको समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। उन्होंने जंगल कौड़िया से मोहद्दीपुर फोरलेन, सोनौली नौतनवां, गोरखपुर-देवरिया फोरलेन गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन मार्ग की निर्माण की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने गोरखपुर देवरिया मार्ग को 15 दिसम्बर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जल निगम के द्वारा कराये जा रहे सिवरेज कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य समय से पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में जमीन अधिग्रहण का जो भी मुआवजा अवशेष है उसे शीघ्रता से वितरित करायें। उन्होंने विद्युत विभाग के द्वारा जर्जर तारों को बदलने के लिए 11 करोड़ की लागत से होने वाले कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य को शीघ्र आरम्भ करने का निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने जनपद में जलजमाव की स्थिति एवं वसुंधरा मोड़ से तुर्रा नाले के निर्माण की स्थिति समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि कार्य को समय से पूरा किया। उन्होंने रामगढ़ताल से तरकुलानी रेग्युलेटर तक के नाले तथा गोड़धोइया नाले की सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रेक्षागृह के निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि प्रेक्षागृह के कार्य पूर्ण होने के उपरान्त वहां पर लगातार सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित रहे इसके लिए अभी से कार्ययोजना बना लिया जाये। उन्होंने रामगढ़ताल में वाटर स्पोर्टस काम्पलेक्स के निर्माण के प्रगति की समीक्षा करते हुए दिसम्बर तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने रामगढ़ताल में बोल्डर पीचिंग की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि रामगढ़ताल में नियमित सफाई की व्यवस्था बनाई जाये। उन्होंने राप्ती नदी पर राजघाट एवं रामघाट पर हो रहे सौन्दर्यीकरण कार्यों को दिसम्बर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने धान खरीद की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसानों को उनके उपज का सही मूल्य मिले। कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा जांच सुनिश्चित की जाये तथा कान्टेक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने वेटनरी कालेज के निर्माण, सैनिक स्कूल के निर्माण, आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण एवं जनपद के अन्य निर्माण कार्यों के बारे में समीक्षा की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण कर वहां पर कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यों के प्रगति को देखा तथा निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में आंवला का पौध रोपण किया। इस अवसर पर डी.जी. पर्यटन, रवि कुमार एनजी, मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर, जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहें।

## परमिट समाप्त वाहनों के विरूद्ध की जाये कार्रवाईः मंडलायुक्त

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने ओवरलोडिंग रोकने की दिशा में सख्त कार्यवाही करने का निर्देश आर.टी.ओ. को देते हुए कहा कि बिना परमिट नवीनीकरण कराये कोई भी आटो रिक्शा का संचलन सड़कों पर नहीं होना चाहिए। परमिट समाप्त वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त ने आयुक्त सभागार में आयोजित संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिया। इस अवसर पर उन्होंने ओला संचालक को निर्देश दिया कि एयरपोर्ट से यात्रियों के आवागमन की सुगमता के दृष्टिगत ओला संचालित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आटोरिक्शा जिनकी निर्धारित आयु 7 वर्ष पूर्ण किये जाने के पश्चात् किसी प्रकार का परमिट जारी न किया जाये यदि वाहन स्वामी द्वारा एलपीजी/पेट्रोल आटोरिक्शा के स्थान पर उंचे माडल की सीएनजी आटोरिक्शा से प्रतिस्थापन किया जाता है तो उसे इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## बढ़ती महंगाई पर कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा सरकार को घेरा

**अयोध्या।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पीसीसी सदस्य मोहम्मद शरीफ ने जारी विज्ञप्ति में कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों को रोक पाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो चुकी है आम आदमी आलू, प्याज, दाल तेल के बढ़ते दामों से बेहाल है कांग्रेसी नेताओं ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नए कानून बनाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम की सूची से खाद्य पदार्थ अनाज, तिलहन, आलू, प्याज जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं को बाहर करके पूंजीपतियों और बिचौलियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है सरकार के गलत फैसले के चलते आम आदमी की जरूरत की हर चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे पूर्व में ही इस कोरोना और लॉकडाउन की मार झेल रहे गरीब किसान मजदूर महिलाएं युवा इस महंगाई से टूट गए हैं सरकारी नौकरियां करने वालों को छोड़ दें तो समाज के हर तबके के लोग आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं जैसे-तैसे अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं ऊपर से महंगाई ने लोगों का दिवाला निकाल दिया है भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल कोरी बयानबाजी कर आम आदमी की परेशानी बढ़ाती जा रही है अब जनता इनकी कथनी करनी को भली-भांति समझ चुकी है एवं आने वाले समय में इनको इन्हीं के भाषा में जवाब देने का काम करेगी। इन नेताओं ने कहा कि घर के राशन का सारा सामान, सब्जियां, दालें, गैस सिलिंडर, मसाले आदि लगभग सभी चीज़ें महंगी होती चली जा रही हैं ऐसे आम जनमानस खाएंगे क्या इस प्रश्न का उत्तर केंद्र सरकार को देना होगा। इन्होंने बताया कि इसी सप्ताह जारी सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि दिसंबर 2019 में मुद्रास्फीति यानी महंगाई दर 7.35 फ़ीसदी थी, वो जनवरी 2020 आते-आते 7.59 फ़ीसदी तक पहुंच गई है, वहीं जनवरी 2019 में महंगाई दर 2.05 फ़ीसदी पर थी।

## क्विक न्यूज

### यहां मिल रहा है सस्ते दाम पर आलू-प्याज

**गोरखपुर।** जनपद में बढ़ते दाम को देखते हुए जिला प्रशासन की पहल पर महेवा मंडी में सस्ते दर पर आलू और प्याज की बिक्री शुरू हो गई है। आलू 35 रुपये और प्याज 55 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि डीएम के के निर्देशानुसार महेवा मंडी में मो. ईशा मोहम्मद एंड कंपनी (दुकान संख्या बी-सात), आरिफहुसैन (दुकान संख्या बी-6), अली कदर उर्फमेल्लन (दुकान संख्या बी-2), गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी (दुकान संख्या बी-7) पर सस्ते दर पर आलू एवं प्याज बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि कोई भी गोरखपुरवासी इन दुकानों से कोविड संक्रमण से बचाव के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक आलू एवं प्याज खरीद सकता है।

### प्रवक्ता पद पर चयनित हुए बृजेश पाण्डेय



**अम्बेडकरनगर।** बसखारी विकासखंड के छांगुर मिश्रौलिया निवासी बृजेश कुमार पांडे ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बृजेश कुमार पांडे का चयन राजकीय इंटर कॉलेज में सामाजिक विषय के प्रवक्ता के पद पर हुआ है। इनकी प्राथमिक शिक्षा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय से शुरू हुई थी। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक एवं परास्नातक करने के पश्चात राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी से बीएड किया और नेट क्वालीफाई करने के पश्चात प्रवक्ता पद पर चयनित हुए। प्रवक्ता के पद पर चयन की अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता ,पूर्व प्रधान चंद्रभान पांडे एवं गुरुजनों के द्वारा दी गई शिक्षा को दिया है। इनके चयन पर क्षेत्र के लोगों में भी काफी खुशी है। इनके चयन पर क्षेत्र के शेष नारायण पांडे ,राधेश्याम दुबे, हरीश चंद्र मिश्र, वशिष्ठ नारायण मिश्र, चंद्र भूषण त्रिपाठी आदि लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए इन्हें बधाई दिया है।

### 192 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराकर लिया प्रवेश

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर में संचालित विभिन्न पी0जी0 पाठ्यक्रमों में आज 28 अक्टूबरए 2020 को 192 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराकर प्रवेश लिया। काउंसिलिंग प्रातः 10:30 बजे से सायं 3 बजे तक विभिन्न विभागों एवं ईडीपी भवन में हुई। इसमें एमएससी माइक्रोबायोलॉजीए फिजीक्स मैथ एण्ड स्टैटिक्सए एमपीएच व एलएलएम विषय के अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई। आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि आज विभिन्न पी0जी0 पाठ्यक्रमों में 192 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर लिया है। वे अभ्यर्थी जो किसी कारणवंश आज शुल्क जमा नही कर पाये है वे अगले दिन विभाग से सम्पर्क कर प्रवेश शुल्क जमा कर सकते है। प्रो0 श्रीवास्तव ने बताया कि एमएड अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग कल 29 अक्टूबर 2020 से 01 नवम्बर 2020 तक परिसर में स्थित ईडीपी सेल में चलेगी। जिसमें 01 रैक से 100 रैक तक के अभ्यर्थियों को 29 अक्टूबरए 2020 को बुलाया गया है। 101 से 200 तक के रैंक तक अभ्यर्थियों को 31 अक्टूबरए 2020 को एवं 01 नवम्बरए 2020 को 201 से 500 रैंक तक के सभी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया में डॉ0 अनिल कुमारए डॉ0 डीएन वर्माए डॉ0 शशिकला सिंह, डॉ0 नीलम सिंह, ईडीपी प्रोग्रामर रवि मालवीय, अनुराग श्रीवास्तव, विवेक कुमार की विशेष भूमिका रही।

### भ्रष्टाचार के उन्मूलन में करें तकनीक का प्रयोग

**गोरखपुर।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन पूर्वोत्तर रेलवे सतर्कता संगठन द्वारा ''सतर्क भारत, समृद्ध भारत'' विषय को ध्यान में रखते हुये वाराणसी मण्डल के अधिकारियों के साथ एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का शुभारम्भ करते हुये वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अमिताभ ओझा ने भ्रष्टाचार के उन्मूलन में तकनीक के प्रयोग को बढ़ाने पर बल दिया। तदोपरान्त सभी उप मुख्य सतर्कता अधिकारियों द्वारा गत वर्ष के दौरान सतर्कता संगठन द्वारा उद्भेदित किये गये प्रमुख सतर्कता मामलों पर 'केस स्टडी' के माध्यम से प्रस्तुति की गयी, जिसमें फ्राड, टेण्डर में अनियमितता, चयन एवं भंडार विभाग द्वारा खरीद-फरोख्त में पायी गयी अनियमितताओं पर प्रकाश डालते हुये पद्धति सुधार के लागू किये जाने की महत्ता पर बल दिया गया। मण्डल रेल प्रबन्धक/वाराणसी विजय कुमार पंजियार ने सतर्कता संगठन द्वारा की जा रही निवारक जांचों के फलस्वरूप पायी गयी कमियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए 'पद्धति सुधार' सुझाये जाने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। इस वेबिनार में वाराणसी मण्डल के अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/आपरेशन एस.पी.एस.यादव, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/इन्फ्रा प्रवीण कुमार तथा शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

### दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही चार दिवसीय दुर्गा पूजा का हुआ समापन



**अम्बेडकरनगर।** नगर में चल रही चार दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया । बताते चलें की प्रतिवर्ष के तरीके कोविड-19 के प्रोटोकॉल के चलते इस बार मूर्तियां स्थापना के समय विशेष ध्यान रखा गया । मूर्तियां निश्चित आकार की स्थापित की गई । साथ ही विभिन्न दुर्गापूजा पंडालों के वालंटियर सेनीटाइजर करने का कार्य लगातार करते रहे। मां बालशक्ति दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने लोगों को मास्क भी वितरित किया । इस अवसर पर नगर में दर्जन भर से अधिक माता भगवती की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। 4 दिन तक माता भगवती के विधिवत पूजा पाठ आराधना की गई जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बुधवार को दोपहर बाद केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के व्यवस्थापक व् विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष जनार्दन गुप्ता व बजरंग दल के नगर संयोजक निखिल मोदनवाल के नेतृत्व में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का भव्य जुलूस निकाला गया जो नगर का भ्रमण करते हुए टांडा के बालू घाट पर विसर्जन के लिए निकला। विसर्जन जुलूस में डीजे की धुन पर नाचते हुए भक्तों ने माता भगवती को विदाई दी।

### खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों पर चलाया जागरूकता अभियान

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर कोविड- 19 के निर्देशों तथा मिठाइयां रखने हेतु प्रयुक्त कंटेनर/ट्रे पर बेस्ट बिफोर या यूज बाई डेट घोषित करने के संबंध में निर्देश के क्रम में 28 अक्टूबर को जिले में विभिन्न स्थानों पर मिठाई विक्रेताओं तथा रेस्टोरेंट मालिकों के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की बैठक की गई।इस क्रम में बसखारी में बबलू राइस मिल तथा जलालपुर में लकी रेस्टोरेंट पर बैठक कर जानकारी दी गई।अकबरपुर में सांई प्लाजा व गोमती इन रेस्टोरेंट में जानकारी दी गई।महरुआ चौराहे पर जागरूकता की गई।मिठाई के कंटेनरध् ट्रे पर बेस्ट बिफोर या यूज बाई डेट का स्टीकर आवश्यक रूप से लगाना है।ऐच्छिक रुप से उन्हें मिठाई सेल्फपर घी से बनी/वनस्पति से बनी आदि तथा डेट आफ मैनुफैक्चर भी लिखने के निर्देश दिए गए। उन्हें एक दिन में खराब होने वाली मिठाई यथा कलाकंद,2 दिन में खराब होने वाली मिठाई यथा रसगुल्ला, रसमलाई, मलाईरोल आदि,4 दिन में खराब होने वाली मिठाई मिल्ककेक,बर्फी,बूंदी लड्डू आदि,7 दिन में खराब होने वाली मिठाई यथा काजू कतली,चन्द्रकला, ड्राई-फ्रूट्स गुझिया आदि तथा लम्बे समय(30दिन) में खराब होने वाली मिठाई यथा बेसन लड्डू,गजक,चिक्की अंजीर खजूर बर्फी आदि की विस्तृत जानकारी दी गई व लिस्ट भी प्रदान की गई।

## योगी ने प्रदेश के साथ गोरखपुर का किया संपूर्ण विकासः संजय

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गोरखनाथ की** तपोभूमि पर पहुंचे टीवी एवं फिल्मों के अभिनेता संजय मिश्रा ने गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में बाबा गोरखनाथ के दर्शन कर ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ के समाधि स्थल पर मत्था टेका। संजय मिश्रा ने बताया कि पहले और अब के गोरखपुर में काफी परिवर्तन आ चुका है। योगी ने प्रदेश के साथ गोरखपुर का भी संपूर्ण विकास किया है। वहीं हिंदी भाषी और मराठी में होने वाले विवाद पर कहा कि यह सब राजनीतिक मुद्दे हैं। हम कलाकार हैं और मुझे भी ऐसा नहीं लगा और न ही मेरे साथ किसी प्रकार का कोई भेदभाव हुआ।

गोरखनाथ मंदिर पहुंचे फिल्म अभिनेता संजय मिश्रा का गोरखनाथ मंदिर के सचिव द्वारका तिवारी के नेतृत्व में मंदिर के कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस स्वागत से अभिभूत संजय मिश्रा ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि बचपन में पिता जी के साथ गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में बाबा गोरखनाथ का दर्शन किया था। तब में और अब में काफी परिवर्तन हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में आधुनिक फिल्म सिटी बनाए जाने पर कहा कि इस फिल्म सिटी से पूर्वांचल की ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों को रोजी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यहां पर देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग आकर यहां की सुंदरता का देश विदेशों में प्रचार प्रसार करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरी आने वाली फिल्म 'कड़वी हवा' मैं चाहूंगा कि इसको दिखाया जाए। यह पिक्चर मौसम के परिवर्तन के ऊपर बनाई गई है। इससे लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। सरकार से यही कहूंगा कि यहां पर फिल्म बनाने वाले लोग कम बजट के होते हैं। उनका भरपूर सहयोग होना चाहिए, सैकड़ों करोड़ की लागत से बनी फिल्मों पर भी वही टैक्स लगाया जाता है, जो करोड़ों रुपए में बनाई जाने वाली फिल्मों पर।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों का अनुसरण करने की जरूरत

संवाददाता। अयोध्या



**भाजपा महानगर** के देवकाली मंडल का प्रशिक्षण शिविर का सहकारी बैंक के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्जलन के माध्यम से सांसद लल्लू सिंह ने उद्घाटन किया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए हम अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। इसका पूरा प्रयास किया गया है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाय। दूसरे सत्र में हमारा विचार हमारा परिवार विषय पर महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि भाजपा बिना भेदभाव के सभी को साथ लेकर चलती है। पार्टी के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। हम एक परिवार की भांति एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते है। जो हमारी शक्ति का परिचायक है। तृतीय सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास पर बोलते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष डा बोलते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि सवे भवन्तु सुखिनः भाव हमारे भीतर समाहित है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासित व वैचारिक रुप से प्रबल होता है। अपने अच्छे कार्यो की वजह से समाज में पथ प्रदर्शक की भूमिका में रहता है। चतुर्थ सत्र में हमारी कार्यपद्धति एवं संगठनात्मक संरचना पर बोलते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि हम पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारियों का निर्वाहन अपनी पूरी शक्ति व सामर्थ्य के अनुसार अनुशासन में रहते हुए करें। पार्टी में कोई भी निर्णय सामूहिक रुप से लिया जाता है। पंचम व समापन सत्र में भारत की वैचारिक मुख्य धारा विषय पर बोलते हुए महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि भाजपा अनुशासित व संस्कारित कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी का अनुशासन व संस्कार कोरोना काल में दिखाई दिया। गरीबों व जरुरतमंदां की जरुतों को पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरा करने का हर सम्भव प्रयास किया। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के साथ पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के बीच है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शीए कमलेश श्रीवास्तव, आलोक द्विवेदी, परमानंद मिश्रा, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, राजू सिंह, अशोक द्विवेदी, बसंती सिंह, मालती चौहान, पूजा रावत, सुनीता उपाध्याय, विजेता जायसवाल, सीमा श्रीवास्तव, सीता सिंह, राजकुमार वर्मा, दीपक जौहरी, केशव बिगुलर मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर में 112 कार्यकर्ता अपेक्षित थे। जिसमें 109 उपस्थित रहे। रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी स्मृता तिवारी, बिन्दू सिंह, नीलम जायसवाल, सुमन बाला निषाद ने सम्हाली।

## शराब के नशे में गोली चलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** अपराध एवं अपराधियों पर पूर्णतः विराम विराम लगाये जाने के लिए जनपद की पुलिस कृत संकल्पित है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार के निर्देश पर गगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरौली गांव में विगत दिनों गोली चलने की घटना का अनावरण करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो देवरिया भागने की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपी संतदेव यादव पुत्र रामानन्द निवासी अहिरौली थाना गगहा व फागू साहनी पुत्र टासू साहनी ग्राम अहिरौली थाना गगहा को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस 12 बोर, एक खोखा 12 बोर बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी संतदेव यादव के ऊपर पहले भी कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस अधीक्षक दाक्षिणी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों उपरोक्त व्यक्ति शराब पीकर आपस में मारपीट व गोली चलाने की धमकी दे रहे थे।

## विश्व विजयी महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ रामलला को नए वस्त्र किए समर्पित

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में मां सरयू के पावन तट पर स्थित श्री रामा दल ट्रस्ट द्वारा विश्वविजयी महायज्ञ और राष्ट्रहित में नौ दिवसीय मौन ब्रत का समापन महायज्ञ अनुष्ठान के साथ हुआ यह महानुष्ठान17सितम्बर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभ जन्मदिन पर शुरू किया गया था। ष्विश्व विजयी महायज्ञष्का रामादल ट्रस्ट मुख्यालय पर विजयादशमी के शुभ नक्षत्रों में पूर्णाहुति की गयी।इससे पूर्व प्रधानमंत्री मोदीजी के स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन की प्रार्थना करते हुए श्रीराम जन्म भूमि के मुख्य पुजारी श्रीसत्येन्द्रदास जी से भेंट कर श्रीराम लला को पहनायी जाने वाली नवीन पोशाक अर्पित विजयादशमी के शुभ अवसर पर अर्पित कर प्रधानमंत्री मोदीजी के निमित्त आशीर्वाद प्राप्त किया। कोरोना वायरस के संक्रमण से शान्ति की कामना करते हुए 5जुलाई से ही संचालित 151दिवसीय

**● 151 दिवसीय प्रणवाक्षरी महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहुति 6 दिसंबर को किया जाएगा पंडित कल्कि जी महाराज**

प्रणवाक्षरी महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहुति आगामी 6दिसम्बर को दी जायेगी। यह जानकारी देते हुए महानुष्ठान के संयोजक पण्डित कल्कि राम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदीजी द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण से विश्व कल्याण के लिए युद्ध स्तर पर किये जा रहे प्रयासों के साथ.साथ ही समय.समय पर देशवाशियों को जागरूक करने के चलते ही आज देश कोरोना से मुक्ति के पथ पर अग्रसर है देशवासियों की सजगता और सरकार की तत्परता से वह दिन ज्यादा दूर नहीं जब पूरी दुनिया में कोरोना से मुक्त होने वाला पहला देश भारत होगा।

## डीएम के आदेश पर बैंक ने भवन को लिया कब्जे में

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूति करण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित परवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते मकान को कब्जे में लेने का आदेश दिया। बैंक ने प्रशासन के सहयोग से बंधक सुधा प्रश्नगत अचल संपत्ति का विवरण, मकान नंबर 1118 क्षेत्रफल 1560 वर्ग फिट मीरानपुर परगना एवं तहसील अकबरपुर को अपने कब्जे में ले लिया। बैंक के ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार, रिकवरी ऑफिसर आशुतोष सिंह के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैंक से 70 लाख का लोन हुआ था तथा बैंक का ब्याज 22 लाख कुल मिलाकर देय राशि 92 लाख रुपए है । बुधवार को डीएम के आदेश अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा ने मकान को अपने कब्जे में लिया।

## चचेरी बहन को गोली मारने वाला युवक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, आरक्षी भी घायल



आरोपी युवक

**अम्बेडकरनगर।** थाना कटका पुलिस टीम द्वारा ग्राम अजमलपुर में युवती को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले शातिर आरोपी अजय उर्फ अनिल को एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। 27 अक्टूबर की रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे थानाध्यक्ष कटका विजय तिवारी द्वारा पुलिस बल के साथ रफीगंज मार्ग पर रात्रि चेकिंग/गश्त की जा रही थी। चेकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में बिना नम्बर प्लेट की मोटर-साईकिल पर आते हुए दिखे युवक को पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देख संदिग्ध व्यक्ति मुंडेरा रोड की तरफ भागने लगा। पीछा करते हुए संदिग्ध युवक को मसोढ़ा नहर के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी अजय कुमार उर्फ अनिल पुत्र महेन्द्र निवासी अजमलपुर थाना कटका जनपद अम्बेडकरनगर घायल हुआ है व बदमाश की फायरिंग के दौरान आरक्षी अवनीश कुमार सिंह थाना कटका घायल हुए जिसमें आरक्षी अवनीश कुमार को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद छोड़ दिया गया। आरोपी अजय कुमार उर्फ अनिल पुत्र महेन्द्र का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। उल्लेखनीय है कि अजय ने 25 अक्टूबर को अपनी चचेरी बहन शशिकला पुत्री मेवालाल निवासी अजमलपुर थाना कटका को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था।

## जिले के सम्मानित किसानों ने किया प्रीत ट्रैक्टर के हिन्द ऑटो सेल्स एजेंसी का उद्घाटन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।



**भारत** की ख्यातिलब्ध ट्रैक्टर कंपनी प्रीत के हिन्द ऑटो सेल्स के उद्घाटन के अवसर पर एजेंसी के प्रोपराइटर संतोष सिंह के निवेदन पर सम्मानित किसान भाइयों के साथ साथ जिले के तमाम गड़मान्य हस्तियों गरिमामयी उपस्थित रही। उक्त ऑथोराइज़्ड डीलर पर प्रीत कंपनी के ट्रैक्टर के साथ साथ कंबाइन मशीन व हार्वेस्टर की भी विक्री की जाएगी, डीलरशिप अब विक्री के साथ साथ पार्ट्स व सर्विस की भी सुविधा ग्राहकों को उपलब्ध कराएगी।

उदघाटन के अवसर पर पधारे सम्मनित किसानों को एजेंसी के प्रोपराइटर संतोष सिंह जी ने साफा पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर भव्य तरीके से स्वागत व अभिनन्दन किया, उक्त मौके पर सम्मानित किसान भाइयों में विनोद गोस्वामी, पुनीत सिंह, दिलीप विमल, राम उजागिर सिंह, शिवपुजन वर्मा व सदन सिंह के साथ साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष कपिलदेव वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ राणा रणधीर सिंह, महामंत्री मिथलेश त्रिपाठी, रामशंकर सिंह, उपाध्यक्ष विमलेंद्र सिंह, डॉक्टर रजनीश सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजमणी सिंह, बबलू खान, डॉक्टर अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद राकेश पांडेय, अवधेश द्विवेदी, भूपेंद्र सिंह एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

## भारत माता का चित्र भेंट कर दी कार्यक्रम की जानकारी

**गोरखपुर।** विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के समन्वय मंच के तत्वावधान में चल रहे 'भारत माता सबकी माता' अभियान के अंतर्गत महानगर के प्रसिद्ध सिख समाज के गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी गुरुद्वारा जटाशंकर पर अध्यक्ष जसपाल सिंह एवं जगनैन सिंह नीटू को, जैन समाज मंदिर आर्य नगर पर अध्यक्ष पुष्पदंत जैन उपाध्यक्ष व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश और महामंत्री ज्ञानेंद्र कुमार जैन को, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी साधना केंद्र मोहद्दीपुरपुर पर केंद्र प्रमुख पुष्पा दीदी को समन्वय मंच के संयोजक विष्णु प्रताप सिंह, बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक दुर्गेश त्रिपाठी, मातृशक्ति महानगर संयोजिका माया गुप्ता, मुकेश दुआ, राजेश गुप्ता शशिकांत पारीक ने बुधवार को भारत माता का चित्र भेंट किया और उनको इस अभियान सहित गोरक्ष प्रांत के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समन्वय प्रमुख विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के समन्वय मंच द्वारा भारत में सभी मत, पन्त, सम्प्रदाय, मठ, मंदिर के बीच में समन्वय बढ़ाने के लिए यह समन्वय मंच का स्थापना किया गया है।

## विद्युत बिल समेत अन्य समस्याओं को लेकर बुनकरों ने दिया धरना

**● तीन सितम्बर को हुई वार्ता को पूरी तरह लागू किये जाने की मांग**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**विद्युत बिल** को फ्लैट रेट पर लागू किये जाने सहित अन्य मांगो को लेकर जिले में पावरलूमों के चक्के जाम हैं। पावरलूमों की बन्दी से बुनकरों की हालत लगातार खराब होती जा रही है। पावर लूम बन्दी के 14वें दिन उत्तर प्रदेश बुनकर सभा के बैनर तले बुनकरों ने जिलाध्यक्ष हाजी इफ्तिखार अहमद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के निकट स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के नीचे धरना दिया । मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में बुनकरों ने तीन सितम्बर को अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल द्वारा बुनकरों से विद्युत बिल के सम्बन्ध में की गई घोषणाओं को लागू किये जाने की मांग की गई है। बुनकरों का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा चार दिसम्बर 2019 को शासनादेश जारी कर 14 जून 2006 के शासनादेश को अवक्रमित कर दिया था जो एक जनवरी 2020 से प्रभावी हुआ। इससे बुनकरों के विद्युत बिलों में बीस से 25 गुना की वृद्धि हो गई और बुनकर विद्युत विभाग का बकायेदार होता चला गया। इसके साथ ही विद्युत विभाग द्वारा बुनकरों का उत्पीड़न व शोषण भी किया जाने लगा। नये शासनादेश के विरोध में बुनकरों ने कई बार आन्दोलन किया, सरकार ने कार्यवाही का आश्वासन दिया लेकिन परिणाम कुछ नही निकला। बुनकर नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि तीन सितम्बर को की घोषणाओं के शेष अंश को भी लागू किये जाने के लिए तत्काल आदेश जारी किये जाएं तथा एक अगस्त 2020 से लागू होने वाली नई योजनाओं के सम्बन्ध में बुनकरों से विचार -विमर्श कर ही फ्लैट रेट पर लागू किया जाए। इस दौरान बुनकर शकील अहमद अंसारी, महबूब आलम, हाजी हफीज अनवर, जमाल अख्तर, आरिफ समेत बड़ी संख्या में बुनकर मौजूद रहे। बुनकरों के धरने को देखते हुए अम्बेडकर प्रतिमा के पास भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## बिहार चुनाव

### तेजस्वी और भाजपा में मुकाबला

**राज्य** में मतदान के पहले दौर के बाद सवाल यह है कि क्या भाजपा अपना प्रभाव विस्तार करेगी या तेजस्वी उसकी लहर रोकने में सफल होंगे। शायद पहली बार नीतीश कुमार की प्रासांगिकता बहुत घट गई है और अप्रासांगिक समझे जाने वाले उनके युवा प्रतिद्वंद्वी अपने लिए अलग स्थान बना रहे हैं। भाजपा द्वारा बार-बार मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए जाने के बावजूद कोई बिहार के मुख्यमंत्री व जदयू नेता को महत्व नहीं दे रहा है। एक समय वे राजद नेता लालू यादव के अंधकारमय दिनों के खिलाफ मजबूत नौजवान नेता की तरह देखे जाते थे, लेकिन उनका हालिया प्रदर्शन बहुत खराब रहा है। शानदार शुरुआती वर्षों व शराबबंदी की नैतिकता के बावजूद वे राज्य के विकास सूचकांकों को बेहतर बनाने में विफल रहे हैं। महामारी के समय वे निस्तेज प्रशासक की तरह दिखे जो लौटते प्रवासियों, छात्रों व बाढ़ प्रभावितों की सहायता से पैर पीछे खींच रहा था। राजनीतिक रूप से हवा का रुख भांपते हुए वे भाजपा के साथ रहे और बदले में उनको मुख्यमंत्री की कुर्सी मिली। अब वे लालू के पास वापस नहीं जा सकते हैं और भाजपा से उनके संबंधों में बहुत गर्माहट नहीं है। हालांकि, उन्होंने अति पिछड़े वर्गों व महादलितों को साथ लेकर नया जातीय समीकरण बनाया है, पर यह बेरोजगारी व निराशा के माहौल में ज्यादा प्रभावी नहीं लग रहा है। इस प्रकार एक समय राष्ट्रीय नेता रहे नीतीश अब भाजपा पर भारी बोझ बन गए हैं। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार राज्य में अकेली सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनने की इच्छा वाली भाजपा उनको ज्यादा समय तक आगे नहीं रखेगी। भाजपा ने मोदी के प्रभामंडल और केन्द्रीय योजनाओं को




आक्रामक रूप से बिहार में आगे बढ़ाया है। लोजपा नेता चिराग पासवान राजग के बाहर से जदयू का विरोध कर रहे हैं। वे बार-बार अथक रूप से नीतीश की आलोचना के साथ मोदी की तारीफ करते हुए भाजपा-लोजपा सरकार का सपना देख रहे हैं। यदि जनादेश निर्णायक रूप से भाजपा के पक्ष में हो तो यह गारंटी करना कठिन है कि नीतीश कुमार की मुख्यमंत्री पद पर वापसी होगी। लेकिन पंजाब में शिरोमणि अकाली दल से गठजोड़ की तरह बिहार में भी यह सवाल बना हुआ है कि क्या भाजपा अपना प्रभाव विस्तार कर सकेगी। अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यत: केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई हैं। मोदी का प्रभामंडल भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है, लेकिन राज्यों में प्रभावी नेताओं के अभाव में इसका लाभ नहीं मिल पाता है। इस प्रभामंडल को आगे बढ़ाने के लिए राज्यों के स्तर पर प्रभावशाली नेताओं की जरूरत है।

इस परिदृश्य में राजद नेता व लालू के बेटे तेजस्वी यादव असंदिग्ध रूप से जनता के आकर्षण का केन्द्र बने हैं। वे अपनी रैलियों में भारी भीड़ जुटा रहे हैं, लेकिन अब इस भीड़ को वोटों में बदलना उनके लिए बड़ी चुनौती है। नीतीश सरकार में उप-मुख्यमंत्री के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने तथा ज्यादातर समय दिल्ली में बिताने के कारण उनकी बहुत आलोचना हो रही है। लेकिन जल्दी ही उन्होंने राज्य में विरासत संभाली तथा जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया। वे अच्छी तरह जानते हैं कि अभी लालू यादव की कमी पूरी नहीं कर सकते हैं तथा परंपरागत यादव-मुस्लिम मतदाताओं पर निर्भर हैं। वे लालू यादव के भ्रष्टाचार में जेल में बंद होने के बाद अपने लिए अलग छवि बनाने तथा ऐतिहासिक के बजाय समकालीन बनने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कारण तेजस्वी अपने परंपरागत वोट बैंक को आकर्षित करने के लिए जातीय मुद्दे उछालने से यथासंभव बच रहे हैं। उन्होंने राज्य के नौजवानों में बेरोजगारी को अपना प्रमुख मुद्दा बनाया है। एकत्रित भीड़ उनके द्वारा 10 लाख नौजवानों को नौकरियां देने का वादा दुहराने पर जोश से भर जाती है। संभवत: जनता की यह प्रतिक्रिया देखते हुए भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में 19 लाख रोजगारों का वादा किया है। तेजस्वी ने सभी हाशियाकृत मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया है। देखना होगा कि क्या जनता उनका समर्थन करती है।

# नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

**नई शिक्षा नीति 2020 के समुचित क्रियान्वयन के लिए ढांचागत संरचना में सुधार हेतु सार्वजनिक निवेश बढ़ाना जरूरी है। बेहतर क्रियान्वयन ही सफलता की गारंटी है।**



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सेवानिवृत्त शासकीय पदाधिकारी हैं)



**नई** शिक्षा नीति 2020-एनईपी पर काफी बहस और विचार-विमर्श हुआ है, लेकिन बहुत से लोगों ने इसके क्रियान्वयन पर ध्यान नहीं केन्द्रित किया है। एनईपी निश्चित रूप से एक सर्वाधिक प्रगतिशील व भविष्योन्मुखी दस्तावेज है। यदि इसका पूरी गंभीरता से क्रियान्वयन किया गया तो यह भारत को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े देश को ज्ञान की महाशक्ति में बदल देगा। एनईपी शिक्षा व्यवस्था को बदल कर 'अच्छे, विचारशील, संपूर्ण व रचनात्मक व्यक्ति' तैयार करना चाहती है जो 21वीं शताब्दी में भारत को बदल देंगे। लेकिन इसमें क्रियान्वयन का खास रोडमैप पेश करने के बजाय कुछ लक्ष्यों की चर्चा ही हुई है। इसमें क्रियान्वयन की जवाबदेही भी सुनिश्चित नहीं की गई है। शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए इसके क्रियान्वयन व वित्तीय व्यवस्था के लिए केन्द्र व राज्यों का योगदान सुनिश्चित होना चाहिए। लेकिन एनईपी ने इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है।

पिछले दो दशकों में देश में शिक्षा क्षेत्र का असाधारण विकास हुआ है। 2001 के बाद से कालेजों, विश्वविद्यालयों और छात्रों की संख्या चार गुना बढ़ी है तथा सार्वजनिक संस्थानों की तुलना में निजी क्षेत्र का विकास बहुत तेज रहा है। आज 993 विश्वविद्यालय, लगभग 40,000 कालेज, 10,000 उल्लेखनीय संस्थान व लगभग चार करोड़ छात्र हैं। लेकिन दुर्भाग्य से ये संस्थान नौकरी देने योग्य स्नातक व परास्नातक नहीं तैयार कर पाते हैं।

यदि चीन से वर्तमान सैनिक टकराव को एक क्षण के लिए भुला दिया जाए तो चीन की शिक्षा व्यवस्था से तुलना की जा सकती है। अरविंद पनगढ़िया ने इस बारे में कुछ आंकड़े पेश किए हैं। अमेरिका के नेशनल साइंस फाउंडेशन ने विभिन्न देशों की वार्षिक रैकिंग तैयार की हैं। 1996 में जहां भारत व चीन रैकिंग में लगभग समान व भारत थोड़ी बेहतर स्थिति में था। लेकिन अब चीन विभिन्न विषयों की रैकिंग में भारत से आगे निकल गया है। टाइम्स हायर एजुकेशन रैकिंग 2020 के अनुसार चीन के तीन विश्वविद्यालय दुनिया के सर्वोच्च 100 विश्वविद्यालयों में, अगले 100 में चार तथा सर्वोच्च 1000 विश्वविद्यालयों में 72 शामिल हैं। इसकी तुलना में पहले 200 विश्वविद्यालयों में भारत का कोई स्थान नहीं है, जबकि सर्वोच्च 1000 में उनकी संख्या 36 है। वास्तव में चीन ने आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत 1976 में कर दी थी और इसक कारण वह हमसे 15 साल आगे है। उसने शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तनों की शुरुआत 1995 में की थी।

यदि अमेरिका को आदर्श माना जाए तो अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए उपयुक्त फंडिंग तथा विकेन्द्रित प्रशासन जरूरी होता है जिसमें संस्थानों को बहुत उच्च श्रेणी की स्वायत्तता दी जाए। अमेरिकी विश्वविद्यालयों को प्रवेश, पाठ्यक्रम व फैकल्टी तय करने में पूर्ण स्वायत्तता प्राप्त है। इस कारण वे सर्वोत्तम फैकल्टी, छात्रों व शोध इन्डाउमेंट फंड आकर्षित कर सकते हैं। वे संघ व राज्य सरकारों से स्वतंत्र रूप में काम करते हैं और उनके कामकाज में राज्य का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। भारत को उच्च शिक्षा औपनिवेशिक विरासत में मिली थी जहां विश्वविद्यालयों का काम मुख्यत: डिग्रियां देना था तथा शोध पर उनका ज्यादा ध्यान नहीं था। चीन ने पहले सोवियत शैली में शिक्षा व्यवस्था बनाई थी जिसे माओत्से तुंग की सांस्कृतिक क्रांति ने नष्ट कर दिया। पनगढ़िया के अनुसार, चीन ने 1995 में अपनी शिक्षा में व्यापक परिवर्तन कर 100 सर्वोत्तम विश्वविद्यालय बनाने का लक्ष्य रखा। 1998 में उसने उच्च शिक्षा कानून पास कर अमेरिका की तरह उच्च शिक्षा संस्थानों को विकेन्द्रित व स्वतंत्र किया।

नई शिक्षा नीति-एनईपी ने हमारी उच्च शिक्षा व्यवस्था में मौजूद अनेक समस्याओं की उचित पहचान की है। इस अत्यधिक विभाजित व्यवस्था में विषयों की कठोर सीमाएं और अलगाव हैं तथा संज्ञानात्मक कौशल, सीखने के परिणामों या गुणवत्तापूर्ण शोध पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। इसके साथ ही सीमित संस्थागत स्वायत्तता, खराब नेतृत्व तथा निष्प्रभावी नियमन व प्रशासनिक व्यवस्थायें भी समस्या हैं। इसके परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा में समग्र प्रवेश अनुपात केवल 26 प्रतिशत है, जबकि यह सीनियर सेकेंड्री स्तर पर 58 प्रतिशत तथा सेकेंड्री स्कूलिंग के स्तर पर 79 प्रतिशत है। एनईपी ने बहु-विषयी लचीलेपन, कौशल प्राप्ति व गुणवत्तापूर्ण शोध पर जोर देने के माध्यम से इसे ठीक करने का वादा किया है। इन समस्याओं के समाधान हेतु उसने कला और विज्ञान विषयों, पाठ्यक्रम व पाठ्येत्तर गतिविधियों तथा व्यावसायिक व अकादमिक धाराओं के बीच कठोर सीमाओं को समाप्त करने की संस्तुति की है। छात्र सभी धाराओं के विषय अपनी पसंद से ले सकेंगे तथा अपने दृष्टिकोण व क्षमताओं की खोज कर सकेंगे। इसके लिए क्रेडिट-आधारित स्नातक पाठ्यक्रमों के रोडमैप की संस्तुति की गई है जिससे बाहर निकलने के अनेक विकल्प होंगे।

इसमें नए संस्थागत ढांचे का सुझाव भी दिया गया है जिसके शिखर पर भारत का उच्च शिक्षा आयोग होगा। इसमें विनियमन, मान्यता, फंडिंग व सीखने के परिणामों पर चार विभाजन होंगे। यह व्यवस्था वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त हितों के टकराव की समस्या से निपटेगी तथा वर्तमान नियामक व्यवस्था का स्थान लेगी। राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन के माध्यम से शोध पर अधिकतम जोर दिया गया है जो अकादमिक संस्थानों में 'शोध की स्थापना व संवर्धन में सहायता' करेगी। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से एनईपी में स्वीकार किया गया है कि उच्च शिक्षण संस्थानों को राजनीति से मुक्त किया जाना चाहिए तथा उनके प्रशासनिक बोर्डों में नौकरशाहों के बजाय शिक्षाविदों की नियुक्तियां होनी चाहिए। लेकिन सेवानिवृत्त नौकरशाहों व राजनेताओं के उच्च शिक्षण संस्थानों-एचईआई पर कब्जों तथा किसी सुधार का विरोध करने की उनकी जिद को देखते हुए जल्द ही इन संस्थानों पर उनका वर्चस्व कम करना आसान नहीं होगा।

एनईपी का सर्वाधिक क्रांतिकारी हिस्सा उसका बहु-विषयी व्यवस्था पर पूरी तरह ध्यान दे कर नए विशाल विश्वविद्यालय व एचईआई क्लस्टर बनाने तथा संबंधित कालेजों की वर्तमान व्यवस्था समाप्त करने पर है। लेकिन इन व्यापक परिवर्तनों के लिए असाधारण संसाधनों की आवश्यकता होगी और एनईपी इस मामले में निराश करती है। केन्द्र व राज्यों द्वारा शिक्षा पर होने वाला खर्च वर्तमान समय में जीडीपी का केवल चार प्रतिशत है, जबकि अतीत की सभी शिक्षा नीतियों में इसे बढ़ा कर 6 प्रतिशत करने का लक्ष्य था। इसके परिणामस्वरूप शोध पर हमारा खर्च दयनीय रूप से जीडीपी का केवल 0.69 प्रतिशत है। ढांचागत संरचनाओं में निवेश किए बिना एनईपी द्वारा निर्धारित मानक प्राप्त करना कठिन होगा। अत: राज्यों व केन्द्र को एकसाथ मिल कर शिक्षा पर 6 प्रतिशत जीडीपी खर्च की ओर बढ़ना होगा। लेकिन इसके लिए एनईपी ने कोई कानून बनाने की पहल नहीं की है। शायद इसका कारण महामारी के कारण बजट पर पड़ने वाला दबाव रहा हो।

इस बीच देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों को अपने अलग-अलग दायरों से बाहर निकलने का यथासंभव प्रयास अवश्यक करना चाहिए। बेहतर सिनर्जी के लिए वे प्रांतीय व क्षेत्रीय स्तरों पर कंसार्टियम भी बना सकते हैं। अपने शिक्षा संसाधनों की मैपिंग व उनका साझा कर वे छात्रों को सर्वोत्तम सुविधायें प्रदान करने में सफल हो सकते हैं। प्रत्येक शिक्षण संस्थान को अपनी विशिष्टता वाले क्षेत्र में क्षमता का विस्तार करना चाहिए ताकि निवेश व विशेषज्ञता को अधिकतम बढ़ावा दिया जा सके। इसके लिए संस्थानों का एक नेटवर्क बनाना अच्छा रहेगा। विश्वविद्यालयों का लक्ष्य सीखने की इच्छा रखने वाले सभी लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करना होना चाहिए।

# बिहार में चुनावी वादों की भरमार

"अंत में, शासन करने योग्य समझदारी भरा विकल्प चुनना तथा एक करिश्माई तथा ईमानदार नेता चुनना मतदाताओं पर निर्भर है।"

**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक पूर्व लोकसभा अपर सचिव व स्तम्भकार हैं)



**चु**नाव का समय वादे करने, नई उम्मीदें तथा आकांक्षाएं पैदा करने और सबसे ऊपर, जनता की असली ताकत को प्रदर्शित करने के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित एक अवसर होता है। असलियत में, जैसा कि कुछ राजनीकि पंडितों का सही ही कहना है, " यही एकमात्र चरण होता है जब राजनीतिक दल दूसरे चरण के लिए मतदाताओं के चरणों पर होते हैं, और एक बार निर्चाचित हो जाने पर, मतदाता अगले पांच वर्षों के लिए चुने गए लोगों के चरणों पर आ जाते हैं।" बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान महासमर चुनावी अतिशयोक्तियों एवं वादों से भरा परिपूर्ण नजर आता है और उनके पास हर किसी के लिए कुछ न कुछ है, लेकिन समानुपातिक रूप से उस संख्यात्मक घटक के लिए ज्यादा है जिसके विजय को प्रभावित करने की संभावना है। राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन के नेता, तेजस्वी यादव, ने चुनावी अतिशयोक्तियों का चुरा लिया जब उन्होंने घोषणा की कि यदि वो सत्ता में आए, तो उनकी सरकार 10लाख से अधिक लोगों को नौकरियां देगी, जिससे कुछ समय में लिए उनकी रैलियों में युवाओं का सैलाब उमड़ने लगा। उनके प्रतिद्वंद्वियों ने उनके वादों को अव्यावहारिक बताकर उनका मजाक उड़ाया। नौकरियां सृजित करने के वादे को एक अनुभवहीन तथा अर्ध-साक्षर नौजवान की लफ्फाजी करार दिया गया। फिर भी, जमीनी स्तर पर हवा का रुख बदलता देख, उसके पश्चात जारी हुए भाजपा के संकल्प पत्र में, राजद के वादे को विश्वसनीयता प्रदान करते हुए 19 लाख नौकरियां तथा प्रत्येक बिहारी के लिए निशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराने का वादा किया गया।

नौकरियां देना, निस्संदेह, सबसे बड़ी चुनौती है, मगर, खासकर बिहार में यह व्याप्त बेरोजगारी व निराशा के माहौल में यह सबसे ज्यादा आकर्षक वादा भी है। यह बात श्रमिक वर्ग के लोगों के अपने घरों की ओर वापस पलायन तथा लॉकडाउन से उपजी भूख द्वारा प्रमाणित होती है। बिहार में बेरोजगारी दर 46 प्रतिशत से अधिक है, जो लाकडाउन प्रेरित प्रवासियों के कारण और भी बद्तर हो गई है। बिहार की जनसंख्या का 52 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु के लोगों का है, जो अत्यधिक तनावग्रस्त तबका है तथा जनमानस के पेंडुलम को घुमाने में सक्षम है। बेरोजगार युवाओं की एकत्र होने वाली भीड़ तथा उनके जबानी उद्गारों से भीतर ही भीतर पनप रहे असंतोष व आक्रोश के संकेत मिलते हैं।

एक बड़े तबके में मोहभंग की स्थिति नजर आती है, जो कि नीतीश कुमार के 15 वर्ष से चले आ रहे शासन तथा सत्ता में कायम रहने के लिए अवसरवादी राजनीति का सहारा लेने के चलते पैदा हुई है। चारा घोटाला व अन्य घोटाले अतीत की चीजें बनकर रह गए हैं। सुशासन का जादू फीका पड़ रहा है क्योंकि लोगों को नौकरियों एवं आर्थिक प्रगति की दरकार है। तेजस्वी को एक नौसिखिया, एक बड़े परिवार का बोझ लादे एवं प्रभु जाति का सदस्य बताया जाता है जिसका हिस्सा बिहार की जनसंख्या में लगभग 14.4 प्रतिशत है। मतदाताओं को बिहार में बेतहाशा वसूली एवं जंगल राज का स्मरण दिलाया जाता है, जो उद्योगों के वहां से पलायन का कारण बना था। प्रतिवादी दावा यह है कि लालू प्रसाद ने लोगों को यदि समृद्धि नहीं तो स्वर दिया है, स्वर्ग नहीं। तेजस्वी, लालू के पुत्र होने के तमगे के बावजूद, जो जनता के धन को लुटाने के आरोप में जेल में बंद हैं, भारी संख्या में युवाओं की भीड़ आकर्षित करने में सफल रहे हैं। उनके सार्वजनिक भाषण एवं मीडिया से संपर्क परिपक्वता, समझदारी एवं संतुलन का संकेत देते हैं। उन्होंने निश्चित रूप से जाति की विभाजक रेखाओं को क्षीण करते हुए नौजवानों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

"सुशासन बाबू" नीतीश कुमार, जिनकी श्रेष्ठ प्रशासन को लेकर भारी-भरकम छवि है, सारगर्भित हैं। उनके राजनीतिक कदमों का अनुमान लगाना संभव नहीं है। वो लंबे समय से मुख्यमंत्री पद पर आसीन हैं लेकिन ऐसे कई नेता रहे हैं जिन्होंने लगातार चार कार्यकालों तक मुख्यमंत्री पद संभाला है। पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु, सिक्किम में पवन कुमार चामलिंग, अरुणाचल में गेगांग अपांग, मिजोरम में लाल थानवाला और त्रिपुरा में मणिक सरकार ने लगातार 20 वर्षों या उससे अधिक शासन किया है। ओडिसा के वर्तमान मुख्यमंत्री, नवीन पटनायक, पांचवी बार निर्वाचित हुए हैं। नीतीश ने लाकडाउन के दौरान प्रवासियों के अपने घरों को लौटने का प्रबल विरोध किया और बाढ़ की समस्या से कुशलतापूर्वक निबटने में भी सफल नहीं हुए। इन सब कारणों से निश्चित ही उनकी लोकप्रियता पर असर पड़ा है।

चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव होता है। यह उत्साहजनक है कि महामारी भी हमारी जनता की भावना को क्षीण नहीं कर सकती, जो बहुत से प्राचीन गणतंत्रों का स्थान है, जैसा कि बिहार की चुनावी रैलियों में प्रमाणित होता है। चुनाव जीतने के लिए ही वादे किए जाते हैं। शांति एवं समृद्धि का विचार एक लोकतंत्र का मूल लक्षण है। ऐसा नहीं है कि सभी चुनावी वादे खोखले होते हैं। किसी भी लोकतंत्र में, जनता के जनादेश को समय-समय पर नवीनीकृत करना पड़ता है। अत: सत्ताधारी राजनीतिक दल अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखने व सत्ता में बने रहने के लिए जनता से किए गए वादे पूरे करने हेतु हरसंभव प्रयास करते हैं। अध्ययन दर्शाते हैं कि वादों का एक अहम हिस्सा स्थिर लोकतंत्रों में पूरा किया जाता है। बिहार में मतदाताओं के समक्ष विकल्प चुनने की चुनौती है।

एक चीज निश्चित है, नौकरियां देने के वादे ने जातिगत रेखाओं से परे जाकर युवाओं को उत्साहित किया है। अंत में, शासन करने योग्य समझदारी भरा विकल्प चुनना तथा एक करिश्माई तथा ईमानदार नेता चुनना मतदाताओं पर निर्भर है। आखिरकार, पुरानी कहावत है, हम उन लोगों को चुनते हैं जो उसके योग्य हों, और यह कहावत निराधार नहीं है।

## आप की बात

### कुशल नेता, अकुशल प्रशासन

**भले** ही महामारी के प्रति सरकार की शुरुआती प्रतिक्रिया एकदम सटीक न रही हो जिसमें खासकर प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे से निपटना शामिल है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि वर्तमान परिस्थितियों में कोई सरकार इससे बेहतर काम कर सकती थी। स्वास्थ्य के राज्यों का विषय होने के साथ ही भारत की विशाल जनसंख्या, खराब स्वास्थ्य ढांचा तथा सफाई के प्रति जागरूकता में कमी की स्थितियों में सरकार ने संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के सारे प्रयास किए हैं। वास्तव में मोदी सरकार ने प्रशंसनीय ढंग से स्वच्छता और सफाई पर ध्यान केन्द्रित किया है.प्रधानमंत्री की अनेक पहलों को सरकार संभवत: ठीक से लागू नहीं कर पा रही है। उसे समझना चाहिए कि संसद में प्रचंड बहुमत दिलाने वाला वोटों का 30 प्रतिशत हिस्सा किसी प्रकार भी सारी जनता के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। पहलों को सारी जनता के लिए स्वीकार्य बनाने हेतु सभी पक्षों के साथ ईमानदारी से संवाद व विचार-विमर्श की आवश्यकता है। इसमें दबाव के बजाय महत्वपूर्ण रूप से लेन-देन की भावना को खास तौर से महत्व दिया जाना चाहिए।

– **दीपक वर्मा,** रायबरेली

### पर्यावरण संबंधी सरोकार

**भारतीय** विनिर्माण कम्पनियों को अपने उत्पादों में अति आवश्यक पर्यावरणीय आयाम निर्मित करने की आवश्यकता है। यह कोई आसान काम नहीं है इस तथ्य को देखते हुए कि कभी-कभी बहुत से उत्पादों के लिए जिन्हें हम खरीदते हैं, विक्रय सेवा प्राप्त करना बहुत भयावह अनुभव हो जाता है। इस स्थिति से ऐसे स्तर तक पहुंचना बहुत लंबी यात्रा है जहां कम्पनियां 100 प्रतिशत पुन: प्रयोग के योग्य उत्पाद बनाती है क्योंकि इसके लिए सरकार तथा विश्व स्तरीय कारपोरेट की ओर से बढ़ावा देने वाली नीतियों व प्रोत्साहनों की आवश्यकता होती है। इस यात्रा में, नवाचारवादी पद्धतियां एवं विचार भारतीय कम्पनियों के लिए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार उत्पाद बनाने की आधारशिला रख सकते हैं। जिन पहलकदमियों के लिए जोर दिया जा सकता है वह है हरित विद्युतीय एवं श्वेत वस्तुओं की एक श्रेणी सृजित करना जो 100 प्रतिशत पुनर्चक्रीय सामग्री से बने हों और उनके साथ एक स्पष्ट जीवन चक्र निस्तारण योजना हो। अभी भी सामाजिक परियोजनाओं पर कारपोरेट सामाजिक दूरदृष्टि का प्रभाव देखा जा सकता है, लेकिन ऐसी कोई पर्यावरणीय परियोजना नजर नहीं आती जिस पर गंभीर कारपोरेट प्रयास की मुहर लगी हो।

– **शीतल द्विवेदी**, कानपुर


### राज्यपाल पद की गरिमा

**सरकारें** चाहे जो रही हों, राज्यपालों की भूमिका राजनीति में संलिप्त रही है। केन्द्र में चाहे जिसकी सरकार रही हो, उसने राज्यपाल का चयन इस आधार पर किया कि वह विपक्षी राज्य सरकारों पर नजर रख कर संघीय शक्तियों का प्रयोग संकट के समय कर सके, खासकर ऐसे समय जब केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी को चुनौती मिल रही हो और वह सत्ता से थोड़ी दूर रह गई हो। लेकिन परंपरा के बावजूद इसे सही नहीं ठहराया जा सकता है। कोश्यारी का वर्तमान पत्र प्रकरण उनके संवैधानिक पद की सीमा से बाहर है जिसमें उन्होंने राज्य में धार्मिक स्थल खोलने का अनुरोध किया है। कोश्यारी ने बार-बार शिवसेना नीत गठबंधन सरकार को अपमानित करने का प्रयास किया है। उन्होंने हिंदुत्व के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठा कर ठाकरे को राजनीतिक लाभ ही पहुंचाया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने राज्य में देर रात राष्ट्रपति शासन लागू कर जल्दी से भाजपा नेता फड़नवीस को तत्कालीन विद्रोही राकांपा नेता अजित पवार के साथ शपथ दिला दी थी।

– **अभिजित किशोर**, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**कोविड**-19 महामारी, जलवायु आपात, बढ़ती असमानता एवं फैलती घृणा से निबटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग एकमात्र रास्ता है।

– **एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**हमने** प्रत्येक पंचायत में कम से कम दो ऐसे लोगों को चुनने का लक्ष्य तय किया था जिन्हें आर्थिक सहयोग की आवश्यकता हो। हर्ष का विषय है कि हमें 10,000 मामले निबटा लिए हैं।

– **मनोज सिन्हा**
उप राज्यपाल जम्मू-कश्मीर



**उद्धव** ने कांग्रेस द्वारा सावरकर की आलोचना पर एक शब्द भी नहीं कहा था और अब वो सावरकर आडिटोरियम से रैली को संबोधित करने जा रहे हैं।

– **केशव उपाध्याय**
महाराष्ट्र भाजपा प्रवक्ता

# चारों भाइयों का हुआ मिलन, दर्शकों की आंखें डबडबाईं

● श्री चित्रकूट रामलीला समिति के अयोध्या भवन में 477 साल की परंपरा के साक्षी बने काशीवासी

● भरत मिलाप को देखने आसपास के मकानों की छतों पर घंटों चढ़े रहे श्रद्धालु





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी के** लक्खा मेला के रूप में ख्यात नाटी इमली के भरत मिलाप की बाकी झांकी कुछ ही आंखे निहार पाईं। चित्रकूट रामलीला समिति के लोहटिया स्थित अयोध्या में भवन में मंचन के दौरान कोरोना संकट और बंदिशों के चलते दो सौ कम लोगों को ही प्रवेश दिया गया। ऐसे में 477 वर्ष पुरानी विश्वविख्यात लीला की दिव्य झांकी निहारने का सुख पहली बार कुछ ही आंखों को नसीब हुआ। हालांकि इस बार परिसर भले ही छोटा रहा हो, मगर श्रद्धालुओं के हृदय में श्रद्धा और आस्था के भावों की गहराई में रत्ती भर भी कमी नजर नहीं आई।

गोधूलि बेला के साथ रामचरित मानस की चौपाई 'परे भूमि नहीं उठत उठाये, बल करि कृपा सिंधु उर लाए। श्यामल गात रोम भये ठाढे, नव राजीव नयन जल बाढ़े', गूंजी और मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु ने भरत को उठाकर गले से लगा लिया। चारों भाई बारी-बारी से गले मिले और आंखे गंगा-जमुना की धार हो गई। चारों भइयन की जयकार और हर-हर महादेव की उद्घोष से परिसर गूंजा और फूलों की तो जैसे बारिस हो गई। घूम-घूमकर चारों भाईयों ने श्रद्धालुओं को दर्शन देकर विभोर कर दिया। दिव्य नजारे से विह्वल अस्ताचल सूरज की किरणों ने भी प्रभु चरणों में लोटकर खुद को धन्य कर लिया। कुछ इस तरह कण-कण में भगवान शंकर की छवि निरखने वाली धर्म नगरी काशी ने त्रेता में पहुँचने का एहसास पा लिया। इसे पासधारी श्रद्धालु ने तो हृदय की कोटरों में सहेजा ही आसपास के घरों की छतों से भी लोगों ने प्रभु की अद्भुत लीला का दर्शन कर खुद को विभोर किया।

### नाटी इमली का मैदान 477 वर्ष के इतिहास में पहली बार रहा सूना

**वाराणसी।** श्री चित्रकूट रामलीला समिति के 477 वर्षों के इतिहास में यह पहला मौका रहा जब भरत मिलाप के दिन नाटी इमली का मैदान सूना रहा। हालांकि देर शाम कुछ लोग बने मंच पर मत्था टेकते हुए देखे गये। आस्था इतनी थी अगल-बगल के लोगों ने भी शाम को सूर्यास्त के समय मैदान में बने मंच पर मत्था टेक भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। पीढ़ियों से प्रभु का विमान कंधों पर उठाने वाले यादव बंधुओं के लिए इस बार इससे वंचित रहना पीड़ादायी रहा।

# केंद्र सरकार ने जारी किया हाईकोर्ट और अधिकरण का अधिवक्ता पैनल

● कैट इलाहाबाद में एल पी तिवारी हटे चक्रपाणि वात्स्यायन बने प्रभारी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण व सशस्त्र बल अधिकरण में केन्द्र सरकार का अधिवक्ता पैनल जारी किया गया है। पिछले सभी आदेशों को प्रतिस्थापित करते हुए, यह नियुक्ति अगले तीन वर्षों के लिए की गयी है।

केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने यह पैनल जारी किया है। कैट इलाहाबाद के सीनियर स्टैन्डिंग काउन्सिल एल पी तिवारी को हटाकर चक्रपाणि वात्स्यायन को कैट इलाहाबाद का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पैनल अधिवक्ताओं में भी कुछ बदलाव किये गये हैं।



चक्रपाणि वात्स्यायन।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में 24 सीनियर पैनल अधिवक्ताओं सहित कुल 243 केन्द्र सरकार के अधिवक्ताओं की अगले तीन साल के लिए नियुक्ति की गयी है। इसी प्रकार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में सीनियर पैनल सहित कुल 98 अधिवक्ताओं केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण इलाहाबाद में 17 सीनियर पैनल अधिवक्ताओं सहित कुल 74 अधिवक्ताओं को केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण लखनऊ में प्रज्ञा मति गुप्ता इंचार्ज व 51 अधिवक्ताओं एवं सशस्त्र बल अधिकरण लखनऊ में डॉक्टर शैलेन्द्र शर्मा अटल इंचार्ज व 45 अधिवक्ता पैनल घोषित कर दिया गया है।

### चक्रपाणि वात्स्यायन को अधिवक्ताओं ने दी बधाई

केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने अधिवक्ता चक्रपाणि वात्स्यायन को केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण इलाहाबाद में केन्द्र सरकार के वादों का इंचार्ज नियुक्त किया है। यह गाजीपुर के निवासी हैं। विगत 25 वर्ष से वकालत कर रहे हैं। अभी तक अधिवक्ता एल पी तिवारी इस पद पर कार्यरत थे। उन्हें तमाम विवादों के चलते हटा दिया गया है। चक्रपाणि की कैट में इंचार्ज पद पर नियुक्ति पर हरबंस सिंह रजनीकांत राय महेन्द्र मिश्र संतोष कुमार मिश्र आशीष दुबे श्रीनिवास राय विजय सिंह राकेश उपाध्याय अखिलेश मौर्य आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# गायब सेवा पुस्तिका के मामले में जल्द कोर्ट की शरण ले सकते हैं पीड़ित शिक्षक

**पाटन।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर से गायब सेवा पुस्तिका का मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। विभागीय आधिकारियों से गुहार लगाकर हताश हो चुके शिक्षक अब जल्द ही न्यायालय की शरण में जा सकते हैं। इस बाबत विधि विशेषज्ञों से सलाह मशवरे के बाद याचिका दायर करने की तैयारी में हैं। उधर, मामले को लेकर शिक्षकों का एक बड़ा गुट भी मोर्चा खोलने की तैयारी में है। बेसिक शिक्षा विभाग में सुमेरपुर बीआरसी से दर्जनों शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं गायब हैं। जिससे कई शिक्षकों का वेतन एरियर व फिक्सेशन रुका हुआ है। विभागीय स्तर पर मामला संज्ञान में आने के महीनों बाद भी जिम्मेदारों द्वारा शिकायत की जांच नहीं कराई गई है। उल्टे, शिक्षकों का आरोप है कि जिम्मेदार उन्हें प्रताड़ित कर मामले को दबाने में लगे हैं। इस मामले में पीड़ित शिक्षकों की गुहार पर विगत दिनों शिक्षक एमएलसी राजबहादुर सिंह चंदेल भी उच्चाधिकारियों को अवगत करा नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। हांलाकि शिक्षक एमएलसी के हस्तक्षेप के बाद भी अधिकारी अभी एक्शन में नहीं दिख रहे हैं। जिससे शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही है। सूत्रों की माने तो लामबंद हो रहे शिक्षक विभागीय उदासीनता के विरोध में कभी भी मोर्चा खोल सकते हैं। इसके इतर, पीड़ित शिक्षक न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की भी तैयारी कर रहे हैं। उनके द्वारा इसके स्पष्ट संकेत दिए जा रहे हैं। आरोप लग रहे हैं कि पूरे प्रकरण में दोषियों को बीएसए दफ्तर से भी संरक्षण मिल रहा है। जिसके चलते समस्या के निराकरण को लेकर विभागीय कार्यवाही अभीतक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

# दर्जनों से ज्यादा विभिन्न विभागों की यूनियनों ने केंद्र सरकार पर हल्ला बोला

● सरकार ने अपने तुगलकी आदेशों को वापस नहीं लिया तो अब रण होगा

● यूनियनों ने 17 सूत्रीय मांगपत्र को पीएम को संबोधित डीएम को सौंपा



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारतीय** मजदूर संघ केन्द्र के आह्वान पर बुधवार को विरोध दिवस के रूप में मनाते हुए भारतीय मजदूर संघ, वाराणसी से सम्बद्ध समस्त यूनियनों के कार्यकर्ताओं ने प्रधान डाकघर नदेसर से पैदल जुलूस की शक्ल में हजारों की संख्या में जिसमें रेल डीएलडब्ल्यू, विद्युत, बैंक, रोडवेज, बीमा, प्रतिरक्षा, भेल, आंगनबाड़ी, इंजिनियरिंग, सीमेंट, सुगर, बेकरी, होटल, पोस्टल, प्रिंटिंग, जलकल, भारतीय रेल डाक एवं अनेक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जिसमें विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण, निगमीकरण को रोकने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी नीतियों के परिवर्तन के विरोध में यूनियनों का विशाल जुलस जिला मुख्यालय पहुँचा और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित 17 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिला मुख्यालय पर रैली को सम्बोधित करते हुए जिला मंत्री राकेश पाण्डेय ने सरकार को कड़ें शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते सरकार ने अपनी तुगलकी आदेशों को वापस नहीं लिया तो सरकार के खिलाफ अब रण होगा। महारैली का नेतृत्व संगठनमंत्री रामकृष्ण गुप्ता ने तथा संचालन डॉ0 दूधनाथ ने किया। रैली में नरेन्द्र मिश्रा, रंजीत पाण्डेय, गोपाल गिरि, कृष्ण मोहन तिवारी, नित्यानंद मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, जमुना प्रसाद पाल, अनिल श्रीवास्तव, शिवकुमार सिंह, विरेन्द्र सिंह, उर्मिला यादव, सुरेन्द्र प्रधान, महेन्द्र पाठक, के0सी0 पाण्डेय, आर बी त्रिपाठी, सुनील दूबे, प्रमोद मिश्रा, भानू पाठक, शशांक मिश्र, अखिलानंद त्रिपाठी, अजय पाण्डेय, अजीत चौबे, आनंद राय, राकेश जी, दिनेश कुमार, नवीन सिन्हा, सोहन लाल, मनोज जायसवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### बचत खाता बैंक प्रणाली के अनुरूप होगा: दिनेश

**प्रयागराज।** हाल ही में हुए विकास क्रम में यूनाइटेड मल्टी स्टेट क्रेडिट जिसकी पूरे उत्तर भारत में चौंतीस शाखाएं कार्यरत हैं। अब युनाइटेड मल्टी स्टेट क्रेडिड कोऑपरेटिव सोसायटी के नए एवं मौजूदा सदस्य अपना बचत खाता खोल कर उसका उपयोग क्रिप्टोकरेंसीज खरीदने के लिए कर सकेंगे। इसने लन्दन के प्रतिष्ठित नियो बैंक कासा के साथ भागीदारी की है। जिसके कारण वह उस बैंक की प्रणाली के अनुरूप क्रिप्टोकरेंसी का एक हिस्सा बन सकेंगे। इस बारे में युनाइटेड मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुकरेजा ने कहा यह हमें स्थानीय भारतीय बाजारों के लिए अनुकूलित वित्तीय और क्रिप्टो उत्पादों के निर्माण पैमाने और प्रस्ताव की अनुमति देगा। श्री कुकरेजा को नए यूनिकास उपक्रम का सीईओ भी नियुक्त किया गया है।

### ईमानदारी के साथ बेहतरीन कार्य की होगी कोशिश: जय

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में तेज़ी से विकसित होते ज्ञान डेरी ने कानपुर में प्रवेश किया है। एमडी जय अग्रवाल और अनुज अग्रवाल ने आज एक वेबिनार के दौरान कानपुर में अपने प्रोडक्ट्स के लॉन्च की घोषणा की। ताज़े और शुद्ध प्रोडक्ट्स के लिए विख्यात ब्राण्ड पिछले तेरह सालों से यूपी के लोगों का भरोसा जीत रहा है। अभिनेता मनोज बाजपेई के साथ साझेदारी भी की है। मनोज बाजपेई का व्यक्तित्व भरोसे एवं ईमानदारी की अभिव्यक्ति करता है। ऐसे में इस दृष्टिकोण और विश्वास से भरा और अनुरूप है। जय अग्रवाल ने कहा शहर के लोग हाइजीनिक तरीकों से पैक किए गए दूध एवं डेरी प्रोडक्ट्स की सम्पूर्ण रेंज का लाभ उठा सकेंगे। अनुज ने कहा कि जिस तरह वे पूरी ईमानदारी के साथ बेहतरीन कार्य करेंगे। यूपी के लोगों के साथ मेरा खास जुड़ाव है और मुझे खुशी है कि ज्ञान कानपुर और यूपी के लोगों की ज़रूरतों को समझता है।

### बोलेरो सवार लोगों ने रोडवेज बस पर किया पथराव

**बीघापुर,उन्नाव।** उन्नाव-रायबरेली मार्ग पर स्थित बीघापुर थाना क्षेत्र के इंदामऊ-अकवाबाद के बीच मंगलवार को रायबरेली डिपो रायबरेली से सवारी लेकर कानपुर जा रही थी। बस के चालक राजेश ने बताया कि देर शाम बस इंदामऊ चौराहे से कुछ दूर आगे पहुंची तभी, एक सफेद रंग की बोलेरों गाड़ी ने बस को ओवरटेक कर बस के आगे खड़ी कर दी। बोलेरों से कुछ लोगों ने उतर कर बस को रोक लिया और जबरन बस का गेट खुलवाने लगे। जब परिचालक ने गेट नहीं खोला तो उन लोगों ने डण्डे से गेट तोड़ने की कोशिश की। बस ड्राइवर के मुताबिक फिर वह बस लेकर वहां से भागा तो उन्होंने पीछे से बस में पथराव कर दिया। बस में सवार एक यात्री ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बोलेरों गाड़ी वाला काफी देर से साइड मांग रहा था, मगर बस के चालक ने उसे निकलने नहीं दिया था। प्रभारी निरीक्षक जावेद अख्तर ने बताया कि उन्हें ऐसी किसी भी घटना की जानकारी नहीं है और न ही थाने में कोई शिकायत आई है।

### साइंस ओलम्पियाड परीक्षाएं ऑनलाइन होंगी

**वाराणसी।** स्कूली छात्रों के लिए ओलंपियाड परीक्षाओं के सबसे बड़े आयोजक साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने घोषणा की है कि ओलंपियाड परीक्षाएं वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के दौरान ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चिंता को सर्वोपरि मानते हुए सभी छात्र अपने घरों से एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा में उपस्थित हो सकेंगे। हर साल भारत और अन्य देशो के लाखो छात्र एसओएफ ओलंपियाड परीक्षाओं में शामिल होते है। पिछले साल वाराणसी से लगभग 24000, लखनऊ से 47000 प्रयागराज से 23000 छात्रों ने छात्रों ने कक्षा एक से बारह तक ओलंपियाड परीक्षा दी थी ।

### प्रधानमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में बैंक ऑफ बड़ौदा ने 4404 लाभार्थियों को स्वनिधि लोन से दिया वित्तीय सहयोग

**वाराणसी।** बैंक ऑफबड़ौदा वाराणसी ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उपस्थिति में काशीनगरी में 4404 से ज्यादे लाभार्थियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि लोन से वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ भी अपनी वर्चुअल सम्बोधन के दौरान बैंक ऑफबड़ौदा द्वारा कोविड.19 के आपदा के दौरान किए कार्यों की सराहना करते हुये बैंक कर्मचारियों को साधुवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये क्षेत्रीय प्रबन्धक रंजीत कुमार झा ने बताया की जरूरत मंदो को सहयोग करने के लिए बैंक ऑफबड़ौदा हमेशा तत्पर है और विपदा की इस घड़ी में बैंक अपने पूर्व में किए तमाम सामाजिक और आर्थिक जिम्मेदारियों को एक बार पुनः दोहराते हुये आज रेहड़ी.पटरी वालों को सहयोग प्रदान किया और आगे भी जरूरतमंदों को हर प्रकार के आर्थिक.सामाजिक सहयोग मुहैया करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर श्री हरिशंकर प्रसादए उप क्षेत्रीय प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहेण

# पैसों के विवाद में साथी ने की थी टैंकर ड्राइवर की हत्या, गिरफ्तार

**उन्नाव।** एक पखवारा पूर्व हुई टैंकर ड्राइवर की हत्या का बुधवार को शहर कोतवाली व सर्विलांस की सयुंक्त टीम ने खुलासा किया है। पुलिस पूछताछ में हत्यारोपित ने बताया कि रूपए के विवाद में ड्राइवर को मौत के घाट उतारा था। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी विनोद कुमार पांडेय व सीओ सिटी गौरव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के राजेपुर उर्फ वाजिद पुर मनोहरनगर निवासी रजतपाल पुत्र राजेश पाल नगरपालिका उन्नाव में संविदा पर पानी के टैंकर का ड्राइवर था। वह तेरह अक्टूबर को डयूटी करने की बात कहकर घर से निकला था। मगर देररात घर नही पहुंचा था। उसी रात युवक का डरियनटोला मोहल्ला के रहने वाले विनोद शर्मा के घर के सामने नाली में संदिग्ध हालात में शव पड़ा मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करवा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के चाचा कमलेश पाल पुत्र शम्भूदयाल की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध हत्या का केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पुलिस को आरोपित मुकेश पासी उर्फ मुक्की पुत्र स्व. रामनाथ निवासी डरियनटोला का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने मंगलवार की शाम आरोपित को हुसैन नगर चौराहे पर कानपुर से लखनऊ जाने वाले मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि हत्या वाली रात मृतक के साथ उसने शराब पिया व खाना खाया था और दोनो मेरे घर आ गए थे। जहां रजतपाल के साथ रूपए को लेकर विवाद हुआ। इसी विवाद के तहत मैने उसे घसीटकर पास में बनी नाली में उसका मुंह दबाकर उसको जान से मार दिया था। शव की पहचान न हो सके, इस कारण उसके कपडो में रखा सामान दो मोबाइल फोन व एक पासबुक व एक आधार कार्ड एक ड्राइविंग लाइसेंस एक हाथ की घडी ले गया था। पुलिस ने आरोपित की निशान देही पर सामान को बरामद कर लिया है। खुलासा करने वाली टीम में कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र, एसआई प्रेमप्रकाश दीक्षित, हेड कास्टेबल अब्दुल जब्बार (सर्विलांस सेल) सुल्तान सिंह, सन्तोष सिंह, ज्ञान सिंह आदि रहे।



# साड़ी शोरूम से चोरों ने 40 हजार रुपये कैश उड़ाये

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मलदहिया** क्षेत्र के एक साड़ी के शोरूम में चोरों ने शीशे की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और तिजोरी में रखा हुआ करीब 40 हजार कैश लेकर ले उड़े। चोरी की सूचना उस समय हुई जब साड़ी के शोरूम मालिक बुधवार को अपनी दुकान खोलने पहुँचे तो तिजोरी का सारा कैश व कुछ महंगी साड़ी गायब मिली। दुकान के अधिष्ठाता जयशंकर शर्मा ने चोरी की सूचना सिगरा थाने को दी। घटना की खबर सुनते ही सीओ चेतगंज एवं सिगरा थाना प्रभारी मौके पर पहुँचे और चोरी की घटना की जानकारी ली।

मिली जानकारी के मुताबिक सिगरा थाना क्षेत्र के मलदहिया-पिशाचमोचन मार्ग पर जयशंकर शर्मा की साड़ी की शोरूम है। साड़ी व्यवसायी मंगलवार की रात नौ बजे अपनी शोरूम बंद कर चले गये। देर रात चोरों ने पिशाचमोचन पोखरे की तरफ से शीशे की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और तिजोरी के सारा कैश चुराकर ले उड़े। पुलिस मौके पर पहुँचकर कैमरे की फुटेज से चोरी की जानकारी करने में जुटी है।

# आगरा ने वित्त वर्ष में ढाई मिलियन टन फ्रेट लोड किया: अजीत कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**पिछले साल** के मुकाबले अधिक माल लदान कर आगरा भारतीय रेलवे के शीर्ष दो मंडलों में शामिल निरंतर बढ़ोत्तरी के साथ उत्तर मध्य रेलवे द्वारा नवंबर 2020 में पिछले साल के लोडिंग स्तर को पार करने की तैयारी महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत 27 अक्टूबर को उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मण्डल ने पिछले साल के माल लदान को पार कर लिया है। चालू वित्त वर्ष में अब तक यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय रेल के शीर्ष दो मंडलों में शामिल हो गया है। 27 अक्टूबर तक आगरा डिवीजन ने चालू वित्त वर्ष में लगभग ढाई मिलियन टन फ्रेट लोड किया है। जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में लोड किए गए मिलियन टन से अधिक है।

सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी तीन मंडलों से लोडिंग में निरंतर बढ़ोत्तरी के साथ एनसीआर ने पिछले चार महीनों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक फ्रेट लोड किया है।

अक्टूबर 2020 में अक्टूबर 2019 की तुलना में 27 फीसद से अधिक की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है। लॉकडाउन के कारण चालू वित्त वर्ष के अप्रैल और मई महीनों में पिछले वर्ष के लोडिंग के मुकाबले में लाख टन की कमी आई थी। लेकिन बीडीयू के विपणन प्रयासों कुशल ट्रेन संचालन और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के मदद से यह अंतर न केवल घटा है बल्कि नवंबर 2020 तक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा पिछले साल की लोडिंग को पार कर जाने की उम्मीद है। पिछले साल के 8.81 मिलियन टन फ्रेट के मुकाबले इस वर्ष 27 अक्टूबर तक उत्तर मध्य रेलवे ने 8.45 मिलियन टन फ्रेट लोड किया है और शुरू के महीनों के 8.4 लाख टन के अंतर को घटाकर 3.6 लाख टन के स्तर पर ला दिया है और अगले एक महीने के भीतर पिछले साल लोडिंग को पार कर जाने की ओर अग्रसित है।

# लंका पुलिस व क्राइम ब्रांच ने 90 हजार नकदी के साथ सटोरिए किए गिरफ्तार

**वाराणसी।** आइपीएल मैच पर सट्टा खेल रहे पांच सटोरियों को लंका पुलिस और क्राइम ब्रांच ने बीती रात माधव मार्केट लंका से गिरफ्तार किया। पुलिस को तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से पांच मोबाइल और एक लाख 90 हजार रुपये बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार शहर में आइपीएल 2020 को लेकर सटोरियों की बढ़ रही गतिविधि को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को मैच में सट्टा लगाने की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने रात में सूचना पर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सट्टा खेल रहे पांच सटोरियों को रंगेहाथों पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार सटोरियों का पूरा कारोबार आनलाइन तरीके से संचालित हो रहा था।

आइपीएल मैच पर इन दिनों सट्टे का बाजार गर्म है और सटोरियों संग सट्टेबाजी का खुमार लोगों के बीच देखा जा सकता है। शहर में इस समय आइपीएल मैचों पर रोजाना लाखों का सट्टा लगाया जा रहा है। क्राइम ब्रांच और लंका पुलिस टीम ने एकबार फिर चार सटोरियों को सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 1 लाख 90 हजार नगद सहित पांच मोबाइल बरामद हुआ है। इसके पहले लंका पुलिस ने छह अक्टूबर को भगवानपुर के एक मकान में आईपीएल पर लग रहे सट्टे से आरोपितों के पास से 6 लाख 90 हजार और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया था।

इंस्पेक्टर लंका महेश पांडेय ने बताया कि मंगलवार की रात माधव मार्केट लंका स्थित एक कमरे में आईपीएल मैच पर सट्टा खेलने की सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच और लंका टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारकर मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए लोगों के पास से पांच मोबाइल और सट्टे के 1 लाख 90 हजार बरामद हुए। पकड़े गए आरोपितों ने अपना नाम अंकित सिंह निवासी राजेन्द्र विहार कालोनीए नेवादा, आदर्श कुमार सिंह, आत्रे निवास लंका, संजय तिवारी जानकी नगर, सामने घाट लंका और अनिल पटेल सामने घाट बताया।

# एक क्रय केन्द्र से अफरा-तफरी, औने-पौने दामों में किसान धान बेचने को मजबूर

**मौरावां, उन्नाव।** धान की फसल कटने के बाद अब क्षेत्र के किसानों को धान बिक्री के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक क्षेत्र में मात्र एक क्रय केंद्र होने के कारण किसानों को औने-पौने दामो में सेठ साहूकारों को धान बेचना पड़ रहा है। जिससे किसान गरीबी को ओर फिर बढ़ रहा है। ऐसे में गेंहू बुआई का समय नजदीक होने के कारण किसान बिचौलियों की शरण मे जाकर अपनी उपज औने पौने दामों में बेचने को विवश हैं। क्षेत्र के किसानों ने शासन और प्रशासन से टूटन को प्राकृतिक आपदा घोषित कर मुआवजा दिए जाने या धान की खरीद किये जाने की मांग उठाई है। हिलौली विकासखंड हिलौली में एक ही क्रय केंद्र बनाया गया है। वही अन्य ब्लाकों में दो क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इस कारण किसानों को धान बेचने में काफी दिक्कत हो रही है। किसानों का कहना है कि फसल को तैयार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। हम लोगो ने रात-रात भर जागकर अपनी फसलों को बचाकर तैयार किया है। आज जब बेचने का नंबर आया तो औने पौने दामो में बेचने में मजबूर होना पड़ता रहा है। एक क्रय केंद्र होने के कारण किसानों को क्रय केंद्र जाकर लौटने में मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं किसानों ने बताया कि सरकार किसानों की आय तो दोगनी होने की बात करती हैं। मगर धरातल पर इसका मतलब शून्य दिखाई दे रहा है। हम लोगो ने अपनी फसलों को आवारा जानवर से बचाकर तैयार किया है। मगर जब बेचने का नंबर आया तो विवस होकर बाहर बेचने में मजबूर होना पड़ रहा है। गोदाम प्रभारी अशोक पांडेय ने बताया कि इस वर्ष छह हजार कुंटल का लक्ष्य है। अब तक 100 किसानों की एंट्री हुई है। वही तीन लोगों का 124 कुंटल धान खरीदा जा चुका है।

● विकासखंड हिलौली में एक क्रय केंद्र गया बनाया, अन्य ब्लाकों में दो क्रय केंद्र गए बनाए

### क्षेत्र के किसानों की जुबानी



क्रय केंद्र एक होने से इस बार काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अगर दो क्रय केंद्र बनाए जाते तो किसान अपने धान आसानी से बेच सकता था।

**अशोक मिश्र**



शासन-प्रशासन को चाहिए कि दो क्रय केंद्र बना दे, ताकि किसानों को अपनी फसलों का सही दाम मिल सके। इस समय किसान बाहर 11 से 12 रुपये किलो बेचने में मजबूर है।

**बलबीर सिंह शीबू**



इस बार धान बेचनो को हाय तौबा मची है। किसानों का गाढ़ी कमाई का पैसा सेठ साहूकार लूट रहे हैं। क्रय केंद्र में एक दिन में दो लोगो को बुलाया जाता है ऐसे में कितने किसान अपना धान बेच पायंगे यह ऊपर वाला ही जाने।

**निजाम खां**



क्रय केंद्र एक होने से धान बेचने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अगर क्रय केंद्र दो हो जाए तो किसानों की गंभीर समस्या दूर हो जाए।

**रामनरेश**

# बैंक ऑफ इंडिया ने 55 स्ट्रीट वेंडर्स लाभार्थियों को ऋण वितरित किया

● पीएम ने वेंडरों से वर्चुअल संवाद भी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सुबहे ए** बनारस अस्सी घाट वाराणसी में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नगर निगम वाराणसी के तत्वावधान में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए विशेष माइक्रो क्रेडिट स्कीम (प्रधानमंत्री स्वनिधि) के अंतर्गत पथ विक्रेताओं से प्रधान मंत्री ने वर्चुअल संवाद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधान मंत्री के स्वागत एवं संवाद से हुई। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक सौरभ श्रीवास्तव, शहर के गाणमान्य विशिष्ट अतिथि महेश चंद्र श्रीवास्तव, विद्यासागर राय रविन्द्र सिंह, अनिल सिंह के अलावा आंचलिक प्रबन्धक बीएस फोनिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इसके पश्चात आए हुए अतिथियों ने सभा को संबोधित किया। अतिथियों द्वारा अपने सम्बोधन में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों की सराहना की गई। उन्होने बैंक प्रबंधन को भरोसा दिलाया कि उनके तरफ से जो भी सहायता आवश्यकता होगी होगी उसे यथासंभव प्रदान करने में प्रसन्नता होगी। कार्यक्रम के संयोजक और बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबन्धक बीएस फोनिया ने बताया कि वाराणसी अंचल में अभी तक विभिन्न शाखाओं से 3481 पथ विक्रेताओं को पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना स्ट्रीट वेंडर्स के लिए विशेष माइक्रो क्रेडिट स्कीम (प्रधानमंत्री स्वनिधि) के अंतर्गत ऋण स्वीकृत किया गया जिसमें से इस कार्यक्रम में लगभग 150 पथ विक्रेता लाभार्थी उपस्थित रहे और उनमें से लगभग 50.55 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी निदेशक अतानु कुमार दास द्वारा इस प्रयास को सराहा गया।

# जम्मू-कश्मीर में अर्थव्यवस्था को बढ़ाएंगे नए कानून :जितेंद्र सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में सभी भारतीयों को जमीन खरीदने की अनुमति देने वाले नए भूमि कानून केंद्रशासित प्रदेश में अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे और उच्च शिक्षा संस्थानों को भी गति देंगे।

सिंह ने कहा कि पहले की व्यवस्था में न केवल भौतिक अवरोध थे बल्कि बाहरी लोगों के लिए मानसिक अवरोधक भी थे जो यहां निवेश और योगदान देना चाहते थे। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री ने कहा, जम्मू कश्मीर भूमि सुधारों का असंतुष्ट तत्वों द्वारा विरोध किया जा रहा है। जिन्हें वोट बैंक पर खतरा लग रहा है, वे ऐसी बातें कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को अनेक कानूनों में संशोधन करके देशभर के लोगों को जम्मू कश्मीर में जमीन खरीदने की अनुमति प्रदान की। सिंह ने नए भूमि कानूनों को स्वागत योग्य कदम बताया। उन्होंने कहा, इससे जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और इस दौरान उच्च शिक्षा संस्थानों को भी गति मिलेगी।

उधर जम्मू में भाजपा नेता युद्धवीर सेठी ने जम्मू-कश्मीर में नए भूमि कानून का बुधवार को स्वागत किया और कहा कि इससे केंद्र शासित प्रदेश का संपूर्ण परिदृश्य बेहतरी के लिए बदल जाएगा। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश और खासकर कश्मीर के लोगों को गुमराह करने और उनका इस्तेमाल करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की आलोचना की और कहा कि वे विकास और रोजगार के बजाए अशांति फैलाना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर भाजपा के उपाध्यक्ष ने यहां संवाददाताओं से कहा, जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्र सरकार के नए जमीन कानूनों का स्वागत करते हैं। इससे औद्योगिक वृद्धि, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा के अलावा हर क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश का परिदृश्य बेहतरी के लिए बदल जाएगा।

## नड्डा ने मतदाताओं से की कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव करते हुए मतदान की अपील

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के मद्देनजर लोगों से कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के सभी उपायों को अपनाते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने ट्वीट कर कहा, बिहार विधानसभा चुनावों के लिए आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। आप का मत ही लोकतंत्र में आपकी सबसे सबसे बड़ी ताकत है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि कोविड सम्बन्धी सावधानियों का ध्यान रखते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में जरूर हिस्सा लें। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 16 जिलों के 71 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कड़ी निगरानी और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया। पहले चरण के मतदान में करीब दो करोड़ 14 लाख 84 हजार 787 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने भी लोगों से कोरोना को परास्त कर लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए राजग के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की।



गया में बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान प्रथम चरण के चुनाव में मतदान के लिए लगी लाइन में अपने वोटर पहचान पत्र दिखाती हुईं महिलाएं।

# पीएम अपने भाषणों में बेरोजगारी पर कुछ नहीं बोलते: राहुल गांधी

**भाषा।** बाल्मिकीनगर (बिहार)

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने भाषणों में वह दूसरे देशों की बात करते हैं लेकिन अपने देश के समक्ष पेश आ रही बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर कुछ नहीं बोलते। अपने दूसरे चरण के चुनाव प्रचार अभियान के तहत पश्चिमी चंपारण के बाल्मिकीनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने बेरोजगारी और पलायन के मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी घेरा। राहुल गांधी ने हाल ही में बने कृषि कानूनों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आमतौर पर दशहरे में रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद के पुतले जलाए जाते हैं, लेकिन पंजाब में इस बार प्रधानमंत्री और अंबानी, अडाणी के पुतले जलाए गए। उन्होंने कहा कि इस बार पूरे पंजाब में दशहरे पर रावण नहीं, नरेंद्र मोदी, अंबानी और अडाणी का पुतला जलाया गया। राहुल ने कहा, ए दुख की बात है, लेकिन ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि किसान परेशान हैं। उन्होंने केंद्र एवं बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज गन्ना किसान सहित हर किसान समझता है कि चाहे वह कुछ कर ले, उसे उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल सकता। पलायन का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि यहां के लोग अपने प्यारे प्रदेश को छोड़कर जाने को मजबूर हैं, ये लोग बेंगलूर, दिल्ली, मुम्बई जाते हैं लेकिन अपनी खुशी से नहीं जाते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के लोग प्रदेश छोड़कर जाने को मजबूर हैं क्योंकि बिहार को नष्ट कर दिया गया है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दो करोड़ रोजगार की बात कही थी लेकिन क्या रोजगार मिला? राहुल ने कहा कि अब अगर प्रधानमंत्री मोदी यहां आकर दो करोड़ रोजगार की बात बोल दें तो शायद भीड़ उन्हें भगा देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर तरह की बात करते हैं, दूसरे देशों की बात करते हैं लेकिन देश की सबसे बड़ी समस्या, बेरोजगाी के बारे में बात नहीं करते। राहुल गांधी ने रोजगार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बिहार के लोगों को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, बेंगलुरु में रोजगार मिलता है लेकिन बिहार में नहीं मिलता।



# केरल में विपक्ष ने विजयन पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ाया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में विपक्षी दलों ने निलंबित आईएएस अधिकारी एम शिवशंकर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ा दिया। एक अदालत द्वारा सोना तस्करी मामले में शिवशंकर की अग्रिम जमानत अर्जियां खारिज किए जाने के बाद ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों द्वारा यहां एक अस्पताल से शिवशंकर को हिरासत में लिए जाने के बाद मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

शिवशंकर को अब और जायज ठहराए बिना, मुख्यमंत्री को पद से हट जाना चाहिए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सोने की तस्करी के मामले में आरोपियों को बचाने के लिए सभी कदम उठाए। इससे पहले दिन में, केरल उच्च न्यायालय ने शिवशंकर द्वारा दायर दो अलग-अलग अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश पारित करते हुए उन्हें खारिज कर दिया। शिवशंकर ने ए अर्जियां तस्करी मामले की जांच कर रहे सीमा शुल्क विभाग और ईडी द्वारा संभावित गिरफ्तारी की आशंका में दायर की थीं। ईडी इस मामले में यह जांच कर रहा है कि धन कहां से आया और कहां गया।

उच्च न्यायालय द्वारा मामले पर आदेश पारित किए जाने के बाद भाजपा के प्रदेश प्रमुख के. सुरेंद्रन ने संवाददाताओं से कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि सीएमओ ने सोना तस्करी के मामले में हस्तक्षेप किया। सुरेंद्रन ने कहा, जब एजेंसियां शिवशंकर से पूछताछ करेंगी तो और जानकारी सामने आएगी। अदालत के आदेश से राज्य की वाम सरकार घिर गई है। जांच आगे बढ़ने पर मुख्यमंत्री और उनके कार्यालय की संलिप्तता स्पष्ट होगी। केंद्रीय एजेंसियां-राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीमा शुल्क विभाग और प्रवर्तन निदेशालय, पांच जुलाई को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक राजनयिक सामान से लगभग 15 करोड़ रुपए के सोने की जब्ती की अलग-अलग जांच कर रही हैं।

## सीएम पलानीस्वामी ने युवा अधिवक्ताओं के लिए मासिक मानदेय योजना शुरू की

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने राज्य में युवा अधिवक्ताओं को तीन हजार रुपए मासिक मानदेय प्रदान कराने के लिए बुधवार को एक योजना शुरू की। पलानीस्वामी ने इस पहल की घोषणा इस वर्ष जुलाई में गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले कनिष्ठ वकीलों की मदद करने के उद्देश्य से की थी क्योंकि विभिन्न औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें वकालत शुरू करने में करीब चार वर्ष का समय लग जाता है। इसमें बार काउंसिल में पंजीकरण कराना भी शामिल होता है। पात्र वकीलों को यह राशि दो वर्ष की अवधि के लिए मिलेगी। मुख्यमंत्री ने योजना की शुरुआत के तौर पर यहां सचिवालय में नौ वकीलों को मानदेय आदेश सौंपे। पलानीस्वामी ने गत जुलाई में घोषणा की थी कि मासिक मानदेय का भुगतान नए पंजीकृत वकीलों की वित्तीय कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### मध्यप्रदेश उपचुनाव में सपा उम्मीदवार भाजपा में शामिल

**मुरैना (मध्यप्रदेश)।** मध्यप्रदेश में तीन नवम्बर को 28 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले मुरैना जिले में समाजवादी पार्टी के एक उम्मीदवार भाजपा में शामिल हो गए। सपा ने मुरैना में अंबाह विधानसभा सीट से बंसीलाल जाटव को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता ने बुधवार को कहा, केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की उपस्थिति में मंगलवार की रात वह भाजपा में शामिल हो गए। गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अंबाह सीट से भाजपा के उम्मीदवार कमलेश जाटव को समर्थन दिया है और अब वह पार्टी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बंसीलाल जाटव पहले तीन बार भाजपा की टिकट पर अंबाह सीट से निर्वाचित हुए थे लेकिन उपचुनाव में भगवा दल से टिकट नही मिलने के बाद हाल में वह सपा में शामिल हो गए थे। अंबाह से भाजपा के उम्मीदवार कमलेश जाटव कांग्रेस के उन 22 विधायकों में शामिल थे जिन्होंने इस वर्ष मार्च में पार्टी और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। मध्यप्रदेश में 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव तीन नवम्बर को होगा और मतगणना 10 नवम्बर को होगी।

### केरल के दो मंत्रियों को विस में हंगामा के मामले में जमानत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के दो मंत्रियो को यहां की अदालत ने विधानसभा में हंगामा करने के आरोप में दर्ज आपराधिक मामले में जमानत दे दी। बता दें कि यह घटना 13 मार्च 2015 में कांग्रेस नीत यूडीएफ की सरकार के दौरान विधानसभा में हुई थी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आर जयकृष्णन की अदालत ने मंत्री ईपी जयाराजन और केटी जलील को जमानत दी जो इस मामले में अदालत के समक्ष पेश हुए। इसके साथ ही अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। दो मंत्रियों को यह राहत केरल उच्च न्यायालय द्वारा मामले में जारी समन पर रोक लगाने से इनकार करने के एक दिन बाद मिली है। उल्लेखनीय है कि निचली अदालत ने दोनो मंत्रियो को तत्कालीन वित्त मंत्री के एम मणि को बजट पेश करने से रोकने के लिए एलडीएफ विधायकों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने को लेकर दर्ज आपराधिक मामले में 28 अक्टूबर को पेश होने का निर्देश दिया था। निचली अदालत मौजूदा वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) की सरकार द्वारा तत्कालीन संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) द्वारा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निषेध कानून के तहत दर्ज इस मामले को वापस लेने की अर्जी भी खारिज कर चुकी है। इस मामले में एलडीएफ नेता एवं तत्कालीन विधायक अजीत, वी शिनकुट्टी, केसी सदाशिवन और के कुन्नहम्मद भी आरोपी है जो पहले अदालत में पेश हुए थे और उन्हें मामले में जमानत मिल चुकी है।

### निलंबित आईएएस एम. शिवशंकर को ईडी ने हिरासत में लिया

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने सोने की तस्करी से जुड़े मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के निलंबित अधिकारी एम. शिवशंकर की अंतरिम जमानत याचिकाएं खारिज होने के बाद बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हे हिरासत मे ले लिया। ईडी अधिकारियो की एक टीम आयुर्वेद अस्पताल पहुंची और उन्हें हिरासत में ले लिया। केरल के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव का वहां इलाज चल रहा था। शिवशंकर को कार मे एर्णाकुलम ले जाया गया। इससे पहले, शिवशंकर की दो अंतरिम जमानत याचिकाओ को बुधवार को खारिज कर दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीमा शुल्क विभाग मामले की जांच कर रहा है। उल्लेखनीय है कि सीमा शुल्क विभाग ने गत पांच जुलाई को 15 करोड़ रुपए मूल्य का 30 किलोग्राम सोना जब्त किया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), सीमा शुल्क विभाग और प्रवर्तन निदेशालय समेत केंद्रीय एजेंसियां इस मामले में अलग अलग जांच कर रही है। एनआईए ने इस मामले में गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून के तहत सुरेश, सरित पीएस, संदीप नायर और फैजल फरीद सहित कई लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सुरेश और सरित संयुक्त अरब अमीरात के वाणिज्य दूतावास के पूर्व कर्मचारी हैं। मामला संयुक्त अरब अमीरात के तिरुवनंतपुरम स्थित वाणिज्य दूतावास के एक अधिकारी के नाम का इस्तेमाल कर राजनयिक सामान के जरिए सोने की तस्करी की कोशिश से जुड़ा है।

### झारखंड उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी के हारने से भी सरकार की स्थिरता पर असर नहीं पड़ेगा: सोरेन

**दुमका (झारखंड)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए कहा है कि राज्य में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में यदि गठबंधन के प्रत्याशी हार भी जाएँ, तो भी उनके नेतृत्व वाली सरकार की स्थिरता को कोई खतरा नही है। उन्होने कहा, बड़ी मुश्किल से हमलोगो ने 20 साल के दौरान (राज्य मे) पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाई है। इस उपचुनाव से सरकार (की स्थिरता) पर कोई असर नही होने जा रहा है। हमारे पास 50 विधायक है और दो सीटो पर उपचुनाव हो रहे है। सरकार गिरेगी नही, लेकिन आपके निर्णय से सरकार को और मजबूती मिलेगी। यह पूर्ण बहुमत वाली सरकार है। सोरेन ने दुमका के लखीकुण्डी मे आयोजित एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए मंगलवार को यह कहा। झारखण्ड मे दुमका (सु0) और बोकारो मे बेरमो विधानसभा सीट के लिए भी उपचुनाव हो रहे है। दोनो स्थानो पर तीन नवंबर को मतदान होगा।



बंगलुरू में अभिनेत्री से नेत्री बनी खुशबू सुंदर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करती हुईं।

# जम्मू-कश्मीर व बेंगलुरु में एनआईए की छापेमारी

**भाषा।** श्रीनगर

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने धर्मार्थ कार्यों के वास्ते जुटाए गए धन को ट्रस्ट और एनजीओ द्वारा जम्मू कश्मीर में अलगाववादी गतिविधियों में इस्तेमाल करने के एक मामले में कश्मीर घाटी में 10 जगहों और बेंगलुरु में एक स्थान पर बुधवार सुबह छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनआईए ने एक बयान में कहा कि छापे के दौरान दोष साबित करने वाले कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किए गए हैं।

जिनके परिसरों की तलाशी ली गई उनमें खुर्म परवेज (जम्मू-कश्मीर कोअलिशन ऑफ सिविल सोसाइटी के समन्वयक), उनके सहयोगी परवेज अहमद बुखारी, परवेज अहमद मट्टा और बेंगलुरु में सहयोगी स्वाति शेषाद्रि तथा एसोसिएशन ऑफ पैरेंट्स ऑफ डिसैपियर्ड पर्सन्स की अध्यक्ष परवीना अहंगर भी शामिल हैं। बयान में कहा गया कि एनजीओ एथ्राउट और जीके ट्रस्ट के कार्यालयों की भी तलाशी ली गई।

एजेंसी ने एक बयान में कहा, आज (28/10/2020) को एनआईए ने श्रीनगर और बांदीपुरा में 10 स्थानों पर और बेंगलुरु में एक स्थान पर कुछ तथाकथित गैर-सरकारी संगठनों और ट्रस्टों से संबंधित एक मामले में छापे मारे जो धर्मार्थ कार्यों के नाम पर भारत और विदेशों से पैसे जुटा रहे थे और उनका इस्तेमाल जम्मू और कश्मीर में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने में कर रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीम ने स्थानीय पुलिस और अर्ध सैनिक बलों की सहायता से ट्रस्ट के कार्यालय में सुबह छापे मारे। यह कार्यालय यहां एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार पत्र के परिसर में स्थित है। उन्होंने बताया कि एनआईए ने कम से कम तीन अन्य एनजीओ पर जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों के लिए कथित तौर पर धन मुहैया कराने के मामले में छापे मारे।

## क्यों श्रीनगर में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने से रोका गया? : शिवसेना

**मुंबई।** शिवसेना ने बुधवार को सवाल किया कि अनुच्छेद-370 के ज्यादातर प्रावधान निरस्त किए जाने के बावजूद श्रीनगर के लाल चौक पर कुछ युवकों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने से क्यों रोका गया? शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में प्रकाशित संपादकीय में पूछा कि अनुच्छेद-370 के ज्यादातर प्रावधान निष्प्रभावी करने के बाद जम्मू-कश्मीर में क्या बदलाव आया है? पार्टी ने साथ ही कहा कि हिन्दुत्व का मतलब राष्ट्रवाद है। उल्लेखनीय है खुद को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के भाजपा कार्यकर्ता बता रहे तीन युवकों ने सोमवार को श्रीनगर के लाल चौक पर जब तिरंगा फहराने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। शिवसेना के मुखपत्र ने अभिनेत्री कंगना रनौत का नाम लिए बिना लिखा, नकली मर्दानी जिसने मुंबई को पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर कहा, उसको केंद्र सरकार द्वारा सुरक्षा मुहैया कराई गई जबकि जो युवक कश्मीर में तिरंगा फहरा रहे थे, उन्हें पुलिस अपने साथ ले गई। सामना ने लिखा, देश जानना चाहता है कि युवा क्यों लाल चौक पर तिरंगा नहीं फहरा सकते हैं? इसका मतलब है कि कश्मीर में हालात नहीं सुधरे हैं। संपादकीय में कहा गया कि मुंबई में तिरंगा फहराया जाता है, इसका मतलब है कि यह पाकिस्तान नहीं है। साथ ही लिखा, तिरंगे का अपमान वहां होता है जहां पर पाकिस्तानी हस्तक्षेप है। सामना ने कंगना का नाम लिए बिना कहा कि कश्मीर में तिरंगा नहीं फहराने देने पर अभिनेत्री को अपनी नाराजगी जाहिर करनी चाहिए।

# नए भूमि कानूनों को लेकर पीडीपी व जेकेएनपीपी ने भाजपा के विरोध में किया प्रदर्शन

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल पैंथर्स पार्टी (एनपीपी) ने जम्मू-कश्मीर के बाहर के लोगों को केंद्र शासित प्रदेश में जमीन खरीदने का मार्ग सुगम बनाने वाले नए भूमि कानूनों को वापस लेने की मांग करते हुए बुधवार को अलग अलग प्रदर्शन किए। महासचिव एवं पूर्व विधायक सुरिंदर चौधरी के नेतृत्व में पीडीपी कार्यकर्ताओं ने तिरंगा और पार्टी का झंडा थाम कर गांधी नगर स्थित पीडीपी मुख्यालय से नए भूमि कानून लाए जाने को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताते हुए रैली निकाली। हालांकि प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने मुख्य सड़क पर मार्च करने से रोक दिया और बाद में वे शांति से तितर-बितर हो गए।

पिछले सप्ताह रिहा होने के बाद पहली बार मीडिया से मुखातिब पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती द्वारा तिरंगे झंडे के बारे मे दिए गए एक विवादास्पद बयान को लेकर उठे विवादों के बाद पार्टी द्वारा पहली बार यह कोई बड़ी राजनीतिक गतिविधि है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर को लेकर पिछले साल पांच अगस्त को संविधान में किए गए बदलावों को वापस नहीं ले लिया जाता, तब तक उन्हें चुनाव लड़ने अथवा तिरंगा थामने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को पिछले वर्ष अगस्त में समाप्त किए जाने के बाद से महबूबा हिरासत में थीं। रिहा होने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह तभी तिरंगा उठाएंगी, जब पूर्व राज्य का झंडा और संविधान बहाल किया जाएगा। विवाद के बाद 26 अक्टूबर को पीडीपी के तीन वरिष्ठ नेताओं टी एस बाजवा, हसन अली वफा और वेद महाजन ने पीडीपी से इस्तीफा दे दिया।

चौधरी ने कहा, हमारा विरोध भाजपा की जनविरोधी नीतियों, खासकर नए भूमि कानून के खिलाफ है। यह जमीन हमारी आने वाली पीढ़ियों की है और भाजपा जम्मू की जनता को धोखा दे रही है और उन्हें गुमराह कर रही है। भाजपा पर जनविरोधी नीतियों को आगे बढ़ाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि मुफ्ती ने कभी नहीं कहा कि वह राष्ट्रीय ध्वज नहीं पकड़ेंगी।

इस बीच, जेकेएनपीपी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री हर्षदेव सिंह ने भी यहां प्रदर्शनी मैदान के समीप प्रदर्शन का नेतृत्व किया और जम्मू कश्मीर के लिए नए भूमि कानूनों को खारिज किया। उन्होंने कहा, यह अंतिम डोगरा शासक महाराज हरि सिंह के दृष्टिकोण का अपमान है जिन्होंने स्थानीय लोगों की नौकरी एवं भूमि को बचाने के लिए 1927 में इसे राज्य विषय के रूप में पेश किया था। भगवा पार्टी ने लोगों की इच्छा के विरुद्ध नए कानून को मनमाने ढंग से अधिसूचित किया है। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि नए कानून से भू माफिया को बढ़ावा मिलेगर। उन्होंने केंद्र से मांग की कि लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप इस नए कानून को निरस्त किया जाए।



कोलकाता में दीवाली पर्व के लिए मिट्टी से बने हुए लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीददारी के लिए चयन करती हुई महिला।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 29 अक्टूबर, 2020



# रक्षामंत्री ने सेना की सराहना की

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को शीर्ष सैन्य कमांडरों को संबोधित करते हुए मौजूदा सुरक्षा माहौल को संभालने के अंदाज के लिए सेना की तारीफ की। राजनाथ के बयान को पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर जारी गतिरोध के सीधे संदर्भ में देखा जा रहा है। सोमवार को शुरू हुए चार दिवसीय सम्मेलन में शीर्ष सैन्य कमांडर चीन के साथ लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत की युद्धक तैयारियों के साथ ही जम्मू कश्मीर में स्थिति की व्यापक समीक्षा कर रहे हैं।

रक्षामंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों की भुजाओं को मजबूती देने के लिए सरकार कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। सिंह ने ट्वीट किया, नई दिल्ली में आज सैन्य कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित किया। मौजूदा सुरक्षा माहौल में भारतीय सेना द्वारा उठाए गए कदमों पर मुझे बेहद गर्व है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच पांच महीने से भी ज्यादा समय से गतिरोध बना हुआ है और दोनों पक्षों ने क्षेत्र में 50-50 हजार से ज्यादा सैनिकों की तैनाती कर रखी है जो गतिरोध की गंभीरता को परिलक्षित करता है। गतिरोध को दूर करने के लिए दोनों पक्षों में कई दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है।



नई दिल्ली में सेना कमांडरों के सम्मेलन में शामिल हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस बिपिन रावत, थल सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवाने व अन्य

सिंह ने कहा, सुधारों के मार्ग पर आगे बढ़ रही सेना को हर सुविधा देने और सभी क्षेत्रों में बढ़त हासिल करने में मदद के लिए रक्षा मंत्रालय प्रतिबद्ध है। हम अपने सशस्त्र बलों की भुजाओं को मजबूत बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। सेना की सराहना करते हुए सिंह ने कहा कि आजादी के बाद से देश की संप्रभुता और सुरक्षा से जुड़ी कई चुनौतियों का बल ने सफलतापूर्वक समाधान दिया है। उन्होंने कहा कि चाहे वह आतंकवाद की समस्या हो, उग्रवाद या बाहरी आक्रमण, सेना ने उन खतरों को नाकाम करने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

## भाजपा ने वानती श्रीनिवासन को महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को पार्टी की तमिलनाडु इकाई की उपाध्यक्ष वानती श्रीनिवासन को महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही उन्होंने अमिताभ चक्रवर्ती को पश्चिम बंगाल इकाई का संगठन महामंत्री बनाए जाने को हरी झंडी दी। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति में इन नियुक्तियों की घोषणा की गई और कहा गया कि दोनों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पेशे से वकील श्रीनिवासन तमिलनाडु भाजपा में कई पदों पर रह चुकी हैं। वह विजया रहातकर की जगह लेंगी। पिछले महीने नड्डा ने अपनी नई टीम की घोषणा करते हुए महिला मोर्चा को छोड़, अन्य सभी मोर्चा के अध्यक्ष बदल दिए थे। अमिताभ चक्रवर्ती अभी तक पश्चिम बंगाल में भाजपा के सह संगठन मंत्री थे। वह सुब्रतो चट्टोपाध्याय की जगह लेंगे। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं।

## कोर्ट आजम खां के बेटे की याचिका पर अगले सप्ताह करेगा सुनवाई

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि सपा सांसद आजम खां के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान की, उप्र विधानसभा के लिए उनका निर्वाचन निरस्त करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने इस आधार पर उनका निर्वाचन रद्द किया कि उनकी चुनाव लड़ने की उम्र नहीं हुई थी और वह 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ को निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर अलग से एक याचिका भी दायर की गई है। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग की अपील बुधवार को सूचीबद्ध नहीं हुई है। इस पर पीठ ने कहा कि दोनों अपील पर एक साथ सुनवाई करना बेहतर होगा। इसके साथ ही पीठ ने सुनवाई अगले सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग से कहा था कि वह प्रदेश के रामपुर जिले के अंतर्गत आने वाली इस सीट के लिए उपचुनाव कराने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करे। शीर्ष अदालत ने खान का चुनाव निरस्त करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने से 17 जनवरी को इंकार कर दिया था लेकिन उसने निर्वाचन आयोग और पराजित उम्मीदवार बसपा के नवाज अली खान को नोटिस जारी किए थे। खान 11 मार्च 2017 को समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए थे। इनके निर्वाचन को बसपा के पराजित उम्मीदवार ने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट और वीजा पर दर्ज अब्दुल्ला खान की जन्म तिथि के आधार पर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

## पीडीपी के वरिष्ठ नेता हुए भाजपा में शामिल

**जम्मू।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के एक वरिष्ठ नेता बुधवार को यह कहते हुए भाजपा में शामिल हो गए कि जम्मू कश्मीर के लोग किसी भी ऐसे व्यक्ति का समर्थन नहीं करते हैं जो राष्ट्र और राष्ट्रध्वज का तिरस्कार करने का प्रयास करता है। भाजपा की एक विज्ञप्ति के अनुसार यहां पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने पीडीपी के नेता रमजान हुसैन का स्वागत किया। हुसैन ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर 2014 का जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ा था और वह हार गए थे। उसके बाद वह पीडीपी में शामिल हो गए थे। विज्ञप्ति के अनुसार हुसैन पीडीपी छोड़कर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए और इस बात पर उन्होंने बल दिया कि जम्मू कश्मीर के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से बड़े आशान्वित हैं। बयान में हुसैन के हवाले से कहा गया, जम्मू कश्मीर के लोग तिरंगा की रक्षा करने के लिए अपनी कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं और वे किसी भी ऐसे व्यक्ति का समर्थन नहीं करते हैं।

## हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष न्यायालय गए रावत

### ● कांग्रेस ने सीएम का इस्तीफा मांगा

भाषा। देहरादून



**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर सोशल मीडिया पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक दर्शन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पर झूठे आरोप लगाने वाले पत्रकार के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने तथा पूरे मामले की सीबीआई जांच के उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानूनी मामला है जिसे केवल कानूनी प्रक्रिया से ही सुलझाया जा सकता है। उन्होंने यहां संवाददाताओं के सवाल के जवाब में कहा, यह एक कानूनी मामला है। इसे केवल कानूनी प्रक्रिया से ही सुलझाया जा सकता है जो सबकुछ स्पष्ट कर देगा। दूसरी ओर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच के उच्च न्यायालय के आदेश के एक दिन बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बुधवार को नैतिक आधार पर उनका इस्तीफा मांगा।

उल्लेखनीय है कि रावत के खिलाफ एक पत्रकार द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत तथा उत्तराखंड में पार्टी मामलों के नवनियुक्त प्रभारी देवेंद्र यादव के साथ यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा, एक ऐसा मुख्यमंत्री, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सरकार की जीरो टॉलरेंस (कतई बर्दाश्त नहीं करने) की नीति का बखान करने से नहीं थकता, उसे (अदालत का) ऐसा (सीबीआई जांच का) आदेश आने के बाद अब एक मिनट भी पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

सिंह ने कहा कि पार्टी ने राज्यपाल बेबी रानी मौर्य से मिलने का समय मांगा है जिससे वह उनके सामने इस मुददे को रख सके और इस मामले में उनसे दखल देने का अनुरोध कर सके। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उच्च न्यायालय के आदेश को गंभीर बताया और मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पद छोडने को कहा। उन्होंने कहा, उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मुख्यमंत्री को तत्काल पद छोड देना चाहिए, ताकि उनके खिलाफ लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच का रास्ता साफ हो सके। रावत ने कहा कि मामले को राज्यपाल के सामने उठाने के अलावा पार्टी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए न्याय के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

नया दायित्व संभालने के बाद पहली बार राज्य में आए कांग्रेस प्रभारी यादव ने कहा कि उच्च न्यायालय के सीबीआई जांच के आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा की कथनी और करणी में फर्क है। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदएश तथा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उपाध्याय भी संवाददाता सम्मेलन में मौजूद थे। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री रावत के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों की सीबीआई जांच का मंगलवार को आदेश देते हुए पत्रकार उमेश शर्मा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रदद कर दी थी। गौरतलब है कि शर्मा ने सोशल मीडिया पर डाले गए एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री रावत से व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिए झारखंड के अमृतेश चौहान ने एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हरेंद्र रावत के बैंक खाते में पैसे जमा कराए।

## राजस्थान में जबरन धर्म परिवर्तन कराने को लेकर मामला दर्ज

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के अलवर जिले में कथित तौर पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने को लेकर एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक एक दलित व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि हरियाणा में उसका जबरन धर्मांतरण कराया गया। अलवर की पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि मंगलवार को डाक से मिली एक शिकायत के आधार पर उन्होंने बरोदा मेव पुलिस थाने को संबंद्ध धाराओं के तहत एक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। गौतम ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बुधवार को एक मामला दर्ज किया गया और मामले की जांच जारी है।

# सुशांत की बहनों के खिलाफ रिया के आरोप अटकलों पर आधारितः सीबीआई

भाषा। मुंबई

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय में कहा है कि सुशांत सिंह राजपूत की बहनों के खिलाफ दिवंगत अभिनेता के लिए जाली दवा का पर्चा हासिल करने के रिया चक्रवर्ती के आरोप ज्यादातर अटकलबाजी पर आधारित हैं। एजेंसी ने कहा कि ऐसी अटकलों पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती है। सीबीआई ने यह बात राजपूत की बहन प्रियंका सिंह और मीतू सिंह की याचिका के जवाब में कही है।

इस याचिका में दोनों बहनों ने मुंबई पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह किया है। राजपूत की लिव-इन-पार्टनर चक्रवर्ती ने आरोप लगाया था कि जून 2020 में अभिनेता के खुदकुशी करने से कुछ दिन पहले दवा के फर्जी पर्चा से एनडीपीएस कानून में प्रतिबंधित दवाइयों को लेने में राजपूत की मदद की गई थी। सीबीआई ने कहा, मौजूदा प्राथमिकी में अधिकतर आरोप अनुमान और अटकलों की प्रकृति के हैं। सीबीआई ने यह भी कहा कि वह राजपूत के पिता के के सिंह की ओर से चक्रवर्ती और उनके परिवार के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत की जांच कर रही है। यह शिकायत 34 वर्षीय अभिनेता को कथित रूप से खुदकुशी के लिए उकसाने को लेकर है।

राजपूत की बहनों ने छह अक्टूबर को वकील माधव थोराट के जरिए याचिका में बांद्रा पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की फरियाद की थी। सीबीआई ने कहा कि पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने से पहले शुरुआती जांच करनी चाहिए थी। केंद्रीय एजेंसी ने कहा, यह स्थापित कानून है कि एक ही कृत्य के लिए दो प्राथमिकियां दर्ज नहीं की जा सकती हैं... सीबीआई सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित कारणों और इससे जुड़े सभी पहलुओं की पहले से ही जांच कर रही है। सीबीआई ने कहा, इसके मद्देनजर, मुंबई पुलिस से यह अपेक्षा की गई थी कि वह खुद मामला दर्ज करने के बजाय रिया चक्रवर्ती से मिली शिकायत सीबीआई को भेज देती।

एजेंसी ने कहा, लिहाजा एक ही तथ्यों और कृत्य पर प्राथमिकी दर्ज करना अवांछित है और कानून के तहत इसकी इजाजत नहीं है। उसने कहा कि इसलिए यह प्राथमिकी अनुचित है और कानून की नजर में खराब है। सीबीआई ने कहा कि अगर चक्रवर्ती को जून 2020 में राजपूत और उनकी बहन प्रियंका के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत के बारे में जानकारी थी, जिसमें प्रियंका ने कथित रूप से अभिनेता को दवा का पर्चा भेजा था, तो अभिनेत्री को सितंबर तक चुप नहीं रहना चाहिए था।

## जम्मू-कश्मीर में नए भूमि कानूनों के विरोध में उतरी कांग्रेस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख गुलाम अहमद मीर ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी केंद्र शासित प्रदेश के लिए केंद्र द्वारा अधिसूचित नए भूमि कानूनों को खारिज करती है। बांदीपोरा जिले के गुरेज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मीर ने कहा, नए भूमि कानून जम्मू-कश्मीर के लोगों को भाजपा की ओर से एक और तोहफा है। कांग्रेस पार्टी नए भूमि कानूनों को खारिज करती है और (प्रदेश के लोगों के) अधिकारों के संरक्षण के लिए लड़ने का संकल्प लेती है। अधिसूचना पर प्रतिक्रिया देते हुए, मीर ने कहा कि विश्वासघात और धोखे की राजनीति भाजपा की पहचान है। पार्टी अलग-अलग कानूनों में संशोधन करके जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के हर अधिकार को छीनने पर आमादा है। पार्टी नेता ने कहा कि केंद्र सरकार को लोगों की आकांक्षाओं की चिंता नहीं है और वह ऐसे फैसले कर रही है जो एकतरफा, राजनीति से प्रेरित और लोगों की इच्छाओं के खिलाफ हैं। मीर ने नए भूमि कानूनों को लोगों के अधिकारों पर हमला करार देते हुए कहा कि पार्टी केंद्र सरकार के जम्मू-कश्मीर विरोधी फैसलों को स्वीकार नहीं करेगी। प्रदेश प्रमुख ने कहा, नए भूमि कानूनों से जम्मू-कश्मीर में बैचेनी पैदा होगी। राज्य का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद उसे केंद्र शासित प्रदेशों में बांट कर कमतर किया गया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग ही नहीं, बल्कि पूरा देश यह समझ चुका है कि भाजपा अपने एजेंडे को अलोकतांत्रिक तरीके से और बिना शर्त लागू करने पर आमादा है। साथ ही साथ विमर्श को बदलने के मकसद से समय समय पर अलग अलग कानूनों को शामिल कर रही है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए के निरस्त करने के एक साल बाद कई कानूनों में संशोधन करके जम्मू-कश्मीर से बाहर के लोगों के लिए केंद्र शासित प्रदेश में जमीन खरीदने का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

## स्थाई करने के लिए एनएचएम कर्मचारियों से ली जा रही रिश्वत



भाषा। मुंबई

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में कुछ लोग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों को स्थाई करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहे हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लिखे पत्र में दावा किया कि यह भ्रष्टाचार 300-400 करोड़ रुपए तक का है। फडणवीस ने पत्र में कहा कि कुछ राज्य मंत्रियों ने पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत संविदा कर्मियों को स्थाई करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा इस तरह की टिप्पणियों के बाद कुछ ऑडियो क्लिप सामने आए हैं, जिनमें कुछ लोग कर्मचारी को स्थाई करने के लिए एक लाख से 2.5 लाख रुपए तक की मांग कर रहे हैं। यह घोटाला 300 करोड़ रुपए से 400 करोड़ रुपए तक का है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य में लगभग 20,000 संविदा कर्मी हैं। एनएचएम एक केंद्र प्रायोजित योजना है, लेकिन इसका कार्यान्वयन राज्य सरकार करती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कई लोगों ने रिश्वत चुकाने के लिए कर्ज तक लिया है ताकि उन्हें स्थाई नौकरी मिल सके। मैं अपने पत्र के साथ तीन ऑडियो क्लिप भेज रहा हूं जिनमें रिश्वत को लेकर हुई कथित बातचीत रिकॉर्ड की गई है। फडणवीस ने कहा कि इस मामले में सरकार को सख्त कार्वाई करनी चाहिए और इसमें शामिल किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाना चाहिए।



कैमूर जिले के अलीपुर ब्लॉक में कोरोना वायरस महामारी के बीच बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपना वोट डालने के लिए एक कतार में खड़े लोग

## पेज 1 का शेष

### झूमकर निकले...

निर्माण के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और महागठबंधन के साथ बदलाव के सहभागी बनें। जिन प्रमुख उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज इवीएम में कैद हो गया उनमें नीतीश मंत्रीमंडल के आधा दर्जन मंत्रियों के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और राष्ट्रमंडल खेल में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह (27)भी शामिल हैं। श्रेयसी जमुई से भाजपा उम्मीदवार के रूप में लड़ीं। उनके खिलाफ राजद के विजय प्रकाश यादव डटे रहे। मंत्रियों में प्रेम कुमार (गया टाउन), विजय कुमार सिन्हा (लखीसराय), राम नारायण मंडल (बांका), कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा (जहानाबाद), जय कुमार सिंह (दिनारा) और संतोष कुमार निराला (राजपुर) हैं। इनमें से वर्मा, सिंह और निराला जद (यू) के हैं, जबकि शेष तीन मंत्री भाजपा के हैं। इमामगंज सीट पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का मुकाबला राजद उम्मीदवार और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी से था। प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की संख्या की बात करें तो पहले चरण में 71 में से सबसे ज्यादा 42 सीटों पर राजद उम्मीदवार मैदान में थे जबकि सत्ताधारी जदयू के 35, भाजपा के 29 और कांग्रेस के 20 उम्मीदवारों ने मुकाबला किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबबंधन (राजग) से बिहार में नाता तोड़कर अकेले चुनाव लड़ रही चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने 71 में से 41 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए यानी तेजस्वी यादव की राजद से सिर्फ एक कम। प्रथम चरण के 71 विधान सभा सीटों में क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र चैनपुर है, मतदातावार सबसे बड़ा विधान सभा क्षेत्र हिलसा तथा मतदातावार ही सबसे छोटा क्षेत्र बरबीघा है। इसी तरह प्रथम चरण में गया टाउन विधान सभा क्षेत्र से इस बार सबसे ज्यादा प्रत्याशी (27) तथा कटोरिया से सबसे कम प्रत्याशी (5) मैदान में थे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इन 71 विधानसभा क्षेत्रों में कड़ी निगरानी और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच तथा कोविड-19 को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए बुधवार की सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती किए जाने के साथ कुल 31,380 मतदान केन्द्रों के लिए 31,380-31,380 सेट इवीएम एवं वीवीपैट का प्रबंध किया गया। कोविड-19 दिशा-निर्देशों के तहत मतदान कर्मियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम)की सफाई के अलावा मास्क पहनना अनिवार्य था। मतदान केंद्रों पर थर्मल स्कैनिंग, सेनिटाइजर, साबुन और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अलावा सुरक्षा के सभी जरूरी उपाय किए गए थे।

### सपा को...

इसी बीच दिल्ली से चुनाव आयोग ने दो पर्यवेक्षकों को लखनऊ भेजा जिन्होंने नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया। दोपहर तीन बजे तक चुनाव आयोग को अपना निर्णय बताना था कि किसके पर्चे सही हैं और किसके पर्चे गलत लेकिन तीन बजे तक विधान भवन के सेंट्रल हाल में मीडिया का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबन्धित कर दिया गया। एक बैठक उच्च अधिकारियों की हुई। शाम को फिर बैठक होने के बाद आयोग ने अपना निर्णय लिया। बिहार और मध्य प्रदेश राज्य के प्रभारी रामजी गौतम ने बीते सोमवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया था। दूसरी ओर इस घटनाक्रम के दौरान बसपा के सात विधायक समाजवादी पार्टी के संपर्क आ गए हैं। विधायकों ने बुधवार को सपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। यादव से मिलने वाले विधायकों में असलम चौधरी, असलम राईनी, मुज्तबा सिद्दीकी, हाकम लाल बिंद, गोविन्द जाटव, वंदना सिंह और सुषमा पटेल शामिल हैं। अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद नाटकीय घटना क्रम में इनमें से कई विधायकों ने राज्यसभा में बसपा प्रत्याशी रामजी गौतम के प्रस्तावक से हटने का फैसला कर लिया। अचानक बदले इस राजनीतिक घटनाक्रम से सियासी पारा चढ़ गया। बसपा विधायकों का सपा खेमे की तरफ जाने से बढ़ी हलचल के बीच तमाम तरह की कयासबाजियां लगनी शुरू हो गयीं। इससे पूर्व मंगलवार को धौलाना से बसपा विधायक असलम चौधरी की पत्नी सपा में शामिल हो गयीं थीं। मंगलवार को ही राज्यसभा चुनाव के नामांकन के अखिरी दिन सपा ने निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश बजाज का नामांकन कराकर हलचल मचा दी। सपा से मुलाकात पर बसपा के विधायकों ने कोई बयान नहीं दिया लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि देर-सवेर ये बसपा छोड़ सपा में शामिल हो जाएंगे। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बांगरमऊ विधानसभा उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी महेश पाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने आए बसपा राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने विधायकों की बगावत को लेकर समाजवादी पार्टी पर हमला बोला है। सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि खरीद फरोख्त की राजनीति समाजवादी पार्टी की पुरानी परंपरा है। इसमें कोई नई चीज नहीं है। उन्होंने जो संदेशा दिया है, वो अपने खिलाफ दिया है। मामले में बागी विधायकों पर बसपा की तरफसे कार्रवाई के सवाल पर सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि कार्रवाई करेंगे, आपको पता लग जाएगा। वहीं ईवीएम को लेकर मंच से दिए बयान पर बसपा राष्ट्रीय महासचिव बोले कि वोटरों को चौकन्ना रहना चाहिए। इससे पहले बसपा नेता उमाशंकर सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने बसपा को नहीं एक दलित को आगे बढ़ने से रोका है। दलित समाज सपा को मुहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने कहा कि सपा ने बसपा विधायकों की खरीद-फरोख्त कराई है। सपा की इस हरकत से बसपा पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### एयर इंडिया...

आ सकते हैं जब उन्हें यात्रा से 72 घंटे पहले कराई गई जांच में कोविड-19 नेगेटिव पाया गया हो। साथ ही सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को हांगकांग पहुंचने पर वहां के हवाई अड्डे पर कोविड-19 जांच कराना जरूरी है।

### कोरोना को...

और वृद्धाआश्रम में नियमित तौर पर जांच कराए जाने के आदेश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि ठंड में कोरोना के केसों की संख्या में इजाफा होने की आशंका है। नवंबर और दिसंबर माह को ध्यान रखते हुए यूपी सरकार द्वारा कोरोना की रोकथाम के लिए प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य के तहत आरटीपीसीआर कराए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कान्टैक्ट ट्रेंसिंग को गति देते हुए प्रत्येक पॉजिटिव केस के औसतन 25 संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाकर उनकी जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवियर एक्यूट रिस्पेरेटरी इलनेस के मामलों और गंभीर मरीजों की कोविड जांच सुनिश्चित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि यूपी के सभी जिलों में 15 दिसंबर तक कोल्ड चेन बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। यूपी के सभी अस्पतालों में कोविड के बेड पर्याप्त संख्या में हैं। अधिक जांच होने से मामलों की संख्या में इजाफा होगा लेकिन जाड़े के मौसम में यही प्रयास संभावित मामलों में उछाल को रोकने में कारगर साबित होगा।

## आंध्र प्रदेश में छह किशोरों की डूबने से मौत

भाषा। अमरावती

**आंध्र** प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में बुधवार को एक छोटी नदी में डूबने से छह किशोरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। ये किशोर परिवार और मित्रों के साथ एक पार्टी मना रहे थे। दोपहर के भोजन के बाद, किशोरों ने पास के पेडावगु में एक नदी में तैरने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान वे डूब गए। उन्होंने बताया, आम तौर पर नदी की गहराई दो फुट होती है लेकिन हाल में हुई बारिश और बाढ़ के कारण इसकी गहराई लगभग 10 फुट थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, इन किशोरों ने तैरने का प्रयास किया लेकिन दुर्भाग्यवश वे डूब गए। उन्होंने बताया कि शवों को बाहर निकालने के लिए विशेषज्ञ गोताखोर बुलाए गए थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान भूदेवीपेटा गांव के रहने वाले जी मनोज (16), कोनवरापु राधाकृष्ण (16), कर्णति रंजीत (16), श्रीरामुला शिवाजी (17), गंगाधर वेंकट (17) और भुवन (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# केकेआर का समीकरण बिगाड़ने उतरेगा सीएसके

**मुकाबला आज**

संवाददाता। दुबई

**प्लेऑफ** की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बाकी टीमों के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगी और इसमें उसका पहला निशाना जीत के लिए बेताब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) होगा जिसके खिलाफ उसे गुरुवार को यहां मैच खेलना है।

केकेआर के 12 मैचों में 12 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने के लिए अगले दोनों मैच जीतने होंगे। चेन्नई आठ टीमों की तालिका में अंतिम स्थान पर है और उसकी टीम अब प्रतिष्ठा की खातिर मैदान पर उतरेगी। टूर्नामेंट के इस दौर में कुछ टीमों की हार जीत से कई टीमें 14 या 16 अंक तक पहुंच सकती हैं और ऐसे में बेहतर रन गति से प्लेऑफ के स्थानों का निर्धारण होगा। इसे ध्यान में रखते हुए केकेआर के लिए बड़े अंतर से जीत दर्ज करना महत्वपूर्ण है। केकेआर के लिए चेन्नई के खिलाफ काम आसान नहीं होगा। चेन्नई ने अपने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

केकेआर का बल्लेबाजी क्रम इयोन मोर्गन के लिए चिंता का विषय है और उन्हें उम्मीद होगी कि अब जबकि टीम को सख्त जरूरत है तब पूर्व कप्तान दिनेश कार्तिक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। नितीश राणा का प्रदर्शन भी उतार चढ़ाव वाला रहा है। उसके बाकी बल्लेबाजों के प्रदर्शन में भी निरंतरता का अभाव है। गेंदबाजों ने केकेआर की तरफ से अभी तक अच्छी भूमिका निभाई है। तमिलनाडु के रहस्यमई स्पिनर वरुण चक्रवर्ती प्रभावशाली रहे हैं और अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर उन्हें भारतीय टी-20 टीम में भी जगह मिली है। केकेआर के गेंदबाजों को चेन्नई के बल्लेबाजों के सामने किसी भी तरह की ढिलाई बरतने से बचना होगा। चेन्नई के बल्लेबाज भी निरंतर एक जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन जब उनका दिन होता है तो वे किसी भी तरह के आक्रमण धज्जियां उड़ा सकते हैं। पहली बार प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाले चेन्नई के सामने कोलकाता के बल्लेबाजों को विविधतापूर्ण आक्रमण की चुनौती से पार पाना होगा। मिशेल सेंटनर को अंतिम एकादश में शामिल किए जाने के बाद चेन्नई की गेंदबाजी को मजबूती मिली है। आरसीबी पर जीत से चेन्नई के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। युवा ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में शानदार पारी खेली और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उनसे इसी फार्म की उम्मीद कर रहे होंगे। उनके अन्य बल्लेबाज भी अब स्वच्छंद होकर बड़ी पारियां खेलने पर ध्यान देंगे।

**टीमें:** चेन्नई सुपर किंग्स: महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), मुरली विजय, अंबाती रायडू, फाफ डु प्लेसिस, शेन वॉटसन, केदार जाधव, रवींद्र जडेजा, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, पीयूष चावला, इमरान ताहिर, मिशेल सेंटनर, जोश हेजलवुड, शार्दुल ठाकुर, सैम कुरेन, एन जगदीसन, केएम आसिफ, मोनू कुमार, आर साई किशोर, ऋतुराज गायकवाड़, कर्ण शर्मा।

कोलकाता नाइट राइडर्स: इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, रिंकू सिंह, शुभमन गिल, सिद्धेश लाड, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, पैट कमिंस, प्रसिद्ध कृष्ण, संदीप वारियर, शिवम मावी, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, क्रिस ग्रीन, एम सिद्धार्थ, सुनील नरेन, निखिल नाइक, टॉम बैंटन, टिम सेफर्ट।

**लक्ष्य का पीछा करने में नाकामी चिंता का विषय: पोंटिंग**

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने स्वीकार किया कि उनकी टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करना चिंता का विषय बना हुआ है और अगर उसे लगातार तीन मैच गंवाने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अगले दोनों मैच जीतने हैं तो इसमें तुरंत सुधार करना होगा। बेहतरीन शुरुआत के बाद दिल्ली ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं और इनमें से दो अवसरों पर वह लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा। इनमें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मंगलवार को मिली हार भी शामिल है। अभी वह आईपीएल अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है।

पोंटिंग ने कहा कि यह चिंता का विषय है। जब हमने पहले गेंदबाजी का फैसला किया तो हमने उन्हें बड़ा स्कोर बनाने दिया। हमें इसमें बेहतर खेल दिखाना होगा।

## अय्यर को अगले दो मैचों में जीत से प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद




**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 88 रन से मिली करारी हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने पावरप्ले में ही मैच गंवा दिया था लेकिन उन्हें अगले दो मैचों में एक जीत दर्ज करके प्लेऑफ में प्रवेश का यकीन है। अय्यर ने मंगलवार की रात को मैच के बाद कहा कि यह बड़ी हार है लेकिन इस समय हार का गम नहीं मना सकते। अभी हमें दो मैच और खेलने हैं और बस एक जीत की जरूरत है। हम पिछले तीन मैचों से उस जीत का इंतजार कर रहे हैं। इस हार से हमें बाकी मैचों में अच्छे प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने पावरप्ले में 70 रन बना लिए और हम वहीं मैच गंवा बैठे थे। हमें मजबूत और सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरना है। इन पराजयों से मनोबल नहीं टूटना चाहिए। इन तीन मैचों से पहले के प्रदर्शन को ध्यान में रखना होगा। सनराइजर्स के कप्तान डेविड वार्नर ने कहा कि अगले दो मैचों में भी उनका लक्ष्य बड़े स्कोर बनाने का होगा ताकि प्लेऑफ में प्रवेश की उम्मीद बनी रहे। उन्होंने कहा कि हम आज टास जीतने पर भी पहले बल्लेबाजी ही चुनते। हमें उनके तेज गेंदबाजों को निशाना बनाना था। जॉनी बेयरस्टॉ को बाहर रखने का फैसला कठिन था लेकिन हमें लगा कि चौथे नंबर पर केन विलियमसन की जरूरत है। उन्होंने 87 रन बनाने वाले रिधिमान साहा की तारीफ करते हुए कहा कि पावरप्ले में उसका स्ट्राइक रेट कमाल का है। उसे ग्रोइन में चोट लगी है। विजय शंकर की चोट के बारे में अभी पता नहीं चला है। वार्नर ने कहा कि राशिद में विकेट लेने और किफायती गेंदबाजी दोनों की खूबी है। हमें शारजाह में दो मैच और खेलने हैं। अगर हम इसी तरह 220 रन बना सके तो कौन जानता है कि हम प्लेऑफ में पहुंच जाएं।

# मुंबई इंडियंस प्लेआफ में पहुंचा

## बुमराह और यादव ने मुंबई को आरसीबी पर पांच विकेट से जीत दिलाई






देवदत्त पडीक्कल ने बेहतरीन 74 रन बनाए

भाषा। अबुधाबी

**जसप्रीत** बुमराह की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार यादव की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के शीर्ष दो टीमों के मुकाबले में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को पांच विकेट से हराकर प्लेआफ में प्रवेश तय कर लिया। बुमराह की कसी हुई गेंदबाजी के सामने देवदत्त पडीक्कल (45 गेंद में 74 रन) को छोड़कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका और छह विकेट पर 164 रन ही बना सके। जवाब में मुंबई ने पांच गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने का गम भुलाते हुए यादव 43 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 79 रन बनाकर नाबाद रहे।

इस जीत के बाद मुंबई 12 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि आरसीबी इतने ही मैचों में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स के 12 मैचों में 14 अंक है लेकिन वह नेट रनरेट के आधार पर तीसरे स्थान पर है। किंग्स इलेवन पंजाब और कोलकाता नाइट राइडर्स के 12 मैचों में 12 अंक हैं। मुंबई के लिए यादव को छोड़कर हालांकि कोई बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सका। हार्दिक पंड्या ने 15 गेंद में 17 रन बनाए। क्विंटॉन डिकॉक (19) और ईशान किशन (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई आरसीबी के लिए पडीक्कल ने 45 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रन बनाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए जोश फिलिपे (33) के साथ 71 रन जोड़े। इसके बाद आरसीबी का मध्यक्रम चरमरा गया और मुंबई के गेंदबाजों ने दबाव बना लिया। बुमराह ने चार ओवर में सिर्फ 14 रन देकर तीन विकेट लिए। पडीक्कल ने डीप एक्स्ट्रा कवर पर चौके के साथ शुरुआत की और तीसरे ओवर में क्रुणाल पंड्या को लगातार तीन चौके लगाए। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने बिना किसी दबाव के खेलना जारी रखा। फिलिप ने ट्रेंट बोल्ट को पांचवें ओवर में छक्का भी जड़ा। पडीक्कल ने जेम्स पेटिंसन के अगले ओवर में दो चौके लगाए। छठे ओवर में आरसीबी का स्कोर बिना किसी नुकसान के 54 रन था। इसके बाद लेग स्पिनर राहुल चाहर ने फिलीप को ललचाया जो आगे बढ़कर खेलने के प्रयास में चूके लेकिन क्विंटॉन डिकॉक ने स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। पडीक्कल ने चाहर को दो चौके और लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। कप्तान विराट कोहली (नौ) टिक नहीं सके जिन्हें बुमराह ने सौरभ तिवारी के हाथों लपकवाया। दूसरे छोर से हालांकि पडीक्कल ने चाहर को 15वें ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाकर 16 रन निकाले। आरसीबी ने मध्यक्रम के चार विकेट जल्दी गंवा दिए। एबी डिविलियर्स (15), शिवम दुबे (दो), पडीक्कल और क्रिस मोरिस (चार) के पवेलियन लौटने से आरसीबी का स्कोर छह विकेट पर 138 रन हो गया। गुरकीरत मान ने 14 रन तेजी से बनाए लेकिन डैथ ओवरों में मुंबई के गेंदबाजों ने हमेशा की तरह उम्दा प्रदर्शन किया। आखिरी पांच ओवर में सिर्फ 35 रन बने।

# आस्ट्रेलिया दौरा: पहले टेस्ट से पूर्व दिन-रात्रि अभ्यास मैच खेलेगा भारत

भाषा। मेलबर्न

**भारतीय** क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पूर्व सिडनी में एक दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को भारतीय टीम के 69 दिन तक चलने वाले इस दौरे का पूरा कार्यक्रम जारी किया। इस दौरे में सिडनी में 14 दिन का पृथकवास भी शामिल है जो 12 नवंबर से शुरू होगा।

भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 10 नवंबर को होने वाले फाइनल के बाद आस्ट्रेलिया रवाना होगी। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली टेस्ट शृंखला की शुरुआत 17 दिसंबर को एडिलेड ओवल में दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगी।

इससे पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मांग के अनुरूप मेलबर्न में होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के और सिडनी में नए साल के टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतर रखा गया है।

**कार्यक्रम**

वनडे सीरीज: पहला 27 नवंबर: सिडनी (दिन-रात्रि), दूसरा: रविवार, 29 नवंबर: सिडनी (दिन-रात्रि) तीसरा: बुधवार, 2 दिसंबर: कैनबरा (दिन-रात्रि)। टी-20 सीरीज: पहला: शुक्रवार, 4 दिसंबर: कैनबरा (रात), दूसरा: रविवार, 6 दिसंबर - सिडनी (रात), तीसरा: मंगलवार, 8 दिसंबर - सिडनी (रात)। टेस्ट सीरीज: पहला : 17-21 दिसंबर - एडिलेड (दिन-रात्रि), दूसरा: 26-30 दिसंबर- मेलबर्न, तीसरा: 7-11 जनवरी- सिडनी, चौथा : 15-19 जनवरी - ब्रिस्बेन।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि भारतीय टीम 12 नवंबर को सिडनी पहुंचेगी। टीम 27 नवंबर को इस दौरे के पहले मैच से पूर्व सिडनी में पृथकवास पर रहेगी। भारत छह से आठ दिसंबर के बीच ड्रमोयन ओवल (न्यू साउथ वेल्स) में आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैच खेलेगा और फिर आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ही सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 11 से 13 दिसंबर तक दिन रात्रि मैच खेलेगा।

## चौरसिया व शुभंकर साइप्रस ओपन में पेश करेंगे चुनौती

कौकिल्या (**साइप्रस**)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और एसएसपी चौरसिया गुरुवार से यहां पहली बार खेले जा रहे एफ्रोडाइट हिल्स साइप्रस ओपन में चुनौती पेश करेंगे। स्कॉटिश ओपन से खेल में वापसी करने वाले चौरसिया पिछले सप्ताह इटैलियन ओपन में कट हासिल करने से चूक गए थे। कोविड-19 महामारी के दौरान खेल के फिर से शुरू होने के बाद शुभंकर यूरोपीय टूर पर काफी व्यस्त रहे हैं। उन्होंने सत्र के दूसरे टूर्नामेंट हीरो ओपन (ब्रिटेन) से वापसी करने के बाद कुल 11 टूर्नामेंटों में भाग लिया है। वह पिछले सप्ताह विश्राम करने के बाद फिर मैदान में उतरने को तैयार शुभंकर ने कहा, मुझे थकावट महसूस नहीं हो रही है। मुझे जितना मौका मिल रहा है उतना खेल का खुश हूं। मैंने लॉकडाउन के दौरान भी ऐसा ही करने की कोशिश की। मुझे हालांकि उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले है। पिछले 11 टूर्नामेंटों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्कॉटिश ओपन में संयुक्त 37वां स्थान रहा है।चौरसिया कोरोना वायरस महामारी के दौरान यात्रा प्रतिबंधों और फिर इस बीमारी की चपेट में आने के कारण भारत में थे और यूरोपीय टूर के शुरुआती मुकाबलों में भाग नहीं ले पाए।

## विश्व चैंपियन कोलमैन दो साल के लिए प्रतिबंधित, टोक्यो ओलंपिक में नहीं खेल पाएंगे



**मोनाको।** पुरुष वर्ग में 100 मीटर के विश्व चैंपियन क्रिस्टियन कोलमैन पर डोपिंग नियंत्रण से जुड़े तीन नियमों का उल्लंघन करने के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। ट्रैक एवं फील्ड की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि कोलमैन पर मई 2022 तक प्रतिबंध लगाया गया है और इस कारण वह अगले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे। इस 24 वर्षीय अमेरिकी धावक को मई में ही अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया था। वह 2019 में तीन बार नमूना एकत्रित करने वाले अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होने में नाकाम रहे थे। अगर कोई खिलाड़ी 12 महीने के अंदर तथाकथित ठहरने के स्थान के नियम का तीन बार उल्लंघन करता है तो उसे दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ता है। कोलमैन इसके खिलाफ खेल पंचाट में अपील कर सकते हैं। उन्हें ओलंपिक स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। उन्होंने दोहा में 2019 में 100 मीटर और चार गुणा 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीते थे।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में विश्व जूडो दिवस पर उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित ब्लैक बेल्ट वितरण कार्यक्रम में 41 राष्ट्रीय स्तर के जूडो खिलाड़ियों को सम्मानित किया

# रीयल मैड्रिड ने ड्रा खेला

**चैंपियन्स लीग फुटबॉल**

एपी। मैड्रिड

**रीयल** मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने दूसरे मैच में आखिरी क्षणों तक दो गोल से पिछड़ने के बाद बोरुसिया मोनेशेनग्लैडबाक को 2-2 से ड्रा पर रोका जबकि मैनचेस्टर सिटी ने मार्सेली को 3-0 गोल से हराया। रीयल के दो मैचों में अब केवल एक अंक है और उसे चैंपियन्स लीग के प्रत्येक सत्र में नॉकआउट चरण में पहुंचने के अपने रिकार्ड को बरकरार रखने के लिए आगे बेहतर खेल दिखाना होगा।

बोरुसिया मोनेशेनग्लैडबाक के खिलाफ मैच में 87वें मिनट तक लग रहा था कि रीयल मैड्रिड को चैंपियन्स लीग में अपनी लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ेगा। तब तक उसकी टीम मार्कस थुर्म (33वें और 58वें मिनट) के दो गोल के कारण 0-2 से पीछे चल रही थी। लेकिन करीम बेंजेमा (87वें मिनट) और कैसेमीरो (इंजुरी टाइम के तीसरे मिनट) के गोल से रीयल मैच ड्रा कराने में सफल रहा। रीयल ने पिछले सप्ताह अपना पहला मैच शखतार डोनेस्क से 2-3 गोल से गंवाया था। उसका अगला मुकाबला इंटर मिलान से होगा। मौजूदा चैंपियन बायर्न म्यूनिख ने लोकोमोटिव मास्को को 2-1 गोल से हराकर चैंपियन्स लीग में अपने विजय अभियान को 13 मैचों तक पहुंचाया। मैनचेस्टर सिटी ने भी मार्सेली को 3-0 से हराकर पूरे अंक हासिल किए। इंग्लैंड की टीम पहली बार चैंपियन्स लीग जीतने की कवायद में है। बायर्न की तरह सिटी के भी छह अंक हो गए हैं। लिवरपूल एक अन्य टीम है जिसने अब तक अपने दोनों मैच जीते हैं। डिएगो जोटा ने क्लब के 128 साल के इतिहास में 10,000वां गोल किया।

## मेसी के साथ मतभेदों के बीच बार्सिलोना के अध्यक्ष बार्तोमेयु ने त्यागपत्र दिया

**मैड्रिड।** बार्सिलोना के अध्यक्ष जोसेफ बार्तोमेयु ने स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के साथ मतभेदों के बीच अपने पद से त्यागपत्र दे दिया और साथ ही खुलासा किया कि यह स्पेनिश क्लब शीर्ष यूरोपीय टीमों के नए सुपर लीग में शामिल होने का इच्छुक है। पिछले एक दशक में क्लब के सबसे खराब सत्र के बाद बार्तोमेयु ने बोर्ड के सभी निदेशकों के त्यागपत्र की भी घोषणा की। बार्तोमेयु कोरोना वायरस महामारी के दौरान क्लब के 110,000 सदस्यों के स्वास्थ्य चिंता का हवाला देकर मतदान में देरी चाहते थे लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने साफ कर दिया कि मतदान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। बार्सिलोना के 20,000 से भी अधिक सदस्यों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि बार्तोमेयु और बोर्ड के उनके सदस्यों को निंदा प्रस्ताव का सामना करना पड़े। इससे पहले मेसी ने कहा था कि वह क्लब को छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब निदेशकों की आलोचना की थी। उन्होंने बार्तोमेयु पर वादे से मुकरने का भी आरोप लगाया था। बार्तोमेयु ने इस्तीफा देने के साथ यूरोपीय सुपर लीग का हिस्सा बनने के लिए मंजूरी देने की घोषणा भी की।

## चेन्नईयिन का बालाजी व आकिब से अनुबंध

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में दो बार के चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को युवा खिलाड़ियों गणेशन बालाजी और आकिब नवाब के साथ अनुबंध करने की घोषणा की। चेन्नईयिन ने इसके साथ चेन्नई में जन्में गोलकीपर बी वाई रेवांत को सीनियर टीम में रखने का फैसला भी किया। वह इससे पहले बी टीम का हिस्सा थे। वह चौथे गोलकीपर के रूप में गोवा में टीम से जुड़ेंगे। युवा टीम के खिलाड़ी मोहम्मद लियाकत और राहुल के (दोनों 16 साल) चेन्नईयिन की युवा टीम के सदस्य बने रहेंगे। बालाजी और नवाब दोनों 18 साल के हैं और उनके साथ चेन्नईयिन ने अगले कुछ वर्षों के लिए अनुबंध किया है।

# वैश्विक बाजारों में बिकवाली के चलते सेंसेक्स 600 अंक लुढ़का

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई। यूरोप और अमेरिका में कोरोना वायरस संक्रमण के फिर से फैलने और इसकी रोकथाम के लिए लॉकडाउन लगाए जाने की आशंका के बीच वैश्विक स्तर पर बिकवाली का घरेलू शेयर बाजारों पर असर पड़ा और बीएसई सेंसेक्स 600 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 11,750 अंक से नीचे आ गया। कारोबारियों के अनुसार इसके अलावा रुपए की विनिमय दर में गिरावट और कुछ कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम हल्के रहने से निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 39,774.60 अंक तक नीचे चला गया था। बाद में इसमें कुछ सुधार आया। फिर भी अंत में पिछले दिन के बंद के मुकाबले 599.64 अंक यानी 1.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 39,922.46 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 159.80 अंक यानी 1.34 प्रतिशत लुढ़क कर 11,729.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक में सबसे ज्यादा नुकसान रहा। इसमें 3.45 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर 1.20 प्रतिशत नीचे आया। टाटा समूह की इस कंपनी का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 37.81 प्रतिशत घटकर 199 करोड़ रुपये रहने से कंपनी का शेयर टूटा।

## वित्त मंत्रालय ने अनुग्रह राहत भुगतान पर एफएक्यू जारी किया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कहा है कि चक्रवृद्धि और साधारण ब्याज के बीच अंतर के लिए अनुग्रह राहत भुगतान योजना के तहत 29 फरवरी को बकाया ऋण को संदर्भ राशि माना जाएगा। इस अंतर की गणना इसी बकाया राशि के आधार पर की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को इस बारे एफएक्यू (बार-बार पूछे जाने वाले सवाल) जारी किए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सभी कर्जदाता संस्थानों से मंगलवार को कहा था कि वे दो करोड़ रुपए तक के कर्ज के लिए, हाल ही में घोषित ब्याज पर ब्याज की माफी योजना को लागू करें। इस योजना के तहत दो करोड़ रुपए तक के कर्ज पर ब्याज के ऊपर लगने वाला ब्याज एक मार्च से छह महीने के लिए माफ किया जाएगा। सरकार ने पिछले शुक्रवार को पात्र ऋण खातों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच के अंतर के भुगतान को लेकर छह माह के लिए अनुग्रह या अनुदान की घोषणा की थी। सरकार ने सभी बैंकों को पांच नवंबर तक चक्रवृद्धि ब्याज व साधारण ब्याज के अंतर को कर्जदारों के खाते में जमा करने के लिए कहा था।

## वित्तीय आयोग इस महीने के अंत तक सौंप देगा अपनी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एनके सिंह की अध्यक्षता में गठित 15वां वित्त आयोग अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। आयोग को 2021-26 के लिए अपनी रिपोर्ट 30 अक्टूबर, 2020 तक सरकार को सौंपनी है। रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले 15वें वित्त आयोग के चेयरमैन एनके सिंह ने पूर्व वित्त आयोग के प्रमुखों के साथ बैठक की। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब आयोग अपनी सिफारिशों को लेकर विचार-विमर्श को लेकर प्रक्रिया पूरी कर चुका है और अंतिम रिपोर्ट देने की तैयारी में है।

## अमेरिकी कंपनी ने लाइसेंस पाने के लिए भारतीय अधिकारी को 10 लाख रिश्वत दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा एक अमेरिकी स्प्रिट विनिर्माता द्वारा भारत में अपने पेय उत्पाद के विपणन और बिक्री का लाइसेंस पाने के लिए कथित रूप से एक वरिष्ठ भारतीय अधिकारी को 10 लाख रुपये की घूस देने की जांच शुरू किए जाने के बाद उक्त कंपनी ने इस मुकदमे को बंद करने के लिए 1.95 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने पर सहमति जताई है। शिकागो स्थित इस कंपनी ने 2006 में भारतीय कारोबार का अधिग्रहण किया था। अमेरिकी न्याय विभाग के आरोपों के अनुसार बीम इंडिया ने अपने कारोबार को बनाए रखने के लिए 2012 की तीसरी तिमाही में विभिन्न सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी और अनुचित भुगतान किया। न्याय विभाग ने आरोप लगाया कि बीम सनटोरी इंक (बीम) ने अपने कई उत्पादों को भारतीय बाजार में बेचने का लाइसेंस पाने के लिए भारत सरकार के एक अधिकारी को रिश्वत दी।

## डिजिटलीकरण से आईटी पर 6800 अरब डॉलर खर्च होंगे: आईडीसी

**बेंगलुरु।** अंतरराष्ट्रीय डाटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) के मुताबिक वैश्विक अर्थव्यवस्था में डिजिटलीकरण पर जोर बना रहेगा और 2020 से 2023 के बीच आईटी पर 6800 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च होंगे। शोध फर्म ने 2021 और उससे आगे के लिए सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के पूर्वानुमानों में कहा कि कोविड-19 महामारी का प्रकोप हर जगह है और कई वाह्य कारण बदलाव के वाहक बन रहे हैं। वैश्विक महामारी के चलते 2020 में बाधाएं आई हैं, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था का डिजिटल सफर जारी रहेगा और ज्यादातर उत्पाद एवं सेवाएं डिजिटल डिलिवरी मॉडल पर आधारित होंगे। आईडीसी की विज्ञप्ति में कहा गया कि इन बदलावों के साथ ही 2022 तक वैश्विक जीडीपी का 65 प्रतिशत हिस्सा डिजिटल हो जाएगा और 2020 से 2023 तक आईटी पर 6800 अरब डॉलर खर्च होंगे।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का लाभ पहली छमाही में 53 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में उसका कर पश्चात लाभ 53 प्रतिशत बढ़कर 300 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसका कर पश्चात लाभ 196 करोड़ था। बीमा कंपनी ने बताया कि उसकी कुल लिखित प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) अप्रैल-सितंबर में 17 प्रतिशत बढ़कर 3,658 करोड़ रुपए हो गई, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 3,118 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसका अंडरराइटिंग मुनाफा 56 करोड़ रुपए रहा।



श्रीलंका में अपने दौरे के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो अपने समकक्ष से मिलते हुए

# 'श्रीलंका को लेकर अमेरिका का नजरिया चीन से बहुत अलग है'

**भाषा।** कोलंबो

**अमेरिका के** विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने मंगलवार को यहां कहा कि श्रीलंका को लेकर अमेरिका का नजरिया चीन से बहुत अलग है। उन्होंने द्वीप राष्ट्र की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद श्रीलंका के विदेश मंत्री दिनेश गुणवर्धने के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अमेरिका के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि अमेरिका और श्रीलंका ने एक लोकतांत्रिक नजरिए को साझा किया है।उन्होंने कहा, वास्तव में, एक मजबूत संप्रभु श्रीलंका विश्व मंच पर एक सकारात्मक भागीदार है। यह एक हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए उम्मीद की एक किरण हो सकता है। पोम्पियो ने एक सवाल के जवाव में कहा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी एक शिकारी है। अमेरिका अलग तरह से आता है..., हम दोस्त के रूप में आते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में पोम्पियो अमेरिका के सबसे वरिष्ठ मंत्री हैं जिन्होंने श्रीलंका की यात्रा की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और श्रीलंका ने मजबूत संबंध बनाने और लोकतांत्रिक चुनाव आयोजित करने की स्वतंत्रता के लिए एक दृष्टिकोण साझा किया हे।अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, अमेरिका लोकतांत्रिक और पूरी तरह से स्वतंत्र श्रीलंका के साथ अपने संबंधों को बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने श्रीलंका के नेताओं से (कोविड-19) महामारी, जो चीन के वुहान से आई थी पर चर्चा की थी।पोम्पियो ने कहा कि उन्होंने हमारे सुरक्षा अभियानों के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि वह उत्तरी कोलंबो में सेंट एंथोनी गिरजाघर का दौरा करेंगे, जो पिछले साल हुए ईस्टर रविवार के हमलों से तबाह हुए गिरजाघरों में से एक है।गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका एक गुट-निरपेक्ष राष्ट्र बना रहेगा और इस आधार पर अमेरिकी अधिकारियों ने श्रीलंका का दौरा किया। विदेश मंत्री पोम्पियो, रक्षा मंत्री मार्क टी एस्पर के साथ भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू वार्ता के तीसरे संस्करण के लिए भारत आए थे।पोम्पियो की यात्रा को श्रीलंका में चीन के बढ़ते दबाव के मद्देनजर देखा जा रहा है। इससे महीने की शुरूआत में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाने के लिए समन्वय को बढ़ाने पर सहमत हुए थे।इस बीच विपक्षी दल विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) ने अमेरिकी दूतावास के सामने विरोध प्रदर्शन किया जिसमें अमेरिका से श्रीलंका में कथित हस्तक्षेप को समाप्त करने का आग्रह किया गया। पोम्पियो की कोलंबो यात्रा से केवल एक दिन पहले चीनी दूतावास ने अमेरिका पर चीन और श्रीलंका के बीच संबंधों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था।

# ट्रंप ने मीडिया पर बाइडेन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप छुपाने का आरोप लगाया

**भाषा।** मिलवॉकी (अमेरिका)

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुख्य धारा की मीडिया और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को छुपाने का आरोप लगाया है।

चुनाव प्रचार अभियान के दौरान राष्ट्रपति पद के दोनों दावेदारों ने एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति का आरोप है कि बाइडेन को रूस से 35 लाख अमेरिकी डॉलर की रकम मिली जो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के जरिए आई क्योंकि वह मास्को के पूर्व महापौर के अच्छे मित्र हैं।बाइडेन ने इन आरोपों से इनकार किया है। चुनावी रैली के लिए निकलने से पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, आज जो हम देख रहे हैं, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद समय है और मीडिया और निश्चित रूप से बड़ी टेक (कम्पनियों) के लिए इसे बेहद दुखद युग माना जाएगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो इन कम्पनियों के साथ हो रहा है, मुझे



लगता है कि उन्होंने अपने आपको बहुत नुकसान पहुंचाया है क्योंकि उन्हें खुद को बेहद सीमित कर लिया है। आपको पता है, जब वे भ्रष्टाचार नहीं दिखाना चाहते, जैसे कि बाइडेन के मामले में.... वह पूरी तरह भ्रष्टाचार है और सबको पता है...। राष्ट्रपति ने कहा, उन्हें पता है कि मेरा ताल्लुक कहां से है। यह काफी भेदभावपूर्ण है। ऐसा कभी किसी ने नहीं देखा। यह प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है, मेरे कहने का मतलब है कि यह इसके विपरीत है। यकीनन मीडिया भी इसमें शामिल है। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है।वहीं एक अन्य प्रमुख राज्य विस्कॉन्सिन में अलग चुनावी रैली में उनके सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने आरोप लगाया कि मीडिया और बड़ी टेक कंपनियां बाइडेन और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से चुनाव प्रचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य धारा में मीडिया आज सेंसरशिप में लगा है और आरोप लगाया कि वे बाइडेन और उनके परिवार के खिलाफ किसी भी नकारात्मक खबर को बाहर नहीं आने दे रहे। ट्रंप जूनियर अपनी तुलना बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन से करते हैं जो भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं।

## गुस्सा और संदेह बढ़ रहा है, जख्म गहरे होते जा रहे हैं : बाइडेन



**मिलवॉकी (अमेरिका)।** डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने मंगलवार को कहा कि देश में गुस्सा और संदेह बढ़ रहा है और जख्म गहरे होते जा रहे हैं और कोरोना वायरस संक्रमण से बुरी तरह प्रभावित अमेरिका को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है जो देश के लोगों को अलग करने के बजाय उन्हें एकजुट करे।जॉर्जिया के वॉर्म स्प्रिंग्स में एक सभा को संबोधित करते हुए बाइडेन ने खुद को एक ऐसे उम्मीदवार के तौर पर पेश किया जो देश को एकजुट करने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइडेन ने कहा, पिछले कुछ महीनों में, अमेरिका ने काफी दर्द, काफी नुकसान उठाया है। 2,25,000 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई है, इनमें से कई लोगों ने अस्पतालों के कमरे, नर्सिंग होम में अकेलेजान गंवाई.... अपने आखिरी पलों में उनके पास ना परिवार था, ना दोस्त ना प्रियजन। उन्होंने कहा, और यह कई परिवार को डराता है, जिन परिवारों को आखिरी बार अलविदा कहने का मौका भी नहीं मिला। हमारे समय का दुखद सच यह है कि कोविड ने इस देश में एक गहरा और स्थाई घाव छोड़ दिया है। लाखों अमेरिकियों ने अपनी नौकरी खो दी है और हम खाली दुकानें और बंद व्यवसाय देखते हैं ... जो खोई हुई आशाओं और सपनों को दिखाते हैं। बाइडेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हमला बोलते हुए कहा कि अमेरिका को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है, जो अपनी नहीं दूसरों की सोचे, जो लोगों को अलग करने के बजाय उन्हें एकजुट करे, जिसे टीवी रेटिंग की बजाय अमेरिका के लोगों की अधिक चिंता हो। इस बीच, फ्लोरिडा में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि ट्रम्प को कोविड-19 की अधिक खबरे दिखाए जाने से जलन है।ओबामा ने कहा, उन्हें कोविड की मीडिया कवरेज से जलन है।

# ब्रिटेन का हीथ्रो नहीं, फ्रांस का चार्ल्स द गाल बन गया है यूरोप का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा

**एपी।** लंदन

**कोविड-19** महामारी शुरू होने के बाद से लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट यूरोप के सबसे व्यस्त हवाई अड्डा में शामिल नहीं है और पेरिस का चार्ल्स द गाल एयरपोर्ट यात्रियों की आवाजाही के हिसाब से पहले स्थान पर पहुंच गया है। हीथ्रो हवाई अड्डा प्राधिकार ने बुधवार को कहा कि इस साल पूर्व में जितने यात्रियों की आवाजाही का अनुमान लगाया गया था, उसमें गिरावट आने की आशंका है और 2021 में फिर से यात्रियों की संख्या बढ़ेगी।हवाई अड्डा प्राधिकार ने इस साल 2.26 करोड़ यात्रियों और 2021 में 3.71 करोड़ यात्रियों की आवाजाही का अनुमान जताया है। सरकारों द्वारा यात्रा संबंधी पाबंदी लागू होने के कारण इस साल वाणिज्यिक विमान सेवाएं प्रभावित हुईं और यात्री उड़ानें रद्द कर दी गईं। कुछ देशों ने पृथक-वास की अवधि में रहने का समय घटाकर यात्री उड़ानों को फिर से पटरी पर लाने की हिमायत की है।पर्यटन क्षेत्र से दबाव के बावजूद कुछ देशों से ब्रिटेन में आने पर यात्रियों के लिए 14 दिन पृथक-वास में रहने को जरूरी बनाया गया है। हीथ्रो हवाई अड्डा प्रशासन ने एक बयान में कहा, ब्रिटेन का हीथ्रो हवाई अड्डा अब यूरोप के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे में शुमार नहीं हो पाएगा। यात्रियों की संख्या के मामले में पेरिस का चार्ल्स द गाल हवाई अड्डा हमसे आगे निकल गया है।

## क्विक न्यूज

### मर्केल ने जर्मनी में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सीमित लॉकडाउन का आह्वान किया

**बर्लिन।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने देश में सीमित लॉकडाउन लगाने का आह्वान किया है।जर्मनी की रोग नियंत्रण एजेंसी रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट ने बताया कि देश में पिछले कुछ दिनों सर्वाधिक 14,964 नए मामले दर्ज किए गए। देश में अभी तक कुल 4,49,275 मामले सामने आए हैं और इससे 10,098 लोगों की मौत हुई है। मर्केल ने बुधवार को जर्मनी के 16 राज्यों के गवर्नर और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की और कहा कि वे सामाजिक सम्पर्कों को कम करने के उपाय पेश करें।वहीं अधिकारियों ने कहा कि स्थिति जर्मनी के हाथ से निकलती जा रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी संक्रमित लोगों के सम्पर्क में आए लोगों का पता नहीं लगा पा रहे और कुछ अस्पताल नए मरीजों को भर्ती भी नहीं कर रहे है।

### कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के कारण श्रीलंका के पश्चिमी प्रांत में कर्फ्यू लगाने का फैसला

**कोलंबो।** श्रीलंका के पश्चिमी प्रांत में हालिया दिनों में कोविड-19 के मामलों में तेज बढ़ोतरी के बाद बृहस्पतिवार मध्यरात्रि से कर्फ्यू लगाने का फैसला किया गया है। इसी प्रांत में सबसे ज्यादा घनी आबादी वाले शहर कोलंबो और गम्पाहा आते हैं।कर्फ्यू दो नवंबर तड़के तक लागू रहेगा। पुलिस ने बुधवार को कहा कि कर्फ्यू लागू होने के कारण शुक्रवार से लोग बाहर नहीं निकलेंगे।कपड़ा फैक्टरी और मछली के थोक बाजार में कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के कारण चार अक्टूबर से ही 60 से ज्यादा पुलिस डिविजन अंतर्गत कर्फ्यू लगाया गया था। श्रीलंका में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 541 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बुधवार को 8413 हो गई। देश में चार अक्टूबर को उपचार करा रहे संक्रमितों की संख्या 3396 थी। वर्तमान में 3923 मरीजों का उपचार चल रहा है।सरकार ने अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले गंभीर असर के कारण पूर्ण लॉकडाउन लगाने से इनकार किया है। श्रीलंका में कोविड-19 का पहला मामला सामने आने पर मार्च में लॉकडाउन लागू किया गया था जिसे मई में खत्म कर दिया गया।

### हवाईअड्डे पर महिलाओं की जबरन जांच के लिए कतर ने मांगी माफी

**दुबई।** अधिकारियों द्वारा इस महीने की शुरूआत में हवाई अड्डे पर लावारिस छोड़ दिए गए एक नवजात शिशु की मां की पहचान करने की कोशिश में ऑस्ट्रेलिया जाने वाले कतर एयरवेज के विमान में सवार महिला यात्रियों की जबरन जांच के मामले में कतर ने बुधवार को माफी मांगी।ऑस्ट्रेलिया ने महिला यात्रियों की जबरन जांच की निंदा की। इससे दबाव में आई कतर सरकार ने कहा कि उसने दो अक्टूबर को सिडनी जा रही कतर एयरवेज फ्लाइट 908 में सवार महिलाओं के साथ हुए बर्ताव की जांच शुरू कर दी है। कतर ने इसपर तत्काल कोई सफाई नहीं दी है कि उसके अधिकारियों ने महिलाओं के जननांगों की अंदरूनी जांच करने का फैसला क्यों किया। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने इस तरह की बलपूर्वक जांच को यौन हमले के समान बताया है। कतर के सरकारी संचार कार्यालय ने बुधवार तड़के एक बयान जारी किया था कि अधिकारियों को कचरे के अंदर प्लास्टिक बैग में एक नवजात बच्चा मिला है।


### जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए भारतीय संगठन को मिला संयुक्त राष्ट्र से सम्मान

**संयुक्त राष्ट्र।** पर्यटन और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल दूर दराज के समुदायों को सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने वाले भारतीय संगठन ने कोविड-19 महामारी के बीच भी जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। ग्लोबल हिमालयन एक्सपीडिशन (जीएचई) उन विजेताओं में शामिल है जिन्हें इस वर्ष यूएन ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जीएचई दुनिया का पहला संगठन है जो पर्यटन और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल दूर दराज के समुदायों तक सौर ऊर्जा पहुंचाने में करता है।इस वर्ष के यूनाइटेड नेशन ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवॉर्ड की घोषणा मंगलवार को की गई जिसने दुनिया में जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए हो रहे बेहतरीन कार्य के प्रति ध्यान आकर्षित किया। यूनाइटेड नेशन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंट (यूएनएफसीसीसी) की वेबसाइट की मुताबिक जीएचई पहला संगठन है जो पर्यटन और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल दूरस्थ समुदायों तक सौर ऊर्जा पहुंचाने में करता है और जिसे विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीसीसी) और संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) से मान्यता प्राप्त है।उल्लेखनीय है कि भौगोलिक बनावट की वजह से हिंदू कुश इलाके में रह रहे 1.6 करोड़ लोगों के पास बिजली नहीं है। जीएचई इम्पैक्ट एक्सपीडिशन के तहत पर्यटन से मिले शुल्क और अन्य राशि का इस्तेमाल गांवों में सौर पैनल खरीदने, परिवहन, स्थापित करने और ग्रामीणों को प्रशिक्षित करने में खर्च करता है ताकि बिजली के सूक्ष्म ग्रिड का परिचालन वे स्वयं कर सकें। जीएचई ने अब तक भारत के तीन क्षेत्रों के 131 गांवों का विद्युतीकरण किया है जिसका असर 60 हजार ग्रामीणों पर पड़ा है। इसके लिए धन जुटाने के लिए शुरू हिमालय अभियान में 60 देशों के1,300 से अधिक यात्री शामिल हुए।

# कोरोना वायरस से मस्तिष्क भी हो सकता है प्रभावितः अध्ययन

**भाषा।** वाशिंगटन

**कोविड-19** मरीजों पर किए गए 80 से अधिक अध्ययनों में एक तिहाई के मस्तिष्क के अग्रिम हिस्से में कुछ जटिलताएं देखने को मिलीं। यह अध्ययन तंत्रिका तंत्र पर बीमारी के असर पर प्रकाश डाल सकता है।अध्ययन रिपोर्ट सीजरः यूरोपियन जर्नल ऑफ एपिलेप्सी में प्रकाशित हुई है जो ईईजी के माध्यम से मस्तिष्क में असामान्यताओं का पता लगाने पर केंद्रित है।अमेरिका के बेयलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन में तंत्रिका तंत्र विज्ञान के सहायक प्रोफेसर जुल्फी हनीफ ने कहा, हमें 600 से अधिक ऐसे मरीज मिले जो इस तरह प्रभावित हुए। जब हमने इसे छोटे समूहों में देखा तो हम इस बात को लेकर सुनिश्चित नहीं थे कि यह महज संयोग है या कुछ और, लेकिन अब हम पक्के तौर पर कह सकते हैं कि इसका कुछ संबंध है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन में शामिल लोगों के मस्तिष्क के अग्रिम हिस्से में असामान्यताएं देखने को मिलीं।उन्होंने कहा कि कोविड-19 मरीजों के ईईजी से कुछ संकेत ऐसा मिला कि मस्तिष्क को इस हद तक भी नुकसान पहुंच सकता है कि बीमारी से ठीक होने के बाद भी इसकी भरपाई नहीं हो सकती। हनीफ ने कहा, हम जानते हैं कि नाक के जरिए वायरस के प्रवेश करने की सबसे ज्यादा संभावना होती है, इसलिए मस्तिष्क के उस हिस्से के बीच संबंध प्रतीत होता है जो प्रवेश बिंदु के नजदीक है। उन्होंने कहा कि एक और बात यह देखने को मिली कि इस तरह प्रभावित हुए लोगों की औसतन आयु 61 वर्ष थी और इनमें एक तिहाई महिलाएं तथा दो तिहाई पुरुष थे। इससे पता चलता है कि कोरोना वायरस से संबंधित मस्तिष्क असामान्यता बुजुर्ग पुरुषों में आम हो सकती है। हालांकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि इस संबंध में और अधिक अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है।



ढाका में मुहम्मद साहब के कार्टून को लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुअल मैक्रोन के पुतले के साथ प्रदर्शन करते इस्लामिक राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक योद्धा हैंः मेलानिया ट्रंप

**भाषा।** मिलवॉकी (अमेरिका)

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप ने अपने पति के लिए चुनाव प्रचार करते हुए मंगलवार को कहा कि अमेरिका के लोगों का मनोबल कोरोना वायरस से अधिक शक्तिशाली है और राष्ट्रपति एक योद्धा हैं। उन्होंने कहा, डोनाल्ड एक योद्धा हैं। वह अपने देश से प्रेम करते हैं और आप लोगों के लिए प्रतिदिन संघर्ष करते हैं।

मेलानिया ने कहा, इतिहास में पहली बार, इस देश के नागरिकों ने सोशल मीडिया के जरिए प्रतिदिन अपने राष्ट्रपति के साथ तत्काल और सीधा संवाद किया। वह अपनी बात जिस तरह से रखते हैं उससे मैं हमेशा सहमत नहीं होती लेकिन उनके लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह उन लोगों से सीधा संवाद कर सकें जिनके लिए वह काम कर रहे हैं।

पेंसिल्वेनिया राज्य में पहली बार सार्वजनिक तौर पर प्रचार अभियान में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें न केवल एक मरीज बल्कि चिंतित मां और पत्नी के तौर पर भी कोविड-19 के प्रभावों का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ है। मेलानिया ने कहा, मैं जानती हूं कि इस शांत दुश्मन ने बहुत से लोगों की जान ली है। इस कठिन समय में मेरे परिवार की प्रार्थनाएं और संवेदनाएं आप सभी के साथ हैं।

उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि अमेरिका के लोगों का मनोबल इस वायरस से अधिक शक्तिशाली है। हमने यह साबित किया है कि हम इस अप्रत्याशित चुनौती से निपट सकते हैं और हम यह करके दिखाएंगे। अनिश्चितता के इस समय में आगे आकर जिन्होंने सहायता की है मैं उन सभी को धन्यवाद देती हूं। अग्रिम मोर्चे पर काम काम करने वाले- शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और बहुत से अन्य लोगों के प्रति मेरा और मेरे पति का आभार।

## ट्रंप के पक्ष में सिख समुदाय का अच्छा खासा झुकाव : समुदाय के नेता

**ओक क्रीक (अमेरिका)।** छोटे कारोबारों को मदद पहुंचााने और भारत तथा अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के कारण ट्रंप के पक्ष में सिख समुदाय का अच्छा खासा झुकाव है। सिख समुदाय के एक नेता ने यह जानकारी दी।विसकोन्सिन के मिलवॉकी इलाके के सफल कारोबारी एवं प्रमुख सिख नेता दर्शन सिंह धालीवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया, मध्य पश्चिम में ज्यादातर हमारे लोग कारोबारी हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सभी का समर्थन है। उन्होंने कहा, सिख राष्ट्रीय स्तर पर और खासतौर पर क्षेत्रीय स्तर पर ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं और इसका कारण भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के उनके प्रयास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी मित्रता है। धालीवाल ने कहा, यह बात (सीनेटर) कमला हैरिस के लिए नहीं कही जा सकती। हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं। धालीवाल ने कहा, ट्रंप भारत के लिए हैं। कमला हैरिस भारतीय (मूल की) हैं, लेकिन वह भारत विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि यही दो कारण है जिनके लिए हम ट्रंप के साथ हैं।

# सैटेलाइट चित्रों के अनुसार ईरान के परमाणु स्थल पर हो रहा निर्माण

**एपी।** दुबई

**ईरान ने** नतांज़ परमाणु स्थल पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार को जारी उपग्रह की तस्वीरों में यह जानकारी सामने आई। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों ने इस बात की पुष्टि की है कि ईरान ने एक भूमिगत उन्नत सेंट्रीफ्यूग असेंबली केन्द्र का निर्माण करना शुरू कर दिया है। ईरान द्वारा इससे पहले बनाए गए संयंत्र में विस्फोट हो गया था जिसे उसने संयंत्र को बर्बाद करने के लिए किया गया हमला करार दिया था। नतांज़ में निर्माण कार्य ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका में चुनाव का दिन नजदीक आता जा रहा है। चुनाव के नतीजों से यह स्पष्ट होगा कि अमेरिका इस पर क्या रुख अपनाता है। सैन फ्रांसिस्को स्थित प्लेनेट लैब्स से प्राप्त तस्वीरों में दिख रहा है कि ईरान ने नतांज़ के दक्षिण में नई सड़क का निर्माण किया है जिसे विश्लेषक सुरक्षा बलों के प्रयोग के लिए पूर्व में बनाई गई फायरिंग रेंज मान रहे हैं। सोमवार को प्राप्त सैटेलाइट चित्रों में दिख रहा है कि उस स्थल से कुछ हटाया गया है जो निर्माण के उपकरण जैसा लगता है। मिडलबरी अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में जेम्स मार्टिन परमाणु अप्रसार अध्ययन केंद्र के विश्लेषकों का मानना है कि स्थल पर खुदाई का काम चल रहा है। संस्थान के एक विश्लेषक जैफ्री लेविस ने कहा, वह सड़क पर्वतों में भी जाती दिख रही है इसलिए ऐसा हो सकता है कि वे सुरंग बनाने के लिए खुदाई कर रहे हों। उन्होंने कहा, ऐसा भी हो सकता है कि वे वहां कुछ दफना रहे हों। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि की ओर से इस पर कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं आई है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने मंगलवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उनके निरीक्षकों को निर्माण कार्य की जानकारी है। उन्होंने कहा कि ईरान ने पहले ही आईएईए के निरीक्षकों को इसकी जानकारी दी थी। ग्रोसी ने कहा, इसका अर्थ है कि उन्होंने निर्माण शुरू कर दिया है लेकिन यह अभी पूर्ण नहीं हुआ है। यह लंबे समय तक चलने वाली प्रक्रिया है।

### लीबियाई विद्रोही संघर्ष विराम को लागू करें और शांति कायम करें : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लीबिया में विद्रोहियों द्वारा स्थाई संघर्ष विराम के समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने का मंगलवार को स्वागत करते हुए सभी पक्षों से इसे लागू करने और समस्या के राजनीतिक समाधान तक पहुंचने के लिए उतनी ही प्रतिबद्धता दिखाने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र के शक्तिशाली निकाय ने सोमवार को उसके द्वारा मान्यता प्राप्त लीबियाई सरकार और देश के पूर्वी हिस्सों में प्रतिद्वंद्वी के बीच सोमवार को डिजिटल माध्यम से लीबियाई राजनीतिक संवाद मंच की हुई बैठक का भी स्वागत किया और नौ नवंबर को ट्यूनीशिया में आमने सामने होने वाली राजनीतिक वार्ता में प्रगति होने की उम्मीद जताई। लीबिया में सुयंक्त राष्ट्र की दूत स्टेफनी विलियम ने गत शुक्रवार को जिनेवा में लीबिया के विरोधी पक्षों के बीच संघर्ष विराम पर सहमति होने और इसके तत्काल लागू होने के बाद जिनेवा में सैन्य वार्ता समाप्त होने की घोषणा की।

# ‘अमेरिका जाकर अपने नेटवर्क में विस्तार करना चाहता हूं’

संगीत निर्देशक **आतिफ अफ़ज़ल** हाल ही में न्यूयॉर्क चले गए हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने अपनी अब तक की यात्रा और एनसीआईएसः लॉस एंजेल्स जैसी सीरीज़ का हिस्सा वो कैसे बन सके?, आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश...



**■ आप केपीएमजी में इंजीनियर के रूप में काम करते थे और अब आप संगीत निर्देशक हैं, ये कैसे संभव हुआ?**

मेरा सदा से एक विश्वास रहा है – सपने तब तक पूरे नहीं हो सकते जब तक आप प्रयास नहीं करेंगे। मैं वैसे देखें तो अपनी आयुवर्ग के अनुसार दुनिया की सबसे अच्छी फर्मों में से एक में काम कर रहा था और मेरी आय भी ठीक ठाक थी। लेकिन मेरे सपने और बड़े थे मैं बचपन से ही संगीत बनाता रहा हूं और अब तो ये मेरी साधना ही बन चुका था। मैं उसी दिषा में आगे बढ़ना चाहता था। लेकिन मुझे लगा कि मैं दो नावों में पैर नहीं रख सकता अर्थात केपीएमजी में काम करते हुए संगीत में आगे बढ़ना। अतः मैंने नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह से संगीत में लग गया। लेकिन मेरा मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं था। ये कुछ ऐसा था जैसे किसी ने मुझे खुले समुद्र में फेंक दिया हो जिसमें या तो में तैरना सीख जाऊंगा या फिर डूब ही जाऊंगा।

**■ क्या आपको काम मिलने में समय लगा था?**

जी हां, ये उससे भी अधिक था। विशेष रूप से तब जब आप इंडस्ट्री में किसी को नहीं जानते। वहां केवल मैं था, नितांत अकेला और मुझे अकेले ही सबकुछ करना था। कई बार तो लगता था कि मैं यहां क्यों हूं और क्या मैंने सही निर्णय किया था? मुझे अपने पर विश्वास तो था लेकिन कई ऐसे पड़ाव आते हैं जब आप चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं। दस साल पहले मैंने इंडस्ट्री में होने के बारे में सोचा भी नहीं था। लेकिन अब दस साल बीतते बीतते मैं हॉलिवुड में आ चुका हूं। अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो अच्छा लगता है लेकिन मेरे लिए ये कठिन निर्णय था। मुझे मेरा पहला ब्रेक सलमान खान की फिल्म में 2011 में मिला था। मैंने छः माह तक इसमें काम किया लेकिन इसे बंद कर दिया गया। इसके बाद मुझे प्राग मिली जिसमें मेरा संगीत पसंद किया गया और मुझे काम मिलने लगा।

**■ क्या आपने व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है?**

जी हां, ढेर सारा। जब मैं संगीत लेखन करने लगा तो मुझे पता था कि मुझे हर प्रकार के जॉनर वाले प्रोजेक्ट मिलेंगे। यही कारण था कि मैंने दुनिया भर के हर उपकरण को बजाना आना चाहिये। मैं किसी को ये नहीं कह सकता कि मुझे ये बजाना नहीं आता या वो बजाना नहीं आता। अब मेरे ज्ञान के कारण ही आज मैं न्यूयॉर्क में बैठा हूं। मैंने पियानो, गिटार, कर्नाटक तथा हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत भी सीखा ताकि मुझे दोनों के बीच का अंतर पता रहे। हर श्रेणी में सीखने के लिए कितना कुछ रहता है। उदाहरण के लिए मुझे बांसुरी का हर पहलू पता है और मैं बांसुरी वादक को बता सकता हूं कि मुझे उससे क्या अपेक्षा है। मैंने विस्त्त प्रशिक्षण प्राप्त किया है और आगे भी करता रहूंगा।

**■ आपने हाल ही में अपना आधार स्थान न्यूयॉर्क को बना लिया है। क्या इसका कोई विशेष कारण है?**

मैं अंतरराष्ट्रीय बाजार टटोलना चाहता था, जबकि मैं पहले से ही भारत में रहते हुए भी अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं को करता रहता था। मैंने दो वृत्तचित्रों– एक अमेरिकी ‘हॉर्न प्लीज़’ तथा दूसरी यूके की जिसका नाम था ‘अ हीरो कम्स अलॉन्ग’। इसके बाद मैंने गिफ्ट में काम किया जो एक जर्मनी से जुड़ा प्रोजेक्ट था। इसके बाद मैंने कई गेम्स में भी काम किया। मैं अमेरिका जाकर अपना नेटवर्क बड़ा बनाना चाहता हूं। मैं उन लोगों से मिला जो मेरे संगीत को प्रदर्शित करते रहते थे। लेकिन मैं आज भी बॉलिवुड प्रोजेक्ट करता हूं।

**■ आप एनसीआईएसः लॉस एंजेल्स जैसी सीरीज़ का हिस्सा कैसे बने?**

इससे तो मैं भी चकित रह गया था। मुझे एक ईमेल मिला जबकि मैंने इसे अंतिम रूप देने में तीन माह का समय लिया। मैं वो शो देख ही नहीं पाता। लेकिन यहां अमेरिका में मेरे मित्र इसे कई सालों से करते आ रहे थे। सीबीएस नेटवर्क पर ये अमेरिका के सबसे लंबे चलने वाले शोज़ में से एक है। मैंने उस अवसर को ले लिया और काम करने लगा। मुझे पता था कि इससे मुझे और काम मिलेंगे और ऐसा ही हुआ भीं। वर्तमान में मैं सीबीएस के अन्य प्रोजेक्ट्स में भी काम कर रहा हूं।

**■ आप बॉलिवुड में काम कर ही चुके हैं और अब आप हॉलिवुड और यूरोपीय फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। दोनों के बीच क्या आपको कोई अंतर प्रतीत होता है?**

दोनों में संगीत बनाने के काम में जमीन आसमान का अंतर है। अमेरिका और यूरोप में कलात्मकता को अधिक महत्व नहीं मिलता। वो आपको इसलिये लेते हैं कि आप उनके काम के अनुसार सर्वाधिक उपयोगी हैं अन्यथा वे आपको नहीं लेंगे। इससे आपके आत्मबल को मजबूती मिलती है क्योंकि आप अपने काम के सर्वेसर्वा होते हैं। भारत में निर्देषक ही मुख्य व्यक्ति होता है और सबकुछ अलग ढंग से होता है।

**■ न्यूयॉर्क से बाहर जाकर काम करना कितना चुनौतीपूर्ण होता है?**


ये मुझे अब तक का सर्वश्रेष्ठ नगर लगा। मैं इसे लॉसएंजेल्स से भी अधिक चाहता हूं। लेकिन यहां की चुनौतियां भी अलग हैं। मैं यहां पिछले तीन सालों से हूं और इनमें से दो साल तो मुझे यहां का वातावरण समझने में लगे कि रिकॉर्डिंग की प्रोटोकॉल क्या होती है आदि। यहां सबकुछ भिन्न है। यहां एक बात जो मैंने सीखी वो ये कि हम अपना संगीत भारत में तैयार कर लेते हैं और फिर स्टूडियो में उसे ठीक कर लेते हैं लेकिन लागत अधिक होने के कारण हमें यहां सबकुछ तैयार करने ही रिकॉर्डिंग करनी होती है। ऐसा नहीं है कि आप कुछ परिवर्तन नहीं कर सकते लेकिन आपको पूरी तरह से निश्चित होना होता है।

## फिल्म में अभिनेता ही नहीं सभी का महत्वपूर्ण योगदानः जिम सर्भ



**अभिनेता** जिम सर्भ का कहना है कि फिल्म बनाने में जिस किसी का हाथ होता है, सभी को समुचित श्रेय नहीं मिलता। उन्होंने बताया, ‘हर कोई ये समझता है कि इस अभिनेता इस धरती के सबसे महान लोग होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं होता क्योंकि फिल्म ही सबकुछ होती है और फिल्म बनाने में जिसका भी योगदान होता है उसे श्रेय मिलना ही चाहिये जैसे अच्छी फिल्म, निर्देशन, संपादन और अन्य कार्य।’ ‘मेरा मानना है कि हमें फिल्म में सभी के योगदान की सराहना करनी चाहिये। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति स्वयं के बारे में सोचने से आगे जाकर सभी के योगदान की सराहना करे और कहानी पर पूरा ध्यान दे तो मैं समझता हूं कि ये ठीक रहेगा’, सर्भ ने बताया। जिम को आप शीघ्र ही बिजॉय नांबियार की फिल्म ‘तैष’ में देख पाएंगे जिसमें उनके साथ पुल्कित सम्राट, कृति खरबंदा, हर्ष राने और संजीदा शेख होंगी।

## इंटरनेट पर सीरियस कंटेंट लाने वाला मैं पहला व्यक्तिः विक्रम भट्ट



**निर्देशक** विक्रम भट्ट का कहना है कि ‘नेट पर गंभीर कहानियां लाने वाला संभवतः मैं पहला व्यकित था। मेरे प्रोजेक्ट ‘माया’ और ‘ट्विस्टेड’ अब अपने चौथे सीजन में हैं और ये देखकर मुझे प्रसन्नता होती है। आजकल लेकिन ओटीटी गेम में परितर्वन आ गया है। अब कंटेंट और फिक्षन दोनों में ही प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। आपको अब हर बार अच्छी कहानी देनी होती है।

## प्रियल महाजन और अमर उपाध्याय कलर्स चैनल के आगामी शो मोल्क्की में मुख्य भूमिकाएँ निभाएंगे





**एजेंसी। मुंबई**

**एक और** हार्ड–हिटिंग अवधारणा को सामने लाते हुएए कलर्स के आगामी शो मोल्क्की ने हरियाणा में एक प्रचलित रिवाज को रेखांकित किया है। जिसमें तिरछे लिंगानुपात के कारण दुल्हन को लोगों द्वारा पैसे के बदले खरीदा जाता है। मोल्क्की एक 18 वर्षीय पूर्वी की कहानी है जो उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गाँव में रहती है। दुल्हन खरीदने के रिवाज के अनुसार, उसकी शादी वीरेंद्र से पूछे बिना की जाती है जो उसकी उम्र से दोगुना है, मध्यम आयु वर्ग का है काफी जमीन का मालिक है और गांव का सरपंच है। इस शो में टेलीविजन पर नए कलाकार प्रियल महाजन और वीरेंद्र की भूमिका में अमर उपाध्याय होंगे। प्रियल महाजन अभिनीत पूर्वी, एक जिम्मेदार लड़की है जो समझती है और गर्व के साथ अपनी सभी प्रतिकूलताओं पर काबू पाती है। यह एक रिवाज है जो उन्हें एक साथ बांधता है, लेकिन क्या इस व्यावहारिक रिश्ते में प्यार संभव है। इस अवसर पर बोलते हुए, पूर्वी उर्फ प्रियल महाजन ने कहा कि मैं मजबूत नैतिक मूल्यों के साथ एक जिम्मेदार युवा लड़की होने के लायक हूं। मुझे इस तरह के गतिशील पात्रों को चित्रित करने और उद्योग मंव कुछ सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं के साथ काम करने में गर्व है। बालाजी और कलर्स का संयोजन किसी सपने के सच होने से कम नहीं है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमें बहुत प्यार और समर्थन देंगे। इस अवसर पर बोलते हुए अमर उपाध्याय, जिन्होंने वीरेंद्र प्रताप सिंह की भूमिका निभाई है, ने कहा, मोल्क्की की अवधारणा अद्वितीय शक्तिशाली है और ऐसी अवधारणा टीवी पर पहले कभी नहीं दिखाई गई है। वीरेंद्र प्रताप सिंह के रूप मेंए मैं एक शक्तिशाली ज़मींदार और एक अमीर आदमी का किरदार निभा रहा हूँ, जो 50 गाँवों का सरपंच है। उनका बहुत मजबूत और गंभीर व्यक्तित्व है। अतीत में शादी करने से उनके जीवन में बहुत सारे भावनात्मक बदलाव होते हैं। आठ साल बाद फिर से कलर्स के साथ काम करना बहुत अच्छा लगता है। बालाजी और एकता कपूर के साथ काम करना बहुत अच्छा है क्योंकि हमने पहले भी एक सफल सहयोग किया था। और मुझे यकीन है कि हम इसे फिर से करेंगे। मोल्क्की जल्द ही कलर्स पर प्रसारित होगा।

## टेलर स्विफ्ट का एलबम ‘फोकलोर’ बना बेस्ट सेलर



**गायिक** टेलर स्विफ्ट को इस साल आनंदित होने का अच्छा अवसर हाथ लगा है क्योंकि उनकी एलबम ‘फोकलोर’ अमेरिका में 2020 की सबसे पहली 1 मिलियन प्रति बिकने वाला पहला एलबम बन गया है। ये एलबम 24 जुलाई को रिलीज़ किया गया था और अब ये 31 अक्तूबर के आंकड़ों के अनुसार निरंतर आठ सप्ताह से बिलबोर्ड 200 चार्ट में शीर्ष पर है। बिलबोर्डडॉटकॉम की रिपोर्ट के अनुसार ये 2020 का एक मिलियन प्रति बिकने वाला पहला एलबम बन गया है। नील्सन म्यूजिक/एमआरसी डेटा के अनुसार, 22 अक्तूबर तक यदि इसकी 57 हजार प्रति और बिकीं तो ये एक मिलयन से भी अधिक बिक चुका होगा और इस प्रकार ये 2020 में अमेरिका में एक मिलियन प्रति बिकने वाला पहला एलबम होगा।



मुंबई में तस्वीरों के लिए पोज देती हुईं बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला

## अच्छा काम मुझे भारत वापस ले आयाः शहाना गोस्वामी

**भाषा। मुंबई**

**पेरिस जाने** के पांच साल बाद अभिनेत्री शहाना गोस्वामी मुंबई वापस आ गई हैं और उनका कहना है कि अच्छी और दिलचस्प परियोजनाओं से जुड़ने का मौका मिलने के कारण वह वापस मुंबई आ गई हैं। रॉक ऑन, रा. वन और फिराक जैसी फिल्मों में काम कर चुकी गोस्वामी 2015 में पेरिस चली गई थीं। वहां उन्होंने कुछ लघु फिल्मों में काम किया। वह 2016 में आई फिल्म तू ही मेरा संडे और 2019 में मनोज वापजपेई के साथ फिल्म गली गुल्लियां में भी नजर आईं थीं। लेकिन अब वह तीन वेब सीरिज में काम करने का प्रस्ताव मिलने के बाद मुंबई लौट आई हैं। पीटीआई–भाषा के साथ एक साक्षात्कार में गोस्वामी ने कहा कि वह बेहतर काम की तलाश में फ्रांस नहीं गईं थीं बल्कि वह फ्रांस घूमने और अनुभव इकठ्ठा करने गईं थी। उन्होंने कहा, मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुछ परियोजनाओं से जुड़ी थीं जिनकी शूटिंग और उससे जुड़े लोग भारत से नहीं थे इसलिए मुझे मुंबई में रुकना जरुरी नहीं लगा। लेकिन मैंने मुंबई लौटने का फैसला इसलिए लिया क्योंकि मुझे यहां तीन वेब सीरिज में काम करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि मुझे यहां छह महीने या एक साल रुकना पड़ेगा और पेरिस में रुकना मुझे ठीक नहीं लगा। मैं अपने फैसले को लेकर खुश हूं और जहां भी मेरा काम मुझे ले जाएगा मैं जाऊंगी। मेरा अच्छा काम मुझे यहां ले आया है और इसे लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। हाल ही में शहाना को मीरा नायर द्वारा निर्देशित एवं विक्रम सेठ के उपन्यास पर बनी सीरिज ए सुटेबल ब्वॉय में मीनाक्षी चटर्जी के किरदार में देखा गया।



## धर्मार्थ संस्थाओं ने ब्रिटेन में बच्चों को भोजन मुहैया कराने के लिए भारतीय रसोई का मॉडल अपनाया

**भाषा। लंदन**

**गरीब बच्चों** के लिए स्थापित एक भारतीय धर्मार्थ संस्था की ब्रिटिश शाखा ने ब्रिटेन में बच्चों की भूख के वहनीय और संभव समाधान के तौर पर भारत में जांचे–परखे अत्याधुनिक रसोई के मॉडल को अपनाया है।

अक्षय पात्र फाउंडेशन यूके ने इंग्लैंड में मध्यावधि विद्यालय अवकाश की अवधि के दौरान जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए जीएमएसपी फाउंडेशन से हाथ मिलाया है। इस महीने शुरू हुई नई जीएमएसपी अक्षय पात्र रसोई लंदन में कम लागत में हजारों बच्चों को पोषण वाला भोजन उपलब्ध कराएगी। जीएमएसपी अक्षय पात्र रसोई के तहत ब्रिटेन में प्रत्एक भोजन पर भारत में भी एक बच्चे का भोजन प्रायोजित किया जाएगा। गॉड माई साइलेंट पार्टनर (जीएमएसपी) के संस्थापक रमेश सचदेव ने कहा, हमने देखा कि अक्षय पात्र फाउंडेशन ने किस पैमाने पर तेजी के साथ भारत में स्कूली बच्चों को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया। हम जानते हैं कि बढ़ती भोजन असमानताओं से निपटने के लिए ब्रिटेन को अभी इसी की जरूरत है। इस पारिवारिक फाउंडेशन का गठन ब्रिटेन और भारत में जरूरतमंद लोगों की मदद के उद्देश्य से किया गया था।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई दिशा की बैठक

# सांसद राजेश वर्मा ने भी मानी धान खरीद में गड़बड़ी

● सांसद अशोक रावत ने पूछा कि सीएचसी नैमिष क्यों नहीं हुआ हैंडओवर

● जिलाधिकारी बोले शासन की मंशा अनरूप किया जा रहा कार्य

● विधायकों ने गूगल मीट से लिया दिशा की बैठक में हिस्सा

संवाददाता। सीतापुर

**सासंद सीतापुर** राजेश वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला विकास निगरानी एवं समन्वय समिति (दिशा) की बैठक वर्चुअल रूप से गूगल मीट के माध्यम से सम्पन्न हुयी। सासंद राजेश वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि शासन द्वारा संचालित योजना का पूर्ण लाभ जनता का ससमय दिया जाए। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि किसी भी योजना में गड़बड़ी का प्रयास करने वालों या लापरवाही करने वालों को चिन्हित करते हुये कठोर कार्यवाही की जाए।

सांसद श्री वर्मा ने कहा बैकों के माध्यम से संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के बैंक स्तर पर लाम्बित प्रकरणों के शीध्र निस्तारण हेतु बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की जाए। उन्होनें जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि निर्माणधीन पंचायत भवनों एवं सामुदायिक शौचालयों में गुणवत्ता की नियमित जांच हेतु औचक निरीक्षण करे।



सीतापुर-दिशा की बैठक में मौजूद सांसद राजेश वर्मा, मिश्रिख अशोक रावत, डीएम विशाल भारद्वाज व अन्य

शौचालायों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। स्वयं सहायता समूहों के गठन हेतु चयनित विकास खण्डों में जनपद के पिछड़े विकास खण्डों जैसे रामपुर मथुरा आदि को इंटेसिव कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने कि निर्देश उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को दिये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत गत पांच वर्षो में बनायी गयी सड़को की विधानसभावार सूची मा0 जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश देते हुये मा0 सांसद ने अधिशाषी अभियन्ता को स्वयं भ्रमण कर उसकी गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से संचालित यह योजनायें अत्यन्त महत्वपूर्ण है। लहरपुर से तम्बौर 33 केवीए विद्युत लाइन के कार्य को शीध्र पूर्ण कराये जाने एवं जर्जर तारों को शीघ्र बदलाये जाने के निर्देश दिये। अमृत योजना में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने को कहा। सभी परिषदीय विद्यालयों में बाउण्ड्री वाले निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये जाने के भी निर्देश दिये। सांसद मिश्रिख अशोक कुमार रावत ने उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिये कि किसानों को जागरूक करने के लिए नियामित रूप से कृषि गोष्ठियों का आयोजन किया जाय तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाय जिससे अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। साथ ही गोष्ठियों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। बैठक के दौरान जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी योजनाओं और कार्यक्रमो को जनपद में संचालित किया जा रहा है। बैठक में प्राप्त दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए ए. के. सिंह, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों द्वारा गूगल मीट के माध्यम से भी बैठक में प्रतिभाग किया गया।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री से मिले पूर्व एमएलसी



सीतापुर-भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बनने पर अरूण सिंह ने भाजपा से राज्य सभा की दावेदारी ठोकी है, जिसके बाद पूर्व एमएलसी राकेश सिंह ने लखनऊ पहुंचकर उन्हें बधाई दी है।

रंजिश का बदला लेने के चलते

## पूर्व प्रधान ने गढ़ी खुद पर जानलेवा हमले की कहानी

● पूर्व प्रधान व बेटे पर मुकदमा दर्ज, की गई जेल भेजने की कार्रवाई

● थाना मछरेहटा इलाके के गांव परसदा का मामला

संवाददाता। सीतापुर



मछरेहटा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**थाना मछरेहटा** इलाके में मंगलवार रात एक पूर्व प्रधान ने पुरानी रंजिश का बदला लेने के चलते खुद पर ही जानलेवा हमले की कहानी बुन डाली और जब पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों से कड़ाई से पूछताछ तो पूर्व प्रधान की कलई सबके सामने आ गई। दरअसल मामला इलाके के गांव परसदा का है जहां पुलिस के अनुसार पूर्व प्रधान भोला व सहज राम के परिवार में पुरानी रंजिश चली आ रही है। मंगलवार शाम सहज राम किसी काम को लेकर लखनऊ से अपने गांव पहुंचा था जिसे गांव में देखते हैं पूर्व प्रधान पक्ष के लोग आग बबूला हो गए और सहज राम की जमकर पिटाई कर दी। कानून की मार से बचने के लिए भोला ने फर्जी कहानी गढ़ते हुए सहज राम के पास से अवैध असलहा दिखाकर खुद पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी ओपी तिवारी मौके पर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों की बात सुनते ही थाना प्रभारी ने कहानी में छिपी साजिश को भांप लिया और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर कड़ाई से पूछताछ की। जिसमें पूर्व प्रधान भोला की रची हुई कहानी खुलकर सबके सामने आ गई। पुलिस ने पूर्व प्रधान भोला व उसके पुत्र दिलीप को गिरफ्तार कर लिया है और संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। आपको बता दें आरोपी दिलीप की पत्नी आकांक्षा ग्राम सभा की मौजूदा प्रधान है। चर्चा है कि पूर्व प्रधान की पत्नी मालती देवी की 2016 में मौत हो गई थी जिसकी हत्या की आशंका जताते हुए पूर्व प्रधान पक्ष ने सहज राम के भाइयों पर आरोप लगाया था। मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है।

सीतापुर में बसपा को बड़ा झटका, विधायक ने छोड़ा साथ

## हाथी का साथ छोड़ साइकिल पर सवार हुए हरगोविन्द भार्गव





सीतापुर-सपा के लखनऊ कार्यालय से बाहर निकलती बसपा विधायकों की गाड़ियां

● राजधानी में सपा मुखिया से भेंटकर किया ऐलान

**सीतापुर।** सीतापुर में बसपा का बचा एक मात्र वट वृक्ष भी उखड़ गया है, जिले में पार्टी के एकलौते सिधौली विधायक डा. हरगोविन्द भार्गव ने बगावत कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। बुधवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव से भेंट वार्ता की। इस घटनाक्रम में राजनीतिक दल में सरगर्मी बढ़ गई है। चर्चा है कि टिकट मिलने के भरोसे के बाद हरगोविन्द ने यह कदम उठाया है, उन्हें टिकट किस विधानसभा क्षेत्र से दिया जाएगा इसे लेकर भी राजनीतिक गलियारो में चर्चाएं होने लगी है। राजनीतिक पंडित सपा के लिहाज से हरगांव क्षेत्र को सबसे कमजोर आंक रहे है।



हरगोविन्द भार्गव

## कागजों पर चल रहे हैं धान क्रय केंद्र



मिश्रिख-धान की तौल न होने से मौजूद किसान

● किसान मंच के पदाधिकारियों ने व्यक्त की नाराजगी

● इस्लामनगर क्रय केंद्र पर एसडीएम मिश्रिख ने धान की तौलाई सरकारी रेट पर कराए जाने के निर्देश दिए

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख क्षेत्र में सिर्फ कागजों पर धान खरीद चल रही है। इसे लेकर किसानों में आक्रोष है। बुधवार को किसान मंच के पदाधिकारियों ने इस्लामनगर क्रय केंद्र पर खरीद होने पर एसडीएम से षिकायत की। एसडीएम के निर्देष के बाद प्रवचन सिंह का धान तौला गया। किसान निर्भय सिंह, जसविंदर सिंह, दिलीप कुमार यादव, मदन शर्मा, लखबीर सिंह, भगवानदास आदि मौजूद रहे।

नवरात्र में मां शक्ति का प्रभाव या

## मिशन की 'शक्ति' से दुराचारियों के हौंसले पस्त

● बेटियों पर खराब नीयत रखने वालों पर पुलिस का वार

अरूणेश अवस्थी। सीतापुर





**सीतापुर में** मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं और युवतियों पर बुरी नियत रखने वाले शोहदो व दुराचारियों के हौंसले पस्त कर दिए है। शायद तभी बीते पखवारे में एक भी दुराचार का प्रकरण सामने नहीं आया है। अब इसे नवरात्रि में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का प्रभाव कहे या चलाए गए मिशन शक्ति की शक्ति जो महिला सुरक्षा के लिए चलाए गए अभियान को यह परिणाम मिले है। जबकि सीतापुर उन जिलों की सूची में शामिल है जहां ऐसा कोई पखवारा नहीं गुजरता जब कोई युवती व महिला हैवानो की हैवानियत का शिकार न हो जाती हो। बीते दिनों सीतापुर के थाना ऐलिया, सदरपुर, मानपुर में हुई वारदातों ने महिलाओं के जेहन में हैवानों का खौफ भर दिया था लेकिन शासन द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति को जिला प्रशासन व पुलिस महकमें ने बड़ी गंभीरता से अमली जामा पहनाया जिसके तहत अलग-अलग थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बेटियों व महिलाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं की 24 घंटे हर संभव मद्द के लिए सभी थानो में महिला हेल्प डेस्क व सीक्रेट रूम की स्थापना की गई। इतना ही नहीं पुलिस मुखिया आरपी सिंह ने बेटियों का हौंसला बढ़ाने के लिए तीन घंटे के लिए मेधावी छात्राओं को कार्यवाहक थाना प्रभारी बनाते हुए थानों की कमान ही सौंप दी। बेटियों ने भी बड़ी बेबाकी से तीन घंटे थानेदार बनकर बुरी नजर वालों को कड़ा संदेश दिया।

## क्विक न्यूज

### देशी कट्टे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कसमंडा सीतापुर।** कमलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने हैं वांछित अभियुक्तों गिरफ्तारी के अनुक्रम में कमलापुर थाना प्रभारी राम नरेश यादव के द्वारा पुलिस टीम गठित करके उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह रजनीश कुमार वर्मा कांस्टेबल अभय मिश्रा सोनू सागर विवेक यादव के द्वारा दबिश देकर बलराम पुत्र राम खिलावन निवासी ग्राम सरौरा कलां एवं रामकुमार पुत्र राजेंद्र निवासी पुरैना थाना कमलापुर को गिरफ्तार करके दो 12 बोर तमंचा सहित दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करके संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### मार्ग पर गड्ढे होने से हुआ हादसा

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली इलाके लहरपुर में तहसील मार्ग पर गड्ढे में बाइक जम्प करने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली तालगांव के ग्राम धपरा निवासी श्रवण कुमार पुत्र चंद्रभाल ने कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपनी पत्नी व बुआ राम श्री के साथ बाइक पर सवार होकर लहरपुर होते हुए बेजहम जा रहा था कि तभी अचानक तहसील के निकट विकास नगर के पास मार्ग पर गड्ढा होने से बाइक जंप हो गई जिसके चलते उसकी बुआ रामश्री कूदकर सड़क पर जा गिरी जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं आनन-फानन में मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल महिला को सीएचसी लहरपुर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हेडइंजरी बताते हुए जिला अस्पताल रेफर किया।

### 25 हजार का ईनामी गैंगेस्टर गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली सिधौली पुलिस ने बड़ी सफलता हांसिल करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार के इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रामप्रकाश ने बताया कि शहर कोतवाली सीतापुर इलाके के कांशीराम कालोनी निवासी रिंकू पुत्र शमशेर शातिर किस्म का अपराधी है, अभियुक्त उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट के कोतवाली सिधौली में काफी समय से वांछित है और हर बार पुलिस को चकमा दे रहा था, इसी के चलते एसपी आरपी सिंह ने अभियुक्त रिंकू पर 25 हजार रूपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। इसके अलावा रिंकू पर गोकशी समेत कई मुकदमें दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में कोतवाल रामप्रकाश, एसआई विपिन कुमार, कां. सत्येन्द्र कुमार, कां. टीकम सिंह व कां. रोहित कुमार शामिल रहे।

### आधार कार्ड पर अवैध वसूली को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लहरपुर सीतापुर।** स्थानीय पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड के नाम पर अवैध वसूली में हुए विवाद के बाद राष्ट्रीय विद्यार्थी सभा के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन। राष्ट्रीय विद्यार्थी सभा के कार्यकर्ताओं ने लहरपुर उप जिलाधिकारी राम दरस राम को ज्ञापन देकर यह बताया है कि स्थानीय पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड संशोधन व पंजीकरण होता है जहां पर कल राष्ट्रीय विद्यार्थी सभा के तहसील अध्यक्ष अमरदीप जयसवाल आधार कार्ड संशोधन कराने गए हुए थे जिसमें पोस्ट ऑफिस के विनीत बाबू द्वारा संगठन के कार्यकर्ताओं से अपशब्द बोले और उल्टा घूसखोरी का आरोप लगाया और पोस्ट ऑफिस के मैनेजर के बारे में भी अपशब्दों का प्रयोग किया जिसकों लेकर राष्ट्रीय विद्यार्थी सभा के तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

### पेट्रोल पम्पों पर लगेंगे सीसीटीवी

**सीतापुर।** कोरोनाकाल में पहली बार हर माह होने वाली व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक हुई जो पुलिस लाइन में आयोजित हुई। नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी राजीव दीक्षित ने व्यापारियों से उनकी समस्याएं जानी और बेहतर सुरक्षा के लिए और क्या कदम उठाए जा सकते है, उस पर चर्चा की। व्यापारियों ने बाजार में जाम और पार्किंग की समस्या को रखा, सुझाव दिया कि त्यौहारो के मद्देनजर और भी सुरक्षा व्यवस्था चौक-चौबंध की जाए। इसके लिए पेट्रोल पम्पों पर सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे, जिससे की होने वाली घटनाओं के खुलासे में मद्द मिल सके। इस मौके पर व्यापारी फरहत बेग सनी, भगवती गुप्ता, मनोज डोडेजा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### प्रेमचन्द्र दीक्षित का निधन

**सीतापुर।** नैमिष से दुखद खबर है। लाला राम नारायण सहगल इंटर कालेज के पूर्व प्रधानचार्य प्रेमचंद दीक्षित का बुधवार सुबह निधन हो गया है। उनके निधन से षिक्षा जगत के साथ ही समाज के सक्रिय तबके में षोक की लहर दौड़ गई। महंत बजरंग दास, पवन दास, अध्यापक अनिल सिंह, काली पीठाधीश गोपाल शास्त्री, पुजारी राज नारायण पाण्डेय, महंत मनीष शास्त्री ,महंत भरत दास आदि ने षोक व्यक्त किया है।



स्व. प्रेम दीक्षित

## महर्षि दधीचि अमृत महोत्सव का शुभारंभ



मिश्रिख-आरती करते पूर्व विधायक अनूप गुप्ता

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

● मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने किया कलश पूजन व आरती

**महर्षि दधीचि** अमृत महोत्सव का शुभारंभ 27 अक्टूबर को 7:00 बजे किया गया मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कलश पूजन व आरती कर विश्व विख्यात महर्षि दधीच स्मृति महोत्सव का शुभारंभ देर शाम कियागया महंत देवानंद गिरि ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व विख्यात महर्षि दाधीच महोत्सव का सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए 31 अक्टूबर तक चलेगा 28 व 29 अक्टूबर को रामचरितमानस पाठ देरशाम 7:00 बजे 30 अक्टूबर को भजन संध्या 31 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर सायंकाल तीर्थराज की आरती की जाएगी। इस मौके पर कपिल दीक्षित सूनील कश्यप शिव सागर यादव अभिषेक सिंह आदि भक्त उपस्थित रहे।

## सशक्त महिलाओं से समाज और सुदृढ़ बनेगा: एबीएसए

● बालिकाओं को बताए महिला अधिकार

संवाददाता। सीतापुर



सम्बोधित करते एबीएसए प्रभाष कुंवर श्रीवास्तव

**शासन द्वारा** चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गोंदलामऊ के कम्पोजिट विद्यालय बरोय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी प्रभाष कुंवर श्रीवास्तव ने कहा कि सशक्त बालिकाओं से सुदृढ़ समाज का निर्माण होगा, बालिकाओं को अपने अधिकार जानने चाहिए, शासन की तमाम योजनाएं संचालित है, बालिकाएं किसी भी सूरत में अत्याचार न सहे, चुप्पे तोड़े आवाज उठाएं, उन्होंने हेल्पलाइन नम्बरों के साथ जीवन कौशल की जानकारी दी। एसआई अनिल तिवारी ने कहा कि बालिकाओं को कोई भी असुविधा हो तो तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 112 पर सम्पर्क करें। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ऊषा देवी, प्रधानाध्यापिका कमला देवी ने भी बालिकाओं को उनके अधिकार बताए, कार्यक्रम का संचालन नगवा जैरामपुर प्राइमरी विद्यालय के अनिल कुमार ने किया। इस दौरान निमिषा, रमेश, मीना, जयपाल, अशोक कुमार, रामखेलावन, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## कोरोना से एक और मौत मिले सात नए मरीज

● अबतक जनपद में हुईं 62 मौतें, कुल केस हुए 6090

संवाददाता। सीतापुर

**जिले में** कोरोना और भी घातक होता जा रहा है। बुधवार सुबह पिसावां के बबुर्दीपुर में हरिकिषन सिंह की मौत लखनऊ के एरा अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। अब तक जिले में 62 मरीज कोरोना से दम तोड़ चुके हैं।

सीएचसी लहरपुर की ओर गांव पोंगलीपुर में जांच षिविर लगाया गया। इसमें 100 लोगों की कोरोना की जांच की गई, जिसमें 50 की एंटीजन किट के माध्यम से जांच की गई और 50 जांच एनटीपीसीआर द्वारा की गई। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने बताया की एंटीजन किट के माध्यम से की गई 50 लोगों की जांच में सभी नेगेटिव पाए गए हैं, एनटीपीसीआर की जांच की रिपोर्ट 2 दिन बाद प्राप्त होगी। सीतापुर में कोरोना रतार बुधवार को भी धीमी रही। 7 नए मरीजों की पहचान की गई। आरएमपी डिग्री कॉलेज में एक बार फिर 1 कोरोना मरीज मिला है। एक मरीज षहर के श्रीनगर कॉलोनी का है। एलिया, खैराबाद मछरेहटा, पिसावां व सिधौली में 1-1 केस मिला है। इसी के साथ जिले में 6090 कोरोना के मरीज हो गए हैं।





### डेंगू से गई जान

**सिधौली** कस्बे के साथ ही क्षेत्र में डेंगू का कहर बढ़ता जा रहा है। बुधवार को कस्बा निवासी एक युवक में डेंगू बुखार की पुष्टि हुई है। युवक का इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा है। बता दें क्षेत्र में अभी तक डेंगू से कई मौत हो चुकी हैं।

# कोई न रहे टेस्टिंग से वंचितः कमिश्नर

## मंडलायुक्त ने डीएम सीडीओ समेत चिकित्सा अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**बुधवार को** जनपद के नोडल अधिकारी मंडलायुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ रंजन कुमार ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन एकीकृत कोविड. कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में कांटेक्ट ट्रेसिंग, होम आइसोलेशन की निगरानी करने वाली टीमों से उनके कार्य दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने टीमों से उनके कामकाज के विषय में विस्तार से जानकारी हासिल की। होम आइसोलेशन की निगरानी कर रही टीमों द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले कार्यों को अनुरक्षित की जाने वाली पंजिका का भी अवलोकन किया।

इसके उपरांत नोडल अधिकारी ने डीएम शैलेंद्र कुमार सिंहए एसपी विजय ढुलए सीडीओ अरविंद सिंह की उपस्थिति में चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वार उनके कार्य दायित्वों के संबंध में जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अपने सम्मुख ही चिकित्सा अधिकारियों से कोविड पोर्टल खुलवा कर जनपद की अद्यतन स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि कांटेक्ट की ट्रेसिंग में तेजी लाए। केस के डिटेक्ट होते ही उसे आइसोलेट किया जाए।

उन्होंने कोविड चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों एवं चिकित्सीय सुविधाओंए क्रिटिकल कोविड संक्रमित मरीजों के संबंध में सीएमओ से जानकारी की। उन्होंने कहा कि सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सालयों में आईएलआई एवं सारी के मामलों की अनिवार्य रूप से कोविड.19 की जांच सुनिश्चित कराई जाए। जिले के सभी निजी चिकित्सालयों से प्रतिदिन आईएलआई एवं सारी केस की अद्यतन जानकारी अनुरक्षित कर तदनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। जनपद में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना एवं उसकी क्रियाशीलता के विषय में जानकारी हासिल की। स्वास्थ्य कर्मियों को शीघ्र पूर्ण प्रशिक्षित कराया जाए। जिससे उन्हें नवीन एवं अद्यतन जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि गुणात्मक उपचारए उपयुक्त सर्विलांस व उपचार में विलंब की रोकथाम से जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

सीएमओ ने कोविड के विभिन्न पहलुओ पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपना प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान उन्होंने ज़िले के पॉजिटिविटी रेट, प्रभावित आयु वर्ग, ट्रेसिंग के प्रकार एवं उसकी अद्यतन स्थिति सहित अब तक किए गए टेस्टिंग, सारी एवं आईएलआई की टेस्टिंग, साप्ताहिक रिपोर्टेड केसेस, कोविड-19 मृत्यु दर सहित मृत्यु का कारण के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कोविड केयर सेंटर जंगसड में एडमिट संक्रमित मरीजों हेतु अब तक क्या.क्या व्यवस्थाएं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डीएम ने बताया कि केयर सेंटर में गर्म पानी एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित उपलब्धता हेतु पर्याप्त मात्रा में मशीनें लगाई गई हैं। वही आईसीयू में एसी भी लगवाए गए।

बैठक में जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय ढुल, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल सहित एसीएमओ डा. आरपी दीक्षित व डा. बलवीर सिंह सहित चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## चौकी गोला में लम्बे समय से है तालाबंदी

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

**गोला कोतवाली** के साथ ही अंग्रेजों के शासनकाल में पुलिस चौकी गोला की स्थापना हुई थी इसके बाद से बार बार पुलिस चौकी का स्थान परिवर्तन होता रहा है। सुरक्षा को लेकर यह सबसे महत्वपूर्ण पुलिस चौकी थी पर अधिकारियों व कोतवाल की लापरवाही व भ्रष्ट कार्यप्रणाली के चलते यह लम्बे समय से पुलिस चौकी में तालाबंदी है।नागरिकों व व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक खीरी से तालाबंदी को खत्म करा कर इस पुलिस चौकी का खोया हुआ स्वरुप वापस दिलाने की मांग की है। गौरतलब हो कि इस पुलिस चौकी के क्षेत्र में प्राचीन शिव मंदिर व तीर्थ, चीनी मिल, तमाम राइस मिलें, पेट्रोल पम्प, सब्जी मंडी, मंडी समिति, सेंट्रल बेयर हाउस, भारतीय स्टेट बैंक व कारखाने हैं। इसके बावजूद आलाअधिकारियों की उपेक्षा का दंश

## कोतवाली पुलिस ने पकड़ा ईनामी बदमाश



**मोहम्मदी-खीरी।** पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल ने बताया कि 7 माह से हत्या के मामले में एक अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के माध्यम से उस पर 15 हजार का इनाम घोषित किया गया था। कल प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी तथा सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह रात्रि गश्त पर बिचपुरी गांव में थे। मुखबिर की सूचना पर ग्राम बौआ के समीप मसीहउल्लाह निवासी बेलातुरसिया को प्रभारी निरीक्षक और उनकी टीम ने गिरफ्तार किया है। उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है। 15000 के इनामियां को गिरफ्तार करने पर पुलिस उपाधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित पूरी टीम को बधाई दी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी, एसआई कपेंद्र कुमार सिंह, एसआई अरुण कुमार सिंह, आरक्षी नवनीत यादव और सत्येंद्र चौधरी प्रमुख रूप से रहे।

## दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मैलानी-खीरी।** मैलानी थाने के उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक विपिन कुमार सिंह व हमराह पुलिस कर्मियों ने पर अवैध शस्त्र रखने पर अंकुश लगाने हेतु चलाए गए अभियान के तहत शिवा उर्फ शिवसरन पुत्र राम नरेश निवासी ढाकन पुर थाना मैलानी जिला खीरी को ढाकनपुर गांव से आज सुबह तड़के गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान शिवा के कब्जे से एक अदद देशी नाजायज तमंचा 315 बोर व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर जेल भेजा दिया। पुलिस ने कि बताया उपरोक्त अभियुक्त को यदि समय रहते गिरफ्तार नहीं किया जाता तो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता था। इसी तरह मैलानी पुलिस ने राजीव पुत्र घनश्याम निवासी सुआबोझ के कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपिया में 17 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण भी बरामद कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरिक्षक विधा शंकर शुक्ला ने बताया कि इस समय अवैध कच्ची शराब कारोबारियों पर धरपकड़ का अभियान जोरों पर है।

### एनडीपीएस में भेजा जेल

**ढखेरवा-खीरी।** उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने मय हमराह कांस्टेबल मनप्रीतए कांस्टेबल प्रतिपाल कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार द्वारा रात्रि गश्त के दौरान हरदी नयापुरवा मोड़ पर अभियुक्त शिव शंकर चौहान उर्फ मुंडे पुत्र पैकरमा निवासी ग्राम नया पुरवा मजरा हरदी थाना धौरहरा के कब्जे से अवैध एनडीपीएस बरामद हुआ। उसको गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## एसडीएम ने लिया विवाद का संज्ञान मौके पर जाकर खुद करेंगी जांच

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**कोतवाली पसगवां** के महमदपुर ताजपुर में कर्बला के सामने दो यात्री प्रतिक्षालय बनाए जाने के प्रस्ताव की जानकारी पर लोगों ने नाराजगी जताई है। हालांकि अगस्त माह में ही ग्रामीणों ने डीएम व एसपी से धार्मिक आस्था को देखते हुए कर्बला की जमीन के सामने यात्री प्रतीक्षालय न बनाए जाने का अनुरोध किया था। ग्रामीणों का कहना था कि हर साल मोहर्रम और चेहलम में अकीदतमंद यहां ताजिये रखते हैं। मेले के साथ-साथ लंगर भी लगता है। यात्री प्रतिक्षालय बनने से जाने-अनजाने गंदगी फैलेगी। गुजारिश के बावजूद कर्बला की जमीन के सामने पीडब्ल्यूडी ने काम शुरु करना दिया। वहीं एक सहमति पत्र पर प्रधान सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं। जिस पर यात्री प्रतिक्षालय बनाने की बात कही गई है। लेकिन उस पर कर्बला के सामने यात्री पर साले बनाने का शपथ पत्र में कोई जिक्र नहीं है। ग्राम वासियों ने इसके खिलाफ एसडीएम को एक पत्र दिया। उपजिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से मामले को संज्ञान लेते हुए स्वयं इसको देखने की बात कही है।

## पराली न जलाएं किसानःएसडीएम

**औरंगाबाद-खीरी।** आगामी त्योहारों को लेकर मैगलगंज थाना क्षेत्र के चौकी औरंगाबाद पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी मितौली एवं क्षेत्राधिकारी मितौली की अध्यक्षता में किया गया। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि आप सभी आने वाले त्योहारों को आपसी सहयोग से मनाएं। त्यौहारों में शराब का सेवन न करें। परिवार के साथ मिलकर त्यौहार मनायें। एसडीएम ने किसानों से पराली न जलाने की अपील की। साथ ही पराली से होने वाली हानियां भी बताईं। जुर्माने का भी हवाला दिया। सीओ मितौली ने कहा कि आप सभी कोरोना महामारी को देखते हुए मास्क का उपयोग करें। साथ ही उचित दूरी बनाये रखे। कोतवाली प्रभारी चंद्रकान्त सिंह ने कहा कि त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस दौरान चौकी प्रभारी नीतीश भारद्वाज, अजय पांडे, विपिन गुप्ता, कल्बे हसन, सोनू शुक्ला व देवेंद्र बाजपेयी सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## चार दिन बाद भी लूट का खुलासा नहीं

### चोरों ने दौदापुर में दिया था दस लाख की चोरी की वारदात को अंजाम

### खुलासे के लिए चार टीमों का हुआ था गठन

### नीमगांव प्रभारी निरीक्षक ने जल्द खुलासे का दिया आश्वासन

संवाददाता । बेहजम-खीरी

**दौदापुर गांव** में संपन्न किसान के घर लुटेरों द्वारा करीब दस लाख की लूट को अंजाम दिया गया था। चार दिन बीत जाने के बाद खुलासे में लगी टीमें किसी नतीजे पर नहीं पहुंचीं। बताते चलें कि थाना नीमगांव के दौदापुर गांव के संपन्न किसान रविंद्र सिंह के यहां अज्ञात चोरों ने रात्रि गश्त पर सवालिया निशान लगाते हुए दस लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। क्षेत्रीय पुलिस इस घटना के खुलासे के लिए कोई दिलचस्पी नहीं ले रही।

घटना के 4 दिन बीत जाने के बाद भी पीड़ित के पास स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी के द्वारा घटना के खुलासे को लेकर दिलचस्पी दिखाना तो दूर की बात पीड़ित का खौफ दूर करने के लिए एक भी बार गांव जाना भी मुनासिफ नहीं समझा गया। जब लुटेरे गांव के बाहर खेतों में बक्से व पीड़ित की लाइसेंसी बंदूक को डाल कर फरार हो गए थे। खोजबीन में खेतों से बरामद लाइसेंसी बंदूक व बक्सों को आखिर स्थानीय पुलिस के द्वारा क्यों उठवा कर पीड़ित के घर रखवा दिए गए। एक बहुत बड़ा सवाल पुलिस पर उठता नजर आ रहा है। स्थानीय पुलिस के द्वारा आखिर क्यों पुलिस महकमे को गुमराह किया गया।

फारेंसिक एक्सपर्ट व डाग स्क्वाड टीम को क्यों बुलाया गया। साथ ही इन टीमों को घटनास्थल से बरामद बक्से, बंदूक व सामान को जब स्थानीय पुलिस वहां से उठा लिया तो कैसे इन वैज्ञानिक टीमों को साथ जुटाने में सफलता मिलेगी? आखिर इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक विजय ढुल की नीति क्षेत्रीय पुलिस के असहयोग के चलते घटना के खुलासे में लगी टीमें 4 दिन बीत जाने के बावजूद भी कोई सफलता की सीढ़ी दिखाई नहीं दे रही है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नीमगांव गजेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया गया। इसमें संदिग्धों की धरपकड़ जारी है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### जयन्ती पर निकाली जा रही शोभा यात्रा का हुआ स्वागत

**खागा (फतेहपुर)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल फाउंडेशन द्वारा उनके जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर जिले भर में निकाली जा रही शोभा यात्रा आज नगर में चौक चौराहे में पहुंचीं। जहाँ पर व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल व चेयरमैन श्रीमती गीता सिंह व भाजपा के जिला पदाधिकारी विधायक पुत्र विकास पासवान एवं समाजसेवी रामचंद्र सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं नगर के व्यापारी व भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा यात्रा का भव्यता के साथ में स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से व्यापार मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, महामंत्री अनिल साहू, मंत्री मनोज शुक्ल, दिनेश द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष धीरज मोदनवाल, अतुल साहू, संरक्षक डॉ0 शमीम अहमद, अब्दुल हफीज, युवाध्यक्ष विजय अग्रहरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुपम शुक्ल, मंत्री शानू वारसी, मनोज सक्सेना, कुश द्विवेदी, महिलाध्यक्ष माया शिवहरे, उपाध्यक्ष रिंकी केशरवानी, बेबी केशरवानी, मंत्री राजकली पासवान आदि मौजूद रहीं।

### विधायक ने सीएम विवेकाधीन कोष से दिलायी मदद

**फतेहपुर।** राजकुमार पुत्र सुखराम निवासी ग्राम भलेवां पोस्ट अहेवा तहसील व जनपद के परिजनों ने सदर विधायक विक्रम सिंह को बीमारी का प्रकरण बताया। बताया कि उसको ब्लड कैंसर सम्बन्धी गम्भीर बीमारी है तथा गत समय से उपचार रिजेन्सी हॉस्पिटल कानपुर में चल रहा है। इन्होनें बताया कि उपचार में काफी रूपये लगा दिया है। अब इनके पास उपचार कराने के लिये रूपये नहीं है। सदर विधायक ने इनके उपचार के समस्त कागजात देखे और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता के लिये पत्र लिखे एवं मुख्यमंत्री से स्वयं मिलकर अविलम्ब उपचार हेतु आर्थिक सहायता दिये जाने का निवेदन किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रकरण में त्वरित जांच कराकर राजकुमार को दो लाख पचास हजार रुपये की धनराशि उपचार हेतु सम्बन्धित चिकित्सालय को अपने विवेकाधीन कोष से सहायता उपलब्ध करा दी और विधायक को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया। सम्बन्धित चिकित्सालय में धन पहुँचने के उपरान्त परिजनों ने सदर विधायक व मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

### स्थापना दिवस के अवसर पर वितरित की औषधि

**फतेहपुर।** सेंट एल.के. पंथारी पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज ग्राम0 भैरवाँ के स्थापना दिवस के अवसर पर यूथ आइकान समाजसेवी डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में गाँव के दो सैकड़ा से अधिक पुरूषों, महिलाओं और बच्चों को कोरोना महामारी के विरुद्ध रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होमियोपैथिक औषधि वितरित की गयी साथ ही सभी को बचाव हेतु दो गज की दूरी, मास्क की अनिवार्यता एवं साबुन से हाथ धुलने हेतु जागरूक भी किया एवं सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा ग्रामीण जनता को शिक्षा के प्रति जागरूक करने एवं पढ़ने लिखने के प्रति प्रोत्साहन हेतु स्व0 राम नाथ पंथारी ग्रामीण जनता लाइब्रेरी का शुभारंभ समाजसेविका सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती पद्मिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर रवींद्र नाथ पंथारी पूर्व वरिष्ठ प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक, राजेन्द्र कुमार पंथारी, केतकी पंथारी, राजेश कुमार, अभिनव श्रीवास्तव के साथ-साथ गाँव के नागरिक आदि उपस्थित रहे।

### ट्रेन मे पान मसाला बेचने वाली महिला हुई गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**बरेली।** स्पेशल ट्रेनो मे वेटिंग या बिना टिकट कोई यात्री प्रवेश नही कर सकता है। वही एक महिला पान मसाला बेचते हुए शाहजहांपुर से बरेली तक आ गई। जंक्शन पर आरपीएफने उसे पकड़ लिया। पूछताछ की गई, उसने बताया, वह शाहजहांपुर से ट्रेन मे सवार हुई थी। किसी ने भी उसे नही रोका। आरपीएफने महिला के खिलाफसात धाराओ मे मुकदमा दर्ज किया है। उसे जेल भेजने की तैयारी है। आरपीएफने बताया कि महिला मढ़ीनाथ की रहने वाली पूजा कई साल से ट्रेन मे पान मसाला बेचकर गुजारा करती है।

### दुष्कर्म मे कराया था मुकदमा, अब हुआ समझौता

**बरेली।** मीरगंज क्षेत्र के गांव की किशोरी को शादी का झांसा देकर गांव का युवक रात मे अपने घर ले गया। अगले दिन किशोरी कस्बे के नजदीक रोड किनारे बदहवास मिली। किशोरी ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर थाने मे मुकदमा दर्ज करा दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी को तलाश कर रही थी। पुलिस को आरोपी के छिपने के ठिकाने की जानकारी हुई। भनक लगने पर कुछ लोग दोनो पक्षो मे समझौता कराने मे जुट गए। लोगो ने दोनो पक्षो को एक साथ बैठाकर पीड़िता की युवक से शादी कराने का आश्वासन देकर समझौता करा दिया। आश्वासन पर पीड़िता के परिजन सहमत हो गए। मध्यस्थ ने समझौते से पुलिस को अवगत करा दिया। एसओ विजय कुमार ने बताया कि आरोपी अभी फरार चल रहा है। पुलिस पीड़िता के कोर्ट मे बयान करने की कार्रवाई कर रही है। पीड़िता के बयान कराने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## खेत में शस्त्र बनाते दो लोग गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान अरेस्टिंग क्रिमनल्स के अंतर्गत थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम सूचना के आधार पर बाडीगांव तिराहे के पास गन्ने के खेत से दो लोगो को अवैध शस्त्र बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस को इनके कब्जे से भारी मात्रा मे निर्मित व अर्द्धनिर्मित तमंचे के साथ ही बनाने के उपकरण बरामद किये। इस सम्बन्ध मे थाना रामचन्द्र मिशन पर मु0अ0सं0 435ध्2020 धारा 5ध्25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया गिरफ्तार किए गए अनस पुत्र सरदार खां व माशूक खां पुत्र फैज मोहम्मद बाडीगांव थाना रामचन्द्र मिशन के निवासी है। आरोपियों के पास कई तमंचे व कारतूस बरामद हुए है। पुलिस टीम में व.उ.नि. विनोद कुमार, उ.नि. सुशील कुमार विश्नोई, हे.का. ओमकार सिहं, का. गीतम सिंह, नवल चौधरी, आकाश वर्मा, शिवम चौधरी, दिपांशू मौजूद रहे।

### पुलिस ने टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया

थाना जलालाबाद जलालाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फर्रूखाबाद रोड पर बझेडा तिराहा के पास से टॉप.10 बदमाश सर्वेश पुत्र देवनारायणके कब्जे से 05 किग्रा0 अफीम डोडा व एक अवैध तमंचा बरामद किया गया

गिरफ्तार अभियुक्त सर्वेश के कुख्यात बदमाश है। बदमाश द्वारा लूट डकैती हत्या का प्रयास जैसे जघन्य अपराध कारित किये है । उक्त बदमाश पर दर्जन भर से ज्यादा अभियोग पंजीकृत है । उक्त बदमाश की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा टॉप.10 की सूची मे शामिल किया गया था ।

### दवा छिड़काव की मांग

**फतेहपुर।** मलवा विकास खण्ड के रेवाडी गाव निवासी भाजपा युवा नेता अजीत सैनी ने आईजीआरएस पोर्टल मे शिकायत कर गांव मे बीमारियो से बचाव के लिये दवा छिड़काव की माग किया था। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अरुण द्विवेदी ने कहा एएनएम

## प्रमुख सचिव ने कोरोना मोबाइल टेस्टिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



संवाददाता। शाहजहांपुर

**प्रमुख सचिव** जितेन्द्र कुमार ने कोविड-19 के सैम्पिल के लिए नगर निगम के कोविड-19 मोबाइल टेस्टिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया मोबाइल टेस्टिंग वैन से डोर-टू-डोर कोरोना संक्रमित व्यक्तियो की जॉच कर सैम्पल लिए जायेगें। वैन का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, की देख-रेख में किया जायेगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा इस वैन से षहरी क्षेत्र के निवासियो को कोरोना से सम्बन्धित लक्षण दिखने पर उनके घर पर ही सैम्पल एकत्रित किया जा सकेगा। कोरोना गाइड लाइन के अनुसार एकत्रित सैम्पल को सुरक्षित तरीके से जॉच के लिए लैब तक पहुँचाया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती प्रेरणा षर्मा, नगर आयुक्त महोदय संतोश कुमार षर्मा उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव ने मलिन बस्ती का निरीक्षण किया नोडल अधिकारीध्प्रमुख सचिव जितेन्द्र कुमार ने भारतद्वाजी की मलिन बस्ती का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर भ्र लोगो से सम्पर्क वहॉ की साफ-सफाई एवं पेयजल,पथ प्रकाष की व्यवस्था की जानकारी ली। प्रमुख सचिव जितेन्द्र कुमार ने साफ-सफाई के साथ ही मलिन बस्ती के साथ साथ पूरे नगर की नालियो,गलियो आदि की नियमित रूप से साफ-सफाई के आदेश के साथ ही नियत अन्तराल पर कीटनाषक दवा का छिड़काव करने के आदेश दिए।

## अलग-अलग मार्ग दुघर्टनाओं में युवक व महिला की मौत

संवाददाता। फ्तेहपुर


**किशनपुर व** गाजीपुर थाना क्षेत्रों में मंगलवार की देर रात हुई दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक महिला व एक युवक की जान चली गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।किशनपुर थानाध्यक्ष पंधारी सरोज ने बताया कि क्षेत्र के शिवपुर गांव के पास मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे खागा से निमंत्रण में शामिल होकर वापस अपने गांव जा रहे बाइक सवार खेमकरनपुर गांव निवासी जय सिंह 27 वर्ष पुत्र सुमेर सिंह, मांघी सिंह 21 वर्ष पुत्र संतोष सिंह निवासी कटोघन व 17 हरीशंकर पुत्र ननका निवासी इटोलीपुर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी हरदों भेजा। जहां से हरिश्चंद्र को अधिक चोट होने के कारण जिला अस्पताल रिफर किया गया। जहां उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि मृतक जय सिंह के शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन कराया गया। दूसरा सड़क हादसा बांदा-बहराइच राजमार्ग पर नीलम पेट्रोल पंप के सामने रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ। गाजीपुर थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि मंगलवार की देर रात करीब साढ़े आठ बजे थाना क्षेत्र के चक रसूलपुर गांव निवासी परित्यक्ता देववती 40 वर्ष अपने भतीजे राज कुमार 30 वर्ष के साथ राधानगर इलाके से निमंत्रण में शामिल होकर बाइक से वापस गांव जा रही थी। तभी सामने विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। घायल राजकुमार को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज किया जा रहा है।

## सफाई कर्मियों की समस्याओं का हो निस्तारणः श्यामलाल वाल्मीकि




**संडीला ( हरदोई )।** प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्यामलाल वाल्मीकि ने सफाई कर्मियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के आदेश दिये। नगर पालिका परिषद में श्यामलाल वाल्मीकि ने सफाई कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संविदा अथवा ठेके पर काम करने वाले सफाई कर्मियों को प्रतिमाह नौ हजार रुपये देने के निर्देश दिये हैं। इस धनराशि में यदि कहीं कोई हेरफेर की जाती है तो ऐसे लोगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री गंभीर हैं प्रधानमंत्री ने सफाई कर्मियों के पैरों को धोकर यह सिद्ध कर दिया है कि उनके मन में वाल्मीकि समाज के प्रति कितना सम्मान है। उन्होंने अधिकारियों से कहा ि कवे सफाई कर्मियों की समस्याओं के निस्तारण में ढिलाई न बरते औंर तत्काल उनका निस्तारण करें इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ला, सफाई नायक श्याम प्रकाश, विजय आदि मौजूद रहे।

## पटरी दुकानदारों के साथ वर्चुवल संवाद कार्यक्रम



संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिला अधिकारी** इंद्र विक्रम सिंह ने लाभार्थियो को ऋण प्रमाण पत्र वितरित कर रोडपटरी दुकानदारों को मेहनत से कारोबार कर परिवार का सहारा बनने की सलाह दी कोविड-19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये उठाये गये कदमो विषेश कर लॉकडाउन में रोड पटरी दुकानदारों के व्यापार एवं जीवन पर पड़े असर के बाद पीएम स्वनिधि की योजना के तहत षहरी पथ विक्रेताओ को 10 हजार रूपये का ऋण उपलब्ध कराया गया जिले में नगर निगम,ने 9481 पथ विक्रेताओ में से 6344 पथ विक्रेताओ द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आनलाइन आवेदन किया गया,जिनमें से 3986 पथ विक्रेतओ की ऋण स्वीकृत की गई जिसके सापेक्ष 3261 पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पथ विक्रेताओ के साथ वर्चुवल संवाद किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्षन के राश्ट्रीय चौनल के साथ-साथ ट्विटर,फेसबुक,यू-टूयूब आदि माध्यमो पर किया गया। यह कार्यक्रम जनपद-षाहजहॉपुर में एन0आई0सी0 में देखा गया इस अवसर ऋण प्राप्तकर्ता पथ विक्रेताओ, टाउन वेडिंग के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष,अजय यादव जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह श्रीमती रेनू, श्रीमती कंचन सक्सेना, श जावेद अली, श्रवण कुमार एवं अरूण कुमार आदि लाभार्थियो को ऋण प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

### डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

# खराब फर्श देखकर भड़के

## जांच के दिये आदेश

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** डा. दिनेश चन्द्र ने कलेक्टेऊट कार्यालय के समीप स्थित इवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने इवीएम, वीवीपैट गोदाम का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध इवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के संबंध में जानकारी की। साथ ही खराब इवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के संबंध में चुनाव आयोग को जानकारी दिए जाने के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गोदाम के अन्दर कार्य नहीं होने की पर बाहर से बिजली काट दी जाए। जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। वहीं कक्ष की फर्स खराब हो जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यदायी संस्था के विरूद्ध जांच के निर्देश दिये तथा फर्स को ठीक को ठीक कराने के निर्देश भी दिये । वहीं नये निर्माणाधीन वीवीपैट निर्वाचन कार्यालय को शीघ्र कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि वीवीपैट निर्वाचन कार्यालय को हैण्डओवर कर दे जिससे कि निर्वाचन का कार्य सही प्रकार से किया जा सके। जहां कही काम बाकी है उसे समय से पूर्ण कराये तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के समय एडीएम प्रशासन पंकज वर्मा, पीडी दिनेश यादव, निर्वाचन से रामसेवक वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**फर्रूखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र में एक मकान के चल रहे निर्माण कार्य की मजदूरी करने वाले एक युवक श्रमिक की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी।

पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दीनदयाल बाग में एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसमें कन्नौज जिले के ग्राम अरबल करनपुर का निवासी 25 वर्षीय गोविन्द मजदूरी का कार्य कर रहा था। आज बुधवार को मजदूर गोविन्द जब लोहे की सरिया चढ़ाकर ऊपर रख रहा था। तभी अचानक सरिया समीप से निकली विद्युत हाईटेंशन लाइन से छू गई। जिससे मजदूर गम्भीर रूप से अचेत होकर गिर गया। इसके बाद उसे डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्तपाल ले जाया गया। जहां उसे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# व्यापारी ने दुकान में फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

संवाददाता। इटावा

**कोतवाली** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नौरंगाबाद पुलिस चौकी के चंद कदमों पर अनीश टायर नाम के दुकान मालिक ने घर से आकर दुकान पर गले में रस्सी का फंद्मा डालकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी जब आसपास के दुकानदारों ने देखी तो हो ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना सुबह नौरंगाबाद पुलिस चौकी के पास मोहल्ला नौरंगाबाद अनीश टायर के मालिक अनीश पुत्र आस मोहम्मद उम्र 50 साल सुबह प्रतिदिन की तरह अपने घर से आए और उन्होंने दुकान खोली दुकान खोलने के बाद दुकान के अंदर जाकर उन्होंने गले में रस्सी का फंद्मा डालकर आत्महत्या कर ली आसपास के दुकानदारों ने जब दुकान के अंदर चहल.पहल तथा किसी को नहीं देखा तो उन्होंने अंदर जाकर देखा तो अनिल फांसी के फंद्दे पर झूल रहे थे घटना की जानकारी तुरंत उनके परिजनों तथा पुलिस को दी गई पड़ोसियों दुकानदारों ने बताया कि अनीस के 4 पुत्र और दो पुत्रियां हैं एक पुत्र की शादी हो चुकी है और अभी हाल में ही दूसरी पुत्री की शादी होने को है घटना की जानकारी मिलते ही घर में मातम का माहौल छा गया।

### युवक ने लगाई फांसी

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम परसौआ में बीएससी के एक छात्र ने पुलिस के आने के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवम पुत्र संजीव कुमार कठेरिया उम्र लगभग 20 वर्ष अपने घर पर था। उसके परिवारिक भाई.बहन के बीच आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया उसने विवाद को रोकने के लिए दोनों के बीच पड़कर मामला शांत करना चाहा लेकिन बहन थाने चली गई उसे यह नागवार गुजरा । परिवार के लोगों ने बताया कि इसके बाद वह बड़बडाने लगा कि अब पुलिस आएगी हम को गिरफ्तार करेगी मेरा भविष्य चौपट हो जाएगा नौकरी नहीं लगेगी इस तरह की बातें करने लगा था। बाद में पता चला कि उसने घर के अंदर कमरे में जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक मेधावी छात्र था तथा तीन बहनों में अकेला भाई था। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह घटना की जानकारी होते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे थे।

# परामर्श केंद्र पर साले बहनोई में मारपीट, चार गिरफ्तार

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**मायके** से पत्नी को विदा न कराने पर ससुरालीजनों और मायके के लोगों के बीच विवाद चल रहा है। बुधवार को दोनों पक्षों को समझौते के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निकट महिला परामर्श केंद्र पर बुलाया गया था। यहां पर साले-बहनोई के बीच मारपीट हो गई। एसओजी टीम ने चार लोगों को पकड़कर फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कस्बा अमृतपुर निवासी सर्वेश गुप्ता ने अपनी पुत्री रीना की शादी डेढ़ वर्ष पहले कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के बगिया निवासी कोटेदार मनोज गुप्ता के पुत्र प्रियांश से की थी। शादी के बाद रीना मायके आकर रहने लगी। इसके बाद ससुरालीजनों ने रीना की विदा नहीं कराई। जिस पर रीना के स्वजनों ने महिला परामर्श केंद्र पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। मंगलवार को प्रियांश अपने पिता मनोज और रीना अपने पिता सर्वेश, मां निर्मला और भाई पवन गुप्ता के साथ महिला परामर्श केंद्र पहुंची। यहां पर दोनों पक्षों की बात सुनी गई, लेकिन दोनों पक्षों में समझौते की बात नहीं बन सकी। दोनों पक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर आ गए। यहां पर दोनों में नोकझोंक होने लगी। इस दौरान प्रियांश और पवन में मारपीट हो गई। एसओजी टीम ने दोनों पक्षों को अलग-अलग कर सर्वेश, उनके पुत्र पवन और मनोज व उनके पुत्र प्रियांश को पकड़ कर फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली के कार्यवाहक प्रभारी सुरेश चंद्र ने बताया कि हिरासत में लिए गए चारों लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक वर्ग के खिलाफ हमलावर है सूबे की योगी सरकार: बसपा महासचिव

**घाटमपुर।** आज नगर के कानपुर रोड पर स्थित गांधी विद्यापीठ के मैदान में बसपा प्रत्याशी कुलदीप संखवार के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संवोधित करते हुए बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एंव राज्य सभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्रा ने भाजपा व कांग्रेस को जमकर कोसा तथा योगी सरकार पर एक वर्ग पर हमलावर होने का आरोप लगाया। बसपा नेता ने केंद्र और प्रदेश की सरकारों पर वादा खिलाफी करने की बात कहते हुए कहा कि रामराज्य लाने का वादा किया था पर पर चारो ओर जंगल राज नजर आ रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मुनकद अली ने भी संबोधित किया, प्रदेश अध्यक्ष ने बसपा को सर्ब समाज का दल बताया। जनसभा दौरान भाजपा के जिला पंचायत सदस्य राजनरायन कुरील अपने तमाम साथियों के साथ बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा के सामने भाजपा से नाता तोड़ कर बसपा में शामिल हो गये, उनके साथ रामआसरे पाल, रामसागर पाल,रघुबीर सिंह कुशवाहा और पियुश कुशवाहा भी बसपा में शामिल हुए ।

# एबीवीपी ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला छात्रा प्रमुख राशि अग्रवाल एवं सह जिला छात्रा प्रमुख कल्पना त्रिवेदी के नेतृत्व में महिला सुरक्षा, महिला उत्पीड़न एवं महिला सशक्तिकरण के मामले को लेकर एक आठ सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेंट किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध एवं उत्पीड़न को रोकने के लिये कठोर कानून बनाये जाने के मामले को लेकर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला छात्रा प्रमुख राशि अग्रवाल एवं सह जिला छात्रा प्रमुख कल्पना त्रिवेदी के नेतृत्व में परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण फतेहगढ़ ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम के समीप एकत्र हुये और यहां से मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन करते हुये कलेक्ट्रेट भवन पहुँचे। जहां अपनी मांगों को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुये उन्होने 11 बजे महिला सुरक्षा, महिला उत्पीड़न एवं महिला सशक्तिकरण के मामले को लेकर एक आठ सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेंट किया गया।

प्रवक्ता के अनुसार भेंट किये गये ज्ञापन में मुख्य मांग महिलाओं पर होने वाले लैंगिंक भेदभाव के आधार पर होने वाले अपराध एवं कन्या भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, बालिकाओं की छेड़छाड़ का मामला, यौन उत्पीड़न आदि के मामलों को लेकर कठोर कानून बनाने की मांग की गई। इसके साथ ही कोविड-19 की वजह से पिछले सात माह से बन्द स्कूलों को पुन: खोले जाने के निर्णय का स्वागत करते हुये ज्ञापन में छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिये प्रत्येक विद्यालय व महाविद्यालय पर महिला सिपाहियों की तैनाती की मांग की गई। इस मौके पर अंजली गुप्ता, कल्पना, सोनम बाथम, रूचि शुक्ला, राशि, वंशिका, खुशबू कुशवाहा, जिला संयोजक शिवम कुशवाहा, नगर उपाध्यक्ष संजीव बाथम, नगर मंत्री आकर्ष मिश्रा, नगर सह मंत्री शिवा त्रिवेदी, सन्टू मिश्रा, प्रान्जुल तिवारी, आयुष वर्मा, कौशल सिंह, अनुराग कनौजिया, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला नवजात शिशु का शव

**फर्रूखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में रेललाइन के निकट एक नवजात फेंके गए शिशु का शव पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि कमालगंज थाना क्षेत्र में जवाहर नगर के समीप फर्रूखाबाद से कानपुर जाने वाली रेलवे ट्रैक के निकट एक नवजात मृत शिशु का शव लोगों ने पड़ा देखा। जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस उपनिरीक्षक संजय यादव मौके पर पहुँचे और उन्होने शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस का अनुमान है कि नवजात मृतावस्था में मिला। शव समीपवर्ती किसी अस्पताल से फिकवाया गया। घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवा दिया गया। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले की जांच गहनता के साथ शुरू कर दी। वह एक साथ कई संभावनाओं के मद्देनजर अपनी जांच कर रही है।

## विपक्षी ने घर में घुसकर दी धमकी

**फर्रूखाबाद।** शमसाबाद थाना क्षेत्र में विरोधी पक्ष के लोगों ने एक रिश्तेदार की मदद एवं पैरवी करने वाले परिवारीजनों के घर में घुसकर नानाप्रकार से जान-माल का नुकसान पहॅुचाने की की धमकियां दी।

पुलिस के अनुसार शमसाबाद के मोहल्ला सैदवाड़ा निवासिनी फरजाना पत्नी रजी ने थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उसके पति रजी अपने रिश्तेदार शमीम के निकास के मामले को लेकर चल रहे मोहल्ले में विवाद को शांति कराने के लिये पैरवी कर रहे हैं लेकिन विपक्षियों ने खुन्नस में आकर मंगलवार रात्रि करीब 10 बजे प्रार्थिनी के पति जब घर पर नहीं थे। तो अचानक घर में घुसकर जान-माल से नुकसान पहॅुचाने की धमकियां दी। इसके साथ ही तहरीर में विपक्षीगणों में कुवंरजीत, तारिक, खलील, नदीम आदि लोग डंडे व तमंचे लेकर घर के अन्दर घुसने का आरोप लगाते हुये अपने रिश्तेदार की पैरवी करने से मना करने पर जान-माल की धमकियां दी गई।

### झोपड़ी में आग लगने से नकदी, जेवर व सामान जला

**फर्रूखाबाद/शमसाबाद।** कटरी क्षेत्र के गांव अचानकपुर में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखी नकदी, जेवर व अन्य सामान जल गया। गांव अचानकपुर निवासी दिवारीलाल परिवार समेत झोपड़ी में रहते हैं। दिवारीलाल पत्नी सुमन व बच्चों के साथ खेत पर काम कर रहे थे। बुधवार दोपहर झोपड़ी में अचानक आग लग गई। जब तक वह मौके पर पहुंचे, तब तक झोपड़ी में रखा सब कुछ जल चुका था। दिवारीलाल ने बताया कि झोपड़ी में ही पूरी गृहस्थी थी। उन्होंने बताया कि झोपड़ी में रखे 2,400 रुपये, सोने व चांदी के जेवर, गेहूं, कपड़े सब कुछ जल गया। अब खाने और पहनने के लिए भी कुछ नहीं बचा। दिवारीलाल के छह बच्चे हैं। थानाध्यक्ष आरके रावत मौके पर पहुंचे तथा पीड़ित को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। प्रधान से भी पीड़ित के भोजन की व्यवस्था के लिए कहा गया है। बच्चों के खेल में आग लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### ई-लोक अदालत आयोजन को सफल बनाने को बैठक, लिए गये निर्णय

# सुलह-समझौते से निपटाएं मामले



संवाददाता। कानपुर देहात

**उप्र** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर दिनांक 1 नवंबर 2020 को मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ई-लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज अभिकरण के अध्यक्ष व पीठासीन अधिकारी जितेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में प्री-ट्रॉयल बैठक एम0ए0सी0टी0 न्यायालय,कानपुर देहात के भवन में हुई।

बैठक में उपस्थित बीमा कंपनियों व परिवहन निगम के प्रतिनिधियों तथा पीड़ित पक्ष एवं अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए अधिकरण के अध्यक्ष ने कहा कि मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराएं। इससे समय की बचत व न्यायालय पर बोझ कम होगा। साथ ही पक्षकारों को अनावश्यक भागदौड़ व खर्च भी नहीं करना पड़ेगा। उन्होनें कहा कि जिन मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर होना है उनका समझौता प्रपत्र अभिकरण कार्यालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के कार्यालय में अविलम्ब जमा करा दें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात की सचिव सोनाली पूनिया द्वारा बताया गया कि आज की प्री-ट्रॉसल की. बैठक में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 07 मामलों की निस्तारण की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार पाण्डेय, संजय प्रताप सिंह सचान, राजाराम कटियार, विवेक मिश्रा, विकास मिश्रा, रमेश श्रीवास्तव अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी का नोट बांटने का वीडीओ हुआ वायरल, मचा हड़कम्प

**घाटमपुर।** कमलरानी वरुण के निधन के बाद हो रहे उप चुनाव में जहाँ सभी दलों का एक दूसरे को पछाड़ने के लिये चुनावी घमासान मचा हुआ है वही चुनाव प्रचार के दौरान कॉग्रेस प्रत्याशी कृपाशंकर द्वारा बोट के बदले नोट देने का एक बीडिओं वायरल हो रहा है, बीडिओं में प्रत्याशी कृपाशंकर एक गांव में जनसंर्म्पक के दौरान एक ग्रामीण के गले मिलने के बाद जेब से रुपये निकलकर देते हुए दिखाया जा रहा है। बीडिओं पूर्ब सांसद राजाराम पाल भी प्रत्याशी के साथ चल रहे है। दोपहर बाद वायरल हुए इस बीडिओं से हड़कम्प मचा हुआ है और कस्बे के होटलों और जल-पान की दुकानों में चर्चा का बिषय बना हुआ है। उधर वायरल हो रहे बीडिओं को लेकर पूर्ब सांसद राकेश सचान का कहना है कि प्रत्याशी रुपये नही प्रचार सामग्री दे रहे हैं जो प्रत्याशी का अधिकार है पूर्ब सांसंद राकेश सचान का ये भी कहना था कि कांग्रेस प्रत्याशी को ब्यापक समर्थन मिलने व जीत सुनिश्चित जान बिरोधी ओछे हथकंन्डे अपना रहे है पर इससे मतदाता पर कोई असर पड़ने वाला नही है।

# प्रदेश की तकनीकी शिक्षा डिजिटल प्रक्रिया की ओर

संवाददाता। कानपुर देहात

**भारत** सरकार की डिजिटल इण्डिया के अनुक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा एवं निर्देशन में प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा अन्तिम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा (अन्तिम वर्ष) बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा सितम्बर, 2020 परीक्षा के प्रश्नपत्रों का प्रथम बार डिजिटल रूप में (ऑनलाइन) संप्रेषण परीक्षा केन्द्रों पर सफ्लतापूर्वक किया गया। प्रदेश के 186 परीक्षा केन्द्रों पर 25 सितम्बर से 12 अक्टूबर, 2020 के मध्य संचालित परीक्षा में 75000 परीक्षार्थियों ने सम्मिलित होकर निष्पक्ष ढंग से ऑनलाइन परीक्षा दी है।

डिजिटली परीक्षा कराने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के संप्रेषण का होता है। परीक्षा केन्द्रों को ऑनलाइन प्रश्नपत्र संप्रेषित किये जाने की प्रक्रिया से परिचित कराने के लिए ए0के0टी0यू0 लखनऊ के सहयोग से लगातार मॉक टेस्ट की प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें ऑनलाइन प्रश्नपत्र संप्रेषण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये। प्रदेश में 103 राजकीय, 18 अनुदानित एवं 65 निजी क्षेत्र की कुल निर्धारित 186 परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन परीक्षा सम्पादित की गई। डिजिटल परीक्षा कराने पर काफी राजस्व और समय की बचत भी हुई। क्योंकि ऑफ्लाइन परीक्षा कराने से प्रिंटिंग प्रेस से प्रश्नपत्र छपवाना, उसे सुरक्षा में परीक्षा केन्द्रों तक भेजने के लिए वाहन की व्यवस्था, कार्मिक लगाना आदि कार्यों में धन एवं समय लगता है। ऑनलाइन परीक्षा कराने से भारी मात्रा में राजस्व की बचत हुई साथ ही समय की भी बचत हुई और परीक्षा कार्य में लगे कार्मिकों को भी सुविधा हुई।

प्रदेश में उत्तर पुस्तिकाओं को पहली बार डिजिटल मूल्यांकन पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया जा रहा है। इससे मूल्यांकन केन्द्रों पर भारी वाहन से उत्तर पुस्तिकाएं भेजने पर जो धनराशि व्यय होती थी, अब उस धनराशि की बचत होगी। डिजिटल मूल्यांकन पद्धति अपनाने से मूल्यांकन केन्द्रों पर परीक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। परीक्षक अपनी परीक्षक लॉगिन आई0डी0 से प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अपनी सुविधानुसार कहीं से भी कर सकते हैं।

प्रदेश सरकार ने कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2020-21 की 23 जनपदों में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराया है। पॉलिटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा के इतिहास में पहली बार 15 सितम्बर, 2020 को 23 जनपदों के निर्धारित 117 परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 20827 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। ऑनलाइन परीक्षा होने से रिजल्ट भी शीघ्र आ गया है। ऑफ्लाइन परीक्षा भी प्रदेश के 75 जनपदों के 927 परीक्षा केन्द्रों पर कराई गई थी। प्रदेश सरकार द्वारा प्राविधिक शिक्षा की इस वर्ष की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की सफ्लता को देखते हुए अगले वर्ष की सम्पूर्ण प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन कराने की व्यवस्था कर रही है। डिजिटल इण्डिया की ओर प्रदेश के बढ़ते कदम से काफी राजस्व व समय की बचत होगी।

# प्रशासनिक अधिकारी को बीस सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

संवाददाता। फर्रूखाबाद

**सेवानिवृत्त** कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शेषनारायण सचान के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में अपनी 20 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया गया। बाद में प्रशासनिक अधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। यहां दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि पेंशनर्स के राशिकृत के मूलधन की वापसी आज वर्ष माह में पूरी हो जाती है। किन्तु कटौती 15 वर्ष तक की जाती है। 10 वर्ष के बाद राशिकृत पेंशन बहाल करने की कृपा करें। अंशदायी पेंशन व्यवस्था स्वनिवेशित धन वापसी योजना है। इसे समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाये। 01/04/2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिये पारिवारिक पेंशन का विकल्प दिये जाने पर उनके द्वारा टीयर वन खाते में जमा धनराशि सरकार जप्त कर लेती है। इस राशि को मृतक आश्रित को दिया जाये। 01 जनवरी 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पुर्निरीक्षण से संबंधित शासनादेश का तत्काल अनुपालन कराया जाये। दैनिक वर्कचार्ज, तदर्थ, अंशकालिक व संविदा के रूप में की गई सेवाओं को सेवानिवृत्ति लाभ पेंशन के लिये जोड़ा जाये। सेवानिवृत्त कर्मचारी/पेंशनर को 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर क्रमश: 5, 10 व 15 प्रतिशत पेंशन में वृद्धि की जाये। सभी वरिष्ठ नागरिकों को परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने पर 50 प्रतिशत छूट दी जाये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के निदान हेतु प्रत्येक तीन माह में जिलाधिकारी स्तर पर समीक्षा बैठक की जाये। जिसमें स्थानीय पेंशनर्स संगठन के प्रतिनिधियों व पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर मंत्री अफ्जल हुसैन, उपाध्यक्ष केके तिवारी, श्याम निर्मोही, प्रभुदयाल सहित आधा सैकड़ा पेंशनर्स मौजूद रहे।

# पराली जलाने की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने पर होगी कठोर कार्रवाई: डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डा. दिनेश चन्द्र ने बताया कि जनपद कानपुर देहात में पराली जलाने की घटनाओं की सैटेलाइट के माध्यम से निगरानी की जा रही है। जिसके द्वारा जनपद में दिनॉक 28 अक्टूबर 2020 तक 16 घटनायें बुलेटिन संख्या 26 तक घटित हुई है। जिसमें 14 घटनायें मक्का पराली 01 घटना धान पराली एवं 01 घटना कूडा जलाने की पायी गई है। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व विभाग, ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं कृषि विभाग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया है कि वह अपने क्षेत्रीय कर्मचारियों को सतत् निगरानी हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें तथा अनुश्रवण भी करें। यदि किसी क्षेत्र में घटनाओं की पुनरावृत्ति होती है तो पुलिस टीम के माध्यम से कठोर कार्यवाही की जाये।


मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा भी सम्बन्धित विभागों को तीन स्तरों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें लगातार प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाये, ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी टीम के माध्यम से घटनाओं को रोका जाये तथा जुर्माना एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। जिला प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायत अध्यक्ष से अपील भी की गयी है कि वे पराली न जलने दें। पराली को गौशाला में भेजने की व्यवस्था करें यदि किसी ग्राम पंचायत में पराली जलाने की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी। हार्वेस्टर मालिकों को भी आगाह किया जाता है कि वे बिना पराली प्रबन्धन यन्त्र के कटाई कार्य न करें अन्यथा उनकी मशीन को सीज करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा कड़े सन्देश में कहा गया है कि किसी भी दशा में पराली जलाने की घटनाओं को रोका जायेगा।

जनपद में कुल 13 फार्म मशीनरी बैंक, 43 कस्टम हायरिंग सेन्टर, 6 ग्राम पंचायतों के पास पराली प्रबन्धन के यन्त्र है तथा व्यक्तिगत रूप से 17 किसानों के पास इन सीटू योजना के यन्त्र है। जिनका प्रयोग किराये पर लेकर हार्वेस्टर मालिक तथा इच्छुक किसान भाई कर सकते है। किराये पर पराली प्रबन्धन के कृषि यन्त्र लेने हेतु कृषि विभाग के कर्मचारी से सम्पर्क कर सूचना प्राप्त कर सकते है।

### वृद्धाश्रम का निरीक्षण

**कानपुर देहात।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए लखनऊ के दिशा.निर्देशों के अनुपालन में जनपद में संचालित वृद्धाश्रम अकबरपुर कानपुर देहात का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर देहात के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश यशवन्त कुमार मिश्र के निर्देशन में निरीक्षण समिति द्वारा किया गया।

## वरिष्ठ भाजपा नेत्री मिथलेश अग्रवाल बनीं राज्य महिला आयोग की सदस्य



**फर्रूखाबाद।** कायमगंज के पूर्व पालिका अध्यक्ष भाजपा की वरिष्ठ नेत्री डॉ मिथलेश अग्रवाल को प्रदेश सरकार ने राज्य महिला आयोग की सदस्य बनाया हैं महिला सशक्तिकरण के वर्ष में जिले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में एक बड़ी उपलब्धि मिली हैं। डॉ मिथलेश अग्रवाल कोराज्य महिला आयोग का सदस्य बनने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ हैं।

# डीएम ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं

● जिला उद्योग व वाणिज्य बंधु की बैठक आयोजित

●बैंक अधिकारियों को दिए शासकीय योजनाओं में लापरवाही न बरतने के निर्देश

संवाददाता। कन्नौज

**जिला उद्योग** बन्धु एवं वाणिज्य बन्धु की बैठक में बुधवार को जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्या सुनीं। डीएम ने इस दौरान व्यापारियों की शिकायतों को सुनते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने बैंक अधिकारियों को शासकीय योजनाओं में कोई भी शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए। डीएम राकेश कुमार मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं वाणिज्य बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुये निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी की, जिसमें बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में जनपद हेतु भौतिक लक्ष्य 32 के सापेक्ष 96 लाख की मार्जिन मनी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन 298 आवेदन प्राप्त हुये, जिस पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति द्वारा जॉचोपरान्त 292 आवेदन पत्रों का चयन किया गया तथा चयनित आवेदन पत्रों को संबंधित बैंको को ऋण वितरण की अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया, जिस पर संबंधित बैंकों के द्वारा 58 आवेदन पत्र स्वीकृत किये, 32 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरण किया गया है तथा 147 आवेदन निरस्त किये गये तथा कुल 189 आवेदन पत्र स्वीकृत हेतु लम्बित होने की दशा में जल्द से जल्द निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के संबंध में जानकारी की, जिसमें बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत 298 आवेदन प्राप्त हुये समिति द्वारा जॉचोपरान्त पर 160 आवेदन पत्रों को चयनित किया गया। बैंकों द्वारा 35 आवेदन पत्र स्वीकृत किये तथा 11 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया तथा 39 आवेदन पत्र निरस्त किये गये, शेष 86 आवेदन पत्र स्वीकृत हेतु लम्बित है, जिस पर उन्होनें पिछली बैठक में उपायुक्त उद्योग को बैंक वार लंबित संदर्भों की सूची एलडीएम को प्रेषित किये जाने के निर्देश का अनुपालन न होने की दशा में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को कल तक एलडीएम को बैंक वार लंबित संदर्भों की सूची उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बैंको की कार्यशिथिलता से यदि कोई शासन की योजना प्रभावित होती है या उस योजना का लाभ समय से जनता तक नही पहुंचता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद कार्य के अन्तर्गत 26 आवेदन प्राप्त हुये थे, जिसको जॉचोंपरान्त 09 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया, एवं 02 आवेदन पत्रों पर ऋण का वितरण भी किया जा चुका है, जिस पर डीएम ने एक जनपद एक उत्पाद योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए लक्ष्य की पूर्ति किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में व्यापार बंधु के पदाधिकारियों सेउनकी सुरक्षा के संबंध में प्रश्न किये गए जिसपर उन्होंने अपनी सुरक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की तकलीफ नही जाहिर की। सभी व्यापार बंधुओं ने नगर पालिका कन्नौज के बड़ा बाजार, बुधवारी, अजयपाल, आनंदी दास आदि क्षेत्रों में गंदे पानी की दिक्कत बताई जिसके उपरांत जिलाधिकारी ने अधोशासी अधिकारी कन्नौज के बैठक में अनुपस्थित होने की दशा में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बैठक मेंमौके पर बुलाकर कड़ी फटकार लगाते हुए स्वयं बैठक में प्रतिभाग करने एवं उपस्थित सभी अधिकारियों से बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए पेयजल एवं गंदे पानी आने की समस्या को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए। व्यापारियों द्वारा जलालाबाद, जसोदा, एवं गुरसहायगंज में ठेले चलाने वालों एवं टैक्सी चालकों द्वारा मनमाने रूप से गाड़ी खड़ी किये जाने की शिकायत पर उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक को यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने एवं टैक्सी चालकों हेतु जगह आरक्षित करते हुए उसके पश्चात भी कमी पाए जाने पर नियमानुसार चालान किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, अग्रणी जिला प्रबंधक, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एंव व्यापारी बंधु के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डेगू से हुई मौत पर ग्रामीणों ने सीएमओ को बनाया बंधक

**हमीरपुर।** सुमेरपुर विकास खंड के ग्राम बंड़ा में सोमवार की रात को डेंगू से हुई एक युवक की मौत की खबर पाकर आज चिकित्सकों की टीम के साथ वहां पहुंचे सीएमओ को आक्रोशित ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। सीएमओ की सूचना पर पहुंची दो थानों की पुलिस ने उन्हे मुक्त कराया। सोमवार की रात को डेंगू से प्रभावित होकर कानपुर में इलाज करा रहे सागर नामक 20 वर्षीय युवक की उपचार दौरान मौत हो गई थी। युवक को सबसे पहले जिला अस्पताल हमीरपुर में भर्ती कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप था कि वहां उपचार में लापरवाही बरती गयी थी। डेंगू से युवक की मौत तथा एक दर्जन लोगों के प्रभावित होने की खबर पाकर बुधवार को सीएमओ आर के सचान बंड़ा गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिले और ग्राम प्रधान को गांव में साफसफाई के निर्देश दिए गये। गांव का भ्रमण करने के बाद उन्हे एक जगह ग्रामीणों ने घेर लिया और बंधक बना लिया उनकी गाड़ी के आगे पीछे पत्थर लगा दिए। वहां डीएम को बुलाने की मांग कर रहे थे, यह देखकर सीएमओ 112 नंबर डायल किया और पुलिस की सहायता मांगी। थाना सुमेरपुर व थाना बिवाँर की पुलिस पहुंची। और उन्हे गांव के बाहर कर उन्हें मुक्त कराया।

# पिता की मौत के बाद मां-बेटी की चिता देख नम हो उठीं आंखे

● मौदहा के करहिया गांव का मामला, मौत की खबर सुनकर आते वक्त हुआ था हादसा

**मौदहा( हमीरपुर )।** मौदहा कोतवाली के गांव करहिया में हुई पिता की मौत की खबर पाते ही दिल्ली से निजी कार से करहिया आ रही मां बेटी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत के बाद आज उनके शव गांव पहुंचे।जहाँ आज दोपहर मां बेटी का अंतिम संस्कार किया गया है मां बेटी की एक साथ जलती चिताओं को देखकर लोगों की आंखें नम हो उठीं और पूरे गांव में मातम छाया रहा है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव करहिया निवासी रामकरण सिंह की पुत्री गिरिजा 42 की शादी गांव के ही रमेश सिंह से हुई थी।रमेश सिंह दिल्ली में इनकमटैक्स विभाग में अधिकारी है। दिल्ली में ही गिरजा अपने पति एवं दो पुत्रियों के साथ रहती थी।

गिरजा का भाई अनिल सिंह दिल्ली रोडवेज में ड्राइवर है और वह भी दिल्ली में ही रहता है। 26 अक्टूबर की रात लगभग दस बजे गिरजा के पिता रामकरण सिंह का निधन हो गया था।पिता के मौत की खबर पाते ही गिरजा अपने पति रमेश सिंह, भाई अनिल सिंह एवं दोनों बेटियों के साथ निजी कार से करहिया के लिए निकल पड़ी।बताया जाता है कि उनकी कार जब आगरा के पास पहुंची तो सड़क पर पड़ी ट्रक की स्टपनी से टकराकर कर बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गयी और इस हादसे में गिरजा तथा उसकी दूसरे नम्बर की बेटी नंदनी (15) की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कार में सवार गिरजा की दूसरी पुत्री, पति तथा भाई को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरजा एवं उसकी पुत्री नंदनी के शव देररात करहिया गांव पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही गिरिजा की ससुराल में गांव के लोगों का तांता लग गया। आज दोपहर बाद गिरिजा एवं उसकी बेटी नंदनी का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।जबकि गिरजा के पिता रामकरण सिंह का अंतिम संस्कार 27 तारीख की दोपहर में कर दिया गया था और उसके पिता की चिता की आग अभी ठंडी भी नहीं हो सकी थी कि आज मां बेटी की चिताओं को एक साथ जलते देखकर लोग अपनी आंखों को नम होने से नहीं रोक सके हैं। इस घटना से पूरे गांव में मातम छाया है।

# तैतीस लोगों को दिया गया वाहन ऋण, खुशी की लहर



डीडीओ को आवास का नमूना भेट करते बैंकर्स

**हमीरपुर।** कुछेछा स्थित विकास भवन में इण्डियन बैंक की अगुवाई में रिटेल क्रेडिट शिविर का आयोजन किया गया है इस मौके पर बैंक के सहायक महाप्रबन्धक रणन्जय सिंह ने कहा कि इण्डियन बैंक क्षेत्र के विकास के लिये कृतसंकल्पित है। और इस तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे है।

उन्होने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोग लाभान्वित होगे। मुख्य विकास अधिकारी कमलेश वैश्य ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिये इण्डियन बैंक का प्रयास सराहनीय है। आज के शिविर में वाहन ऋण के अन्तर्गत कुल 33 लाभार्थीयों को 2 करोड़ 44 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये और 7 लोगों को 90 लाख का ऋण दिया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत कुल 193 लोगो को 1 करोड़ 90 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। शिविर में सुनील यादव, शिवमोहन चौरासिया, एसपीएस राठौर, नन्द किशोर, अखिलेश, अमित शुक्ला के अतिरिक्त प्रमोद, योगेन्द्र सिंह, रवि आदि लोग उपस्थित रहे।डिप्टी एलडीएम सुनील यादव ने योजना के बारे मे विस्तार से बताया और किसानो को शासकीय धन का सदुपयोग करनेके लिये प्रेरित किया। इस मौके पर बैंकर्स ने शानदार आवास का एक नमूना डीडीओ व सीडीओ को भेट किया जिसकी सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की है।

## दबंगों ने युवक का कुल्हाड़ी से फोड़ा सिर, रिपोर्ट दर्ज

**राठ( हमीरपुर )।** कस्बे के पठानपुरा निवासी राजेश पत्नी विजय यादव ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम समय लगभग 6:30 बजे वह व उसका पति घर पर था और उसके घर के बाहर उसका टैक्टर खड़ा हुआ था। तभी परिवार के ही तीन दबंग युवक गाड़ी लेकर आये और टैक्टर अलग कर अपनी गाड़ी खड़ी करने की बात कहीं। उसने बताया कि उसके पति विजय यादव ने वहां से टैक्टर अलग कर लिया और उक्त तीनों लोगों ने वहां गाड़ी लगाने के बाद गालियां देने लगे। जब उसके पति ने गालियां देने का विरोध किया तो तीनों दबंग युवक उसे मारने पीटने लगे और एक युवक ने उसके पति पर धारदार कुल्हाड़ी से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। जब वह अपने पति को बचाने पहुंची तो उक्त तीनों लोगों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। घायल विजय को परिजन तत्काल इलाज के लिये सी एच सी राठ लाये जहां पर हालत गम्भीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## क्विक न्यूज

### सास ने दामाद के खिलाफ पुलिस में दर्ज करायी रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गोकुल डेरा निवासी महिला ने दामाद द्वारा गाली गलौज कर डंडे से मारपीट करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी महिला प्रेमा पत्नी लालू ने पुलिस को बताया कि बीती शाम सात बजे मेरा दामाद नरेश पुत्र जयराम निवासी परसी डेरा घर में आया और मुझे गाली गलौज करने लगा । जब मैने मना किया तो डंडा से मारा पीटा । जिससे मेरे सिर में चोट आई है।तथा मेरे एकलौते पुत्र को जान से मारने की धमकी दी है। वही महिला ने बताया कि वह कई बार मारपीट कर चुका है। विधवा महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### पंचायत चुनाव में भाजपा ने तैयार रहने के लिए दम भरा

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा कुरारा मंडल की बैठक एक विद्यालय में सम्पन हुई । वहीं बैठक में सदर विधायक मौजूद रहे। तथा आगामी पंचायत चुनाव व जिला।पंचायत चुनाव के लिए कार्यकताओ को तैयार रहने को कहा। सदर विधायक युवराज सिंह ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान, छेत्र पंचायत सदस्य, तथा जिला पंचायत सदस्य के लिये प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा। जानकारी सभी कार्य कर्ताओ को दी गई। तथा चुनाव के लिए तैयार रहने का आवाहन किया गया है । मंडल अध्यक्ष भाजपा संजय गुप्ता ने बताया कि पंचायत चुनाव मे अधिक से अधिक ग्राम प्रधान को सफल बना कर लाना है।

### कैंसर पीड़ित युवक को दंबगों ने मारा-पीटा

**मौदहा(हमीरपुर)।** बिवाँर थाना क्षेत्र के रोहारी गांव निवासी कैंसर पीड़ित हरिओम कुशवाहा ने क्षेत्राधिकारी को बताया कि दो दिन पहले रात्रि वह घर के अंदर लेटा हुआ था तभी गांव के ही दीपक, आशु शराब के नशे में आए और मेरी दीवाल पर पटाखा छूटाने लगे। जब मैंने पटाखे की आवाज सुनी तो मेरे द्वारा उक्त लोगों को मना करने पर उन्होंने मुझे बुरी तरीके से मारा पीटा जिसको देख मेरी पत्नी सुनीता मुझे बचाने के लिए आई तो उसे भी उन शरारती लड़कों ने बुरी तरह से मारा पीटा जिससे मेरे गले में और मेरी पत्नी के हाथों पर गंभीर चोटें आई हैं। मैं कैंसर जैसी भयावह बीमारी से पीड़ित हूं और इनके द्वारा मारपीट करने से मेरी तबीयत और भी बिगड़ गई है जिससे मैं और मेरी पत्नी अत्यधिक बुरी तरह से डरे वाह सहमे हुए हैं क्योंकि दीपक व उसका पिता राजकुमार और उनकी पत्नी सुमन हमेशा मेरी पत्नी को परेशान करने के लिए पीछे पीछे घूमते हैं जिससे मेरी पत्नी का घर से बाहर निकलना दूभर है।

### चार मरीज कोरोना से ठीक होने पर डिस्चार्ज

**हमीरपुर।** कोरोना संक्रमण के मरीजों में बुधवार को तेजी आई। जनपद में एक दर्जन मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। मुख्यालय के पुराना यमुना घाट में एक ही परिवार में दो सदस्यों सहित कुल तीन मरीज मिले है। जबकि बिवांर में भी तीन मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। चार मरीजों को कोरोना से ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया है। जिन एक दर्जन लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है उनमें चार मरीज मुख्यालय के है। इनमें तीन मरीज पुराना यमुना घाट मोहल्ले के है। जिसमें 48 वर्षीय अधेड़ और 22 वर्षीय युवक एक ही परिवार के सदस्य है। जबकि कालपी चौराहा मोहल्ले में 23 वर्षीय युवक में कोरोना की पुष्टि हुई है। पुराना यमुना घाट मोहल्ले में ही 15 वर्षीय किशोरी भी कोरोना ग्रसित मिली है। कुरारा में 55 वर्षीय वृद्ध और वार्ड नं. 3 झलोखर में 15 वर्षीय किशोर कोरोना ग्रसित मिले है। बिवांर में 30 वर्षीय युवतीए 50 वर्षीय अधेड़ महिला और धौहल में 35 वर्षीय युवक में कोरोना की पुष्टि हुई है। मौदहा के मराठीपुरा मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय युवती और 63 वर्षीय वृद्ध भी कोरोना की चपेट में है। सुमेरपुर के लखनापुरवा में 22 वर्षीय युवक में कोरोना की पुष्टि हुई है। बुधवार को चार मरीजों को कोरोना से ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इनमें दो मरीज इसमें 27 वर्षीय युवती और 26 वर्षीय युवक की मेडिकल कॉलेज कानपुर से छुट्टी की गई है। जबकि 39 वर्षीय युवक का होम आइसोलेशन पूरा हो चुका है।

### छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में शौचक्रिया को गई किशोरी के साथ एक युवक ने अश्लील हरकतें कर छेडखानी कर दी थी। एक गांव निवासी किशोरी के चाचा ने बताया कि मंगलवार की रात्रि करीब 11 बजे उसकी भतीजी खेतों में शौचक्रिया करने के लिये गई थी। उसी दौरान गांव का एक युवक आया और उसके साथ अश्लील हरकतें कर छेडखानी करने लगा। विरोध करने पर युवक धमकी देकर भाग गया। थानाध्यक्ष मझगवां ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर धारा 354 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### ठगी करने बालों को पुलिस ने दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों ठगों द्वारा दुकानदार को नकली सोने की चैन देकर एक लाख बीस हजार हड़पने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। मोहल्ला किदवई नगर निवासी गोपाल दीक्षित पुत्र दिनेश दीक्षित द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया गया था कि विगत 10 अक्टूबर को मेरठ के थाना टीपी नगर के मोहल्ला नई बस्ती शिवपुरम निवासी लालाराम उर्फलालू पुत्र स्वर्गीय रामलाल व अर्जुन सोलंकी पुत्र स्वर्गीय बाबूराम ने नकली सोने की जंजीर देकर धोखाधड़ी करते हुये उससे एक लाख बीस हजार रूपये हड़प लिये थे। पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। क्षेत्र में तंबू में डालकर निवास कर रहे ठगों को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सोशल मीडिया पर समुदाय विशेष के लिए अभद्र पोस्ट करने पर मुस्लिम समुदाय में रोष फैल गया। मोहल्ला गांधी नगर निवासी अजीम सिद्दीकी द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि नगर निवासी युवक द्वारा फेसबुक पर इस्लाम धर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर समाज के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से आक्रोश उत्पन्न हो गया है। पीडित ने नगर में शांति व भाईचारे की भावना को कायम रखने के उद्देश्य से आरोपी युवक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### युवक ने खाया जहर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के लिधौरा गांव निवासी बबलू 28 पुत्र चिरंजीलाल ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।जहां पर हालत ठीक बतायी जाती है।

### दंपति सहित महिला को दबंगों ने पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** दबंगों ने रंजिश के चलते दरवाजे पर आकर दंपति सहित देवरानी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी रूपा देवी पत्नी जितेंद्र द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय मोहल्ले के ही राहुल, अजय, नीरज, जयवीर आए और अभद्रता करते हुए उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बचाव में आई उसकी देवरानी व पति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज जांच की जा रही है।

# एसपी ने पहाड़ी थाना में किया भोजनालय कक्ष का शिलान्यास


उदघाटन करते एसपी।

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना परिसर में भोजनालय कक्ष नव निर्माण हेतु पंडित रमाकांत पाण्डेय द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए भूमि पूजन कराया गया। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल एवं ब्लाक प्रमुख रेखा यादव खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार सिंह द्वारा शिलान्यास किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कहा थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के सुविधा हेतु भोजनालय कक्ष का नया निर्माण भूमि पूजन के साथ शिलान्यास कराया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख रेखा यादव ने कहा कि थाना परिसर में भोजनालय का निर्माण होने से तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करने वाले पुलिसकर्मियों को भारी राहत मिलेगी। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार सिंह ने बताया क्षेत्र पंचायत पहाड़ी द्वारा थाना परिसर में भोजनालय कक्ष का निर्माण मानक गुणवत्ता के साथ कराया जाएगा। भोजनालय कक्ष के साथ स्टोर रूम, बैठक हाल का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## नेडा की 38 हाई मास्क लाइटें फिर बिखेरेंगी रोशनी

**चित्रकूट।** नेडा की कर्वी नगर और सीतापुर में लगाई गई 38 हाई मास्क लाइटों में ज्यादातर बेकार पड़ी हैं। बुन्देली सेना ने सीएम पोर्टल और टोल फ्री में शिकायत दर्ज कराई। परियोजना अधिकारी ने कहा कि जल्द बिगड़ी लाइटों को चालू कराया जायेगा। बुधवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नेडा ने वर्ष 2015-16 में एक लाख 18 हजार प्रति लागत वाली 38 हाई मास्क लाइटें लगाई थीं। पिछले एक वर्ष से ज्यादातर हाई मास्क लाइटें बिगड़ी पड़ी हैं। बुन्देली सेना ने सीएम पोर्टल में शिकायत की तो बताया गया कि हाई मास्क लगाने वाली सुकैम कंपनी ही दिवालिया हो गई। शासन से बजट मांगा गया है। बजट मिलते ही हाई मास्क क्रियाशील किए जाएंगे। टोल फ्री में भी शिकायत दर्ज कराई गई और परियोजना अधिकारी ओपी शुक्ला से वार्ता की गई। परियोजना अधिकारी ने बताया कि पिछले दो सालों से किसी भी हाई मास्क की मरम्मत नहीं कराई गई।

# अनुसांगिक संगठनों के प्रयास से हुई सकारात्मक समाज की रचना: इंद्रपाल


शिविर का शुभारम्भ करते सांसद आरके सिंह पटेल आदि।

**चित्रकूट।** भाजपा केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग के मार्ग दर्शन में जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे की अगुआई में मण्डल अध्यक्षों की अध्यक्षता में कर्वी, शिवरामपुर व भरतकूप मण्डल के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में वक्ता इन्द्रपाल सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा के निर्माण के पूर्व संघ व समाज जीवन के अन्यान्य क्षेत्रों में कार्य करने वाले आनुषांगिक संघटनो के सतत प्रयासों के परिणाम से सकारात्मक समाज का पुनर्निर्माण हुआ। संतोष गुप्ता ने कहा कि भाजपा की निष्ठा व प्राथमिकतायें कल भी वही थी और आज भी वही हैं। सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं व निर्णयों के क्रियान्वयन में वे प्राथमिकतायें व निष्ठायें सार्वभौमिक रूप से परिलक्षित होती है। लवलेश सिंह ने कहा कि व्यक्तित्व के विकास में अनुशासन और नियमों का अनुपालन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कहा कि 2014 के बाद देश में राजनीतिक पटल पर अनेक सकारात्मक बदलाव हुए हैं। अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि दीप से कमल की यात्रा जनसंघ से भाजपा की यात्रा लाखों कार्यकर्ताओं अथक परिश्रम की गाथा है।

जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला से कार्यकर्ता और संगठन दोनों ही लाभान्वित होते हैं। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि संगठन व कार्यकर्ता के निरंतर विस्तार और विस्तार के साथ कार्य में स्थिरता लाने के स्थायी प्रयासों के प्रबंधन के लिए केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग ने हर मण्डल की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया है। जिला महामंत्री राजेश जायसवाल ने कहा कि 28 व 29 तारीख को तीन मण्डलों का और फिर उसके बाद 30 व 31 में पहाडी, गनींवा व सरधुवा मण्डल के प्रशिक्षण शिविर होंगे।

# धर्म नगरी में धूमधाम से मनाई जायेगी बाल्मीकि जयंती

संवाददाता। चित्रकूट


निर्देश देते डीएम शेषमणि पांडेय।

**जिलाधिकारी** शेषमणि पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 31 अक्टूबर को महर्षि बाल्मीकि जयंती के आयोजन के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं जिन्होंने विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य की रचना श्रीराम के जीवन काल में कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित स्थल जिन्हें राम जानकी मार्ग, राम वन गमन मार्ग आदि के रूप में जाना जाता है उन्होंने कहा कि आगामी 31 अक्टूबर 2020 को महर्षि वाल्मीकि की जयंती का पावन दिवस है जिसे भव्य रूप में मनाए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है बाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्य सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनमानस को इससे जोड़ने के लिए महर्षि बाल्मीकि से संबंधित स्थलों, मंदिरों पर दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ साथ अनवरत 8 घंटे 12 घंटे अथवा 24 घंटे का बाल्मीकि रामायण का पाठ का कार्यक्रम किया जाए। इसके साथ ही श्री राम, श्री हनुमान तथा रामायण से संबंधित महत्वपूर्ण स्थलों का चयन करते हुए वहां पर भी रामायण पाठ भजन आदि के कार्यक्रम कराए जाएं। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में कोविड-19 हेतु शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश गाइडलाइन का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए भव्य आयोजन किया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा इस कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि उप जिला अधिकारी तहसील वार तथा ब्लॉक वार खंड विकास अधिकारी गांव में सचिव तथा प्रधान को निर्देश जारी करके जो मठ मंदिर हैं उन पर बाल्मीकि रामायण का पाठ कराया जाए इसी प्रकार नगर क्षेत्र में नगर निकाय द्वारा तीर्थ क्षेत्र के मठ मंदिरों पर बाल्मीकि रामायण का पाठ कराएं इसमें अपर जिलाधिकारी से कहा कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएं।तथा जनपद में एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी संस्कृति विभाग के नामित नोडल अधिकारी के ईमेल आईडी पर प्रेषित किया जाए साथ ही वाल्मीकि जयंती के कार्यक्रम को भव्य तरीके से संपन्न कराने तथा संपन्न कराए गए कार्यक्रमों के विवरण, फोटोग्राफ्स संस्कृति विभाग के नोडल अधिकारी के ई-मेल आईडी पर उपलब्ध कराया जाए। सीडीओ अमित आसेरी, एडीएम जी पी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरूप पांडेय, प्रभागीय वनाधिकारी कैलाश प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दो टॉपटेन अपराधी दबोचे गए

**चित्रकूट।** आपरेशन क्लीन के तहत कोतवाल कर्वी अरुण कुमार पाठक की टीम ने टॉपटेन अपराधी मोनू उर्फ अवनीश तिवारी व उसके साथी प्रदीप करवरिया को तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा है। बुधवार को कर्वी कोतवाल अरुण कुमार पाठक की टीम के दरोगा आनन्द कुमार मिश्रा ने हिस्ट्रीशीटर टॉपटेन अपराधी मोनू उर्फ अवनीश तिवारी पुत्र सतीश तिवारी तथा प्रदीप करवरिया उर्फ रज्जू पुत्र संतोष निवासी शंकर बाजार को एक-एक तमंचा व कारतूस के साथ दबोचने में सफलता प्राप्त की है। कोतवाल ने बताया कि टीम के दरोगा आनन्द मिश्रा व दरोगा प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा राधाकृष्ण तिवारी पुरानी कोतवाली के पास मूर्ति विसर्जन ड्यूटी पर थे। पुलिस को सूचना मिली कि भैरोंपागा अंडरब्रिज के पास मोनू व प्रदीप करवरिया लूट की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर टॉपटेन अपराधी को दबोचकर जेल भेजा है। दोनों पर डकैती, लूट, चोरी, हत्या के प्रयास, विस्फोटक पदार्थ रखना आदि के विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## शौचालय की दूसरी किस्त न मिलने पर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**राठ( हमीरपुर )।** सरीला ब्लॉक के हरसुंडी गांव में स्वक्षता मिशन के तहत शौचालयो का निर्माण होने के लिए प्रधान द्वारा दूसरी किस्त न देने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी सरीला को ज्ञापन सौंप दूसरी किस्त का भुगतान कराये जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान द्वारा दूसरी किस्त देने के नाम पर एक हजार रुपये की मांग कर रहा है।

# नानाजी की जयंती पर कैलिफोर्निया से शिरकत करेंगे डॉ. पाण्डेय दम्पति

संवाददाता। चित्रकूट



आयोजन का पोस्टर।

**भारत** गांवों में बसता है, गाँव विकसित होना चाहिए। भारत रत्न नानाजी देशमुख जी भी चाहते थे कि ग्रामों का विकास हो गांव से बच्चे पढ़ कर शहर महानगर और दुनिया के अनेक देशों में जाए। अपने देश के ज्ञान विज्ञान तकनीकी को सीख कर व्यवसाय करें धन कमाए और उस धन से अपने परिवार का भरण पोषण करें माता पिता की सेवा करें और अपने गांव को अपनी जन्मभूमि, मातृभूमि को समाज सेवा के माध्यम से उन गांव को सेवा करें जहां से वे निकल कर गए हैं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामवासियों का सहयोग करें ताकि अपने जन्मभूमि से उनका लगाव बना रहे।

स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एम्बेस्डर एवं सुप्रसिद्ध समाजसेविका डॉ नंदिता पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे ही एक विद्यार्थी हैं जो चित्रकूट क्षेत्र के ग्राम नकैला तहसील मझगवां जिला सतना के निवासी हैं। उन्होंने अपने गांव के ही शासकीय विद्यालय में पढ़ाई की और फिर नानाजी देशमुख जी द्वारा स्थापित ग्रामोदय विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई की उच्च शिक्षा प्राप्त की फिर वह व्यवसाय के लिए कैलिफोर्निया यूएसए पहुंच गए।

वहां पर भी वे कृषि,पशुधन पर काम करके वहाँ के लोगों की आर्थिक उन्नति कर रहे हैं। ऐसे होनहार ग्रामीण नवयुवक का नाम है डॉक्टर प्रमोद कुमार पांडेय,जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ करते हुए वसुधा को अपना परिवार मानते हुए चीन की बेटी से विवाह किया उनकी पत्नी भारत के गाँवों से प्रेम करती हैं। उनका दांपत्य जीवन वैवाहिक जीवन सुखमय चल रहा है बच्चे भी हैं और वे सब आनंद का जीवन व्यतीत कर रहे हैं ।उन्हें भारत देश पर, चित्रकूट पर गर्व है उनकी पत्नी भी चित्रकूट से स्नेह रखती हैं वह एक सच्चे भारतीय के नाते विदेश में रहकर अपने व्यवसायिक जीवन का निर्वहन कर रहे हैं नानाजी देशमुख पर उनकी अपार श्रद्धा है। उन्हें जब यह पता चला कि परम श्रद्धेय नानाजी देशमुख की जन्म जयंती शरद पूर्णिमा पर ऑनलाइन कल्चरल इवेंट सांस्कृतिक संध्या अनहद 2020 का आयोजन टू वर्ड बेटर इंडिया द्वारा किया जा रहा है। तो उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेज कर अनहद 2020 के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की हैं 'अनहद 2020' आयोजन समिति पाण्डेय दम्पति का हृदय से आभार व्यक्त करती है। उन्होंने डॉ प्रमोद कुमार पांडे एवं उनकी पत्नी जियोंग का आभार जताया है।

# हरियाणा के सीएम का पुतला फूंका

**● जिला अध्यक्ष मानस तिवारी समेत आधा दर्जन गिरफ्तार, मुचलके पर रिहा, कोतवाली में कांग्रेसियों ने की नारेबाजी**

संवाददाता। सुल्तानपुर



**हरियाणा** के बल्लभगढ़ में युवती की सरेआम हत्या के मामले को लेकर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मानस तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों छात्र नेताओं ने जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का पुतला फूंका और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए आर पार के संघर्ष का आवाहन किया। मौके पर पहुंचे नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह को यह बात नांगवार गुजरी। उन्होंने आधा दर्जन से अधिक छात्र नेताओं को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचे। छात्र नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना पर जिले के वरिष्ठ नेता कोतवाली पहुंचने लगे। मामला बढ़ता देख एसपी शिवहरी मीणा ने कई थानों की फोर्स नगर कोतवाली में तैनात करते हुए कलेक्ट्रेट पर अर्धसैनिक बलों की ड्यूटी लगा दी। घंटों हंगामे के बाद छात्र नेताओं को मुकदमा लिख कर मुचलके पर नगर कोतवाली से रिहा किया गया। हरियाणा के बल्लभगढ़ में स्कूल से लौट रही छात्रा की सारे आम हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। देश के कोने कोने से आरोपियों को फांसी देने की मांग उठने लगी है। इसी को लेकर जिला अध्यक्ष मानस तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों छात्र नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने, आरोपियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान करने संबंधी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री खट्टर का प्रतीकात्मक पुतला जलाया। नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह को यह बात नागवार गुजरी। उन्होंने सभी छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए मानस तिवारी, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी, रणबीर सिह राणा, अमित पाण्डेय, अभय सिंह, धीरेंद्र शुक्ला, सचिन मिश्रा, नौशाद हुसैन, शिवम मिश्रा, विभात पाण्डेय की सूचना पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक, प्रवक्ता नफीस फारूकी, नफीसा खातून समेत दर्जनों कांग्रेसी नेता नगर कोतवाली पहुंच गए और धरना शुरू किया। छात्र नेताओं की गिरफ्तारी और कांग्रेसियो के बढ़ते दबाव को देखते हुए नगर कोतवाली में कई थाने की फोर्स तैनात कर दी। वहीं कलेक्ट्रेट गेट पर आरपीएफ के जवानों की ड्यूटी लगाई। यहां छात्र नेता मानस तिवारी ने कहा यह पुलिस के जुल्म की इंतहा है। बेटियां घर में सुरक्षित है न ही सड़क पर। नागरिकों की सुरक्षा को लेकर इसके पास कोई विजन नहीं है। कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी ने कहा प्रदेश में हर ओर हत्या लूट अपहरण बलात्कार ,महिलाओं पर अत्याचार, बेटियों पर अत्याचार, साधु संतों की हत्या का दौर जारी है। योगी सरकार चाहती है इस तरीके की घटनाओं पर कोई आवाज न उठाएं, यदि आप योगी सरकार में न्याय की बात करते हैं तो योगी की पुलिस डंडा लाठी लेकर आपके सर पर खड़ी नजर आती है। लोकतंत्र में न्याय मांगना योगी सरकार को बिल्कुल पसंद नहीं। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता प्रियंका गांधी के नेतृत्व में हर अन्याय के खिलाफ सड़क पर उतरकर संघर्ष करने को तैयार है इसके लिए योगी सरकार की पुलिस की लाठियां गोलियां दमनात्मक नीतियां रोक नहीं पायेगी। प्रमुख रूप से महिला नेत्री नफीसा खातून,मानिक चंद श्रीवास्तव, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मदन तिवारी, राजू मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विनोद राणा सहर आदि कांग्रेसी नेता कोतवाली नगर में डटे रहे।

## पांच पर जालसाजी का केस हुआ दर्ज

**करनैलगंज ( गोंडा )।** जालसाजों ने करीब सौ वर्ष पूर्व घर छोड़कर चले गए व्यक्ति के नाम की जमीन को दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके बैनामा करा लिया। मामले में पुलिस ने डीआईजी के निर्देश पर एक अज्ञात व्यक्ति समेत 5 लोगों के विरुद्ध कूट रचित तरीके से जमीन हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है। करनैलगंज कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बिंदेश्वरी प्रसाद निवासी कौड़हा जगत थाना कटरा बाजार ने कहा है कि उनके पिता राजकिशोर के पिता राम बहादुर के सगे भाई राम शंकर जो उनके चचेरे बाबा हैं। लगभग 100 वर्ष पूर्व वे 20 वर्ष की अवस्था में घर छोड़ कर चले गए थे। जो अभी तक वापस नहीं आए। उनके नाम से ग्राम कौड़हा जगत में जमीन दर्ज खतौनी चली आ रही थी। जिसे कुछ जालसाजों ने हड़पने की नीयत से कूट रचित दस्तावेज तैयार करवा कर राम शंकर के नाम की जमीन को किसी अज्ञात व्यक्ति को खड़ा करके विनय सिंह ने अपनी पुत्री रिंपी सिंह के नाम बैनामा करा लिया।

## उसरैनी गोलीकांड
# नौसे किशोरी को जबरन ले जाना चाहता था मुंबई

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**सोमवार** की रात में किशोरी को गोली मारने की घटना को लेकर जो कहानी पुलिस बता रही है , वो पूर्ण रूप से गलत है । मामले में मुख्य आरोपित सैफअली उर्फनौसे की गांव में छवि एक मनचले युवक की है , जो अपनी हवस मिटाने के लिए गांव की लड़कियों को अक्सर परेशान करता था। सोमवार की रात गांव की किशोरी को नौसे ने गोली मारी । किशोरी अभी लखनऊ में भर्ती है । कहा जा रहा है कि किशोरी से वह प्रेम करता था और उसके साथ निकाह करना चाहता था , किशोरी द्वारा निकाह से इंकार कर देने के कारण उसने गोली मार दी है । किशोरी अब खतरे से एकदम बाहर है । उसे 12 बोर के देशी तमंचे से गोली मारी गई है । जिसके छर्रे उसके सीने पर लगे है । घटना को लेकर जो हकीकत सामने आ रही है , वो काफी जुदा है । गांव के लोग बताते है कि युवक का किशोरी के घर में अक्सर आना जाना लगा रहता था । इस बात को लेकर गांव के लोग ऐतराज करते थे तो किशोरी के परिजन ही युवक के पक्ष में खड़े हो जाते थे । इस मामले में गांव में कई बार बवाल भी हुआ था । मामला कोतवाली तक पहुंचा था , लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई थी ।

घटना के बावत ग्रामीणों का कहना है कि युवक कुछ दिनों में मुंबई जाने वाला था , वह किशोरी को अपने साथ मुंबई ले जाना चाहता था । क्योंकि किशोरी से उसके संबंध थे । लेकिन पीड़ित किशोरी के भाई ने उसे मुंबई जाने से रोक दिया था । इसी बात को लेकर सोमवार की रात में पीड़िता के भाई से विवाद हुआ था । उसके बाद युवक ने किशोरी को गोली मार दी ।

युवक के साथ उसके जिस सहयोगी अंकुश साहू निवासी गांव रसातों को नामजद किया गया है , ग्रामीणों के अनुसार घटना के समय वह मौके पर मौजूद नहीं था । अंकुश साहू अवैध असलहों का कारोबार करता है , उसी ने नौसे को तमंचा दिया था । इस घटना में अंकुश को सह अभियुक्त बनाया गया है ।

### बीते दिनों किशोरी से छेड़छाड़ मामले में युवक गया था जेल

**पूरे** ठकुराइन मजरे उसरैना निवासी सैफअली उर्फनौसे की छवि गांव में बेहद खराब है । अक्सर गांव में इधर उधर घूमना और गांव की लड़कियों से छेड़छाड़ करना उसकी आदत बन चुकी थी । करीब डेढ़ माह पहले नौसे ने अपने कुछ साथियों की मदद से गांव की एक किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाने की कोशिश की थी । लेकिन लड़की के चीखने चिल्लाने के कारण वह सफल नहीं हो पाया था । मामले की प्राथमिकी भी कोतवाली में दर्ज हुई थी और नौसे को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था । हाल ही में वह जमानत पर जेल से छूटकर आया था ।

यहां पर यह भी सवाल उठता है कि लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करना और उनको अपनी हवस का शिकार बनाने की कोशिश करने वाला युवक किसी एक लड़की से प्यार कैसे कर सकता है ? इस घटना के पीछे भी उसके अंदर छिपा हुआ कहीं एक दरिंदा ही था , जो किशोरी से अपनी हवस मिटाने के लिए उसे अपने साथ मुंबई ले जाना चाहता था ।

### पुलिस ने गिरफ्तार किए दोनों आरोपित

**पूरे** ठकुराइन मजरे उसरैना गांव में किशोरी को गोली मारने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित नौसे व उसके साथी अंकुश साहू को बुधवार को जेल भेज दिया है । पुलिस का दावा है कि दोनों आरोपितों को उस समय उसरैना चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है जब वह भागने की फिराक में थे । यही नहीं उनकी निशान देही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया गया है । फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

## आधार कार्ड मामले पर डीएम हुए सख्त

**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट में आधार नामांकन व अद्यतन किये जाने की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें नये केन्द्र खोलने, आधार कैम्प लगाने एवं बन्द केम्प तत्काल खुलवाने पर विचार-विमर्श करने के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 18 बैंक शाखाओं में स्थित सभी आधार नामांकन व अद्यतन केन्द्रों की समीक्षा के दौरान बड़ौदा यूपी0 बैंक शाखा-बरौंसा, भारतीय स्टेट बैंक-सुलतानपुर, बैंक ऑफ बड़ौदा-दोस्तपुर, पंजाब नेशनल बैंक-पयागीपुर एवं डाकघर के 3 आधार केन्द्र निष्क्रिय मिलने पर संबंधित को सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सीएससी के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि जनपद के 5 सीएससी केन्द्रों पर आधार संशोधन का कार्य किया जा रहा है। शीघ्र ही इसे बढ़ाकर 45 किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सीएससी को निर्देशित किया कि अखण्डनगर ब्लाक में सीएससी को शीघ्र सक्रिय करें, जिससे कि जन सामान्य को आधार में संशोधन का सुगमतापूर्वक हो सके।

## योजनाओं व कार्यक्रमों में लाएं तेजीः डीएम

**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान कार्यालय की उपस्थिति पंजिका आदि का अवलोकन किया, जिसमें उन्होंने पाया कि इस कार्यालय में बहुउद्देशीय कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से रमेश तिवारी (चतुर्थ श्रेणी) एवं फूला देवी (चतुर्थ श्रेणी) अनुपस्थित पाये गये, जिन्होंने आकस्मिक अवकाश का प्रार्थना पत्र कार्यालय में दिया गया है। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0बी0 सिंह से विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं में और प्रगति लायी जाये तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों से जनपद के सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय। उन्होंने कार्यालय में समय से सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उपस्थित रहने और कार्यालय परिसर में साफ-सफाई रखने व कार्यालय के अभिलेखों व पत्रावलियों को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया।

## थाना नसीराबाद में नई पुलिस चौकी व सलोन में पुलिस बूथ का किया उद्घाटन

**रायबरेली।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक व सलोन विधायक दल बहादुर कोरी ने तहसील सलोन में जनसामान्य लोगों की सुरक्षा व महिलाओं व बालिकाओं आदि जनसामान्य शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए नई पुलिस चौकी पैरया नमक सार थाना नसीराबाद का फीताकाट कर एवं थाना सलोन के पुलिस बूथ उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने उद्घाटन के दौरान उपस्थित पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये कि लोगों द्वारा आने वाली जनसामान्य आदि सहित महिलाओं व बालिकाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियामानुसार कार्यवाही करें एवं उचित दिशा निर्देश भी दिये।

## गहमागहमी के बीच हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

**लालगंज,रायबरेली।** ब्लाक सभागार लालगंज में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक गहमागहमी के बीच समाप्त हुई क्षेत्र पंचायत में कुल बजट की सही जानकारी न दे पाने पर एमएलसी दिनेश सिंह ने खंड विकास अधिकारी से खासी नाराजगी जताई। एमएलसी ने क्षेत्र पंचायत निधि से 137 ग्राम प्रधानों व बीडीसी को एक एक सोलर लाईट देने की बात कही। पूर्वान्ह 11 बजे से शुरु हुई बैठक में पहले तो सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने विभागों की योजनाओं का बखान करते रहे। जिस पर राजकीय कृषि बीज भंडार द्वारा समय से सब्सिडी न दिए जाने पर सभी ने कड़ी नाराजगी जताई। तभी बैठक में एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह पहुंच गए उन्होंने कहा कि बैठक क्षेत्र पंचायत सदस्यों की है तो पहले अधिकारी सभी बीडीसी को भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन को स्पष्ट रूप से बताते हुए बजट की जानकारी दें ताकि सदस्य उसी के अनुरूप अपने विकास कार्य लिखा सकें।

## पीपे का पुल टूटा टला बड़ा हादसा

**ऊंचाहार।** गंगा मे बने पीपे के पुल मे उस वक्त अफरा तफरी मच गया जब पुल का हिस्सा धंस जाने के बाद सैकड़ो यात्री रास्ते मे ही फंसे रह गए है.हलाकि पुल की मरम्मत का कार्य प्रारंभ होने पर पुल का आवागमन जल्द खुल जाने का दावा किया जा रहा है.ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत तीरकापुरवा मजरे खरौली गंगा घाट से नौबस्तायफ़तेहपुर के लिए हाल मे 60 पैण्टून लगाकर पुल बनाया गया जिसमे बीते शनिवार से आवागमन भी पुल पर होने लगा।लेकिन पुल पर तीरकापुरवा गंगाघाट की ओर पहले से ध्यान न दिए जाने पर पुल का हिस्सा गंगा के जल मे बह गया और पुल टूट गया।जिसमे वाहनो व यात्रियो के आने पर उसको देख लिए नही तो बड़ा हादसा होना तय था।जिसमे धंसे पुल का मरम्मत पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा जारी कर दिया गया है।मेठ राजबहादुर ने बताया कि मरम्मत करवाया जा रहा है जल्द ही पुल का आवागमन बहाल कर दिया जाएगा।

# सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में मंथन

संवाददाता। श्रावस्ती



**भिनगा** आगामी त्यौहार के मद्देनजर जिलाधिकारी टीके शिबु व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुयी। बैठक मे विभिन्न समुदाय के उपस्थित संभ्रान्त व्यक्तियों से वार्तालाप कर क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी। इस दौरान कस्बो में साफसफाई को लेकर अवगत कराया गया। जिसे तत्काल जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित जिम्मेदारो को निर्देशित किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगो से शान्ति सौहार्द एवं भाई.चारे के साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए त्यौहार मनाने व इबादत करने के साथ.साथ पुलिस.प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि त्यौहार को शान्ति पूर्ण ढ़ग से मनाने के लिए सभी क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को पहले से ही निर्देश गया है। सभी थानाध्यक्ष अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इन्तजाम करेंगें व त्यौहार वाले दिन सचेत रहकर कड़ी निगरानी के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखें जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़ें। बैठक में उपस्थित कमेटी के सभी सदस्यों को बताया कि अफवाहों पर न ध्यान दें यदि किसी प्रकार की कोई भी अफवाह जो भी व्यक्ति फैलाने का प्रयास करता है तो उस पर विधिक कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी संभ्रान्त व्यक्तियों को बताया गया कि आप के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो या किसी व्यक्ति विशेष द्वारा अाराजकता या अफवाह फैलाने की कोशिश करे तो इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित थानाएं चौकी या यूपी.112 पर दे जिससे समय रहते उस पर वैधानिक कार्यवाही किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगनन्द पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक समस्त उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी भिनगा वा इकौना खण्ड विकासअधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी सहित दोनों समुदाय के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## नाबालिग से छेड़खानी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद मे अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बी0 सी0 दूबे अपर पुलिस अधीक्षक व हौसला प्रसाद क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली भिनगा मे मुण्अपराध 330.2020 धारा. 354 भा0 द0 वि0 7.8 पास्को एक्ट 3.2 5कैजू एक्ट के वांछित अभियुक्त गुड्डू उर्फ अकबर अली पुत्र श्यामलाल उर्फ मूने निवासी गद्दीपुरवा दा0 हरिहरपुररानी थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर सिसवा मोड के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना किया गया। उस पर अभियोग पंजीकृत था और वह पुलिस की पकड़ से दूर भाग रहा था।

# उद्यमियों और व्यापारियों को करें जागरूक

संवाददाता। गोंडा



**आयुक्त** देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव ने मण्डल के सभी जनपदों में उद्योगों की स्थापना व विकास के दृष्टिगत निर्देशित किया है कि मण्डल स्तर पर आगामी दिसम्बर माह में व्यापारियों व उद्यमियों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित कर विशेष जागरूकता पैदा की जाय। इस कार्यक्रम में व्यापारियों, उद्यमियों व लीड बैंक प्रबन्धकों के साथ ही साथ मण्डल के सभी जनपदों में उद्योग विभाग के माध्यम से उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को भी आमंत्रित किया जाय ताकि वे उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन से प्राप्त अनुभवों व लाभ से मण्डल में उद्योग स्थापित करने की चाह रखने वाले व्यापारियों व उद्यमियों को अपना अनुभव बता सकें। इसके साथ ही जनपद व मण्डल स्तर पर आयोजित होने वाली उद्योगबन्धु की बैठकों की कार्यवृत्त शासन को भेजी जाय। यह निर्देश आयुक्त ने आयुक्त सभागार में आयोजित मण्डलीय उद्योगबन्धु की बैठक में दिए हैं। बैठक में आयुक्त ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व ओडीओपी व अन्य योजनाओं आदि की गहन समीक्षा करते हुए मण्डल के सभी जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उद्योग विभाग से संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं में उद्यम स्थापित करने वाले व्यक्ति के साथ ही साथ कई लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। इसलिए अधिकारी योजनाओं में बैंकों से स्वीकृत आवेदनों पत्रों का आगामी दिसम्बर माह तक शत-प्रतिशत वितरण करवाकर मार्जिन मनी अवमुक्त कराएं। उन्होंने इस कार्य में विशेष योगदान देने के लिए चारों जनपदों के एलडीएम को भी निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि उद्योग विभाग के अधिकारी व्यक्तिगत ध्यान देकर योजनाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि से भी अधिक उपलब्धि अर्जित कराएं ताकि प्रदेश में देवीपाटन मण्डल उल्लेखनीय स्थान प्राप्त कर सके। उन्होंने यह भी कहा है कि किसी भी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में समस्या आती है तो सम्बन्धित जिलाधिकारी को व उन्हें अवगत कराएं।बैठक में आयुक्त ने निर्देशित किया कि निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन पत्रों को समय से अपलोड कर दिया जाय ताकि विभागीय कार्यवाही समय से हो सके। उन्होंने जनपद श्रावस्ती के मिनी औद्योगिक आस्थान इकौना के उच्चीकरण हेतु शेष धनराशि अवमुक्त करने हेतु उनकी ओर से अर्धशासकीय पत्र भेजने के निर्देश दिए हैं तथा दीपक अग्रवाल इन्डस्ट्रीज खैरा, गोण्डा के प्रकरण में दीपक अग्रवाल से यह पत्र प्राप्त होने पर कि अब उनकी समस्या का समाधान हो गया है, प्रकरण को निक्षेपित कर दिया गया।बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत मण्डल के लक्ष्य 175 के सापेक्ष 683 आवेदन पत्र बैंकों को भेजे गए जिसमें बैंकों द्वारा 94 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया।

## प्रधान प्रतिनिधि ने कटवाए पेड़

**श्रावस्ती।** ग्राम पंचायत चंद्राबा के प्रधान धनदेई विद्युत विभाग के सब स्टेशन के पास सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवा रहीं हैं। यहीं पर गिलौला खुटेहना मार्ग पर एक शीशम का पेड़ लगा हुआ था जो कि शौचालय के निर्माण में बाधक था। जिसे प्रधान प्रतिनिधि रिक्खी राम यादव ने कटवा कर लकड़ीयो को गायब करा दिया। जिस पर जिला पंचायत अधिकारी ने जब मौके की जांच की तो पेड़ गायब मिला। जिसको लेकर जिला पंचायत में कार्यरत कर्मचारी बाबूराम पांडे ने इलाकाई थाने पर प्रधान प्रतिनिधि रिक्खी राम यादव के खिलाफचोरी से पेड़ कटवाकर गायब करने के मामले में संबंधित के खिलाफथाने में तहरीर दी है। जिस पर संबंधित धाराओं मे पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजेश द्विवेदी ने बताया कि जिला पंचायत के कर्मचारी की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी व प्रदर्शन



संवाददाता। करनैलगंज ( गोंडा )

**करनैलगंज** तहसील में तहसील के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा तहसील के कार्यालयों को बंद कराया। उसके बाद तहसील संघ भवन में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा व संचालन सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी पर विधिवत चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील से लेकर जिले स्तर तक अधिकारी मिलीभगत करके भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। यदि तहसील के अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं लाते हैं या उन्हें यहां से हटाया नहीं जाता है तो अधिवक्ताओं का आंदोलन और तेज होगा। बैठक में तमाम अधिवक्ताओं ने अधिकारियों के बारे में अपने विचार रखे। साथ ही निर्णय लिया गया कि मांग पूरी न होने पर आगामी 29 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन प्रारम्भ किया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उसके बाद तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी की गई। अरविंद कुमार शुक्ल, नौशाद खां, शुशील सिंह, पंकज सिंह, गोपाल तिवारी, मुनीर खां, सचिन सिंह, श्यामधर शुक्ला, राम सुरेश तिवारी, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, दिनेश गोस्वामी, रामबाबू पांडेय, बाबादीन मिश्र, कुलदीप सिंह, सत्य नरायन सिंह, करम चंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पटाखा व गोला-बारूद बरामद आरोपित को भेजा गया जेल

संवाददाता। लालगंज,रायबरेली

**अवैध** पटाखा समेत एक व्यक्ति को लालगंज पुलिस ने पकड़ा है। एसआई महेश यादव ने बताया कस्बे के लखनऊ रोड मुहल्ला निवासी धर्मेंद्र साहू पुत्र रामराज ने प्रेम शंकर मिश्र के मकान को किराए पर ले रखा है जहां वह सपरिवार रहता है। उसने एक माह पहले विष्णुशंकर निवासी निकट रेलवे क्रासिंग के आवास में एक कमरा किराए पर लिया था। जहां उसने अवैध रूप से पटाखों का भंडारण कर रखा था। मुखबिर की सूचना पर श्रीयादव ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की तो वहां 11 गत्तों में भरा 3कुंतल 25 किलो पटाखा बरामद हुआ है। कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि आरोपित के विरूद्ध धारा 285 आईपीसी व 4ं5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उसे जेल भेजा गया है। धर्मेंद्र साहू को पकड़ने वाली टीम में सिपाही महेश विश्वकर्मा, गौरव कुमार,मनोज कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

**लालगंज,रायबरेली।** दुष्कर्म के साथ पीड़िता की पिटाई करने, रुपये व जेवर छीन लेने, जान से मारने की धमकी देने के मामलों में आरोपित को पुलिस ने जेल भेजा है। उल्लेखनीय है कि बहाई गांव निवासिनी एक युवती ने गांव के ही युवक दीपक मौर्य पुत्र कमलेश कुमार मौर्य पर मार्च माह में उसे बहला फुसलाकर चंडीगढ़ भगा ले जाने तथा वहां पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, विरोध करने पर पिटाई करने तथा रूपये व जेवर छीनकर भगा देने का आरोप लगाया था।इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह मामले की विवेचना कर रहे थे। आरोपित युवक दीपक को जेल भेजा गया है।

## कोटेदार पर लगाया राशन डकारने का आरोप

**श्रावस्ती।** विकासखंड हरिहरपुर रानी के ग्राम पंचायत शाहपुर कला के मजरा बादल पुरवा निवासी युनुस पुत्र अयूब खान उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के कोटेदार मोहम्मद गुलाम द्वारा पात्र गृहस्थी मे आपनी पत्नी तथा बहू का नाम दर्ज करा कर गलत तरीके से राशनकार्ड बनवाकर गरीबों के हक पर डाका डाल रहे हैं। इस संबंध में मोहम्मद यूनुस ने जिलाधिकारी श्रावस्ती जिला पूर्ति अधिकारी श्रावस्ती मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ खाद्य रसद विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को पत्र लिखकर जॉच कराकर कार्रवाई की मांग की है। यूनुस द्वारा आरोप लगाया गया है कि कोटेदार की पत्नी रेशमा बेगम पात्र गृहस्थी कार्ड में कार्डधारक हैं ग्रामीणों का आरोप है कि गरीब व असहाय को लूट कर कोटेदार मालामाल हो रहे हैं तथा कोटेदार स्वयं अपनी पत्नी तथा पुत्र बधू के नाम पर सरकारी खाद्यान्न लेकर गरीबों के लोगों के हक पर डाका डाल रहे हैं।

# पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे खेल मंत्री

संवाददाता। सुल्तानपुर

**जल्द** ही नगर स्थित पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम कायाकल्प करने के कार्य दो नवम्बर से शुरू होगा। स्टेडियम में पांच करोड़ रूपये की लागत से जीर्णोद्धार व आधुनिकीकरण करने के कार्य का विधिवत खेल मंत्री उपेन्द्र तिवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी, विधायकगणों व पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न होगा। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उपेन्द्र तिवारी के निजी सचिव, जवाहरलाल पाल ने दो नवम्बर को 11:00 बजे पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ करने का प्रोटोकॉल जारी कर दिया है। खेल मंत्री उपेन्द्र तिवारी 1 नवम्बर को 5:00 बजे शाम जौनपुर से चलकर 6:30 बजे सायं निरीक्षण भवन पहुँचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। दो नवम्बर को खेल मंत्री उपेन्द्र तिवारी जीर्णोद्धार का शुभारम्भ सांसद मेनका संजय गांधी, विधायकगणों एवं पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थित में करेंगे। खेल मंत्री के निजी सचिव द्वारा जारी प्रोटोकॉल में सांसद मेनका संजय गांधी के साथ उनके पीआरओ रणजीत सिंह को इस आशय से प्रतिलिपि जारी की है कि वह सांसद मेनका संजय गांधी को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। रघुवंशी ने बताया कि इसके पूर्व खेल मंत्री उपेन्द्र तिवारी पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम के 5 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करने वाले थे। लेकिन पार्टी नेतृत्व द्वारा उप चुनाव में लगाये जाने के कारण उन्होंने मौखिक रूप से आगामी 2 नवम्बर को शिलान्यास करने को कहा था। स्टेडियम के आधुनिकीकरण काम में तरण ताल का सौंदर्यीकरण , आधुनिक जिम, खिलाड़ियों को दौड़ने के लिए 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक, छात्रावास निर्माण सहित 25 मदों में 5 करोड़ रूपये खर्च किया जायेगा।

# प्रत्येक तहसील के 50 गांवों में होगा 'स्वामित्व' योजना का सर्वे

संवाददाता। बस्ती

''स्वामित्व'' योजना में पहला स्थान हासिल करने वाले जिले के डीएम आशुतोष निरंजन ने अब प्रत्येक तहसील के 50-50 गांव में सर्वे कार्य कराने और उसे लागू करने का निर्णय लिया है। इसे लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि सर्वेक्षण त्रुटिहीन हो, राजस्व एवं पंचायत विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्रामीण आबादी का डाटा निर्धारित पोर्टल पर अपलोड कराएगें।

कहा कि पूर्व में तहसील बस्ती एवं भानपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 5-5 गांव में स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन किया गया था। इन गांव के लोगों को 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियों


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते डीएम

कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से स्वामित्व योजना का प्रमाण पत्र घरौनी प्रदान किया गया था। अभियान के दूसरे चरण में प्रत्येक तहसील के 50-50 गांव में स्वामित्व योजना लागू की जा रही है। डीपीआरओ को निर्देश दिया कि सर्वे के लिए चयनित सभी गांव में सर्वे के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। कहा कि अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी में स्थित संपत्ति का कोई वैधानिक पत्र नहीं होता था। घरौनी तैयार होने से लोगों को अपनी संपत्ति की सही जानकारी होगी तथा आपसी झगड़ों में कमी आएगी। स्वामित्व प्रमाण पत्र के आधार पर लोग अपने मकानों पर ऋण प्राप्त कर सकेंगे,संपत्ति कर का सही-सही निर्धारण हो सकेगा।

भूमि विवादों के निस्तारण के लिए आपरेशन मीडिएटर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नवम्बर माह के प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुद्धवार, शनिवार रविवार (दीपावली अवकाश छोड़कर) को अभियान चलाने का निर्देश दिया। अविवादित वरासत का अभियान एक से सात नवम्बर एवं असंक्रमणीय से संक्रमणीय भूमिघर का परिवर्तन का अभियान भी चलाने का निर्देश दिया। अभियान के अन्त में तहसीलों द्वारा कार्य पूर्ण होने की रिपोर्ट दी जाएगी। स्वामित्व योजना की नोडल/सीआरओ नीता यादव ने बताया कि तहसील बस्ती एवं रूधौली में सर्वे के लिए तैनात कार्मिको का 29 अक्टूबर,तहसील हर्रैया एवं भानुपर के कार्मिको का 31 अक्टूबर को तहसील बस्ती के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कराया जाएगा। बैठक में एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल, तहसीलदार पवन जायसवाल, केशरीनन्दन त्रिपाठी, डीपीआरओ विनय सिंह मौजूद रहे।

## दुर्घटना में मृत्यु मामले में 14 लाख क्षतिपूर्ति देने का आदेश

**बस्ती।** वाहन दुर्घटना में मामले में मृतक के परिजनों को 14 लाख 14 हजार रुपए क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश दिया गया है। प्रतिकर की धनराशि पर 7 प्रतिशत का व्याज भी देना होगा। प्रतिकर का आदेश मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी गिरीश कुमार वैश्य की अदालत ने दिया है। दुबौलिया थाना क्षेत्र के बसन्तपुर गांव निवासी श्रवण कुमार सिंह की मौत 29 जुलाई 2015 को सड़क दुर्घटना में हो गई थी। उनकी पत्नी सुधा सिंह और बच्चों की ओर से न्यायालय में प्रतिकर दावा दाखिल करते हुए कहा कि भिउरा चौराहा के पास वाहन संख्या यूपी51 टी 6397 ने मोटर साइकिल में पीछे से ठोकर मार दिया। याचीगण ने दुर्घटना करने वाले वाहन मालिक राम शंकर चौरसिया, चालक रामदास, मोटर साइकिल के मालिक जवाहिर सोनी व बीमा कम्पनी रिलायंस जीआईसी के खिलाफ प्रतिकर याचिका दाखिल करते हुए बताया कि दुर्घटना के समय मृतक 16 हजार रुपए महीना कमाते थे। याचीगण की ओर से गोपेन्द्र गुप्ता, बृजेश पाण्डेय एडवोकेट ने पैरवी की। बीमा कम्पनी रिलायंस की ओर से अधिवक्ता अरूण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी कम्पनी का कोई दायित्व नहीं है। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने वाहन संख्या यूपी 51 टी 6397 को दोषी मानते हुए उसके स्वामी व चालक को प्रतिकर देने का आदेश दिया।

# बच्चों से मजदूरी करा रहे अभिभावक!

- बच्चें कोरोना के डर से नहीं, खेतीबारी के चलते नहीं जा रहे स्कूल
- ग्रामीण क्षेत्र के 15 और शहरी में 30 फीसद मिल रही उपस्थित

**बस्ती।** सुनने में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है कि अभिभावक बच्चों को कोरोना के डर से नहीं, बल्कि उन्हें इस लिए स्कूल नहीं भेज रहे हैं, ताकि उनसे धान की कटवाई करवाई जा सके। मजदूरों के स्थान पर अभिभावक बच्चों से मजदूरी करवा रहे है। यह पैसा बचाने के लिए कर रहें। इनमें कुछ तो गरीबी के नाते और कुछ तो मजदूरी बचाने के लिए बच्चें को स्कूल नहीं भेज रहे है। अधिकारियों के निरीक्षण में जो खुलासा हो रहा है, उसमें ग्रामीण क्षेत्र के 15 और षहरी क्षेत्र के स्कूलों में 30 फीसद बच्चे उपस्थित पाए जा रहे है। माध्यमिक स्कूल तो खुल गए, मगर बच्चे अभी स्कूल नहीं आरहे हैं, इसके लिए अभिभावकों को जिम्मेदार माना जा रहा है। क्यों कि जब तक अभिभावक सहमति पत्र नहीं देगें तब तक बच्चा अपने मन से स्कूल नहीं जा सकता है। लगभग एक दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण कर चुके संयुक्त निदेषक षिक्षा मनोज द्विवेदी ने बताया कि लगभग सभी स्कूलें प्रोटोकाल का पालन कर रही हैं, मगर बच्चों की उपस्थिति बहुत कम हो रही है। बताया कि जब उन्होंने इसका कारण षिक्षकों और उपस्थिति बच्चों से जानना चाहा तो बताया गया कि अधिकांष अभिभावक बच्चें को इस लिए स्कूल नहीं भेज रहें क्यों वे लोग अपने बच्चों से धान की कटवाई और खेतीबारी का काम करवा रहे हैं। बताया कि बच्चों को उनके अभिभावक कोरोना के डर से नहीं बल्कि खेतीबारी के कारण नहीं भेज रहे हैं।

### मशीन तो है, पर सेनेटाइज का पैसा नहीं!

सरकार का फरमान है कि स्कूल प्रबंधन प्रत्येक दिन और प्रत्येक क्लास रुम को सेनेटाइज करें। प्रबंध तंत्र अन्य प्रोटोकाल को तो पूरा कर दे रहें है, मगर क्लास रुम को नियमित सेनेटाइज नहीं करवा पा रहे है। इसके लिए धन का अभाव बताया जा रहा है। षिक्षक नेता संजय द्विवेदी और विजय कुमार द्विवेदी का कहना है कि अगर कोई विद्यालय प्रत्येक क्लास रुम को नियमित सेनेटाइज करता है तो उसका प्रति दिन डेढ़ से दो हजार का खर्च आता है, वैसे ही विद्यालय प्रबंधन धन के अभाव में जूझरहे हैं, ऐसे में सेनेटाइज करना और बच्चों को मास्क उपलब्ध कराना आसान नहीं है। अगर कोई विद्यालय ऐसा कर रहा है तो निष्चित वह बच्चों से विकास षुल्क के नाम वसूली करेंगी।

# कोरोना के लक्षण दिखें तो तुरंत कराएं जांच: मुस्तफा

- नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण व समीक्षा बैठक

**सोनभद्र।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश मोहम्मद मुस्तफा ने सोनभद्र जिले के दौरा किया। उन्होंने कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के निमित्त जिले की गयी व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में की। कोविड-19 जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम का भी आकस्मिक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कोविड-19 एल-1 एल-2 अस्पताल परिसर लोढ़ी का निरीक्षण किया और सी0सी0टीवी0 कन्ट्रोल रूम के मास्टर डाटा की समीक्षा की नोडल अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा ने कलेक्ट्रेट परिसर में कोविड-19 की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने एल-1 व एल-2 हास्पिटल व होम आईसूलेशन में रह रहे मरीजों की सुविधाओं, सीसीटीवी मानीटरिंग, लाजिस्टिक स्टेटस, एम्बुलेंस सेवा जन जागरूकता बचाव के लिए उठाये जाने वाले अभिनव कार्यों आदि को बिन्दुवार प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि जिस किसी में भी कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखें वे नि:संकोच स्वयं व अपने लोगों के बचाव के लिए जॉच करायें। जिलाधिकारी ने विस्तार से बिन्दुवार जानकारी दी, जिस पर नोडल अधिकारी ने और बेहतर व्यवस्थाएं बनाये रखने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित, जिला स्तरीय कोविड-19 जिला कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को तलब किया और रजिस्टर को देखा, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कराने के निर्देश दियें। नोडल अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा ने कोविड-19 एल-1 व एल-2 अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के मास्टर डाटा को देखा और बेहतर व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सामाजिक दूरी, फेसकवर मास्क का प्रयोग व बार-बार साबुन पानी से हाथ धोने की अपील करते हुए कहा कि संक्रमण से बचाव होशियारी है, लिहाजा बचाव करते हुए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाय।

## अपर पुलिस अधीक्षक नगरने सर्राफा व्यापारियों के साथ की बैठक

**मिर्जापुर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा बुधवार को 3:00 बजे पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में जनपद के सर्राफा व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनकर उनको पुलिस द्वारा सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया और कहा गया की उनकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जायेगा। साथ ही उनकी सुरक्षा के साथ ही उनके व्यापार में आनी वाली सुरक्षा संबंधी समस्याओं को प्रत्येक व्यापारी द्वारा पूछताछ कर जानकारी की गयी। साथ ही समस्याओं को दूर करनें के लिए पुलिस के माध्यम सें हर संभव प्रयास करनें की बात कही गयी। और उनसे ये भी कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने प्रतिष्ठानों/दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाये, अपने कर्मचारियों /सुरक्षाकर्मियों पर ध्यान रखे, किसी प्रकार के अपराधी या व्यक्ति द्वारा धमकी आदि दी जाती हैएतो तत्काल पुलिस से सम्पर्क करें उनके व्यापारी प्रतिष्ठान/दुकानों की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। उक्त बैठक में क्षेत्राधिकारी नगरए थाना प्रभारी कोतवाली शहर, के साथ ही जनपद के सर्राफा व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।

# देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा: बालाजी आयंगर

- ईमानदारी की प्रतिज्ञा के साथ शुरू हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी की रिहंद परियोजना में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुपालन में देश से भ्रष्टाचार को दूर करने के उद्देश्य से मंगलवार को सोशल डिस्टन्सिंग का पालन करते हुए सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की प्रतिज्ञा के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर परियोजना के प्रशासनिक भवन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की प्रतिज्ञा दिलाई। श्री आयंगर ने उपस्थित लोगों को सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन, रिश्वत न लेना न देना तथा जनहित में कार्य करने हेतु



सभी से आग्रह किया। उन्होने कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा साबित होती है। उन्होने विश्वास जताया कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबन्धित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है । इसके लिए प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे हर समय सत्यनिष्ठा व ईमानदारी के उच्च मानक बनाए रखने के लिए वचनबद्ध होना चाहिए साथ ही साथ भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए। इसी कड़ी में प्लांट परिसर में स्थित सेवा भवन में महाप्रबंधक रमेश ने अधिकारियों व कर्मचारियों को तथा धनवंतरी चिकित्सालय में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रेनू सक्सेना ने चिकित्सकों व सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सतर्कता मान्नालाल आश ने एनटीपीसी रिहंद कर्मचारियों एवं एसोसिएट्स के प्रतिनिधियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं परियोजना में होने वाले विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना में 27 अक्टूबर 2020 से 02 नवंबर 2020 तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान एनटीपीसी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों,सभी एसोसिएट्स, सीआईएसएफ़ कर्मियों व उनके परिजनों के साथ-साथ,आवासीय परिसर एवं उनके आस-पास के स्कूलों के बच्चों के बीच कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएगी।

## धान की क्राफ्ट कटिंग व फसली खेतों का डीएम ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी श्री सुशील कुमार पटेल ने सदर तहसील के कोन ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुजेहरा कला के गोहानी गॉव में धान की क्राफ्ट कटिंग का निरीक्षण किया। किसान दिनेश्वर दयाल और गेंदा देवी पत्नी लोलारख के फसली खेतों (धान की खेती) का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर ही क्राफ्ट कटिंग करवाई। जिलाधिकारी ने मौके पर फसली उपज को भी देखा। इस दौरान गेंदा देवी का फसली उपज 07 धूर के सापेक्ष 22.580 किलोग्राम रहा वही दिनेश्वर दयाल की फसली उपज 07 धूर के सापेक्ष 32.860 किलोग्राम रहा। जिलाधिकारी ने गेंदा देवी से फसल और कटाई के बारे में जानकारी भी हासिल की। किसानो द्वारा बताया गया कि पीछले वर्ष के मुताबिक इस वर्ष फसल अच्छी रही। लेखपाल द्वारा अवगत कराया कि गेंदा देवी का फसल 0.031 हे0. और दिनेश्वर दयाल का 0.206 हे0. फसल है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमीत कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक रामअवध लेखपाल ज्ञानलता सिंह, एचडीएफसी एग्रो बिमा कंपनी से विनय यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीडीओ ने शिकायत पर ब्लाक परिसर में कार्यों का किया भौतिक सत्यापन

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** बुधवार को जिला विकास अधिकारी सहित तीन सदस्यीय जांच टीम ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख व क्षे.पंचायत सदस्य की शिकायत पर ब्लाक परिसर में कराये गये विकास कार्यों में अनियमितता बरतने और गलत तरीके से मौजूदा प्रमुख पर धन आहरित करने की शिकायत जिलाधिकारी और सीएम पोर्टल पर की थी। बुधवार को लगभग दो बजें डीडीओ सहित तीन सदस्यीय टीम ने ब्लॉक परिसर में पहुंचकर विभिन्न पहलुओं की जांच की इस दौरान वह जांच से संतुष्ट नजर आये। जिला विकास अधिकारी राजितराम मिश्रा के नेतृत्व में एक्सईएन लोनिवि राजेश निगम तथा समाज कल्याण विभाग के अधीक्षक बैजनाथ गुप्ता ने स्थानीय ब्लाक परिसर में आईजीआरएस तथा जिलाधिकारी को पूर्व ब्लाक प्रमुख महमूद आलम चौधरी तथा दुधारा द्वितीय के क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरीश जायसवाल ने परिसर में कार्य की गुणवत्ता की कमी, और गलत तरीके से भुगतान कराने की शिकायत की थी। जांच उपरांत जिला विकास अधिकारी राजितराम मिश्रा ने बताया कि जर्जर अवस्था में पड़े खण्ड विकास अधिकारी आवास के पुराने ईंटों का प्रयोग क्यारियों में किये जाने



की शिकायतों की स्थलीय जांच की गयी तथा अभिलेखों की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि पहले से ब्लॉक काफी सुन्दर और आकर्षित दिख रहा हैं उन्होंने प्रथम दृष्टया जांच में संतुष्ट होने की बात कही। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट जल्द ही जिलाधिकारी को दे दी जायेगी तथा आईजीआरएस पर अपलोड कर दी जायेगी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद, खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय, पूर्व प्रमुख महमूद आलम चौधरी, रवि कुमार, सूर्य प्रकाश चौधरी एपीओ, प्रवीण यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आवास देने में अव्वल रहा सल्टौआ ब्लॉक

- सीडीओ ने जारी की रैंकिंग, रुधौली फिसड्डी

**बस्ती।** प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना में लाभार्थियों के नाम आवास स्वीकृति के मामले में तेजी से सुधार हो रहा है। इस मामले में सल्टौआ ब्लॉक अव्वल घोषित हुआ, यहां पर लक्ष्य के सापेक्ष 25.43 के आवास को स्वीकृति दी गई। इस ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार योजना का संचालन करने वाले डीआरडीए के पीडी आरपी सिंह के पास है।

फीसद विक्रमजोत ब्लॉक जो एक दिन पहले सबसे नीचे 14वें स्थान पर रहा, वह सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका की सख्ती के चलते अचानक छठें स्थान पर आ गया। वहीं रुधौली ब्लॉक जो एक दिन पहले 10वें स्थान पर रहा, वह सबसे नीचे आ गया। इस ब्लॉक का प्रभार जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव के पास है। वैसे पूरे जिले की प्रगति 6.20 फीसद है। सीडीओ की ओर से जारी की गई रैंकिगं में पहले स्थान पर सल्टौआ, दूसरे पर कप्तानगंज, तीसरे पर साउंघाट, चौथे पर दुबौलिया, पांचवें पर बनकटी, छठें पर विक्रमजोत, सातवें पर गौर,आठवें पर हर्रैया, नौवें पर रामनगर, दसवें पर बस्ती सदर, 11वें स्थान पर कुदरहा, 12वें पर परसुरामपुर, 13वें पर बहादुरपुर और 14वें पर रुधौली ब्लॉक है। जिले में 31196 आवास का लक्ष्य मिला है। इसके सापेक्ष 3075 का रजिस्टर्ड हो गया है। 2866 रजिस्टर्ड के सापेक्ष जीओ टैग हो गया है। जीओ के लक्ष्य के सापेक्ष 1933 लाभार्थियों को आवास की स्वीकृति दी जा चुकी, खाते में पहली किष्त पहुंच चुका है।

# गुमटी में चल रहीं शराब की दुकानें

### एसपी आवास के समीप में चल रहीं अंग्रेजी, देशी शराब की अवैध दुकानें,नपा ने नहीं किया जमीन, दुकान का आवंटन-बिना चौहद्दी देखे आबकारी विभाग ने दे दी शराब बिक्री की अनुमति



बस्ती। अमहट पुराना पुल के निकट चल रही अंग्रेजी और देशी शराब की लाइसेंसी दुकाने अनियमित तरीके से संचालित की जा रही है। गुमटी में चल रही दोनों शराब की लाइसेंसी दुकानों के लिए न तो नगर पालिका ने भूमि आवंटित किया और न ही दुकान संचालित करने के लिए उसे एलाट किया है। इसका खुलासा सीओ सिटी की जांच और नगर पालिका के निरीक्षण और जांच रिपोर्ट से हुआ है। आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों को संचालित करने के लिए लाइसेंस जारी कर दिया। लेकिन यह जानना जरूरी नहीं समझा कि जहां शराब की दुकान संचालित है वह मानक पूरा करते है या नहीं। यह भी देखना गंवारा नहीं किया कि जहां शराब की दुकाने चल रही है उसकी परिधि में मंदिर भी आता है, अनेक धार्मिक आयोजन और अनुष्ठान होते रहते हैं।

अमहट पुराना पुल की ओर एसपी आवास के निकट गुमटी में चल रहे अंग्रेजी और देशी शराब की दुकान पर होने वाले जमावड़े को देखते हुए एसपी हेमराज मीणा ने दोनों दुकानों का संज्ञान लिया। सीओ से दुकान के स्थान एवं चौहद्दी की जांच कराई। जांच के दौरान सीओ ने दुकानों के लाइसेंस का अवलोकन करने पर पाया कि लाइसेंसी हृदयराम चौधरी की अंग्रेजी शराब और जय प्रकाश शुक्ला की देशी शराब की दुकान नगर पालिका की जमीन पर अमहट नदी पुराना पुल पर अवस्थित है। सीओ की ओर से लाइसेंस में अंकित चौहद्दी के बारे में पालिका से जानकारी मांगी गई। दोनों आबकारी दुकानों के लाइसेंस की छायाप्रति के साथ ईओ को पत्र लिखकर शराब दुकान के स्थान और चौहद्दी का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही की अपेक्षा की गई। ईओ ने सम्पत्ति लिपिक से इस सम्बन्ध में आख्या मांगी। जांच और निरीक्षण बाद पाया गया कि जिन दोनों स्थानों पर शराब दुकान संचालित है उस जमीन और दुकान को नगर पालिका की ओर से शराब लाइसेंसी के पक्ष में आवंटित ही नहीं किया गया है। अंग्रेजी और देशी शराब की दोनों दुकाने अवैध रूप से नगर पालिका की जमीन पर कब्जा कर संचालित की जा रही है। अवैध तरीके से बिना पालिका के आवंटन के संचालित हो रही इन दुकानों का सच शायद ही उजागर हो पाता यदि झाड़ियों की साफ सफाई के बाद एसपी की नजर यहां आए दिन होने वाले जमावड़े पर न पड़ती।

## मिर्जापुर-टू फिल्म पर रोक लगाने के लिए डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**मिर्जापुर।** छवि को धूमिल करने तथा जातीय वैमनस्यता फैलाने के उद्देश्य बनाई गई फिल्म वेब सीरीज मिर्जापुर-2 को बैन करने तथा इस फिल्म के निर्माता निर्देशक के खिलाफ मिर्जापुर की छवि को गलत ढंग से दिखाकर धूमिल करने एवं जनपद की सामाजिक समरसता को भंग करने के दृष्टिगत एफआई आर दर्ज कराने की मांग को लेकर मिर्जापुर सेवा समिति के संयोजक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए वेब सीरीज मिर्जापुर 2 को बैन करने की मांग से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी मिर्जापुर को सौंपा तथा शीघ्र ही मिर्जापुर जनपद की छवि को धूमिल करने की दृष्टि गत वेब सीरीज मिर्जापुर-2 के निर्माता निर्देशक के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करा कर कार्यवाही किए जाने की मांग किया। प्रदर्शन/ज्ञापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिर्जापुर सेवा समिति के संरक्षक अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा की मिर्जापुर जनपद का सांस्कृतिक छवि को धूमिल करने के लिए एवं जातीय हिंसा एवं वैमनस्यता से युक्त वेब सीरीज मिर्जापुर-2 के नामक फिल्म बना कर मिर्जापुर जनपद के ख्याति को धूमिल करने का कुचक रचा गया है जिसको की मिर्जापुर के नागरिक बर्दाश्त नहीं करेंगे मिर्जापुर सेवा समिति इस फिल्म का प्रदर्शन कार्यक्रम मिर्जापुर जनपद में किसी भी कीमत पर नहीं होने देगी।

# घोटाला 825 रुपये का, जांच चली वर्षों

- तीन साल पहले निर्वाचन कार्यालय में हुआ थी स्टेशनरी बैग में घोटाला
- 33 सौ बैग की हुई हेराफेरी एक की लागत 25 नया पैसा

**बस्ती।** सहायक निर्वाचन कार्यालय पंचस्थानी में तीन साल पहले कनिष्ठ सहायक के पद पर सनोज कुमार तैनात रहे, वर्तमान में इनका प्रमोषन हो गया है, और खलीलाबाद में वरिष्ठ सहायक के रुप में कार्यरत है। इन पर आरोप है कि इन्होंने चुनाव के दौरान पोलिगं पार्टियों को दिए जाने स्टेशनरी बैग में हेराफेरी की। 33 सौ बैग का मामला सामने आया। एक बैग की लागत 25 नया पैसा है। पहले तो इसकी जांच एडीएम ने की, उसमें दोषी पाए गए, जांच से जब अंसतुष्ट हुए तो इसकी जांच एसडीएम की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी ने की। उसमें भी दोषी पाएगए। जब कार्रवाई के लिए रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को गई, तो आयोग ने डीएम को इसकी जांच सीडीओ से कराने को लिखा। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने इसकी जांच की और यहां भी लिपिक दोषी पाए गए। हालांकि अभी तक कार्रवाई के लिए आयोग को जांच रिपोर्ट नहीं भेजी गई, जबकि जांच किए लगभग 20 दिन होगए। इसकी पुष्टि सीडीओ ने भी की।

बताया जाता है कि चार्ज के आदान-प्रदान के दौरान ही बैग के आकड़ों में हेराफेरी की गई। चर्चा है कि इन तीन सालों में आरोपी का गबन किए धन के कई हजार गुना खर्च हो गया। हालांकि अपने आप को निर्दोष साबित करने के लिए आरोपी ने कोई कसर इतने सालों में नहीं छोड़ा। जांच को प्रभावित करने का भरसक प्रयास किया गया, और अब रिपोर्ट भेजने और न भेजने का प्रयास हो रहा। जब रिपोर्ट भेजने की बारी आई तो पता चला कि पत्रावली ही नहीं मिल रही है।

### इससे पहले भी गबन में हो चुके हैं निलंबित

सनोज कुमार का निलंबन और बहाली का रिष्ता पुराना रिष्ता है। स्टेशनरी बैग की हेराफेरी में फंसने वाले वरिष्ठ सहायक इससे पहले वर्ष 2019 में चालान घोटाले में निलंबित हो चुके हैं, काफी कोषिष के बाद यह एक साल बाद हुए। अब देखना है कि आयोग स्टेषनरी बैग के हेराफेरी के मामले में क्या कार्रवाई करता है?

### बंद हो गया मतदाता सूची बेचने का कारोबार

अनियमित कार्यो के लिए चर्चा में रहने वाला सहायक निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पंचस्थानी में मतदाता सूची बेचने का कारोबार फिलहाल बंद हो गया। इसका पूरा श्रेय एडीएम रमेषचंद्र को दिया जारहा है। एक दिन पहले 'पायनियर' में खबर भी प्रकाषित हो चुकी है। इसे लेकर एडीओ के खिलाफजांच के भी आदेष दिएगए है। एडीओ पर आरोप है कि यह कार्यालय में चुनाव लड़ने वालों को चार से पांच सौ रुपये में मतदाता सूची बेच रहे है। इसकी जानकारी होने पर एडीएम ने तलब किया। अब पताचला कि जब से एडीओ तलब हुए हैं, तब से मतदाता सूची बेचने का कारोबार बंद हो गया। हालांकि इसके लिए अभी भी कई जरुरतमंद कार्यालय के चक्कर काट रहें हैं, कुछ तो एडीएम के पास भी गए थे।

## 85 टीमें 2.22 लाख से अधिक आबादी में खोजेगी टीबी के रोगी

**सोनभद्र।** टीबी रोग को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जनपद में 2 से 11 नवंबर 2020 तक सघन टीबी रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीम संदिग्ध मरीजों का सैंपल लेकर जांच को भेजेगी और टीबी की पुष्टि होने पर उनका निशुल्क इलाज कराया जाएगा।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ बीके अग्रवाल ने बताया कि 2025 तक देश से टीबी रोग को खत्म करने के लिए जिले में 2 नवंबर से 11 नवंबर 2020 तक टीबी रोगियों के खोजने का अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया है। इस अभियान में 85 टीमों का गठन किया गया है और उनकी देखरेख में 17 सुपरवाइजर भी लगाए जाएंगे । यह टीम जनपद के 2,22,405 आबादी वाले क्षेत्रों में तथा 44 हजार 481 घरों पर दस्तक देकर टीबी रोगियों की खोज करेगी। उन्होंने बताया कि कोविड-19 को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम मुंह पर मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए टीबी रोगियों के खोजने काम करेगी। इस दौरान लोगों को कोरोनावायरस संक्रमण से बचाव के लिए बेवजह घर से बाहर न निकलने तथा मुंह पर मास्क लगाने एवं सामाजिक दूरी बनाए रखने के साथ ही साबुन पानी या सैनिटाइजर से बार बार हाथ धोने का सुझाव भी टीम के द्वारा दिया जाएगा जिससे संक्रमण न फैलने पाए।

# संगठन पदाधिकारियों ने पीड़ित व्यापारी से भेंट कर ली जानकारी

- दुकानदारों का उत्पीड़न संगठन को बर्दाश्त नहीं: अमित जैन



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को हैंसर बाजार में सैंपलिंग के वक्त हुए विवाद को संज्ञान में लेते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला इकाई का प्रतिनिधिमंडल हैसर बाजार पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी प्राप्त की तथा उप जिलाधिकारी धनघटा गुलशन कुमार से मिलकर इस संदर्भ में व्यापक चर्चा करते हुए फूड विभाग के द्वारा लगातार व्यापारियों के उत्पीड़न के संदर्भ में तथा अवैध वसूली के संदर्भ में अवगत कराया गया तथा इनके कृत्य का विरोध किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मांग किया कि फूड विभाग द्वारा आज तक कोई भी जागरूकता अभियान नहीं चलाया गया है। जिसके कारण तमाम नियमों से व्यापारी अभिज्ञ है। विभाग द्वारा केवल कागजों में ही कोरम पूरा किया जाता है। जिसका विरोध किया गया तथा फूड विभाग द्वारा अवैध वसूली के लिए रखे गए। प्राइवेट कर्मियों पर तत्काल अंकुश लगाते हुए इन के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई। इस विवाद को अपने सूझबूझ से अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय द्वारा समाप्त कराया गया उसके लिए संगठन द्वारा उनकी प्रशंसा की गई। जिला प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन, जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि, जिला महामंत्री विनीत चड्ढा, तहसील प्रभारी धनघटा उदयराज अग्रहरि के साथ हैसर बाजार नगर अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रहरी, नगर महामंत्री हैसर बाजार भालचंद्र उपस्थित रहे।

# मुख्तार अंसारी गिरोह के तीन ठेकेदारों का लाइसेंस निरस्त

## तथ्य छिपाकर कराया गया था पंजीकरण

## लाइसेंस निरस्त होने के बाद पूरे दिन मची रही अफरातफरी

संवाददाता। मऊ

**बाहुबली** विधायक व माफिया मुख्तार अंसारी अपराधिक गिरोह के तीन ठेकेदारों द्वारा तथ्य छिपाकर ठेकेदारी का लाइसेंस प्राप्त करने के मामले में जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निरस्त कर दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आपराधिक प्रवृत्ति के माफ्यिाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। आपराधिक प्रवृत्ति के माफिया ठेकेदारों का लाइसेंस निरस्त होने के बाद पूरे दिन अफरातफरी मची रही। मऊ सदर विधान सभा के बाहुबली विधायक माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ शासन के सख्त तेवर के बाद अब उसके नजदीकियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गाज गिरना शुरु हो गया है। इसी क्रम में संगठित अपराध व अपराधियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुख्तार अंसारी आपराधिक गिरोह के तीन ठेकेदारों कमला सिंह पुत्र स्वर्ण कपिलदेव सिंह निवासी भीटी थाना कोतवाली, माया सिंह पत्नी हजारी सिंह निवासी भीटी थाना कोतवाली तथा बृजनाथ सिंह पुत्र स्वण् शिवकरन सिंह निवासी आदेडीह थाना सरायलखंसी का ठेकेदारी लाइसेंस जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि कमला सिंह पुत्र स्वर्ण कपिलदेव सिंह निवासी भीटी थाना कोतवाली को ठेकेदारी का लाइसेंस 18 अक्टूबर 2019 को जारी हुआ था। लाइसेंस प्राप्त करते समय कमला सिंह द्वारा शपथ पत्र में अपने पुत्र का अपराधिक इतिहास नहीं दर्शाया गया था, जबकि कमला सिंह का पुत्र जयप्रकाश सिंह के विरूद्ध धारा 419, 420 भादविण् तथा एनसीआर संख्या 30-19 धारा 504 भदावि. का अभियोग पंजीकृत है। पुलिस द्वारा की गई जांच में प्रकाश आया कि कमला सिंह जिनकी उम्र 60 वर्ष के करीब है। उसका पुत्र जयप्रकाश सिंह ठेकेदारी करता है। उधर माया सिंह पत्नी हजारी सिंह निवासी भीटी थाना कोतवाली का लाइसेंस 12 दिसम्बर 2017 को प्राप्त हुआ था। प्रार्थना पत्र देते समय माया सिंह द्वारा अपने सगे-सम्बन्धियों पर अपराधिक मुकदमें ना होने की बात कही गयी थी, जबकि माया सिंह का पति हजारी सिंह एक अपराधिक प्रवृति का आदमी है। इसके विरूद्ध थाना कोतवाली व थाना सरायलखंसी में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। साथ ही साथ यह अपनी पत्नी के नाम पर लाइसेंस बनाकर खुद ठेकेदारी करता है। उधर बृजनाथ सिंह पुत्र स्वण् शिवकरन सिंह निवासी आदेडीह थाना सरायलखंसी को लाइसेंस 8 मार्च 2018 को जारी हुआ था। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि बृजनाथ सिंह के द्वारा ठेकेदारी का कार्य ना करके उनके पुत्र हजारी सिंह द्वारा किया जाता है

# यूपी के विकास रथ को सपा-बसपा ने रोका:मौर्या

## बंद चीनी मिलों को भाजपा फिर चालू करेगी: उपमुख्यमंत्री

संवाददाता। देवरिया



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि बंद चीनी मिलों को भाजपा चालू करेगी। सपा-बसपा के शासन काल में ये चीनी मिलें बंद हो गई थी। इन दोनों पार्टियों के तिकड़म से प्रदेश का विकास ठप हो गया था। भाजपा के सत्ता में आने पर विकास में तेजी आई। वह बुधवार को गौरीबाजार के चन्द्रशेखर आजाद इंका के परिसर में देवरिया सदर विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी डा. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अपने 20 मिनट के भाषण में श्री मौर्य ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। सपा, बसपा व कांग्रेस को विकास विरोधी बताते हुए तिकड़मी बताया। उन्होंने सपाए बसपा के 15 सालों के शासन की तुलना भाजपा के तीन साल की सरकार से की। उन्होंने कहा कि इन दोनों सरकारों ने चीनी मिलों पर ताले लगवा कर बेच दिए।

अब भाजपा एक-एक कर चीनी मिलों को चालू कर रही है। आने वाले दिनों में देवरिया की बंद चीनी मिलें भी चालू होंगी। मौर्य ने कहा कि मोदी के छह साल के कार्यकाल को कांग्रेस के 60 साल पर भारी हैं। भाजपा ने समाज के सभी तबकों के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछड़ों व दलितों के लिए सर्वाधिक काम किया है। इस दौरान सपा-बसपा को पिछड़ों व दलितों का दुश्मन कहा। उन्होंने कहा कि गरीबी को जड़ से मिटाने की नीति पर भाजपा काम कर रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण काम किए हैं। इस क्रम में भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया।

उन्होंने कहा आज जम्मू कश्मीर में कोई भी जमीन खरीद सकता है। केंद्र सरकार की दृण नीतियों के चलते ऐसा हो सका। यदि धारा 370 नहीं हटी होती तो यह कभी संभव नहीं था। इस क्रम में राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि देवरहवा बाबा की प्रेरणा से आज मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। जनसभा को भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी, राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद, विधायक संगीता यादव, सांसद रमापति राम त्रिपाठी, पूर्व विधायक रविन्द्र प्रताप मल्ल, मंत्री श्रीराम चौहान, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विजय राजभर, शैलेश मणि त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह ने भी संबोधित किया।

## महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में बनेगा स्ट्रांग रूम, सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इन्तजाम

**देवरिया**। देवरिया विधानसभा उप निर्वाचन के तहत मतदान तीन नवंबर को होना है। मतदान पश्चात् पोल्ड इवीएम जनपद मुख्यालय अवस्थित महाराजा अग्रसेन कालेज आफ कामर्स जलकल रोड देवरिया में स्ट्रांग रुम में पीठासीन अधिकारियों द्वारा सुरक्षा के पुख्ता निगहवानी में जमा की जाएगी। मतगणना 10 नवंबर को पूर्वान्ह आठ बजे प्रारम्भ होगी। इवीएम हेतु स्ट्रांग रूम कक्ष संख्या 1, 2, 3, तथा 4 को बनाया गया है। मतगणना इस विद्यालय के हाल नम्बर 1 व 2 में होगी। मतगणना के लिए 15 टेबुल लगाये जाएंगे। जिलाधिकारी अमित किशोर ने सभी प्रत्याशियों व निर्वाचन अभिकर्ताओं को अवगत कराया है कि तीन नवंबर को वे स्ट्रान्ग रुम के सीलिंग के समय उपस्थित रहकर अपनी पहचान के लिये स्ट्रांग रूम के दरवाजे अथवा खिड़कियों पर अपनी सील लगा सकते है तथा मतगणना होने तक मतदान मशीनो के रखे जाने वाले स्थान की निगरानी के लिए अभिकर्ता तैनात कर सकते है। अभिकर्ता को स्ट्रांग रूम के सबसे बाहर की परिधि के बाहर रहने की अनुमति होगी। यहां पर छायाए पीने के पानीए शौचालय आदि की व्यवस्था रहेगी। यदि अभिकर्ता को स्ट्रान्ग रुम सीधे दृश्य ना हो सके तो सीसीटीवी की व्यवस्था रहेगी। और मानिटर पर अभिकर्ता स्ट्रान्ग रुम देख सकते है। अभिकर्ता को नियमित अन्तराल पर आन्तरिक परिधि में भी ले जाया जायेगाए जहां पर वे स्ट्रान्ग रुम की सुरक्षा को देख सकेगें। निगरानी हेतु तैनात किये जाने वाले व्यक्ति को रिटर्निंग आफ्सिर से परिचय पत्र अनिवार्य रुप से प्राप्त करना होगा। चार नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे मतदाता रजिस्टर 17, व अन्य अभिलेखों की संवीक्षा के समय तथा मतगणना दिवस 10 नवंबर को पूर्वान्ह आठ बजे स्ट्रांग रूम खोले जाने के समय भी निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थित रह सकेगें। जिलाधिकारी ने बताया कि स्थापित स्ट्रांग रूम को प्रेक्षक, रिटर्निंग आफिसर, पुलिस अधीक्षक एवं अर्धसैनिक बल के अधिकारियों की उपस्थिति में उसके खिड़की दरवाजे शील्ड किये जाएंगे।

## तीन नवंबर को बंद रहेंगे सभी कार्यालय

**देवरिया**। जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि देवरिया विधानसभा के मतदान के लिए दिवस तीन नवंबर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस दिन कोषागार सहित जिले के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक, और निजी अधिष्ठान बन्द रहेंगे।

## माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कल सभी की उपस्थिति अनिवार्य: डीएम

**देवरिया**। जिलाधिकारी अमित किशोर ने देवरिया विधानसभा उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैनात माइक्रो आर्ब्जवरों को निर्देशित किया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता से सुनिश्चित करेगें तथा निर्वाचन संबंधित जानकारियों को प्रशिक्षण में कर लेगें, ताकि उन्हे अपने दायित्वों के सम्पादन में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।

जिलाधिकारी ने माइक्रो आब्जर्वर के लिए आयोजित प्रशिक्षण के जानकारी में बताया कि आगामी 30 अक्टूबर को अपरान्ह् दो बजे से चार बजे तक जिला पंचायत सभागार में प्रशिक्षण की तिथि व समय निर्धारित की गयी है, जिसमें इनकी उपस्थिति अनिवार्य है। उन्हे यह भी निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण स्थल पर कोविड-19 टेस्टिंग कराने के उपरान्त ही प्रशिक्षण में वे प्रतिभाग करेगें। पहचान पत्र निर्गत कराने हेतु पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित कराकर प्रशिक्षण में लेकर आएंगें। मतदान कार्य को सम्पन्न कराने हेतु दिये गये दायित्वों का निर्वहन प्रेक्षक के निर्देशानुसार करेगें तथा मतदान समाप्ति के पश्चात् दिये गये प्रारुप पर निर्धारित रिपोर्ट प्रेक्षक के अवलोकन के लिये महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज देवरिया में निर्धारित काउन्टर पर उसे जमा करेगें ।

# रेलवे स्टेशन पर पकड़ी एक करोड़ की ज्वैलरी, दो गिरफ्तार

संवाददाता। मुगलसराय ( चन्दौली )।



**जीआरपी** और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने संयुक्त रूप से जांच के दौरान मंगलवार की रात स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या सात और आठ के पश्चिमी छोर के समीप से दो व्यक्तियों को लगभग दो किलो ज्वैलरी के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बरामद माल और गिरफ्तार व्यक्तियों को डीआरआई के हवाले कर दिया।

बिहार में विधान सभा चुनाव को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर राजकीय रेलवे पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल के जवान संयुक्त रूप में स्टेशन पर मंगलवार की रात जांच पड़ताल में जुटी थी। जांच टीम प्लेटफार्म संख्या सात और आठ पर पहुंची तो देखा कि पश्चिमी फुट ओवरब्रिज के समीप एक बेंच पर दो व्यक्ति बैठे हैं। सुरक्षा जवान ने वहां पहुंच कर दोनों से पूछताछ करने के साथ बैग की तलाशी ली तो बैग में रखे लोहे के बाक्स में सोने के जेवरात मिले। कागजात मांगने पर दोनों नहीं दिखा सके। दोनों को पकड़ कर थाने लाकर पूछताछ की गई । उनके पास से मिले गहनों का वजन किया गया तो 1.965 किलो सोने के हार, मांग टीका, अंगूठी, कंगन आदि मिले। वहीं चांदी 177.4 ग्राम वजनी गहने मिले। दोनों ने बताया कि मेदनीपुर से गहने लेकर दिल्ली में आभूषण विक्रेताओं को आपूर्ति करने जा रहे थे। गिरफ्तारी टीम में शामिल जीआरपी निरीक्षक आरके सिंह और आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि बरामद माल की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है।

## प्रशिक्षण के तीसरे दिन 30 मतदान कार्मिक रहे अनुपस्थित

संवाददाता। देवरिया

**मतदान** कार्मिकों के टाउन हॉल ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण के तीसरे दिन कुल 30 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। इन अनुपस्थित कार्मिकों को यह कड़ी चेतावनी दी गई है कि अनिवार्य रूप से वे प्रशिक्षण के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को प्रशिक्षण में प्रतिभाग करेंगेए अन्यथा उनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई कर दी जाएगी।आज प्रथम पाली में कुल 10 कार्मिक जिसमें एक.एक पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम तथा पांच मतदान अधिकारी द्वितीय एवं तीन मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में चार पीठासीन अधिकारी, चांर मतदान अधिकारी प्रथम, चार मतदान अधिकारी द्वितीय एवं सात मतदान अधिकारी सहित कुल 20 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

# 539 गांवों में एक नवंबर से बनेगा आयुष्मान गोल्डन कार्ड

संवाददाता। गाजीपुर

**आयुष्मान** भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाए जाने को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राइफ्ल क्लब में एक बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के 539 गांव जहां अभी तक एक भी गोल्डेन कार्ड नहीं बने हैं, वहां शत-प्रतिशत लाभार्थी परिवार के सदस्यों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी और एसीएमओ डॉ डीपी सिन्हा ने बताया कि जनपद में इस योजना के तहत 1.40 लाख लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। लेकिन जनपद के 539 गांव में अभी तक एक भी गोल्डन कार्ड के नहीं बने हैं जिसके लिए शासन के निर्देश पर एक नवंबर से विशेष गोल्डन कार्ड शिविर लगाया जाएगा। यह गोल्डन कार्ड जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से बनाया जाएगा जिसके लिए लाभार्थी को प्रति कार्ड 30 रुपये देना होगा। डा. सिन्हा ने बताया कि गोल्डन कार्ड बनाए जाने को लेकर इन गांव में एक परिवार में पांच सदस्य का औसत माना गया है जबकि बहुत से लाभार्थियों का नाम लिस्ट में शामिल तो हैं लेकिन उनका निवास गांव में नहीं होने की वजह से उन्हें इस योजना का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है। इन्हें अब इस शिविर के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनाकर योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोल्डन कार्ड लाभार्थियों को शिविर तक लाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को लिस्ट उपलब्ध करा दी गयी है जो लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड कैंप तक लाएंगी। आशा को प्रति लाभार्थी 10 रुपये विभाग द्वारा दिया जाएगा।

## एक नवम्बर के बाद मल्हनी में बाहरी बिना अनुमति के दिखे तो होगी कार्रवाई

**जौनपुर**। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश ने अवगत कराया है कि 367 मल्हनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन के निमित्त तीन नवंबर को मतदान होना है। मतदान दिवस के दिन मतदान स्थल क्षेत्र से 100 मीटर की परिधि में कोई अन्य व्यक्ति जो मतदान प्रक्रिया में प्रतिभागी न हो वह विचारण नहीं करेगा। मतदान के दिन अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता व उम्मीदवार के कार्यकर्ता को एक.एक वाहन अनुमन्य है। एक वाहन पर ड्राइवर सहित मात्र 05 लोग ही चल सकते हैंए जो कोविड.19 के मानको का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी प्रत्याशीध्निर्वाचन अभिकर्ता बिना वैध वाहन पास (मूल प्रति) के क्षेत्र में भ्रमण नहीं करेगा।

# 40 दिवसीय अनुष्ठान का महाभंडारे के साथ समापन

संवाददाता। सकलडीहा ( चन्दौली )



**क्षेत्र** के तेनुवट गांव स्थित हनुमान मंदिर ठाकुरबारी पर 40 दिवसीय अनुष्ठान का महा भंडारे के साथ बुधवार को समापन हो गया। 17 सितंबर से पुरुषोत्तम मास एवं नवरात्र में चलने वाले अनुष्ठान का बुधवार को समापन होगया।

40 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अखंड रामचरितमानस प्रतिदिन 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ 108 आवृत्ति रामरक्षा स्तोत्रएसुंदरकांड का पाठ सहित अन्य अनुष्ठान प्रतिदिन चलता रहा। यह कार्यक्रम जगत कल्याण एवं कोरोना महामारी को समाप्त करने के लिए ग्रामीणों द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह बाल भोग, दोपहर एवं रात को भंडारे का भी आयोजन लगातार किया जा रहा था। अनुष्ठान का समापन बुधवार को महाभंडारे व विधिवत हवन पूजन के साथ किया गया। समापन कार्यकम दौरान क्षेत्र के लोगों के साथ सकलडीहा कोतवाल बंदना सिंह ने भी हवन में सहभागीता किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से कृष्णकांत आचार्य, सुमन्त दास, सुनील दास, रमाकांत पांडे, प्रधान पति राजीव दीक्षित, अखिलेश पांडे, अनिरुद्ध मिश्रा, रविंद्र नाथ चौबे, अमित पांडे, करिअप्पा, बब्लू पांडे सहित सभी ग्रामीण सफल बनाने में जुटे रहे।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हिंयुवा की बाइक रैली

संवाददाता। देवरिया

**हिंदू** युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को देवरिया के रामगुलाम टोला मौजूद हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुन्ना राय के कैंप कार्यालय से भाजपा प्रत्याशी श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी के समर्थन में विशाल मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, जिलाध्यक्ष मुन्ना राय, जिला उपाध्यक्ष अमित मोदनवाल, जिला मंत्री जितेंद्र भारत व जिला मंत्री घनश्याम मणि के नेतृत्व में निकला जुलूस कसया रोडए मालवीय रोड, सिविल लाइंस, कोतवाली, जलकल, कचहरी, राघव नगर, सीसी रोड, भुजौली कॉलोनी होते गोरखपुर रोड से बैतालपुर व गौरी बाजार के विभिन्न गांव से गुजरा। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता जोश से लबरेज हाथों में भगवा झंडापताका लेकर योगी-मोदी कमल निशान, भारत माता की जय, जय श्री राम, जन-जन की है पुकार-अबकी बार सत्यप्रकाश आदि नारों से वातावरण को गुंजित कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने चौक चौराहों पर रुक कर आगामी तीन नवंबर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया।

इस दौरान बृजेश यादव, बिटटू मद्धेशिया, धनेश पासवान, अजय वर्मा, पवन कुमार, ऋषिकेश मद्धेशिया, नीलेश यादव, माखन विश्वकर्मा, दीपक खरवार, संदीप मणि त्रिपाठी, रमेश मौर्य, दीपक राव, अभिमन्यु सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

संवाददाता। गाजीपुर

**कोविड**-19 महामारी की वजह से टीकाकरण से वंचित गर्भवती माताओं और बच्चों के लिए एक नवंबर से 31 जनवरी तक विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत होने जा रही है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है।जिसको लेकर 29 अक्टूबर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जनपद के समस्त चिकित्सा अधिकारियों और बीपीएम (जिला कार्यक्रम प्रबंधक) का एक दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस टीकाकरण अभियान के लिए 1749 गर्भवती महिलाओं और 6204 टीकाकरण से वंचित बच्चों को चिन्हित किया गया है। इस विशेष टीकाकरण अभियान में कोविड.19 के दौरान वह बच्चे जो कुछ टीकाकरण से वंचित रह गएए साथ ही ऐसे बच्चे जिन्हें कोई भी टीका नहीं लगा उन सभी को चिन्हित कर लिया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने बताया कि कोविड-19 महामारी के चलते लगाए गए लॉक डाउन की वजह से बहुत सारे बच्चे टीकाकरण से वंचित रह गए। साथ ही गर्भवती माताएं भी इस टीकाकरण से वंचित रह गई। उनके लिए यह विशेष टीकाकरण अभियान स्वास्थ्य विभाग की तरफसे शासन के निर्देश पर एक नवंबर से शुरू किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विशेष टीकाकरण अभियान के लिए टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए आशा कार्यकर्ताओं ने घर.घर भ्रमण कर इनका डाटा एकत्र किया है। जिसमें शून्य से 1 साल के बच्चों की संख्या 1.4 लाख है। तो वहीं एक जनवरी 20 से अब तक के बच्चों की संख्या 89307 है जिसमें से टीकाकरण से वंचित बच्चों की संख्या 6204 है। जिन्हें प्रत्येक सोमवार को गांव स्तर पर टीकाकरण किया जाएगा। इस विशेष अभियान के दौरान बीसीजी, ओरल पोलियो, पेंटा, पीसीबीए एमआर और डीपीटी आदि जीवन सुरक्षा टीके लगाए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि इस विशेष टीकाकरण अभियान के लिए गांव स्तर पर एएनएमएआशा तथा आंगनबाड़ियों के द्वारा ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस जो बुधवार व शनिवार को आयोजित होने वाले टीका सत्रों पर आने वाले बच्चों और गर्भवती महिलाओं का वजन भी किया जाएगा। साथ ही इन सभी को पोषाण से संबंधित जानकारियां भी दिया जाएगा।

## रुद्रपुर में भभौली बाईपास क्षतिग्रस्त, मरम्मत की मांग

रुद्रपुर ( **देवरिया** )। भभैली बाईपास क्षतिग्रस्त होने के कारण रोड किसी की भी जान जा सकती है । भभैली बाईपास क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों के आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जहां स्थानीय लोग लगातार इस समस्या को प्रशासन के सामने उठा रहा है लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शपथ

**सिद्धार्थनगर**। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में केंद्र कार्यालय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के तहत बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद स्तर के संबद्ध राष्ट्रीय युवा स्वयसेवकों एवं युवा क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाई गई कि भ्रष्टाचार ना करें और ना करने दें तथा यदि कहीं भ्रष्टाचार हो रहा है तो उसके प्रति आवाज उठाए और समृद्ध भारत बनाने में अपनी प्रमुख भूमिका स्पष्ट करें। इस दौरान जिला युवा समन्वयक मनीष सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी अपने कार्य क्षेत्र में संकल्प ले व भ्रष्टाचार के प्रति सतर्क रहें और लोगों को भी जागरूक करें ना भ्रष्टाचार करे ना करने दें। इस अवसर पर केंद्र के लेखाकार रमेश सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अर्चिस्मान मिश्र, अम्बरीष मणि त्रिपाठी, रजनीश त्रिपाठी, वेद प्रभा त्रिपाठी, स्नेहा पांडेय, करन कुमार आदि मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क और बिजली बिल वसूली के खिलाफ प्रदर्शन

## कांग्रेसियों ने बिजली और पीडब्ल्यूडी विभाग पर लगाया मनमानी का आरोप

संवाददाता। सकलडीहा ( चन्दौली )



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेसियों ने सकलडीहा में जबरजस्त विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जर्जर सड़कों की मरम्मत और बिजली विभाग द्वारा गरीबों पर जबरन मुकदमा दर्ज करने व बकाया वसूली पर भड़ास निकाला। इसके बाद राज्यपाल के नाम से सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें बिजली विभाग की मनमानी पर रोक लगाने व सड़कों की मरम्मत कराने की मांग उठाया है।

कांग्रेसी वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार गढ्ढा मुक्त सड़क का दावा कर रही है। जबकि चंदौली से सैदपुर - अलीनगर से सकलडीहा और कमालपुर व धानापुर सहित जिले की मार्ग पूरी तरह से गढढायुक्त है। यही नहीं लॉक डाउन के कारण आर्थिक तंगी से परेशान व्यापारी, किसान और गरीबों से बिजली विभाग द्वारा जबरन बकाया जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। सैकड़ों गरीबों पर मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया है। आक्रोशित कांग्रेसियों ने विरोध जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पर प्रर्दशन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता, विधान सभा प्रभारी अरूण द्विवेदी, डा. मंशा देवी, प्रदीप मिश्रा, गुलाब राम, अरविंद पांडेय, धरणीधर तिवारी, राममूरत गुप्ता, राजकिशोर सिंह, संतोष सिंह, सतेन्द्र उपाध्याय, मुकेश नंदन, बृजेश सिंह, राहुल सिंह, पंकज सिंह, श्रीकांत पाठक, राजेश यादव, रमेश सिंह, अभिनव सिंह, शरद वर्मा, सहित अन्य मौजूद रहे।

## बिजली चेकिंग अभियान में 41 कनेक्शन काटे गए

**गाजीपुर**। हाई लाइन लॉस फीडर उपखण्ड टाउन के अंतर्गत अधीक्षण अभियंता के निर्देशन पर अधिशासी अभियंता आदित्य पांडेय, एसडीओ शिवम राय के नेतृत्व में मुहल्ला विशेश्वरगंज, लालदरवाजा, महुआबाग, सक्लेनाबाद में बिजली चेकिंग किया गया। जिसमें कुल 80 दुकानों के कनेक्शन को चेक किया गया, जिसमें बकाए पर 41 लोगों का केवल काटा गया, वहीं केबल मीटर से बाईपास कर के चलाते हुए चार लोगो पर एफआईआर किया गया।

उपखण्ड अधिकारी शिवम राय ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि अगले चार दिनों तक दुकान के बकायेदारों पर विद्युत अभियान चलाया जाएगा। जिसमे सभी दुकानदारों से अनुरोध है कि अपने अपने कनेक्शन संबंधित सभी कागज अपने दुकान पर जरूर रखें। अगर चेकिंग के दौरान विजली संबंधित पेपर नहीं मिलेगा तो मौके पर केबिल काट कर विविध कार्रवाई की जाएगी तथा सभी लोग अपने अपने बिल का भुगतान तत्काल जमा कर दे।

# छात्रा बनी दो घंटे की बीडीओ

**● ब्लाक परिसर व कर्मचारियों के कमरों का किया निरीक्षण**

**●गंदगी मिलने पर लगाया 500 का जुर्माना**



**संवाददाता।** निंदूरा बाराबंकी

**मिशन** शक्ति अभियान के तहत बेटियों को शासकीय कार्यालयों की कार्य प्रणाली को समझाने और उनकी निर्णय लेने की प्रक्रिया को विकसित करने के लिए इंटर की छात्रा को दो घंटे के लिए बीडीओ का कार्य भार छात्रा को सौंपा गया।दो घंटे के लिए कुर्सी पर बैठी छात्रा की आंखों में एक अलग सी चमक नजर आई। वह दो घंटे के लिए अधिकारी बन खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही थीं। महज कुछ घंटे के लिए बीडीओ बनीं छात्रा ने ठान लिया है कि अब उस रोल को रीयल लाइफ में उतारकर ही दम लेंगी।

विकास खंड क्षेत्र के राजकीय इंटर कालेज निंदूरा की कक्षा 12 की छात्रा कल्पना कुशवाहा ने बुधवार को ब्लाक मे खंड़ विकास अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया । कल्पना कुशवाहा ने कहा कि उन्हें बेटी होने पर गर्व है ।दो घंटे के लिए बी डी ओ का कार्यभार ग्रहण कर वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है उनकी पूरी कोशिश होगी कि वह भी एक दिन आई एस अधिकारी बने।दोपहर 12 बजे कार्यभार ग्रहण करने के बाद छात्रा ने ब्लाक परिसर का व कर्मचारियों के कमरों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान टी ए के कमरे में पान मसाला की गंदगी मिली एजिस पर बीडीओ ने उनपर 500 रुपये का जुर्माना लगाया। राजकीय बीज भंडार पर शिकायत रजिस्टर न मिलने पर वहां पर रजिस्टर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समूह से संचालित फोटो कापी ए कैंटीन व समूह के बारे में जानकारी भी ली ।इस दौरान मूर्तपुर गांव में नाली के पानी निकासी एपरवरभारी से मीरा देवी ने शौचालय न मिलने एदरावा से मंशाराम ने ग्राम प्रधान पर खेत की जमीन पर नाली बनाने की आई शिकायतों को सुना । उनके जल्द निस्तारण का आसवासन दिया।इस दो घंटे के अपने प्रभार के दौरान बी डी ओ ने मौहसंड में महिलाओं के समूह द्वारा बनाया गया मत्स्य पालन व कायाकल्प के तहत जीर्णोद्धार किए गए प्राथमिक विद्यालय का मौके पर जाकर कार्य देखा।इस मौके पर राजकीय इंटर कालेज प्रधानाचार्य डाग्राम सिंहएब्लाक प्रमुख विजय शुक्लाएखंड विकास अधिकारी मुनेश चंद्रए बृजकिशोर कुशवाहा मौजूद रहे।

# केजीबीवी में निविदा का मामला पहुंचा सीएम तक

**● एक हफ्ते पहले डीएम बाराबंकी से भी की गई थी धांधली की शिकायत**

**संवाददाता।** बाराबंकी

**एक** सप्ताह पूर्व केजीबीवी में सामग्री आपूर्ति के मामले में की गई धांधली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है समाजसेवी ने जिलाधिकारी के बाद मुख्यमंत्री से शिकायत कर टेंडर प्रक्रिया निरस्त करने की गुहार लगाई है ।बताते चले कि एक सप्ताह पूर्व शिकायतकर्ता अजीत कुमार सिंह निवासी ग्राम भैदपुर पोस्ट गाजनपुर दुवरिया जनपद अमेठी ने जिलाधिकारी बाराबंकी एवं शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मे आपूर्ति की जाने वाली सामग्री में जमकर खेल होता है ;जेम पोर्टलद्ध पर निविदाएं तो आमंत्रित की जाती है लेकिन विभागीय अधिकारी मनमाने तरीके से चहेतों को लाभ पँहुचाते हैबाराबंकी सहित कई जिले इसके उदाहरण हैं आरोप लगाया गया है कि बाराबंकी ए गोण्डा ए हरदोई ए रायवरेली एप्रतापगढएआजमगढए मऊए अम्वेदकर नगर ए सुल्तानपुर उन्नाव के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियो के द्वारा मिली भगत करके मेण् सिंह कैटर्स एण्ङ सप्लायर्स गोण्डाएमेण्श्री टेडर्स गोण्डाए मेण् अविनाश चन्द मिश्रा कांटेक्टर गोण्डा ए मेण्सहारा कैटर्स एण्ङ सप्लायर्सगोण्डा को बार.बार टेण्डर दिया जाता है जबकि उक्त संस्थाओ के पास न तो अपनी दुकान है और न ही कोई गोदाम यही नही किसी भी कम्पनी का कोई डीलर शिप भी नही हैं फिर भी प्लास्टिक के सामन से लेकर लोहे के सामान तख्त इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं स्वेटर तक की सप्लाई उक्त फर्मो से की जाती है जिससे धांधली किये जाने की पूरी तरह से आशंका है समाजसेवी ने जांच करवाकर टेण्डर प्रक्रिया को निरस्त कराने मांग की थी बावजूद इसके कार्यवाई तो दूर जांच तक नही बैठाई गई है इससे नाराज समाज सेवी ने अब मुख्यमंत्री से शिकायत की है शिकायती पत्र में जांच कराकर दूध का दूध और पानी और पानी को अलग करने की बात कही गई है।

# अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार, एक की मौत-एक गंभीर

**तिलोई, अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी .राजाफत्तेपुर मार्ग पर दो बाइक सवार पंहौना गांव के निकट अनियंत्रित होकर गिर पड़े जिसमें बाइक पर बैठे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज एवं घायल को जिला अस्पताल भेजवाया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव रामगंज निवासी राजकुमार मिश्र व शिवाकान्त मिश्रा अहोरवा भवानी चौराहे से अपने घर जा रहे थे। अहोरवा भवानी . राजाफत्तेपुर मार्ग पर पंहौना गांव के निकट भैरों बाबा के पास बाइक अनियंत्रित हो गयी जिसमें बाइक सवार दोनों युवक गिर पड़े जिसमें शिवाकान्त मिश्रा 32 वर्ष पुत्र शिवराज मिश्र की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची शिवरतनगंज पुलिस ने घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर पहुँचाया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दियाएवम दूसरे की गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## चौराहे पर लगा जाम

**तिलोई, अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता चौराहे पर खाद से लदे एक ट्रक की स्टेयरिंग फेल हो गयी जिससे जिससे ट्रक बीचो बीच सड़क पर खड़ा हो गया जिससे दोनों तरफजाम लग गया।मौके पर पहुंचे सिपाहियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को किनारे लगवाया ।

# युवक ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

**● आर्थिक तंगी के चलते परेशान था युवक**

**संवाददाता।** बाराबंकी

**कोतवाली** नगर की पुलिस चौकी गदिया अंतर्गत ग्राम बस्ती के मजरे बस्तीपुरवा में एक युवक ने बीती रात फाँसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम है ।

जानकारी के अनुसार बस्ती पुरवा निवासी रमेश उर्फ रमई पुत्र शिवलाल उम्र करीब 34 वर्ष मंगलवार को अपनी पत्नी के साथ धान काटने के लिए खेत गए थे। रमेश खेत से धान काट कर जल्दी घर चले आए और पत्नी खेत में धान काटती रही। पत्नी जब लौटकर खेत से घर आई तो देखा कि पति रमेश कमरे में लोहे के पाइप से लगी रस्सी से लटक रहे हैं ।मौके का नजारा देखकर पत्नी रोने चिल्लाने लगी ।पड़ोस के लोग जब रमेश को उतारा तो उनकी जीवन जीवन लीला समाप्त हो चुकी थी ।ग्रामीणों के अनुसार मृतक बहुत गरीब था। पति पत्नी के साथ एक 10 साल की लड़की और एक छोटा लड़का था। लड़की अपने रिश्तेदार के यहां रह कर पढ़ाई करती थी। जीविका चलाना मुश्किल था ।इधर लॉकडाउन होने के कारण मजदूरी भी नहीं कर सके। इससे यह प्रतीत हो रहा है कि आर्थिक तंगी की वजह से रमेश ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में गदिया चौकी इंचार्ज अखंड देव मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है ।मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

# निर्वाचक नामावली मे अनियमितता को लेकर एसडीएम से की गई शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के डभियार के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पंचायत निर्वाचन नामावली मे फर्जी नामों को दर्ज कराए जाने पर जांच की मांग की है। गांव के अखिलेश मिश्र की अगुवाई मे एसडीएम से की गई लिखित शिकायत मे कहा गया है कि कर्मचारियो की मिलीभगत से गांव मे कई बाहरी लोगों का नाम मतदाता सूची मे दर्ज कराया गया है। आरोप है कि दर्ज कराए गए नाम उनके भी गांव मे अभी भी मतदाता के रूप मे अंकित है। शिकायती पत्र मे आरोप लगाया गया है कि सात सात बाहरी ग्राम पंचायतो के सैकडो लोगों का नाम मतदाता सूची मे कूटरचित दर्ज हुआ है। एसडीएम राम नारायण ने तहसीलदार को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है।

# धान क्रय केंद्र में अनियमितता मिली तो एक्शनः डीएम

**संवाददाता।** प्रतापगढ़



**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने एनआईसी सभागार में धान क्रय केन्द्र के सम्बन्ध में वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के पश्चात् जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये निर्देशित किया कि जनपद में सभी तहसीलों में धान क्रय केन्द्र के कुशल संचालन हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किये जाये जिससे किसान बन्धु को किसी प्रकार की समस्या हो तो वह सम्बन्धित तहसीलों के कन्ट्रोल रूम से अपनी समस्या का निराकरण कर सके। धान क्रय केन्द्र पर खरीद के पश्चात् निर्धारित समयानुसार किसान बन्धुओं का पीएफएमएस के माध्यम से धनराशि का भुगतान कर दिया जाये। सभी धान क्रय केन्द्रों पर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि केन्द्र पर वजन मशीन, बोरा आदि सामाग्री की व्यवस्था उपलब्ध रहे तथा क्रय केन्द्र पर किसानों हेतु पानी पीने की व्यवस्था रहे। धान क्रय केन्द्रों पर खरीद के समय सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण पालन किया जाये एवं सेनेटाइजर या हाथ धोने हेतु साबुन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जिन किसान बन्धुओं का रजिस्टेऊशन हो गया है तहसील से उनकी खतौनी का सत्यापन करा लिया जाये। जिलाधिकारी ने यह भी बताया है कि जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसका नम्बर 6392773243 है तथा कन्ट्रोल रूम पर प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक जितेन्द्र कुमार कनिष्ठ सहायक एवं अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 6 बजे तक रमेश यादव कनिष्ठ सहायक की ड्यिूटी लगायी गयी है। कन्ट्रोल रूम पर जनपद के कृषक धान विक्रय हेतु सम्पर्क कर सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में किसानो से धान क्रय हेतु संचालित क्रय केन्द्रों की प्रतिदिन निगरानी व निरीक्षण करने हेतु जिन नोडल अधिकारियों की तैनाती की गयी है वह प्रतिदिन भ्रमण रहकर धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करेगें और उसकी प्रगति रिपोर्ट से जनपद स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम को अवगत करायेगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि यदि धान क्रय केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी जायेगी तो सम्बन्धित क्रय केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान जिला प्रबन्धक पीसीएफ धीरेन्द्र कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजीत कुमार त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, ए0आर0 कोआपरेटिव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बनेंगे गोल्डन कार्ड

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत ऐसे गांव जहां एक भी गोल्डेन कार्ड नहीं बने है (गोल्डेन कार्ड विहीन ग्राम) में गोल्डेन कार्ड बनाने हेतु 1 नवम्बर को अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त कार्ड विहीन ग्रामों में अपने स्तर से सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव को सेक्टर आफिसर तैनात करेगें जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक से समन्वय करते हुये यह सुनिश्चित करेगें कि समस्त कार्ड विहीन ग्रामों में निर्धारित तिथि दिनांक 01 नवम्बर तक अधिकाधिक गोल्डेन कार्ड बनवाते हुये सम्बन्धित ग्राम को गोल्डेन कार्ड से शत प्रतिशत आच्छादित करें। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले कॉमन सर्विस सेन्टर के वी0एल0ई0 को सम्बन्धित ग्रामों में गोल्डेन कार्ड निर्माण हेतु कैम्प लगाने के लिये निर्देशित करेगें जो सेक्टर आफिसर एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा नामित ग्राम की आशा कार्यकत्री के साथ समन्वय कर सम्बन्धित ग्राम में शत् प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनायेगें।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं, निस्तारण के आदेश



**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में 11 बजे जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर बुधवार को सभागार में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 30 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जेए वसीयतए भूमि की पैमाइशए शौचालयए राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता को हो रहा नुकसानः रमेश

**संवाददाता।** ललितपुर

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय पर बुधवार को लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष अमर सिंह व यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी. हृदेश यादव मुखिया मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता जिला महासचिव अंकित यादव नौहरखुर्द ने की। बैठक में निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आगामी चुनाव में संगठन को मजबूत बनाये रखने और प्रत्येक बूथ की लगातार समीक्षा करते हुए कार्य करने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने कार्यों के बल पर चुनावी समर में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में फैली अराजकताए अन्यायए उत्पीडन् और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ समाजवादी पार्टी काफी मजबूती से मुकाबला कर रही है। सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता को हो रहे नुकसान से अवगत कराना और लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोडने् का कार्य तेजी से करना है। विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सभी वर्गों का सदैव सम्मान किया है। इसी सम्मान को बरकरार रखते हुए लोगों की समस्याओं को निस्तारित करने की दिशा में कार्य किया जाना उचित है। यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष हृदेश यादव मुखिया ने कहा कि मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड का प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में कार्य कर रहा है। बैठक का संचालन पुष्पेन्द्र सिंह प्रतापपुरा ने किया। बैठक में नगराध्यक्ष नीलू कुशवाहा, नरेन्द्र सिंह राजपूत, तिलक चौकाबाग, सगुन राजा, सत्यम, संजय चौरसिया पाली, रवि चौरसिया, नब्बू कुशवाहा, मुण्शरीफ जावेद, जावेद वारसी, पारस श्रीवास, अरविन्द साहू, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, फूलसिंह कलौथरा, हेमन्त सिंह, मोनू यादव, अरविन्द कुशवाहा, जितेन्द्र सिंह यादव, जयसिंह यादव, विश्वनाथ झां, दीपक सेन समेत अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विभाग की मिलीभगत से वन माफियाओं के हौंसले बुलंद

**संवाददाता।** जगदीशपुर अमेठी

**जहां प्र**देश की योगी सरकार हरितक्रान्ति लाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चला रही हैं तो वहीं वन विभाग के जिम्मेदार वनकर्मी वन माफिआओ से मोटी रकम लेकर दिनदहाड़े हरेभरे वृक्षों पर आरे चलाकर धराशायी कर रहे है।उच्च अधिकारी गहरी नींद मे सो रहे है जिसके चलते वनमाफियो के हौसले बुलंदियों पर है।

जगदीशपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत सिधियावां के बगल बाग में अवैध लकडी शीशम आम महुआ नीम सागौन सहित तमाम प्रतिबंधित लकड़ी के बोटो का ढेर लगा हुआ है जिसे देखकर ऐसा प्रतीक होता है कि सरकार के कडे निर्देश व उच्च अधिकारियों का खौफ हवा हवाई साबित हो रहा है वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि लकड़ी कटान करने वाले ठेकेदार रातों रात लकडियाँ लाकर डम्प करते रहते है जिसे ट्रकों मे लादकर बेचने के लिए लखनऊ कानपुर व सहारनपुर भेजा जाता है लेकिन रास्ते में पड़ने वाले थाने की पुलिस को दिखाई नहीं पड़ता याकि चन्द्र पैसों की लाचल में ट्रकों को नजर अन्दाज कर दिया जाता है। यदाकदा वनविभाग के कर्मचारी मौकै पर आकर लकडकटो से लेनदेन करते रहते है गौरतलब हो कि वनमाफिया वनविभाग व पुलिस से मिलकर क्षेत्र के हरे भरे वृक्षों को सफाया करने मे लगे हुए है आलाधिकारी गहरी नींद मे सो रहे है यदि इसी तरह वृक्षों के कटान का अभियान चलता रहा तो जल्द ही क्षेत्र बीरान होकर रेगिस्तान मे तब्दील हो सकता है । इस संबंध मे वनक्षेत्राधिकारी मुसाफिर खाना दिनेश बटौला ने बताया कि मामले कि जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी यदि वन विभाग का कोई कर्मचारी की संलिप्तता पाई गयी तो उसके ऊपर कडी कार्यवाही की जाएगी ।

# क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक मे विकास कार्यो पर हुई परिचर्चा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोविड-19 के प्रोटोकाल का निर्वहन करते हुए बुधवार को लक्ष्मणपुर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। गूगल मीट के जरिए हुई बैठक मे चालीस लाख के सापेक्ष विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख वहीदा बेगम ने गांव मे विकास कार्यो को तेजी से संचालित कराए जाने पर जोर दिया। बीडीओ डा. अंजूरानी वर्मा ने सदस्यो को गत वर्ष हुए विकास कार्यो की जानकारी प्रदान की। उन्होने सदस्यो से विकास कार्यो मे एकजुटता तथा इसके संचालन मे पारदर्शिता पर जोर दिया। बैठक मे सदस्यो ने विभिन्न ग्रामीण समस्याओं को भी रखते हुए अफसरो से समाधान कराए जाने पर जोर दिया। बैठक मे मनोज सिंह, तूफान सिंह, फिन्जूभाई, राजू सिंह, विजय तिवारी, दिनेश सिंह, प्रशांत सिंह, कल्लू सिंह आदि ने विभिन्न संचालित योजनाओं को लागू किये जाने पर अपने सुझाव दिये।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में है अव्यवस्थाओं का बोलबाला

**संवाददाता।** बाराबंकी



**कस्बा** कोटवा सड़क में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का अंबार है। नियमित प्राथमिक सेवा केंद्र पर चिकित्सक नहीं बैठते हैं। जिस वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बहुत फैला हुआ है।सच तो ये है कि स्वास्थ्य केंद्र बीमार है और सेवाएं यहां बदहाल हैं।शासन प्रशासन मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कई योजनाएं ग्रामीण अंचल में चलाई जा रही हैं।लेकिन गांवों खुले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना इस मकसद से कराई गई थी कि लोगों को प्राथमिक उपचार वहां मिल सकेए लेकिन देहात क्षेत्रों में कई फतेहगंज मेडू वा सादुल्लापुर छंद वल समेत तमामऐसे स्वास्थ्य उपकेंद्र हैंएजो सरकारी सिस्टम की लापरवाही की वजह से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। क्षेत्र के गांव में डू वा में बना प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र सालों से बदहाली का शिकार है। सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि चिकित्सक कभी.कभी आते हैं। पानी की समुचित व्यवस्था है ना कोई चिकित्सा सुविधा। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ए गंदगी नजर आती है। स्वास्थ्य केंद्र की हालत देख कर लगता ही नहीं कि यहां चिकित्सा का लाभ मिल सकता है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को सस्ती सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग को ऐसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओर ध्यान देना होगाए जिससे लोग चिकित्सा सेवा का लाभ उठा सकें।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात वार्ड बॉय ने बताया कि अस्पताल में दो डाक्टर फार्मासिस्ट ए एनएम है।जिसमें से डाक्टर प्रमोद कुमार आए थे।वह डाक्टर साहब तो दो बजे जरूरी काम बता कर चले गए हैं।

# इलाज के दौरान अधेड़ की मौत, गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना मे अधेड की मौत पर अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली के रामपुर भेडियानी निवासी शिवपूजन शर्मा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बाइस सितंबर को उसका पुत्र सुजीत कुमार अपने निजी वाहन से लखनऊ से आ रहा था। संगम चौराहे के पास चालक की लापरवाही से वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ मे टकरा गया। गंभीर रूप से घायल सुजीत को परिजन इलाज के लिए लखनऊ ले गये। इलाज के दौरान तीस सितंबर को सुजीत की मौत हो गयी। बुधवार को मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुघर्टना का केस दर्ज किया। पुलिस मामले को दर्ज कर आगे की कार्रवाई पर काम करना शुरू कर दिया है।

# केदारनाथ धाम में लगने वाले भंडारे के लिए आज भेजी जाएगी सामग्री



**संवाददाता।** बाराबंकी

**केदारनाथ** धाम में लगने वाले भंडारे की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है बुधवार को समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार वर्मा एवं उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र वर्मा ने एकत्रित की गई सामग्री का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए । पदाधिकारियों ने बताया कि भंडारे हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं लंगर हेतु उपलब्ध खाद्य सामग्री वाहनों से गुरुवार की प्रात: 9 बजे लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर लक्ष्मणपुरी कॉलोनी से रवाना किया जाएगा जिलाधिकारी डॉ आदर्श सिंह वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे । श्री वर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते उक्त कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था अब यात्रा शुरू हो गई है जिसके फलस्वरूप यह निर्णय लिया गया है । भंडारा 16 नवंबर कपाट बंद होने तक चलाया जाएगा जिसमें समिति के तमाम सदस्य उपस्थित रहकर सहयोग करने का काम करेंगे । इस अवसर पर समिति में सर्वश्री रामेश्वर पांडे मनोज शुक्ला दिवाकर शिव कुमार सिंह रामजीवन सिंह उमेश सिंह सुशील गुप्ता सुंदर लाल यादव ज वीरेंद्र प्रधान छेदा नगर संतोष वर्मा ट्रांसपोर्ट अन्नू जयसवाल आदि लोग उपस्थित रहे ।